दैनिक लोकमित्र — सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :339
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 10 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

▶▶ मोदी कैबिनेट का अहम फैसला

# गरीबों को दिसंबर 2028 तक मिलता रहेगा फोर्टिफाइड चावल



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई 2024 से दिसंबर, 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को फोर्टिफाइड चावल की सार्वभौमिक आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दी।मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप पोषण सुरक्षा की दिशा में यह बड़ा कदम है। 75वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री के संबोधन के अनुरूप चावल फोर्टिफिकेशन पहल की निरंतरता भारत सरकार की एनीमिया मुक्त भारत रणनीति के तहत अपनाए गए हस्तक्षेपों का पूरक होगी।दुनियाभर में फोर्टिफिकेशन आबादी के कमजोर वर्गों में एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों के कुपोषण को दूर करने का एक सुरक्षित और प्रभावी उपाय है। भारतीय संदर्भ में सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए चावल एक आदर्श माध्यम है। भारत की 65 प्रतिशत आबादी मुख्य भोजन के रूप में चावल का सेवन करती है। चावल फोर्टिफिकेशन में नियमित चावल (कस्टम मिल्ड राइस) में एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों (आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12) से समृद्ध फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) को शामिल किया जाता है।चावल फोर्टिफिकेशन पहल पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में भारत सरकार द्वारा 100 प्रतिशत वित्त पोषण के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल के रूप में जारी रहेगी।

# फिर बाहर निकला स्मारक घोटाले का जिन्न

● आईएएस सहित कई को ईडी ने किया तलब



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** बहुजन समाज पार्टी की सरकार के समय वर्ष 2007 में हुए 14 अरब रूपये के स्मारक घोटाले का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल आया है। अब इस घोटोले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व आईएएस मोहिंदर सिंह और रामबोध मौर्य को पूछताछ के लिए तलब किया है। इसके अलावा उप्र राजकीय निर्माण निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक सीपी सिंह और स्मारकों के लिए पत्थरों की आपूर्ति करने वाले मार्बल कारोबारियों को भी पूछतांछ के लिये बुलाया गया है।बता दें 2007 में स्मारकों के निर्माण के दौरान मोहिंदर सिंह प्रमुख सचिव आवास के पद पर तैनात थे। उनकी अध्यक्षता में स्मारकों के पत्थरों के दाम तय करने वाली समिति बनी थी। जिसमें लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन प्रमुख अभियंता त्रिभुवन राम, निर्माण निगम के एमडी सीपी सिंह और खनन विभाग के संयुक्त निदेशक सुहैल अहमद फारूकी सदस्य थे। समिति ने दाम तय करने के साथ पट्टाधारकों का कंसोर्टियम बनाकर पत्थरों की आपूर्ति समेत कई अहम फैसले लिए थे। वहीं, रामबोध मौर्य भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक थे। उनके खिलाफ विजिलेंस ने स्मारक घोटाले में आरोप पत्र भी दाखिल किया था। अब ईडी मोहिंदर, रामबोध और सीपी सिंह से पूछताछ करके घोटाले के असली सफेदपोशों का पता लगाएगी।पूर्व आईएएस मोहिंदर सिंह को 16 अक्टूबर को एवं सीपी सिंह को 17 अक्टूबर तो रामबोध मौर्य को 18 अक्टूबर को तलब किया गया है। मार्बल कारोबारी आदित्य अग्रवाल को 15 अक्टूबर को बुलाया गया है। इस प्रकरण में ईडी अब घोटाले के आरोपियों में शामिल पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी और बाबू सिंह कुशवाहा पर भी शिकंजा कसने की कवायद में है। वहीं विजिलेंस ने भी स्मारक घोटाले में मोहिंदर सिंह को अगले हफ्ते आने के लिए दोबारा समन भेजा है। मोहिंदर सिंह पर आरोप है कि उन्होंने बिना किसी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के स्मारकों के निर्माण के लिए करोड़ो रूपये की धनराशि दी और उसमें क्या काम कराया गया।

## जम्मू-कश्मीर में आईएनडीआईए की जीत संविधान और लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत -राहुल गांधी

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रदेशवासियों का आभार जताया है। उन्होंने हरियाणा वासियों को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है वहीं जम्मू-कश्मीर में आईएनडीआईए की जीत को संविधान और लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत बताया है।लोकसभा में विपक्ष के नेता



राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहेदिल से शुक्रिया। प्रदेश में आईएनडीआईए की जीत संविधान और लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। हक का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज़ बुलंद करते रहेंगे।

## भाजपा का राहुल गांधी पर निशाना, बताया अहंकारी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के हरियाणा विधानसभा चुनाव हारने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुप्पी पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधा है। भाजपा ने राहुल गांधी को अहंकारी चेहरा बताया। बुधवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि अगर अहंकार और शालीनता की कमी का कोई चेहरा होता, तो वह राहुल गांधी का होता।उन्होंने कहा कि हरियाणा में हार के कई घंटे बाद भी कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी को न तो मतदाताओं और न ही कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देने का समय मिला।उन्हें कश्मीर में उनके प्रदर्शन के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व को बधाई देने का शिष्टाचार भी नहीं पता। कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं, कोई मीडिया बयान नहीं।अमित मालवीय ने कहा कि उस व्यक्ति से और क्या उम्मीद कर सकते हैं जिसने सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले गैरकांग्रेसी प्रधानमंत्री को बधाई तक नहीं दी, जिन्होंने अभूतपूर्व तीसरा कार्यकाल जीता।

# सपा ने 6 सीटों पर तय किए प्रत्याशी

▶▶ लिस्ट में तेज प्रताप और सांसद अवधेश के बेटे का भी नाम



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश में शीघ्र ही दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 6 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। अयोध्या की मिल्कीपुर विधान सभा सीट से सपा ने अयोध्या के सांसद और मिल्कीपुर के पूर्व विधायक के बेटे को टिकट दिया है।समाजवादी पार्टी ने विधानसभा की जिन छह सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है उसमें करहल से तेज प्रताप यादव, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजित प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा, मझवां से ज्योति बिंद को टिकट दिया गया है.उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर इस साल के अंत में विधानसभा के उपचुनाव होने हैं। ये सभी सीटें विधायकों के इस्तीफा देने और सदस्यता जाने की वजह से रिक्त हुई है। बहरहाल, सपा प्रमुख ने जिन छह उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उसमें परिवारवाद को तवज्जो दी गई है। अखिलेश ने अपने परिवार के तेज प्रताप को करहल से उम्मीदवार बनाया है। फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत को मिल्कीपुर से टिकट दिया गया है। सीसामऊ सीट से इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम को सिंबल दिया गया है। लालजी वर्मा परिवार के शोभावती को कटेहरी से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह फूलपुर से चुनाव लड़ चुके मुस्तफा सिद्दीकी को फिर से टिकट दिया गया है। वहीं मझवां से ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया गया है। अखिलेश ने टिकट वितरण में पीडीए फॉर्मूले को ध्यान में रखते हुए दो-दो मुस्लिम और ओबीसी, एक-एक दलित और अति पिछड़ा वर्ग के नेता को टिकट दिया गया है। सपा ने जिन चार सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है उसमें मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद सदर और अलीगढ़ की खैर शामिल हैं। कुंदरकी में वर्क परिवार अपने करीबी की पैरवी में जुटा है, जबकि मोरादाबाद से पूर्व सांसद एसटी हसन यहां से अपने लिए टिकट चाह रहे हैं। इसी तरह अलीगढ़ और मीरापुर में भी टिकट के लिये सपा में जोड़तोड़ चल रहा है. गाजियाबाद सदर सीट सपा कांग्रेस को दे सकती है. हालांकि, कांग्रेस की मांग पांच सीटों की है। यूपी की जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं उनमें मीरापुर, गाजियाबाद, खैर, कुंदरकी, करहल, मझवां, फूलपुर, सीसामऊ, मिल्कीपुर और कटेहरी शामिल है।

## चुनाव आयोग ने की सफल चुनावों के लिए सुरक्षा बलों, रेलवे और वायुसेना अधिकारियों की सराहना

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने बुधवार को लोकसभा तथा जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के निर्बाध और शांतिपूर्ण संचालन में महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान के लिए गृह मंत्रालय, अर्धसैनिक बलों, भारतीय वायु सेना और रेलवे के अधिकारियों का एक कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस दौरान चुनाव अधिकारियों के साथ सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों से निभाई गई अनुकरणीय भूमिका की सराहना की

## महाकुंभ को यादगार बनाने के लिये योगी सरकार कई देशों में करायेगा रोड शो

**लखनऊ,एजेंसियॉ।**वर्ष 2024 धीरे-धीरे इतिहास के पन्नों में सिमटने को आगे बढ़ रहा है। वैसे तो यह क्रमिक तथा निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है। फिर भी नये साल का जश्न मनाया ही जाता है। आने वाला वर्ष 2025 भी इससे अछूता नहीं है। खासकर अगले वर्ष होने वाले महाकुंभ ने वर्ष 2025 की अहमियत और भी बढ़ा दी है। अगले वर्ष प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को यादगार बनाने और इसके प्रचार प्रसार के लिये योगी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही ह। प्रयागराज महाकुंभ के प्रचार-प्रसार के लिए उत्तर प्रदेश का संस्कृति विभाग देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी रोड़ शो की तैयारी कर



रहा है। वहीं प्रदेश के सभी 18 मंडलों में कुंभ समिट का आयोजन होगा। 08 अक्टूबर मंगलवार से लखनऊ में शुरू हुए कुंभ समिट का समापन 14 दिसंबर को प्रयागराज में होगा। उत्तर प्रदेश में रोड़ शो के साथ ही बाल-युवा कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ कवि कुंभ , भक्ति कुंभ का भी आयोजन होगा। योगी सरकार के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 2025 में होने वाले महाकुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आएंगे। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दो दिन पहले खुद मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की है और 19 दिसंबर तक सारे काम पूरे करने के निर्देश दिए हैं। । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस दिसंबर के बाद कभी भी महाकुंभ में आ सकते हैं। जयवीर ने बताया कि संस्कृति विभाग पूरे विश्व में कुंभ का प्रचार करेगा। भारत के अलावा नेपाल, मॉरीशस, इंडोनेशिया, श्रीलंका, कंबोडिया, गुयाना दक्षिण अफ्रीका, त्रिनाड़ी, फिजी, सूरी नाम, थाईलैंड, सिंगापुर समेत कई देशों में रोड़ शो के साथ महाकुंभ से जुड़ी फोटो प्रतियोगी, प्रदर्शनी, उप शास्त्रीय गायन, वादन, पेंटिग, छायांकन प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा।

● ● केरल हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी ● ●

# मंदिर पूजा के स्थान हैं फिल्मों की शूटिंग के नहीं

**त्रिवेन्द्रम,एजेंसियॉ।** केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि मंदिर मुख्य रूप से पूजा के स्थान हैं और उन्हें फिल्म शूटिंग के लिए स्थान के रूप में काम नहीं करना चाहिए। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी थ्रिपुनिथुरा श्री पूर्णात्रयेसा मंदिर में एक फिल्म की शूटिंग के लिए दी गई अनुमति को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने के बाद की। अदालत ने व्यावसायिक फिल्मांकन के कारण होने वाले संभावित अनादर की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए धार्मिक स्थलों की पवित्रता को बनाए रखने के महत्व को भी दोहराया।याचिका में मंदिर परिसर के भीतर गैर-धार्मिक फिल्मों की शूटिंग की अनुमति देने की उपयुक्तता पर सवाल उठाया गया




है। यह तर्क दिया गया कि ऐसी गतिविधियाँ न केवल पूजा की पवित्रता की अवहेलना करती हैं बल्कि उन विश्वासियों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का जोखिम भी उठाती हैं जो आध्यात्मिक प्रथाओं के लिए इन स्थलों पर आते हैं। याचिका में विशिष्ट घटनाओं पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें कहा गया है कि त्योहारों के मौसम के दौरान, महावतों द्वारा शराब पीने और आगंतुकों के सैंडल पहनकर मंदिरों में प्रवेश करने की खबरें आई हैं, जिससे इन स्थानों से जुड़ी पारंपरिक श्रद्धा कम हो गई है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और कोचीन देवास्वोम बोर्ड, दोनों से इस पवित्र सेटिंग में फिल्म की शूटिंग की अनुमति देने के उनके फैसले के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है, जिसमें संबंधित मंदिर भी शामिल है। याचिका में तर्क दिया गया है कि मंदिरों में गैर-धार्मिक फिल्मांकन की अनुमति देना स्थापित हिंदू मंदिर नियमों का उल्लंघन है और व्यावसायीकरण की व्यापक प्रवृत्ति में योगदान देता है जो पूजा और भक्ति के मूल मूल्यों को खतरे में डालता है।

## अब यूपीआई लाइट के जरिए एक बार में होगा एक हजार रुपये का भुगतान

**मुंबई, (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की बढ़ती लोकप्रियता को बढ़ावा देने के मकसद से यूपीआई लाइट के जरिए लेन-देन की सीमा बढ़ाकर एक हजार रुपये और वॉलेट की सीमा 5 हजार रुपये करने का प्रस्ताव किया है। फिलहाल यूपीआई लाइट के जरिए लेन-देन की सीमा 500 रुपये और 2 हजार रुपये है। आरबीआई इस बारे में जल्दी ही दिशा-निर्देश जारी करेगा।तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए बुधवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा

# हरियाणा में सरकार बनाने की तैयारी में जुटी भाजपा

● 12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं नायब सिंह सैनी



**चंडीगढ़, एजेंसियॉ।** हरियाणा के भाजपा की जीत के बाद सरकार बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। दावा किया जा रहा है कि नायब सिंह सैनी एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। नायब सिंह सैनी ने अपने निकटतम कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी मेवा सिंह के खिलाफ 16,054 वोटों के अंतर से लाडवा विधानसभा सीट जीती है। दावा किया जा रहा है कि 12 अक्टूबर को शपथ ले सकते हैं। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले, सैनी कुरूक्षेत्र से सांसद थे, यह संसदीय क्षेत्र लाडवा में पड़ता है।हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में प्रचंड जीत के एक दिन बाद, राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को दिल्ली में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की और उनके नेतृत्व के लिए उन्हें धन्यवाद दिया, जिसने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हैट्रिक दर्ज करने में सक्षम बनाया। एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए राज्य में जीत हासिल की। सैनी ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों के कारण ही बीजेपी तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने जा रही है। हमारी जीत का सबसे बड़ा कारण जमीनी स्तर पर लोगों को मिल रहा लाभ है। शपथ समारोह को लेकर उन्होंने कहा कि इसका फैसला संसदीय बोर्ड करेगा।राज्य में लोकसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन और कांग्रेस के क्लीन स्वीप के एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज करने के बाद भाजपा का दांव सफल रहा और सैनी ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में पार्टी को जीत दिलाई। मार्च में सैनी को हरियाणा भाजपा अध्यक्ष से मुख्यमंत्री बनाया गया, जब पार्टी साढ़े नौ साल के खट्टर के कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रही थी और किसानों के मुद्दों, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना, महंगाई और कानून व्यवस्थापर विपक्ष के हमलों का सामना कर रही थी।

## आरबीआई ने लगातार 10वीं बार रेपो रेट 6.50 फीसदी पर रखा बरकरार

**मुंबई, (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में लगातार 10वीं बार बदलाव नहीं किया। आरबीआई ने रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा । इस फैसले से आपके लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद इसकी घोषणा की।आरबीआई गवर्नर ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त एमपीसी ने बहुमत से नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट 6.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है।

## झूठ फैलाकर सीएम आवास पर क़ब्ज़ा करना चाह रही भाजपा-संजय सिंह




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आप नेता संजय सिंह ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा 4 अक्टूबर से मुख्यमंत्री आवास खाली करने के बाद आतिशी को मुख्यमंत्री आवास आवंटित करने में देरी पर चिंता जताई है। सिंह ने भाजपा पर गुप्त रणनीति अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि जब वे हार जाते हैं, तो वे सीएम हाउस पर कब्जा करने का सहारा लेते हैं। उन्होंने केजरीवाल द्वारा परिसर खाली करने को रेखांकित किया और बताया कि नए मुख्यमंत्री को कथित आवंटन के बावजूद, यह आवंटित नहीं हुआ है। आतिशी ने पहले ही कैंप कार्यालय में कर्मचारियों के साथ काम कर लिया था, जो अब खाली हो गया है।संजय सिंह ने दावा किया कि 27 साल से दिल्ली में वनवास काट रही भाजपा अब झूठ फैलाकर सीएम आवास पर क़ब्ज़ा करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास ख़ाली किए जाने का सरकारी और लिखित प्रमाण पत्र है। मुख्यमंत्री के तौर पर अब आतिशी को वहां रहने जाना था लेकिन पत्र लिखने के बावजूद सीएम आवास आतिशी जी को नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जब वहां आतिशी जी ने ष्ट्रू कैम्प कार्यालय बनाकर मीटिंग शुरू की तो वहां के स्टाफ़ को ख़ाली करा दिया गया। भाजपा 27 साल से दिल्ली में चुनाव हार रही है और अपना सीएम नहीं बना पा रही है तो अब मुख्यमंत्री आवास पर क़ब्ज़ा करना चाहती है।

# मुख्यमंत्री आवास पर लोक निर्माण विभाग का ताला, गलत तरीके से रह रही हैं आतिशी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास को लेकर घमासान तेज हो गया है। लोक निर्माण विभाग का दावा है कि यह मकान अरविन्द केजरीवाल के लिए आवंटित किया गया था। आधिकारिक रूप से खाली करते समय उन्हें विभाग को चाबी सौंपनी चाहिए थी, जिसके बाद नए मुख्यमंत्री को यह आवास आवंटित किया जाता। लेकिन जिस तरीके से आतिशी मार्लेना मुख्यमंत्री आवास में दाखिल हुई, उसके चलते मुख्यमंत्री आवास की चाबी को लेकर विजिलेंस विभाग ने भी नोटिस जारी किया है।उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के बाद अरविन्द केजरीवाल ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड़ स्थित सरकारी आवास खाली कर दिया था। उस दिन जाते समय मकान की चाबी मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक कर्मचारी को दी थी। नियमानुसार यह चाबी




लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को मिलनी चाहिए थी, जो नहीं मिली। बजाय इसके नव नियुक्त मुख्यमंत्री अचानक उस सरकारी आवास में रहने पहुंच गई। इसी को लेकर विजिलेंस विभाग ने नोटिस जारी किया है।दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी का कहना है कि उपराज्यपाल के निर्देश पर मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री आतिशी का सारा सामान बाहर निकलवा दिया गया है। मुख्यमंत्री आवास को पीडब्ल्यूडी ने लॉक कर दिया है।उल्लेखनीय यह भी है कि इस बंगले के निर्माण में की गई अनियमितताओं के मामले की भी जांच चल रही है। वैसे भी जब कोई मंत्री या मुख्यमंत्री कोई भी सरकारी आवास खाली करके जाता है तो बंगले के अंदर मौजूद चीजों की अधिकारियों को लिस्ट बनानी पड़ती है। उसी के बाद ठीक ठाक करके किसी दूसरे को आवंटित किया जाता है और वहां मौजूद सरकारी सामान की जिम्मेदारी लिखित रूप से उसे लेनी होती है। केजरीवाल और आतिशी ने इस मामले में ऐसा कुछ नहीं किया।इसी बात को लेकर भारतीय जनता पार्टी भी हमलावर है। उसका कहना है कि मुख्यमंत्री के सरकारी आवास को लेकर आखिर इतनी बेचैनी क्यों है कि सारे नियम कानून ताक पर रखकर बेशर्मी से जबरन एक सरकारी आवास पर कब्जा किया जा रहा है।

## सीबीआई ने रिश्वत मामले में रायबरेली कोच फैक्टरी के सामग्री अधीक्षक समेत तीन को किया गिफ्तार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वत लेने के आरोप में रायबरेली के माडर्न कोच फैक्टरी के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।सीबीआई ने बुधवार को बताया कि रायबरेली के मॉडर्न कोच फैक्टरी के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक रणजीत, वार्ड अधिकारी अरविंद और एक निजी व्यक्ति रिंकू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने गुगल पे के माध्यम से शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। यह रिश्वत मुंबई स्थित एक कंपनी के प्रमोटर से उसकी फर्म द्वारा आपूर्ति की गई खेपों को मंजूरी देने के एवज में मांगी गई थी।

## डॉक्टर्स एसोसिएशन की देशभर में भूख हड़ताल

● कैंडल मार्च में बंगाल के सहयोगियों के साथ हुए शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली में मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बुधवार को पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की, जो एक महिला चिकित्सक के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या का विरोध कर रहे हैं।

गुरु तेग बहादुर अस्पताल के डॉक्टर भी बुधवार को अपने मारे गए सहकर्मी के प्रति एकजुटता और याद के प्रतीक के रूप में काले रिबन पहनकर शामिल हुए, जबकि एम्स-दिल्ली के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने जेएलएन स्टेडियम में शाम 6 बजे एक कैंडल मार्च निकालने की घोषणा की।मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज आरडीए की अध्यक्ष अपर्णा सेतिया ने कहा कि डॉक्टर बुधवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक कार्य समय के दौरान सांकेतिक भूख हड़ताल कर



रहे हैं। सेतिया ने कहा कि %इस अवधि के दौरान, हम पश्चिम बंगाल में भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करने के लिए खाने या पीने से परहेज करेंगे।

एमएएमसी डॉक्टरों के समर्थन में विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन कर रहा है। जीटीबी डॉक्टरों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने जो काले रिबन पहने हैं, वे उनके दुख को दर्शाते हैं और एक अनुस्मारक के रूप में काम करते हैं कि चिकित्सा समुदाय ऐसी क्रूर हिंसा के सामने चुप नहीं रहेगा।


# बिजली विभाग के सेवानिवृत अधिकारी से 31 लाख रुपये की ठगी

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर युवक के खाते से 12.55 लाख निकाले

**प्रयागराज।** साइबर जालसाजों ने विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी समेत दो लोगों से 44.21 लाख रुपये ठग लिए। साइबर पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइंस निवासी अरुण कुमार पाठक (64) विद्युत विभाग से मुख्य अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हैं। इनका सिविल लाइंस स्थित पंजाब नेशनल बैंक में खाता है। शिकायत में उन्होंने साइबर थाना पुलिस को बताया कि पांच अक्तूबर को नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) के माध्यम से 6,800 रुपये ट्रांजक्शन का मोबाइल पर एसएमएस आया। बैंक जाने पर पता चला कि खाते से 31,66,800 रुपये कट गए हैं। दो अक्तूबर को पांच-पांच लाख के दो ट्रांजक्शन, तीन अक्तूबर को दो बार नौ लाख, चार अक्तूबर को 1.74 लाख पर रुपये कटे थे। वहीं, दूसरे खाते से तीन अक्तूबर को दो बार में एक लाख और चार अक्तूबर को 2.30 लाख रुपये का ट्रांजक्शन हुआ था। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित बुजुर्ग ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

साइबर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आशंका है कि जालसाज ने पीड़ित को धोखे में लेकर एप डाउनलोड करवाया और मोबाइल फोन का रिमोट कंट्रोल लेकर खाते से रुपये ट्रांसफर कर लिए, हालांकि इसकी पुष्टि के लिए जांच चल रही है।

अरुण कुमार पाठक ने साइबर पुलिस को बताया कि बैंक से पता चला कि पांच अक्तूबर को जालसाज ने उनकी एफडी पर 6.36 लाख रुपये का लोन भी ले लिया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि बिना खाताधारक की अनुमति के जालसाज ने लोन कैसे पास करवा लिया। वहीं, साइबर पुलिस के अफसरों ने बताया कि लोन के बारे में बैंक कर्मचारियों से भी पूछताछ होगी।



दूसरी घटना में ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर पुराना बैरहाना निवासी अजितेश कुमार से साइबर जालसाज ने 12.55 लाख रुपये ऐंठ लिए। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शेयर ट्रेडिंग एप बीआरडीटी से निवेश करने पर फायदा दिलाने का झांसा दिया गया। इस पर अलग-अलग रकम निवेश कर दी। अब पैसे ट्रांजक्शन करने पर 25 फीसदी सर्विस फीस जमा करने को कहा जाने लगा। जालसाज ने कहा, सर्विस फीस जमा करने पर ही पैसा ट्रांजक्शन होगा।

# प्रेमी युगल के आगे झुके परिजन, कराई शादी

## थाने में हुई पंचायत के बाद मंदिर में युवक-युवती ने पहनाई वरमाला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** एक युवक और युवती ने अपनी मोहब्बत के लिए सबको झुकने पर मजबूर कर दिया। लव मैरिज करने के लिए दोनों घर से निकल पड़े तो मामला थाने तक पहुंच गया। थाने में पंचायत हुई। लड़की पक्ष वाले विरोध जताते रहे लेकिन युवती ने सबके सामने कह दिया कि वह बालिग है शादी करेगी तो अपने प्रेमी से अपनी मर्जी इसके बाद पुलिस ने उन्हें रवाना कर दिया। थाने से निकल दोनों बहरिया ब्लाक प्रांगण में स्थित शिव मंदिर पहुंचे और एक दूसरे को वरमाला डाल शादी रचा ली। दोनों का प्यार देख अंत में घरवालों को भी रजामंद होना पड़ा। लड़की के घरवाले भी मान गए और वापस लौट गए।बहरिया क्षेत्र के एक ही गांव में रहने वाले हिमांशु और रश्मि चार साल से एक दूसरे के प्यार में बंधे थे। घरवाले शादी को तैयार नहीं हो रहे थे। गांव में बात फैली तो विरोध शुरू हो गया। मंगलवार को



झगड़ा बढ़ा तो युवती के घरवालों ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद युवती सीधे युवक के पास पहुंची कि उसे शादी करनी है। दोनों शादी करने निकल पड़े तो लड़की के घरवाले थाने पहुंच गए। तहरीर दिया कि हिमांशु उनकी बेटी को बहका कर ले गया है। उन्हें शादी से रोका जाए। पुलिस युवक और युवती को थाने ले गई। वहां कई घंटे पंचायत चली। युवती ने साफ किया कि वह अपनी मर्जी से शादी करने जा रही है। वह बालिग है, फैसला ले सकती है। दोनों का बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने उन्हें जाने दिया। थाने से निकल दोनों ने मंदिर में एक दूसरे को वरमाला पहना दी।

दोनों की शादी होते देख विरोध करने वाले भी चुप हो गए। यह मामला पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों एक ही बिरादरी के हैं। युवक अभी नौकरी नहीं करता है।

# पँचायत विकास के आड़े आ रहा प्रधान का मिजाज

## शिकायत पर प्रधान द्वारा लोगों को दी जा रही धमकी

### ➪लोगों ने संपर्क मार्ग पर इंटर लॉकिंग बिछाने की मांग दोहराई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** सूबे की योगी सरकार पंचायतों को हाईटेक बनाने के लिए खजाने का मुंह खोल दिया है।पंचायतों को दी जाने वाली बुनियादी सुविधाओं को लेकर सरकार वेहद गम्भीर है लेकिन प्रधान शासन की विकास नीतियों को मनमाने ढंग से क्रियान्वन करने में विस्वास रखते हैं।आलम यह है कि तेंदुआ खुर्द गांव के सुरैचा मजरे के लोग कीचड़ भरे मार्ग से जाने के लिए मजबूर हैं।

विकास खण्ड मेजा के ग्राम सभा तेंदुआ खुर्द के सुरैचा मजरे में मोहन मिश्र के घर से बिष्णु शंकर शुक्ल के घर तक लगभग दो सौ मीटर कच्चा मार्ग है जिसमे जल निकासी की व्यवस्था नही होने से इसमे कीचड़ भरा पड़ा है । पूर्व प्रधान द्वारा मिट्टी का



कार्य करा कर छोड़ दिया गया है। लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधान से इस सड़क पर इंटर लॉकिंग के लिए मांग की गई, लोगों का आरोप है कि प्रधान द्वारा बहाना बनाया जाता रहा है। जिससे बस्ती के लोगों के आवागमन में दिक्कतें बनी हुई हैं।

इसी मजरे में मुख्य मार्ग से हरी पटेल के घर तक लगभग दो सौ मीटर मिटटी का कार्य करा कर छोड़ दिया गया है। अभी तक उस पर भी खड़ंजा या इंटर लॉकिंग का कार्य नही कराया गया है। कीचण युक्त रास्ते में लोग चलने को मजबूर हैं। पँचायत के लोगों का आरोप है कि ग्राम प्रधान से मार्ग निर्माण की बात की जाती है तो प्रधान धमकी पर उतर जाते हैं। पक्की सड़क निर्माण नही होने से गांव के लोगों में आक्रोश है। लोगों ने बीडीओ से मार्ग निर्माण की मांग दोहराई है।

# घर के सामने खड़ी बाइक चोरी



**लेड़ियारी(प्रयागराज )।** रिश्तेदार के घर आए व्यक्ति की सोमवार को दोपहर घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। भुक्तभोगी ने खीरी पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया।

खीरी थाना के लखन लाल का पूरा मे शिक्षक जनार्दन प्रसाद शुक्ल के यहां ग्राम मांगी थाना चाकघाट मध्य प्रदेश निवासी मनोज कुमार शुक्ल पुत्र लालता प्रसाद शुक्ल अपने पत्नी के साथ मिलने आए हुए थे। दो घंटे बाद कमरे के बाहर आने पर बाइक नहीं दिखाई दी। तो आसपास खोज बिन किया लेकिन कहीं सुराग नहीं मिले। जिससे खीरी थाने में प्रार्थना पत्र दिया गया। रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर भुक्तभोगी ने आनलाइन अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# अद्भुत होता है मां काली का नृत्य स्वरूप

## दारागंज में निकलती है मां काली का नृत्य यात्रा जिसे कहते हैं काली स्वांग





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के दारागंज में निकलने वाली काली स्वांग में मां काली के अद्भुत रूप के दर्शन होते हैं। लगभग 5 किलोमीटर तक निकलने वाली इस काली नृत्य यात्रा को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। यह यात्रा शारदीय नवरात्र के पंचमी और षष्ठी तिथि को निकल जाती है। इसमें मां काली का रूप धारण रूप धारण कर अद्भुत नृत्य का प्रदर्शन होता है। नंगी भुजाली लिए मां काली नृत्य करते हुए चलती हैं।

दारागंज इलाके में होने वाले विशेष आयोजन के लिए कई महीनों पहले से तैयारियां होती है।

नवरात्र के चतुर्थी से मां काली स्वांग या नृत्य के आयोजन की शुरुआत होती है। इसके लिए कलाकार कई महीनों पहले से तैयारी करते हैं। इसमें मां काली का भेष धारण करने वाले कलाकार ब्रम्हचर्य का पालन करने के साथ ही सात्विक आहार को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं। प्रयागराज में निकलने वाली मां काली की यात्रा को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचती है। तीन दिनों तक रात में और सप्तमी की सुबह यात्रा निकलने के साथ इसका समापन होता है। श्री दारागंज रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित होने वाले मां काली की यात्रा या स्वांग की शुरुआत दारागंज के माधो यादव के निवास से होती है। जो जीटी रोड होते हुए निराला मार्ग से सिंगार भवन बक्सी त्रिमुहानी पर समाप्त होती है।

# मानस रामलीला में सूपनखा नाक,कान निपातन, सीताहरण का मंचन



**नैनी(प्रयागराज)।** मानस रामलीला समिति अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श कला मन्दिर के कलाकारों द्वारा सूपनखा नाक, कान निपातन और सीताहरण प्रसंग का भव्य प्रदर्शन मंच से किया गया।

पुनि रघुनाथ चलें वन आगे, मुनिवर वृन्द विपुल संग लागे।

सूपनखा रावन की वहिनी, दुष्ट ह्रदय दारुनि दुख अहिनी। पंचवटी सो गई एक बारा, देखि विगल भई युगल कुआरा।

रामलीला मैदान में रामभक्तों ने मंचन कार्यक्रम केदौरान कई बार कलाकारों का ताली बजाकर उत्साह वर्धन भी किया। रामलीला मंचन कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक समर बहादुर सिंह, संयोजक मयंक यादव पार्षद,अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, राज सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, रमेश केसरवानी, बबलू विधायक, शिव शंकर दीक्षित, आशीष राय, रोहित शुक्ला, महेश यादव, राहुल जैस वाल, मारुति नंदन तिवारी, मुकेश यादव, अर्पित तिवारी शामिल रहें। उक्त जानकारी मानस रामलीला समिति के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने दिया हैं।

# सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे कांशीराम- इंद्रजीत सरोज

## सपा कार्यालय में मनाई गई कांशीराम की पुण्यतिथि



**प्रयागराज।** बहुजन नायक पूर्व सांसद कांशीराम की पुण्यतिथि आज समाजवादी पार्टी कार्यालय जार्ज टाउन में मनाई गई। पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

इस मौके पर पूर्व प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री, विधायक इंद्रजीत सरोज ने कांशीराम को सामाजिक परिवर्तन का महानायक बताते हुए कहा कि सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव धन्य हैं जिन्होंने ऐसे महापुरुष को अपना समर्थन देकर इटावा से देश की सांसद में भेजनें का काम किया था। पूर्व मंत्री ने कई पुराने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि उन्होंने समाज के सबसे कमजोर तबके को राजनैतिक रूप से मजबूती देकर सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीना सिखाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, यमुनापार अध्यक्ष पपूलाल निषाद ने किया। संचालन रविन्द्र यादव एवं कृपा शंकर बिन्द ने किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, सत्य वीर मुन्ना, रविन्द्र यादव,आर एन यादव, दान बहादुर मधुर, कृष्णमूर्ति सिंह, अमर नाथ मौर्य,राजू पासी, महेन्द्र पासी, मृत्युजय पाण्डेय, ओ पी पाल, विनय यादव,जगदीश यादव, गीता पासी, जय शंकर, मो जैद, सुरेश श्रीवास्तव, अमित यादव, अजीत यादव, नाटे चौधरी, प्रदीप निषाद, दूधनाथ पटेल, इंजी विक्रम सिंह, कुलदीप यादव, शांति प्रकाश पटेल रमाकांत पटेल, शकील,हामिद, ओ पी यादव, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# नवीन प्रतिभाओं की कार्यशाला आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** संस्कृति एवं कला के पुनरुत्थान में सदैव सक्रिय रहते हुए नई प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से यमुना पार के विशाल आयोजन ग्राम शिल्प महोत्सव का आगाज इस वर्ष नवीन प्रतिभाओं को कार्यशाला के माध्यम से गायन ,वादन, नृत्य सहित विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्रारंभ करके हो चुका है। प्रत्येक वर्ष उद्योग नगर परिसर में लगने वाले ग्राम शिल्प महोत्सव का शुभारंभ सत्रह अक्टूबर से हो रहा है परंतु इस वर्ष प्रयागराज मंडल के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को कला एवं संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से उन्हें तीन दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कार्यशाला मां शारदा संगीत समिति नैनी प्रयागराज में प्रारंभ हो चुकी है संस्था के आयोजक श्री दत्तात्रेय पांडे ने बताया कि इस वर्ष



प्रयागराज के विभिन्न विद्यालयों के अंतर्गत तीन सौ से अधिक छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं कराई जाएगी तथा देश भर के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा लोक परक प्रस्तुतियां भी मंच पर आयोजित की जाएंगी ।

इस अवसर पर संस्था के संयोजक पियूष ग्राम उद्योग सेवा समिति के सचिव श्री दत्तात्रेय पांडे ,मां शारदा संगीत समिति के निदेशक श्री अभिषेक सिंह ,यमुना पार कलाकार संघ की महिला संयोजिका श्रीमती श्वेता प्रियांशु श्रीवास्तव ,सचिव श्रीमती नीतू राय ,नेहा मिश्रा सहित प्रशिक्षिका सुगंधा निषाद, विनीत श्रीवास्तव सहित कलाकार संघ के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ,अथर्व श्रीवास्तव देवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# महाकुंभ के 30 हजार करोड़ बजट पर लीपापोती- विनय कुशवाहा

## मुख्य स्नान पर्व में सिर्फ 95 दिन बचें अभी खोदाई ही हो रही हैं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सपा प्रदेश सचिव व सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने महाकुंभ से सम्बंधित कार्यों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि सरकार ने महाकुंभ 2025 के लिए 30 हजार करोड़ का भारीभरकम बजट दिया जिसमें अलोपीबाग फ्लाईओवर को छोड़कर कोई भी स्थाई निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। जिससे प्रयागराजवासियों को कुम्भ मेला के बाद भी उसका लाभ मिलता रहे अधिकतर अस्थायी निर्माण कार्य पर ही धन खर्च हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ स्नान पर्व में 95 दिन शेष हैं। पहला स्नान 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा का हैं लेकिन सालभर पहले से घर मकान तोड़े गये सड़क चौड़ीकरण के नाम पर और आज के दिन तक सड़कों की खोदाई



चालू है। जार्ज टाउन थाने के सामने बीच रोड़ खोदकर पाइपलाइन डाली जा रही हैं और इसी तरह बाकी सड़कों का यहीं हाल है बहुत जगह तो बिजली के पोल भी नहीं हटें हैं तो कब मिट्टी बैठेगी कब सड़क बनेगी। जल्दबाजी में सड़क रातोंरात पेंट कर दी जायेगी जो अगली बरसात में धंस जायेगी इसी लुंजपुंज कार्य प्रणाली की वजह से एक भी सड़क आज तक तैयार नहीं हुई जिससे शहरवासी जाम के झाम से जूझ रहे हैं।

प्रतिनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव साल भर पहले से कुम्भ कार्यों की समीक्षा बैठक कई बार कर चुके जिसका नतीजा शून्य रहा। अधिकारी ठेकेदार अपने मनमाफिक काम करते रहे क्योंकि वो जानते हैं कि स्नान पर्व की तिथि फिक्स हैं। जब कम समय बचेगा तो काम पूरा करने पर जोर होगा गुणवत्ता पर किसी का ध्यान नहीं जायेगा। मेला बजट का बंदरबांट हो जायेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार हुआ कि पाटून पुल निर्माण में लगने वाले साल स्लीपर की खरीदारी का टेंडर कई बार कैंसिल हुआ जिसकी वजह से अभी तक साल स्लीपर की पूरी सप्लाई नहीं हो पाई जो सोचनीय गंभीर विषय है।

# जेहि जोनि जन्मौं कर्म बस तहँ राम पद अनुरागऊँ



**नैनी(प्रयागराज)।** श्री अवंतिका रामलीला में सबरी प्रसंग, बाली वध एवं लंका दहन की लीला का अत्यंत मनोहरी मंचन हुआ। उम्र भर से प्रतीक्षारत शबरी के आश्रम राम पहुंचते हैं।सबरी राम को देखकर भाव विव्हल हो जाती है । वह राम को बड़े प्रेम से मीठे-मीठे बेर खिलाती है । राम शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश देते हैं । सबरी राम के चरणों में देह त्याग देती है । राम उसे सद्गति प्रदान करते हैं । अगले दृश्य में सुग्रीव और बाली के बीच बड़ा ही लोमहर्षक युद्ध होता है। राम एक ही बाण से बाली को धराशाई कर देते हैं । बाली पहले तो राम को अन्यायी कहता है परंतु राम के उत्तर से वह निरुत्तर हो जाता है । वह अंततः अपनी भूल स्वीकारता है और पुत्र अंगद को राम की शरण में देता है तथा भगवान राम से अत्यंत मार्मिक प्रार्थना करता है,, अब नाथ करि करुना बिलोकहु देहु जो बर मागऊँ। जेहि जोनि जन्मौं कर्म बस तहँ राम पद अनुरागऊँ॥ राम बाली को भी सद्गति प्रदान करते हैं। अगले भाग में लंका दहन की लीला का अत्यंत रोमांचकारी मंचन हुआ। लंका दहन होते ही अंजनी पुत्र महाबली हनुमान की जय के जयकारे गूजने लगते हैं । बच्चों की प्रसन्नता और उनका उत्साह देखने योग्य था। रामलीला में प्रमुख रूप से संस्थापक विमल पांडेय, महामंत्री अवधेश पांडेय, संरक्षक मीना पांडेय, अरुण त्रिपाठी, डॉ आनंद पांडेय, आस्था पांडेय, राजेंद्र शुक्ला, अनंत झा, राकेश त्रिपाठी, उदय प्रताप सिंह, एन बी सिंह, राधे श्याम तिवारी, धीरज मिश्रा, यजुर्वेद जन्मेजय, विजय राज सिंह, गुड्डू सिंह, बी एन शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी से गूंज रहे पंडाल

## नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि स्वरूप का हुआ पूजन



**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को मां के कालरात्रि स्वरूप की भक्तों ने विधि विधान से आराधना की । घरों - मंदिरों व पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी । देर रात तक चहल-पहल बनी रही । भक्ति गीत गूंजते रहे । श्रद्धालुओं ने मां को लाल वस्त्र व गुड़ का भोग लगाया।

नव युवक दुर्गा पूजा समिति लेड़ियारी मंडी तिराहे के पंडाल में मां कालरात्रि की पूजा भक्तिभाव से हुई। अध्यक्ष राजेश कुमार केशरवानी ने बताया कि बनारस से आए गायक ने मां के भजनों से वातावरण भक्तिमय कर दिया। मुख्य पुजारी नाजू पांडेय ने बताया कि विधि-विधान से प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने कहा कि दक्षिण और महाकाली, महासरस्वती का भी पूजन करना चाहिए। महालक्ष्मी सहित तीनों देवियों के सामने पूजन करें। शुभ्मासूर संहार करने वाली अष्टभुजा देवी नौ शक्तियों जो कि ब्राह्मी , महेश्वरी , कौमारी , वैष्णवी , वाराही , नारसिंही, ऐन्द्री , शिवदुती , चामुंडा ये नौ शक्तियां है। जिसने महिषासुर अंत महालक्ष्मी भक्ति पूर्वक आराधना की थी। यह कालरात्रि आभुषणों, गंध पुष्प, अक्षत , धूप , दीप , तथा नाना प्रकार के भक्ष्य पदार्थो से मुक्त नैवेद्यों , रक्त सिंचित बलि से मांस, मदिरा आदि से जाने वाली पूजा विधान नहीं है। इस प्रकार विशेष रूप से विकृतियों ध्यान पूर्वक पूजन महिमा का वर्णन किया गया है। इसके पश्चात देर रात तक भजन - कीर्तन और जागरण पूजा पंडाल में चल रहा है। व्यवस्थापक विशाल केशरी , राहुल केशरी, आशीष कुमार मिश्रा, अभिषेक कुमार, शिव मोहन द्विवेदी, राजेश कुमार केशरवानी, विजय केशरी, प्रियांशी केशरी, पलक, मुस्कान, अनुष्का, खुशी, रोहित कुमार, पंकज कुमार, विनीत कुमार मोदनवाल, अमन केशरी सहित आदि लोग व्यवस्था में लगे रहे।

# मां जगत जननी युवा कमेटी की तरफ से दुर्गा पूजा अनुष्ठान



**प्रयागराज ।** करेहदा,(तारापुर) भोपतपुर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर डॉ अतुल शर्मा ने अपनी पत्नी परिवार व मोहल्ले के लोगो के साथ मिलकर अपने आवास पर दुर्गा पूजा की रस्में निभाई। जिसमे अश्वनी पटेल, श्रीयांशू पटेल, मोनू शर्मा, मनीलाल यादव, नीरज शर्मा, भैय्यान यादव, उज्जवल शर्मा, पंकज शर्मा, छोटू विश्वकर्मा, अनीस, जित्तू वर्मा, अजीत पटेल, प्रदुम सिंह, मनीष यादव आदि ने पवित्र कलश स्थापना के साथ शुद्ध मन, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना की। डॉ अतुल शर्मा ने दुर्गा माता से सभी लोगों के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। इस उत्सव में मां दुर्गा के नौ दिव्य रूपों के प्रति श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन किया

# सुलेख प्रतियोगिता में मुस्कान रहीं अव्वल

**करछना(प्रयागराज)।** पठन पाठन के साथ साथ सुलेख का भी अपना अलग महत्व है।अच्छे लेखन का भी देखने और पढ़ने के दौरान मन मस्तिष्क पर अच्छा असर पड़ता है। परीक्षाओं में भी कापियां जांचते समय उत्तर पुस्तिका परीक्षकों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है।बच्चों को चाहिए कि प्रतिदिन सभी बिषयों के लेखन के समय अपनी राइटिंग पर विशेष ध्यान दें। यह बातें रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में जूनियर बालिका वर्ग की सुलेख प्रतियोगिता के पूर्व प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। इसके उपरांत सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में कक्षा 10की छात्रा मुस्कान पहले स्थान पर रहीं।

इसी कक्षा की मुस्कान प्रजापति, ममता मिश्रा और सोनाली को बराबर अंक मिला जो संयुक्त रूप से दूसरे और 10 ब की प्रतिमा,मनीषा और ईषा को भी बराबर अंक मिला और



संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। इस मौके पर 65छात्राओं ने सुलेख प्रतियोगिता में भाग लिया।

# मोबाइल को कम्प्यूटर की तरह प्रयोग कर डिजिटली स्मार्ट हो रहे छात्र

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** बेसिक विद्यालयों में संसाधनों के अभाव की हालत किसी से छिपी नही है,फिर भी विकास खंड सिराथू के जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका शालिनी सिंह बच्चों को डिजिटली स्मार्ट करने के हर सम्भव प्रयास करने में जुटी हैं। उन्होंने मोबाइल को ही कंप्यूटर में बदलकर उन्हें डिजिटल शिक्षा के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया। परिणाम स्वरूप समुदाय में विद्यालय की छवि बेहतर से और बेहतर हो गई है। शिक्षिका शालिनी सिंह ने बताया कि मोबाइल को ही कम्प्यूटर की तरह प्रयोग का उद्देश्य सीमित साधनो के जरिये बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के साथ साथ उनमें जीवन कौशल के उद्देश्य को महत्वपूर्ण बनाना है। शिक्षिका ने बताया कि इसके लिए उन्होंने की-बोर्ड को ओटीजी से जोड़कर मोबाइल से कनेक्ट किया और और



डब्लू पी एस ऑफिस में जाकर बच्चों को टाइपिंग सिखाया जा रहा है। शिक्षिका का मानना है कि आज के समय मे हर बच्चे को टाइपिंग सीखना व उसके विषय मे जानना बहुत आवश्यक है। विद्यालय में चलाई जा रही अतिरिक्त कक्षा से विद्यालय के ऐसे छात्र जो संसाधनों या आर्थिक कारणों से कंप्यूटर की कोचिंग या टाइपिंग नहीं सीख पा रहे हैं उनके लिए यह नवाचार वरदान साबित हो रहा है। अब कम खर्च में वह पर अपने घर में भी टाइपिंग सीख रहे हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावक रामव्रत यादव, सुषमा देवी, अनीता देवी आदि ने बताया कि गांव में कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी सीखने का कोई श्रोत नही है, इसके लिए बच्चों को 5 किमी. दूर जाना होता था।

शिक्षिका शालिनी की इस पहल से अब छात्र किताबी ज्ञान के साथ साथ कम्प्यूटर के ज्ञान में भी पारंगत हो रहे हैं।

## कोरोना काल में भी डिजिटल क्लास से नही रुकी थी छात्रों की पढ़ाई

कौशाम्बी। शिक्षिका शालिनी सिंह ने कोरोना काल में भी विद्यार्थियों की पढ़ाई को पिछड़ने नहीं दिया। कोरोना काल में उन्होंने बच्चों के लिए एजुकेशनल वीडियो बनाई ,उन्हें अपने यूट्यूब चौनल,फेसबुक पेज व हमारे अभिभावक नामक विद्यालय के व्हाटसऐप ग्रुप में भी निरंतर भेजने का काम किया। शिक्षिका ने जिले में कोरोना काल के दौरान और अच्छा काम करने वाले अध्यापकों को भी अपने साथ जोड़ा जिससे एक दूसरे के नवाचारों का आदान प्रदान हो सके। शिक्षिका के इस पहल की तत्कालीन बीएसए प्रकाश सिंह व बीईओ राजेश गुप्ता ने खूब सराहना की थी।

# टेढ़ीमोड़ में जागरण में प्रस्तुत की गई झांकियों ने सबका मोहा मन

**सिराथू, कौशाम्बी।** शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा प्रतिदिन भक्त कर रहे है। टेढ़ीमोड़ बाजार में सजे मां जगत जननी के दरबार में प्रतिदिन बाजार के श्रद्धालु सुबह शाम मां का विधि विधान से पूजन अर्चन करते है और व्रत का पारण करते हैं। मां के दरबार में मंगलवार की रात्रि जागरण के कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें प्रयागराज से आई राहुल झांकी जागरण कमेटी के कलाकारों ने विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन कर भक्ति का मन मोह कर सभी को आनंदित कर दिया। झांकियों में श्रीकृष्ण और राधा, मां काली का रौद्र रूप, भगवान शिव का तांडव स्वरूप व पार्वती का मनमोहन रूप श्रद्धालुओं को बहुत भाया। कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य सचिन केसरवानी, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, सौरभ केसरवानी, दिनेश कुमार सहित समस्त सदस्य उपस्थित

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना योजना का लक्ष्य- लवकुश मौर्य



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के केशऊवापुर गांव में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वालंबी बनाने को लेकर योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू लवकुश मौर्य ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना महिलाओं के उत्थान के लिए है। जिसमें समूह का गठन कर हजारों महिलाएं रोजगार के साथ जुड़ कर दूसरों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करती हैं। नारी शक्तिकरण के तहत बुधवार को केशऊवापुर गांव में देवी पूजा पंडाल के पास राष्ट्रीय अजीवका मिशन द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम में एडीओ आईएसवी महेंद्र कुमार ने महिलाओं को बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई इसी योजना में समूह बनाकर बड़ा रोजगार शुरू किया जा सकता है जिसमें भैंस पालन, दुकान, ई रिक्शा चलाना सिलाई ,कढ़ाई सेंटर अगरबत्ती पर धूपबत्ती बनाने का काम किया जा सकता है। इसके लिए अनुदान के साथ बैंकों से कम ब्याज पर ऋण मिलता है। इस दौरान ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को पेयजल ,जल निकासी साफ सफाई प्रधानमंत्री आवास को लेकर शिकायत की जिस पर सचिव को समस्या का समाधान करने को कहा गया। इस दौरान बीएमएम राम प्रकाश कुशवाहा ने समूह गठन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंजुल तिवारी , सुशील द्विवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता



**कौशाम्बी।** चायल में समावेशी दिव्यांग बच्चों के अभिभावक काउंसलिंग का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र चायल में बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी हिना सिद्दीकी ने किया। इसमें दिव्यांगता के कारण सावधानियां एवं दिव्यांग बच्चों की समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा दिव्यांग बच्चों के अंदर उनके प्रतिभाओं को निखारने व उनकी प्रतिभाओं को धरातल पर लाने के लिए बहुत से सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। दिव्यांग बच्चों को भी समान्य बच्चों की तरह ही देखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कनिष्ठ लिपिक लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, सहायक लेखाकार गिरधर दुबे, कंप्यूटर ऑपरेटर उमाशंकर, स्पेशल एजुकेटर कृष्ण कुमार तिवारी, इंदू बाला एवं शालिनी सोनकर आदि मौजूद रहे।

# सिराथू में कस्बेवासियों को मिली मॉडल शौचालय की सौगात

## ● चेयरमैन व ईओ ने फीता काटकर किया उद्घाटन






लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू में चेयरमैन की पहल के बाद कस्बेवासियों को मॉडल शौचालय की सौगात मिली है , चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने मॉडल शौचालय का फीता काटकर नगर वासियों को सौगात दी है।

बताते चले कि नगर पंचायत सिराथू के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार उर्फ भोला यादव एवं अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी ने बुधवार को नगर पंचायत सिराथू के वार्ड नंबर 6 धाता रोड में टैक्सी स्टैंड के पास, वार्ड नंबर 3 कैथनबाग में तथा वार्ड नंबर 9 शिवाला पर निर्मित शौचालय का मरम्मत करा कर मॉर्डन शौचालय की सौगात नगरवासियों को दी।

इस दौरान चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव ने बताया कि उक्त शौचालय से टैक्सी स्टैंड पर आने वाले यात्रियों एवं स्थानीय नगरवासियों को सुविधा होगी। धाता रोड में निर्मित शौचालय में विभिन्न प्रकार की मशीनें भी लगाई गई है। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि हीरालाल, अनवारूल हसन, मिथलेश केशरवानी, अंकित मिश्रा आदि सभासदों सहित नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहें।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं ने प्रस्तुत की झांकी



**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति के पांचवें फेज के अंतर्गत बुधवार को प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में नारी के विभिन्न रूपों को झांकी छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कर दिखाया की हम किसी से कम नहीं,नारी शक्ति महान है। विद्यालय में छात्राओं ने डाक्टर के रूप में कक्षा पांच की छात्रा राशि कुमारी, नर्स के रूप में संध्या कुमारी, पुलिस के वेश में आंचल कुमारी को एक दिन की कमान दी गई। जिसे छात्राओं ने बखूबी निभाया। डाक्टर बनी छात्रा ने एएनएम कविता सिंह के साथ कार्यक्रम में शामिल हो कर टीकाकरण अभियान चलाया और आई हुई महिलाओं को टीकाकरण के बारे में जगरूक किया।इसके साथ ही पुलिस के वेशभूषा चोरी करने पर गिरफ्तार करती हुई, अध्यापिका के रूप में बच्चों को पढ़ाती हुई झांकी प्रस्तुत किया। छात्राओं ने संदेश दिया की बेटियां कमजोर नहीं है हर क्षेत्र का लिखकर काम हासिल कर रही है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा, शिक्षक उमेश कुमार शुक्ला, मीरा दुबे, अर्चना सरोज, मीना देवी, कविता सिंह, मालती गोस्वामी, नीलू कुशवाहा आदि उपस्थित रही।

# आर्य पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया विजया दशमी का त्यौहार



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** मंझनपुर के भडेसर में स्थित आर्य पब्लिक स्कूल में बच्चों ने दशहरा का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया। मंझनपुर के भडेसर में स्थित आर्य पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर योगेश कुमार मौर्य व फाउंडर आशीष कुमार मौर्य के कुशल नेतृत्व में चले स्कूल में बुधवार को विजया दशमी दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस दौरान विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों द्वारा श्रीराम , लक्ष्मण , दुर्गा मैया , हनुमान जी और मां भगवती के रूप में एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत किया इस दौरान विद्यालय के बच्चे भाव विभोर हो गए ।

बच्चो द्वारा लगाए गए जय श्रीराम के जयकारों से पूरा विद्यालय गुंजायमान हो उठा । इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक सिंह व शिक्षकों ने भगवान के रूप में श्रीराम , जानकी , लक्ष्मण व हनुमान जी का फूल मालाओं से स्वागत कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका पूनम मिश्रा ने बच्चों को श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रीराम के बताए रास्ते पर चलने हेतु प्रेरित करते हुए बताया कि श्रीराम के बताए रास्ते पर चलने से बुराइयों को दूर किया जा सकता है । इस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था । नवरात्रि के दस दिन के युद्ध के बाद सत्य की असत्य पर विजय प्राप्त हुई थी इसलिए दशहरा को विजय दशमी के रूप में मनाते है । दशहरा दस प्रकार के पापों को दूर करता है । जिनमें काम , क्रोध , लोभ , मोह , मद , मत्सर , अहंकार , आलस्य , हिंसा , और चोरी । इस मौके पर विद्यालय के मैनेजर ऋषि कुशवाहा ने बताया कि विजय दशमी पर्व से असत्य पर सत्य की जीत की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर इंचार्ज राना नकवी , सरिता कुशवाहा , राजेंद्र मिश्रा सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा ।

# सौरई खुर्द में किसानों को तिलहन व सरसों बीज का हुआ वितरण



**सिराथू, कौशाम्बी।** राज्य सहायतित निशुल्क तिलहन बीज मिनिकिट वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड सिराथू के सौरई खुर्द में कृषको को तोरिया एवं राईध्सरसों बीज मिनीकिट का निशुल्क वितरण कर जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा विकास खण्ड सिराथू के सौरई खुर्द में स्थित केंद्र में बीज वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने बुधवार को केंद्र में मौजूद किसानों को सरसों की मिनिकिट का निशुल्क वितरण किया तथा उपस्थित किसानो को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज ने कहा कि तिलहन बीज वितरण कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की पहल है जिसका उद्देश्य किसानों को तिलहन फसलों के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना है। यह कार्यक्रम कृषि मंत्रालय द्वारा चलाया जाता है और इसके तहत किसानों को तिलहन बीजों का वितरण किया जाता है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य , एसडीओ अभयराज गुप्ता , बीज गोदाम प्रभारी शिवशंकर यादव सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# सिराथू में हुई बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू में हुई बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव पास हुए मीटिंग में आए सभासदों ने अपने अपने वार्डों में विकास कार्यों को बैठक में रखते हुए चेयरमैन से मांग की।सिराथू नगर पंचायत में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार उर्फ भोला यादव की अध्यक्षता में बुधवार को बोर्ड की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें मौजूद सभी सभासदों ने नगर पंचायत में कराए जाने वाले विकास कार्यो को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव भी पास हुए। जिसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाए जाने , सरकारी कृषि योग्य जमीनों को लीज पर देने एवं दुकानों के निर्माण हेतु प्रस्ताव दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार उर्फ भोला यादव ने जनता से अपील की नगर में सफाई व्यवस्था बनाए रखें अपने घरों व दुकानों का कूड़ा करकट कूड़ेदान में ही फेंकें। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार उर्फ भोला यादव, अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी व नगर पंचायत के सभासद अनवारूल हसन , ज्ञान सिंह यादव , शमी मोहम्मद , हीरालाल , पंचम लाल , अंकित मिश्रा , वीरेंद्र पटेल , जुग्गी लाल देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# वीबीपी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशांबी।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में अवकाश से पूर्व दशहरा उत्सव के अंतर्गत एक छोटा सा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इसमें सर्वप्रथम बच्चों ने गणेश वंदना नृत्य, राम सिया राम पर आधारित नृत्य तथा गरबा करके माहौल को उल्लास से भर दिया। इसके बाद श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की पूजा करके प्रधानाचार्या प्रीति मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी क्रम में उन्होंने नवदुर्गा की नौ मूर्तियों का भी पूजन-अर्चन किया। इसके बाद श्रीराम ने रावण का दहन किया और पूरा वातावरण जय श्रीराम, सियावर रामचंद्र की जय, लखनलाल की जय, बजरंगबली की जय आदि नारों से गूंज उठा।

प्रधानाचार्या ने कहा कि यह त्यौहार बुराई पर सच्चाई की जीत का त्यौहार है। हम रावण को प्रतीक रूप से मारते हैं। तात्पर्य है कि रावण के अंदर छिपी बुराइयां जो हमारे अंदर भी है उन्हें समाप्त करने का हम सबको संकल्प लेना चाहिए तभी दशहरा पूर्ण हो सकता है। इस अवसर पर उत्थान संस्था के सचिव डॉक्टर केके तिवारी अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार और मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक तिवारी ने बच्चों व उनके परिवार के लोगों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय ने किया। कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार करने में सदफ शेख और श्वेता ने अपना पूरा सहयोग दिया। इस अवसर पर पीटीआई नकुल तिवारी, रिक्की, मनीष अग्रहरि, आरपी ओझा, दीक्षा अग्रहरि, सुधा पांडे सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# नवाचारी शिक्षकों को एक, दो, तीन की कक्षाएं पढ़ाने को प्रधानाध्यापक



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** डायट मंझनपुर में बुधवार को डायट प्राचार्य निधि शुक्ला की अध्यक्षता में सितंबर माह की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों से संबंधित निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर से प्राप्त डाटा आधारित समीक्षा करते हुए डायट प्राचार्य ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों व डायट मेंटर को निर्देशित किया की जनपद को निपुण बनाने के लिए सभी शिक्षकों से निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से शत प्रतिशत आकलन करवाना सुनिश्चित करें। अधिकांश छात्रों को भाषा में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए संदर्शिका का अनिवार्य रूप से उपयोग करते हुए अक्षर, शब्द का अभ्यास और उपचारात्मक शिक्षण अनिवार्य रूप से करें। बैठक में उपस्थित एसआरजी व एआरपी को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके द्वारा गोद दिए गए विद्यालयों व शिक्षक संकुल के स्कूलों को दिसंबर माह तक अपने-अपने विद्यालय को निपुण बनाने का प्रयास करें। परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को कक्षा 1,2,3 में नवाचारी शिक्षकों को ही शिक्षण करने का अवसर देने का निर्देश दिया। छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। प्राचार्य ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, मेंटर्स को सेस (मै) परीक्षा 2024 से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं डीडीएच चौनल पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का हित धारकों तक पहुंचाने,प्रशिक्षण व प्रतियोगिता से संबंधित समस्याओं के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार कुशवाहा ने कहा सभी खंड शिक्षा अधिकारी, मेंटर्स, प्रधानाध्यापक, शिक्षक अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें, तो निश्चित रूप से जनपद को निपुण बनाया जा सके। सभी शिक्षक समय सारणी और शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार टीम भावना से शिक्षण कार्य करें। निपुण विद्यालय बनाने के लिए 5 प्वाइंट टूल्स का प्रयोग कर शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। सभी शिक्षक तकनीकी एवं डिजिटलीकरण से अपडेट रहे।

इसके साथ ही उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कक्षा एक, दो, तीन में पढ़ा रहे शिक्षकों के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। सभी बीईओ, डीसी,मेंटर्स को विद्यालय निरीक्षण और सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान छात्रों को ज्ञान से पुंजित करने वाले शिक्षकों को बेहतर शिक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित करने के लिए उन्हे अवसर प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक के संयोजक डायट प्रवक्ता धीरज कुमार, धर्मनाथ प्रशिक्षण समग्र शिक्षा सहित, समस्त डायट प्रवक्ता समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी व एआरपी उपस्थित रहे।

# पूजा पंडालों में गंदगी मिली तो सफाई कर्मियों का कटेगा बेतन

**करारी, कौशाम्बी।** ईओ अजय निषाद ने बुधवार को कस्बे में स्थापित दुर्गा पंडालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, दवा-चूना के छिड़काव के साथ पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।स्थानीय कस्बे में नौ जगह मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। यहां सुबह से लेकर देर रात पूजन, अर्चन, भजन कीर्तन के कार्यक्रम हो रहें हैं।विशेषकर रात में भक्तों की काफी भीड़ रहती है। बुधवार को ईओ अजय निषाद पूजा पंडालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कस्बे के साथ-साथ पूजा पंडालों में विशेष सफाई कराई जाए। दोनों मीटिंग सफाई के साथ चूना, ब्लीचिंग आदि दवाओ का छिड़काव कराया जाए। यदि उन्हें किसी पूजा पंडाल व उसके आसपास गंदगी मिली तो संबंधित सफाई नायक व कर्मी का बेतन काट दिया जाएगा। ईओ ने नगर पंचायत के विजली कर्मियों को भी बराबर पूजा पंडालों में भ्रमण कर ढीले तार को कसने व खुले तार में टेपिंग करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि यह अभियान बराबर दीपावली तक चलेगा। नवदुर्गा पूजा समाप्ति के बाद कस्बे की रामलीला शुरू हो जाएगी।

# राम- लक्ष्मण के वापस न लौटने पर दशरथ ने त्याग दिया प्राण



लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** विकास खण्ड नेवादा के नूरपुर हाजीपुर गांव की रामलीला में आठवें दिन दशरथ मरण व राम वन गमन की लीला का मंचन किया गया। मंचन को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।

रामलीला में भगवान राम के वन जाने के बाद महाराज दशरथ ने सुमंत को राम के साथ भेजा और कहा कि जंगल में घूमाकर राम और लक्ष्मण को वापस ले आना परंतु सुमंत के लाख मनाने के बाद भी राम वापस नहीं लौटे। उदास होकर सुमन्त वापस चले आए। वह हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे कि राजा दशरथ के सामने जाकर क्या जवाब देंगे। राम के न लौटने की भनक लगते ही सैय्या पर पड़े दशरथ ने पुत्र के वियोग में प्राण त्याग दिए। उसके बाद गुरु वशिष्ठ ने दूत भेज कर ननिहाल में रह रहे भारत और शत्रुघ्न को बुलाया। अयोध्या जाकर भरत अपनी मां कैकेई से बात करते हैं। उसके बाद भरत भगवान राम को मनाने चित्रकूट जाते हैं। भगवान राम के न लौटने पर उनकी चरण पादुका लेकर अयोध्या वापस आते हैं। भरत के भावपूर्ण मंचन ने हर दर्शक को झकझोर दिया। इस अवसर पर मेला समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अनिरुद्ध उपाध्याय, आत्माराम गुप्ता, निरंजन चौधरी, श्याम बाबू दिवाकर, थानाध्यक्ष पिंपरी बलराम सिंह, चौकी प्रभारी अतुल रंजन तिवारी, श्रीचंद्र यादव, गंगाराम, संदीप कुमार, गंगाराम, विकास कुमार आदि सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## एक ही रात दो विद्यालयों में चोरी से हडकम्प

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में एक ही रात दो विद्यालयों मे चोरी की घटना से बुधवार को हडकंप मच गया। अमावां स्थित जनता शिक्षा समिति तथा मां अम्बिका पब्लिक स्कूल में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना अंजाम दिया। चोरों ने जनता शिक्षा समिति में लगे पांच सीसी कैमरे समेत कीमती सामान चोरी कर ले गये। प्रबन्धक धीरेन्द्र पाण्डेय ने घटना के बाबत पुलिस को तहरीर दी है। वहीं मां अम्बिका पब्लिक स्कूल में स्टेबलाइजर समेत सामान उठा ले गये। प्रबधंक दीपेन्द्र सिंह ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। चोरी की इन घटनाओं मे बदमाशों ने वारदात के पहले विद्यालयों की बिजली काट दी। बुधवार की सुबह स्कूलों मे चोरी की घटना को लेकर हडकंप मच गया। जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना को लेकर छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा। इधर ही एक ही रात में दो विद्यालयो मे चोरी की वारदात से अमावां क्षेत्र में हडकंप का माहौल दिखा।

## पचीस हजार का ईनामिया धराया, गया जेल




**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को पचीस हजार के ईनामिया व गैंगेस्टर के वांछित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक यादव व प्रशान्त दुबे बुधवार सुबह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर लालगंज कालाकांकर मार्ग स्थित नहर के पास घेराबंदी करके तमंचे के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी पर पचीस हजार का ईनामिया है। वह गैंगेस्टर का भी आरोपी है। अपने गैंगलीडर राजकुमार वर्मा, अनुज वर्मा उर्फ अरविंद, राजू उर्फ शिवकुमार आदि के साथ मिलकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया करता है। उसके खिलाफ अन्तू व लालगंज कोतवाली में कुल पांच मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार ईनामियां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

## किरायेदार पर मकान न खाली करने व धमकी का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मकान किरायेदार पर मकान खाली न करने व धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने लीलापुर थाने में तहरीर दी है। हरिहरपुर कैलहा पांती गांव निवासी रामआसरे पुत्र रामस्वरूप ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसे मुख्यमंत्री आवास मिला है। इस मकान को गांव के मो. नसीम व एनुलहसन पुत्रगण मो. शरीफ ने जनवरी माह में दो माह के लिए किराये पर लिया। आरोप है कि अब आरोपी मकान खाली नहीं कर रहे हैं। मकान खाली करने की बात कहने पर जातिसूचक गाली देते हुए जानलेवा धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## गायब पैसा खाते में वापस मिलने से खाताधारक ने ब्रांच मैनेजर का किया सम्मान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला के खाते से उड़ाया गया पैसा ब्रान्च मैनेजर की सक्रियता से महिला के खाते मे वापस मिल सका है। इससे महिला ने ब्रान्च मैनेजर का माल्यार्पण कर सम्मान किया। लीलापुर थाने के अजगरा बाजार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बडौदा बैंक की शाखा है। गांव की पुष्पा देवी पत्नी सुदामा शर्मा यहां खाताधारक है। बीते सितंबर माह में साइबर ठगों द्वारा महिला के खाते से बाइस हजार नौ सौ रूपये निकाल लिया गया। पीडिता ने इसकी शिकायत ब्रान्च मैनेजर विकास पाण्डेय से की। ब्रान्च मैनेजर की शिकायत पर क्राइम ब्रान्च ने सक्रियता दिखाते हुए पीड़ित महिला के खाते में पैसा वापस कराया। खाते में पैसा वापस आने पर बुधवार को खाताधारक ने ब्रांच मैनेजर का माल्यार्पण कर सम्मान किया।

## एंटीरोमियों टीम ने छात्राओं को दिये आत्मरक्षा के टिप्स

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एंटीरोमियों टीम ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को खुद की सुरक्षा को लेकर टिप्स दिये। लीलापुर थानान्तर्गत पारसनाथ शुक्ल इण्टर कालेज पूरे नेवाजी में बुधवार को एंटीरोमियों टीम प्रभारी ज्योती सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम वहां पहुंची। पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को महिला सशक्तीकरण पर जानकारी साझा किया और छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु विभिन्न प्रकार के टिप्स दिये। पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया। छात्राओं से कहा कि किसी भी समस्या के सामने आने पर तत्काल इस नंबर पर फोन करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य मृत्युंजय शुक्ल ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताया।

## सीडीपीओ व बीडीओ ने सुलझाया विवाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रधानाध्यापक के खिलाफ की गयी शिकायत पर बुधवार को सीडीपीओ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ विद्यालय पहुंचकर शिकायत की हकीकत खंगाली। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे ओझा में आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित होता है। यहां तैनात कार्यकत्री मीना ओझा ने प्रधानाचार्य अनन्तपाल सिंह पर विद्यालय के गेट में जबरन ताला बंद कर लेने तथा उसे विद्यालय परिसर में न आने देने का आरोप लगाया। पीड़ित कार्यकत्री की शिकायत पर बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सरोज व सीडीपीओ ममता सिंह ने विद्यालय पहुंचकर मामले की हकीकत खंगाली। अफसरों ने प्रधानाचार्य व आंगनबाड़ी कार्यकत्री के बीच बातचीत करके विवाद को सुलझाया। सीडीपीओ ने बताया कि समस्या का निराकरण करा दिया गया है।

## अपना दल एस नें कांशीराम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**प्रतापगढ़।** अपना दल एस के तत्वावधान मे मान्यवर काशी राम जी की पुण्यतिथि सस्कार गार्डेन में आयोजित करके श्रद्धांजलि दी गई।कर्यक्रम को मुख्य अतिथि डा0 अमित पटेल व राष्ट्रीय महा सचिव बौद्धिक मंच कमलेश विश्वकर्मा प्रदेश सचिव विजय सिंह प्रदेश सचिव (ब्यापार मंच) संगीत पटेल जिलाध्यक्ष महिला मंच के नेतृत्व में संपन्न कराया गया।इस दौरान राम खेलावाल पटेल जिलाध्यक्ष शिक्षक मंच राजकुमार पटेल जिलाध्यक्ष बौद्धिक मंच तिलोकी नाथ पटेल सत्य प्रकाश मिश्रा संजय राज पटेल राज श्रवण पटेल कुमार पटेल राम समुख वर्मा प्रमोद पटेल राम समुझ राजेद्र पटेल चंद्रभान कमलेश पटेल विनय पटेल केशव राज ज्ञान प्रकाश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संचालित योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को किया जाये लाभान्वित - निषाद

● योजनाओं की मंत्री ने की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश
● मत्स्य विभाग की योजनाओं का ग्रामसभाओं में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये
● पट्टों की करायी जाये जांच, पात्र व्यक्तियों को पट्टा आवंटन हेतु किया जाये चयनित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की मत्स्य विभाग के मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद जी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मत्स्य अधिकारी विकास कुमार दीपांकर ने मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं पर बिन्दुवार प्रकाश डाला। समीक्षा के दौरान मंत्री जी ने जिलाधिकारी से कहा कि जनपद में मत्स्य पालन हेतु किये गये पट्टा आवंटन की टीम गठित कर जांच करा ली जाये, यदि किसी अपात्र व्यक्ति को पट्टे का चयन हो गया है तो पट्टा निरस्त करके पात्र व्यक्तियों को मत्स्य पालन हेतु पट्टे का आवंटन किया जाये। उन्होने मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया कि मत्स्य पालन हेतु होने वाले पट्टों की ग्रामसभाओं में सूची चस्पा की जाये जिससे लोगों को जानकारी हो सके और पट्टा हेतु कौन कौन से दस्तावेज की आवश्यकता होती ग्रामसभाओं में चस्पा किया जाये जिससे ग्रामसभा में प्रत्येक व्यक्तियों को मत्स्य पालन हेतु सूचना प्राप्त हो सके और पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सके, मत्स्य विभाग की योजनाओं का पम्पलेट, पोस्टर के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये। उन्होने कहा कि तालाबों में अवैध तरीके से किये गये कब्जों को हटाने की कार्यवाही की जाये, किसी भी दबंग व्यक्ति द्वारा पट्टे को लेकर किसी दूसरे व्यक्ति को बेचता है तो इसके लिये नियमानुसार कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मंत्री जी ने जिलाधिकारी एवं सीडीओ से कहा कि जनपद में विकसित तालाब कितने है और अर्द्धविकसित तालाब कितने है उसकी सूची बना ली जाये जिससे अर्द्धविकसित तालाबों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मत्स्य अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 5368 तालाब है, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 63 का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें से 10 पट्टे का आवंटन किया गया है जिस पर मंत्री जी ने मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया कि अक्टूबर माह में लक्ष्य को पूर्ण किया जाये। बैठक के दौरान मछुआ समुदाय के लाभार्थियों ने मंत्री जी को अपनी-अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया जिस पर मंत्री जी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का निराकरण किया जाये। उन्होने उपस्थित लाभार्थियों से कहा कि वैज्ञानिक विधि से मत्स्य पालन किया जाये जिससे अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। मंत्री जी ने बताया कि मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत किसानों की आय में वृद्धि व स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक योजनायें संचालित की जा रही है जिसके अन्तर्गत वित्तीय सहायता के रूप में महिला एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को 60 प्रतिशत तथा अन्य वर्ग को 40 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य किया गया है।

मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड समीक्षा में पाया गया कि माह सितम्बर का लक्ष्य 1661 है और 42 कैम्प आयोजित किये गये, बैंको को 823 प्रस्ताव भेजे गये जिसमें से 70 स्वीकृत हुये है और बैंकों में 700 आवेदन पत्र लम्बित है जिस पर मंत्री जी ने कड़ी नाराजगी जतायी और मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जितनी भी योजनायें है सारे आवेदन पत्रों को एकत्रित कर लिया जाये और 15 अक्टूबर से केसीसी के कैम्प लगाये जायेगें उसी में इन सभी पत्रावलियॉ का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें जिससे लाभार्थियों को लाभ मिल सके।

बैठक में मत्स्य बीज की उपलब्धि, मत्स्य उत्पादन, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एसरेशन सिस्टम की स्थापना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषाद राज बोट सब्सिडी योजना व अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में मण्डलीय अधिकारी उप निदेशक विजय पाल को निर्देशित किया कि मत्स्य विभाग की प्रत्येक सप्ताह बैठक करके उसकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। मत्स्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद की जो नदियां है उन सभी को खण्ड बनाकर मूल्यांकन कर लें और एक से अधिक समितियों का गठन कर लिया जाये। मंत्री जी ने कहा कि हम लोग जरूरत मंदों की सेवा के लिये है, केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ सभी जरूरत मंदों को मिले यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डा ए0एन0 प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी एलडीएम गोपाल शेखर झा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## काफिले में शामिल स्कॉर्ट की गाड़ी से टकराई कार, मंत्री घायल

● प्रतापगढ़ आते समय करहिया के पास हुआ हादसा
● मंत्री को देखने मेडिकल कॉलेज पहुंचे डीएम एसपी




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सूबे के मत्स्य पालन कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय निषाद की कार उनके ही काफिले में शामिल स्कॉर्ट की गाड़ी से टकरा गई। जिससे उनके पैर में चोटें आई। इलाज के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया। घटना की जानकारी होने पर डीएम, एसपी और सीडीओ मेडिकल कालेज पहुंचे और मंत्री का कुशल क्षेम जाना। इलाज के बाद मंत्री की हालत में सुधार होने पर डाक्टरों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया।

योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डाक्टर संजय निषाद बुधवार को प्रतापगढ़ आ रहे थे। रायबरेली के बाद करहिया में उनके काफिले में शामिल पुलिस स्कॉर्ट की गाड़ी ने अचानक से ब्रेक मार दिया। जिससे पीछे चल रही मंत्री की कार उससे टकरा गई। इस दुर्घटना में उनकी कार का अगला हिस्सा टूट गया। पुलिस उनको लेकर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले आई। फिजिशियन डॉ मनोज खत्री, हड्डी रोग विशेषज्ञ सचिन और आई सर्जन विवेक त्रिपाठी ने इलाज किया। सीएमएस डाक्टर शैलेंद्र कुशवाहा ने बताया कि मंत्री डाक्टर संजय निषाद सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उनके पैर में हल्की चोट आई थी। डाक्टरों ने इलाज किया। हालत में सुधार होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

## अनीति व अत्याचार से संघर्ष के रास्ते न्याय की मजबूती का संदेश है मां दुर्गा का अवतार- प्रमोद तिवारी

▶▶ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने दुर्गा पाण्डालों पर टेका मत्था, लोकमंगल की किया प्रार्थना
▶▶ धार्मिक आयोजन में धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली में सम्मानित हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि आध्यात्म की सच्ची साधना लोगों के बीच सदभावना के वातावरण को मजबूती प्रदान करना है। उन्होने कहा कि आदिशक्ति मां दुर्गा के अवतार में हमें सदैव अनीति तथा अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष की प्रेरणा मिला करती है। बुधवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी विभिन्न दुर्गा पाण्डालों में आयोजित देवी उत्सव कार्यक्रमों में शामिल हुए। धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी जन्मस्थली भटनी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होनें कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव मानवता तथा सभी को साथ लेकर विकास पथ पर बढ़ने का मौलिक संदेश दिया करती है।

उन्होनें कहा कि धर्म तथा भाषा एवं क्षेत्रवाद तथा जातिवाद के नाम पर देश को तोड़ने वाली ताकतों को परास्त करने में हमें आध्यात्म के चिंतन को मजबूती प्रदान करना चाहिए।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत की विविधता में एकता की संस्कृति पूरे दुनिया में हमारी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की अजेय शक्ति है। श्री नवदुर्गा पूजा समिति एवं स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान द्वारा पूर्व प्रधान अशोक सिंह के संयोजन में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को स्वामी करपात्री जी का चित्र एवं श्रीफल तथा धार्मिक ग्रन्थ प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां कार्यक्रम का संचालन सौरभ ओझा द्वारा किया गया। उन्होनें रानीगंज कैथौला बाजार, रायपुर तियांई, मेढ़ावां, बेलहा, धारूपुर, हरनाहर, कसमापुर, खण्डवा, पूरे जनई, पूरे भिच्छुक, भुवन का पुरवा, मोठिन, रामपुर बावली, सराय संग्राम सिंह में दुर्गा पूजा पाण्डालों में पहुंचकर मत्था टेका। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर आयोजित कार्यक्रमों में स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से लोकमंगल की प्रार्थना की।

इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र, पप्पू तिवारी, डा. चन्द्रेश सिंह, रामचंद्र तिवारी, सचीन्द्र शुक्ल, भइयाराम तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, रामनरेश यादव, सोनू पाण्डेय, अरूण ओझा, अनुराग तिवारी, राकेश तिवारी, विपुल तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, विजय प्रताप सिंह, भुवनेश्वर शुक्ला, राकेश चतुर्वेदी, जगदीश तिवारी बबलू, गौरव केसरवानी, रवीन्द्र मिश्र, शीतला प्रसाद दुबे, राजेश तिवारी बाबा आदि रहे।

## श्रीरामलीला में भक्तिभाव के बीच श्रद्धालुओं में दिखी उमंग, हुआ भगवान का जयघोष



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के घुइसरनाथ रोड पर आदर्श रामलीला समिति कोटवा शुकुलपुर के संयोजन में श्रीरामलीला का मंचन देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कलाकारों द्वारा श्रीराम जन्म पर प्रस्तुति देख श्रद्धालु भी भए प्रकट कृपाला दीनदयाला के सुर में खुद भी रम गये। वही सीता स्वयंवर तथा रावण बाणासुर संवाद व धनुष टूटने पर लक्ष्मण परशुराम संवाद का भी मंचन कलाकारों ने मनमोहक किया। समिति के संरक्षक पूर्व प्रधान आदर्श मिश्र के संयोजन में श्रीरामलीला के मंचन में श्रद्धालु बीच बीच में भगवान श्रीराम का जयघोष भी करने में मगन दिखे। राजा दशरथ का प्रस्तुतिकरण मुन्ना यादव तथा भगवान श्रीराम का चरित्र राजेन्द्र, लक्ष्मण में विपिन यादव, सीता का चरित्र अनुपम विश्वकर्मा एवं हनुमान जी का स्वरूप राजू एवं बाणासुर का प्रस्तुतीकरण सुरेश वर्मा, जनक का विपिन विश्वकर्मा, गुरू विस्वामित्र में सत्यम वैश्य, गुरू वशिष्ठ में शिवशंकर, मंथरा में माता प्रसाद का प्रस्तुतीकरण सराहनीय दिखा। व्यास जयप्रकाश विश्वकर्मा का भी योगदान सराहनीय दिखा। मार्गदर्शक एवं संरक्षक की भूमिका में पूर्व प्रधान आदर्श मिश्र सराहे गये। श्रीरामलीला का मंचन देखने के लिए श्रद्धालु पूरी रात भक्तिभाव में जमे दिखे।


गुदड़ी के लाल

# 'हम भी दीदी के संग स्कूल जायेगें और वहीं पर क ख ग घ पढेगें'

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लॉक क्षेत्र के संविलित उच्च प्राथमिक विद्यालय, कांपा मधुपुर में अपने नामांकन को लेकर बहुत आतुर दिखा हृदय रोग से पीड़ित हिमांशू वर्मा।

अब तक स्कूल में नाम क्यों नहीं लिखाया तो बाबा पटेल जी ने बताया कि जब तक आधार कार्ड न मिल जाए स्कूल में नाम ही नहीं लिक्खा जायेगा। नया नियम आ गया है कि पहले जन्म प्रमाण पत्र बनवाये, फिर आधार कार्ड बने और छरू साल से अधिक की उमर ठहरे तब ही नाम लिखा जायेगा। बाकी सब पूरा तो है लेकिन आधार कार्ड अप्लाई करने के दस महीने बाद भी नहीं आवा। समस्या यह है कि विघालय में नामांकन एवं स्कूल में हाजिरी को लेकर अति दलित, अनुसूचित जाति, गरीब, पिछड़ा और विघालय से एक किमी की दूरी वाली बस्तियों के बच्चे फिर से विघालय तक पहुँच के मामले में पांच दशक पहले के माहौल की



ओर मुड़ने को मजबूर हो सकते है। कम पढ़े लिखे या निरक्षर माता पिता या अभिभावकों के सामने जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, राशनकार्ड और नामांकन आदि की जटिलता से दो चार होकर या परिचित होकर नागरिक चार्टर जैसा ब्यवहार नहीं कर पा रहा है। अपने आधार कार्ड के न मिल पाने के कारण हिमांशू को अफ्सोस है कि नया सत्र 6 माह बीत जाने के बाद भी उसका नाम स्कूल में नहीं लिखवाया गया। घर में दौड़ कर गया और माता से आधार कार्ड के लिए मिली रसीद ले आकर दिखाई। बता दे कि ग्राम पतांवा पोस्ट कांपा, पट्टी, प्रतापगढ़ निवासी राम प्रसाद वर्मा का 7 वर्षीय पुत्र हिमांशू विगत चार साल से गम्भीर हृदय रोग से पीड़ित है। जिससे परिजन घर के बाहर कहीं भी आने जाने को लेकर डरते है, एकलौता नाती होने के कारण उसके बाबा पटेल सदैव साथ साथ लगे रहते है। निष्कर्ष मंगलमय दिवस पर 11 बजे मामला संज्ञान में आने के तत्काल, उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रा0वि0 हेडमास्टर ने राम प्रसाद जी के आवास पर अभिभावक बाबा दादी एवं चाचा की मौजूदगी में विघालय में नामांकन की सभी औपचारिकता पूरी कर दी गयी। अब वह विघालय के छात्र हिमांशू बन गया है।

## सीडीओ ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रमोशनल ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेजीड्यू योजनान्तर्गत के तहत मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा व अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने कृषि भवन परिसर से पांच प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन तहसील सदर, रानीगंज, पट्टी, लालगंज एवं कुण्डा के तहसील जाकर किसानों को फसल अवशेष न जलाने तथा फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणाम के सम्बन्ध में जानकारी देना है ।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुये बताया कि गत वर्ष में कुल 29 घटनायें पराली जलाने की हुई थी, वर्तमान वर्ष में अभी पराली जलाने की घटना प्रकाश में नही आई है। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि समस्त तहसीलों में जाकर कृषकों को जागरूक कर यह सुनिश्चित किया जाये कि पराली जलाने की घटना को शून्य किया जाये। अपर जिलाधिकारी ने समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में सघन भ्रमण कर फसल अवशेष प्रबन्धन के प्रति जागरूक करें। पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी द्वारा भी धरती माँ को बचाने के लिये अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण को प्रदूषण रहित बनाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी वीर विक्रम सिंह, तकनीकी सलाहकार सुनील कुमार सिंह सहित अजय सिंह, राजेन्द्र उपाध्याय, सुरेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल महिला की हालत गंभीर, रेफर

**पट्टी प्रतापगढ़।** बीते 6 अक्टूबर की रात में रेडीगारापुर बाजार से पत्नी संग आ रहे बाइक सवार को पीछे से ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पति-पत्नी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएससी लाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया था। महिला की हालत गंभीर होने के चलते स्वरूप रानी के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली इलाके के रुर गांव के रहने वाले शिवकुमार सिंह अपनी पत्नी कुसुम सिंह को रेडीगरापुर बाजार से घर लेकर जा रहे थे। रुर गांव के समीप पीछे से आ रहे थे तेज रफ्तार ट्रक में बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कुसुम सिंह की हालत गंभीर होने के चलते स्वरूप रानी अस्पताल रेफर किया गया है। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मामले में पीड़ित ने बुधवार को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि ट्रक व चालक को हिरासत में लिया गया है। प्रार्थना पत्र के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

लोकमित्र
• कौशाम्बी, गुरूवार ,10 अक्टूबर 2024



संक्षिप्त खबरें

## मार्ग हादसे में शिक्षक की मौत पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कोड़र गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक चालक ने बाइक सवार शिक्षक को रौंद दिया हादसे में शिक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई , हादसे की खबर पर शिक्षक के परिवार ने कोहराम मच गया , मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कार्यवाही में जुट गई है।पईसा थाना क्षेत्र के बम्बूपुर निवासी सुशील कुमार सिंह पुत्र स्व लाल सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके बड़े भाई कमल सिंह 40 वर्ष मंझनपुर के जजौली में स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त थे , मंगलवार को शिक्षक कमल सिंह स्कूल से पढ़ाकर घर लौट रहे थे तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के कोड़र गांव के नजदीक पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया हादसे में शिक्षक बाईक से गिर गए और ट्रक रौंदता हुआ निकल गया । जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई । मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही ने जुट गई है।

## नव युवक मंगल दल कमेटी अटसराय में जागरण में प्रस्तुत झांकियों ने सबका मोहा मन



**सिराथू, कौशाम्बी।** शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा प्रतिदिन भक्त कर रहे है। अटसराय चौराहा में श्री नव युवक मंगल दल कमेटी के तत्वाधान में सजे मां जगत जननी के दरबार में प्रतिदिन बाजार के श्रद्धालु सुबह शाम मां का विधि विधान से पूजन अर्चन करते है और व्रत का पारण करते हैं। मां के दरबार में मंगलवार की रात्रि जागरण के कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें कानपुर से आई झांकी जागरण कमेटी के कलाकारों ने विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन कर भक्ति का मन मोह कर सभी को आनंदित कर दिया। झांकियों में श्रीकृष्ण और राधा, मां काली का रौद्र रूप, भगवान शिव का तांडव स्वरूप व पार्वती का मनमोहन रूप श्रद्धालुओं को बहुत भाया। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी पाल , राजेंद्र प्रसाद , अनिल मोदनवाल , सुरेश यादव , रवी अग्रहरि , सुरेंद्र मौर्य , सुनील पाल , धनराज सिंह , कुलदीप विश्वकर्मा सहित सहित समस्त सदस्य व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दुर्गा पंडाल में आयोजित हुआ कन्या पूजन व भंडारा



**सैनी, कौशाम्बी।** शहजादपुर के टेढ़ीमोड़ बाजार स्थापित मां भगवती दुर्गा पंडाल में बुधवार को कन्या पूजन व कन्या भंडारा का आयोजन दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित किया गया। कमेटी के सदस्यों ने पंडाल में विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र से आई हुई कन्याओं को भंडारे में बने प्रसाद खीर, पूड़ी, चना, हलुआ का भोग खिलाया इसके साथ ही सभी कन्याओं को चुनरी, धन और फल भी प्रसाद के रूप में दिया गया। आई हुई महिलाओं ने कन्याओं का चरण धोकर विधिवत पूजन किया। कार्यक्रम में दिनेश केसरवानी, अशोक कुमार गुप्ता, सचिन केसरवानी, राम जी, हर्ष केसरवानी सहित तमाम भक्त उपस्थित रहें।

## आपूर्ति विभाग के छापे से हड़कंप



**कौशाम्बी।** शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व जिला पूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आपूर्ति विभाग की टीम द्वारा बुधवार को मंझनपुर सदर बाजार मे घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग करने वालो दुकानदारों के यहाँ छापेमारी की गई। विभाग की इस कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। मंझनपुर में स्थित एक गैस एजेंसी की शिकायत मिली कि दुकानदार बड़े पैमाने पर रसोई गैस का उपयोग कर रहे है । शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति विभाग की टीम ने रसोई गैस का दुरूपयोग करने वाले दुकानदारों के यहां छापेमारी की । इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने रसोई गैस का दुरूपयोग करने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए रसोई गैस का उपयोग न करने की हिदायत दी । इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक राम कुंवर आर्य , अरूण कुमार सहित अन्य पूर्ति निरीक्षक मौजूद रहे।

## जल संरक्षण के लिए जल सहेली अभिभावकों को करेंगी अभिप्रेरित



**कौशाम्बी।** जल के संरक्षण के प्रति जब सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझेंगे तभी हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। इसी दिशा में प्रयास करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय पेरई में राज्य पुरस्कार प्राप्त ग्रीन शिक्षक हरिओमसिंह व ईको क्लब की अध्यक्ष अनुष्का दिवाकर और सचिव प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यवती देवी ने सम्मलित प्रयास करते हुए विद्यालय में गठित ईको क्लब टीम की छात्रा अस्मिता पटेल को जल सहेली के रूप मे नामित किया जो अन्य बच्चों के साथ मिलकर जल संरक्षण पर रणनीति बनाते हुए अन्य सहयोगी बच्चों व अभिभावकों को जल संरक्षण के लिए अभिप्रेरित करेंगी।चयनित जल सहेली के द्वारा अपने नैतिक जिम्मेदारी सम्भालते हुए कहा गया कि जल का संरक्षण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है और क्लब द्वारा जो भी जिम्मेदारी हमें दी गयी है हम उसका निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय से शिक्षक चक्रपाणि मिश्र,सोनी गुप्ता,अर्चना सिंह सहित सभी रसोईया और अभिभावक मौजूद रहे।

# कुम्हियावां का सबसे बड़ा दुर्गा पंडाल, नौ दिनों तक भक्तों का लगा रहता है तांता



लोकमित्र ब्यूरो

**सरसवां, कौशाम्बी।** कौशाम्बी नवरात्रि के नौ दिनों में इस पंडाल में भक्तों का तांता लगा रहता है. विशेषकर अष्टमी और नवमी के दिन यहां नौ जातियों की कन्याओं को भोजन कराया जाता है,

जिसे स्थानीय लोग बड़ी श्रद्धा से मनाते हैं नवरात्रि का पर्व पूरे देश में उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है, और उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले के कुम्हियांवा बाजार में इसकी विशेष धूम देखने को मिलती है. यहां के बाजार में स्थित दुर्गा पंडाल, जो 1996 से हर साल सजता आ रहा है, नवरात्रि के दौरान कुम्हियांवा बाजार का सबसे बड़ा आकर्षण बन गया है. नौ दिनों तक इस पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है,

जो माता दुर्गा की पूजा-अर्चना करने और भव्य मूर्ति के दर्शन के लिए पहुंचते हैं. आयोजकों ने बताया कि इस पंडाल की मूर्ति प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाई जाती है, जो इसकी सबसे बड़ी खासियत है सजने वाला यह दुर्गा पंडाल शहर का सबसे बड़ा और सबसे प्रमुख पंडाल माना जाता है. इस पंडाल की खासियत है कि यहां मां दुर्गा की मूर्ति प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर बनाई जाती है, ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे. हर साल कलकत्ता से विशेष रूप से मूर्तिकार बुलाए जाते हैं, जो मूर्ति का निर्माण करते हैं. आयोजकों का कहना है कि वे हर बार मूर्ति का निर्माण पर्यावरण और प्रकृति को ध्यान में रखते हुए करते हैं, ताकि श्रद्धालु धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्रकृति का सम्मान भी कर सकें कई गांव के लोग माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं आयोजक चेतन केसरवानी, पप्पू यादव बबलू यादव डीएम केसरवानी बसंत लाल केशरवानी संजय केसरवानी कुलदीप तिवारी हर्ष केसरवानी सचिन मेडिकल स्टोर एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहें।

## एक दिन के लिये राधिका बनी बीएसए



**कौशाम्बी।** शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के मकसद से बुद्धवार को कस्तूरबा गांधी आवसीय बालिका विद्यालय मंझनपुर में कक्षा-07 में अध्ययनरत् समदा मंझनपुर की रहने वाली छात्रा राधिका को एक दिन का बी0एस0ए0 बनने का मौका मिला तो उन्होने कार्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफको बुलाकर अपने कक्ष में बैठक कर सबका परिचय पूछा उसके बाद कार्यालय के समस्त कार्मिकों से बारी-बारी उनके कार्य एवं दायित्वों के सम्बन्ध में जानकारी ली। इससे पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा द्वारा राधिका पुत्री स्व0 राम लाल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए एक दिन का बी0एस0ए0 बनाया। इस अवसर शिल्पी मौर्या, जिला महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा कौशाम्बी द्वारा बी0एस0ए0 कार्यालय में उपस्थित होकर बी0एस0ए0 महोदया को भगवान बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया तथा पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता द्वारा छात्रा बी0एस0ए0 को स्मिृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि आप इतनी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करें, जिससे वास्तव में इस पद को ग्रहण कर सकें।

# जिलाधिकारी ने जनपद में कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का किया स्थलीय निरीक्षण

**● राजकीय महा विद्यालय सिराथू में फिनिसिंग कार्य को जल्द पूरा कर करें हैण्ड ओवर**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** शासन स्तर पर सी0आई0एम0एस0 पोर्टल पर जनपद में कराये जा रहें एक करोड़ के ऊपर के निर्माण कार्यो की समीक्षा लगातार की जा रही है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा जनपद स्तर पर संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यो कि वित्तीय एवं भौतिक प्रगति जानी। जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन राजकीय महा विद्यालय सिराथू का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया गया कि महा विद्यालय परिसर में हो रहे फिनिसिंग का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाय। छात्रों के लिए खेल का मैदान भी विकसित किया जाय, क्लासरूम में बोर्ड लगवाया जाय और झण्डा रोहण हेतु ओडियम को ऊँचा बनाया जाय। सारे कार्य खत्म करके 15 दिनों के अन्दर हैण्ड ओवर किया जाय।

जिलाधिकारी ने दारा नगर कड़ाधाम कल्याण मण्डप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सी0एन0डी0एस0 फतेहपुर को निर्देश दिया गया कि परियोजना को अविलम्ब अधिशासी अधिकारी दारा नगर को हस्तांतरित किया जाय तथा एप्रोच रोड को पूर्ण कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने चक कमासिन में ग्राम पेयजल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम को दिया है। जिलाधिकारी ने ग्राम चक सैनी में निर्माधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया जिस पर इण्टर लाकिंग ओपेन एयर जिम तथा इण्टर लाकिंग का कार्य कराने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी कड़ा को दिए।

उन्होंने समस्त निर्माणधीन भवनों तथा टंकियों पर आकाशीय बिजली अवरोधक यन्त्र लगाये जाने का निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी द्वारा ट्रामा सेंटर का किया गया औचक निरीक्षण

**▶▶ अनुपस्थित डॉक्टरों से स्पष्टीकरण तलब**
**▶▶ नरसिंहपुर कछुआ के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाडी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी महोदय द्वारा आज ट्रामा सेंटर नरसिंहपुर कछुआ का औचक निरीक्षण किया गया, ट्रामा सेंटर के भवन की स्थिति जर्जर पायी गयी जिसे देखकर जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी मरम्मत जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर ,आईपीडी रजिस्टर ,स्टॉक बुक का अवलोकन किया गया, अधीक्षक डॉक्टर नीरज सिंह से ट्रामा सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली निरीक्षण के दौरान एक रोगी अस्पताल में उपचार हेतु आया था।

उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते समय सर्जन डॉक्टर आशीष और डॉक्टर ओपी वर्मा निश्चेतक अनुपस्थित पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित डॉक्टरों से स्पष्टीकरण तलब किया है इन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परिसर की साफ सफाई संतोष जनक पायी गयी। इसके उपरान्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर कछुआ, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाडी केन्द्र नरसिंहपुर कछुआ का आकास्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बच्चां की उपस्थिति, मिड्डे मील, टीचरों की उपस्थिति एवं पढाई की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी।

निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर सख्त हिदायत देते हुए बच्चों की उपस्थिति बढाये जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पढाई की गुणवत्ता ठीक पाई गयी तथा सभी टीचर उपस्थित पाये गयें।

## मदरसों मे भी चलाएं स्मार्ट क्लासेज- डीएम



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** विकासभवन कौशाम्बी स्थित मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी के कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद कौशाम्बी के अनुदानित मदरसों के प्रधानाचार्यो की बैठक सम्पन्न हुई।

यह बैठक जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के आदेश पर मदरसों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार पर बल देने के उद्देश्य से की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानाचार्यो से कहा कि प्रयास कर के मदरसों में स्मार्ट क्लासेस का संचालन करायें तथा छात्रध्छात्राओं को मुख्य धारा से जोड़ें ।मुख्य विकास अधिकारी ने मदरसा प्रधानाचार्यो से मदरसों मे उत्पन्न समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारीध् मदरसा शिक्षा अधिकारी सुनीता मण्डार ने जनपद में संचालित सभी पचासी मदरसों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहम्मद इमरान, हाफिज याकूब, हाजी महमूद, हाफिज इमरान, साजिद इकबाल, शहला परवीन, मोहम्मद इसहाक, जुनैद,ताजीम, तारिक, खुर्रम आदि मौजूद रहे।

# खाद्यान्न के उठान व वितरण तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान खरीद की तैयारी के संबंध में की गयी समीक्षा बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व द्वारा उदयन सभागार में खाद्य व रसद विभाग की ओर से संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना 2023 के अन्तर्गत खाद्यान्न के उठान व वितरण तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत धान खरीद की तैयारी की समीक्षा की गयी। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम से सीधे उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न प्रेषण की समीक्षा के दौरान बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिये गये कि डिपो से खाद्यान्न की लोड़िग के पश्चात् ट्रकें सीधे कोटेदारों की दुकान तक पहुँचे। कही भी अनावश्यक रूप से रोके जाने, निर्धारित रूटचार्ट के विपरीत अन्य मार्ग से जाने अथवा कोटेदार के दरवाजे पर खाद्यान्न नहीं पहुँचाने या किसी भी प्रकार की घटतौली की शिकायत पाये जाने पर कठोर कार्यवाही संबंधित के विरूद्ध की जायेगी। खाद्यान्न के उठान से लेकर लाभार्थियों के मध्य वितरण का निरन्तर मॉनिटरिंग के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी और जिला खाद्य विपणन अधिकारी को दिये गये। स्थानीय स्तर पर सभी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को तथा विपणन निरीक्षकों एवं सप्लाई निरीक्षकों को भी खाद्यान्न से लदी ट्रकों की जी0पी0एस0 ट्रैकिंग के निर्देश दिये गये। धान खरीद की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में मात्र 944 कृषक पंजीकरण पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया। मंडी सचिव मंझनपुर तथा सभी क्रय एजेन्सी प्रभारियों को इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गये। सभी विपणन निरीक्षकों को किसानों से वार्ता कर कृषक पंजीकरण में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। धान खरीद की समस्त तैयारी समय से सुनिश्चित करने के निर्देश क्रय एजेन्सी प्रभारियों को दिये गये। इलेक्ट्रॉनिक कॉटों का सत्यापन अभी तक नहीं होने के कारण मंडी सचिव मंझनपुर को फटकार लगायी गयी और उन्हें चेतावनी दी गयी कि तीन दिनों के अन्दर समस्त इलेक्ट्रॉनिक कॉटों का सत्यापन बाट-मांप विभाग से कराते हुये उन्हें क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध कराये। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, समस्त ठेकेदार और क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, विपणन निरीक्षक, सप्लाई निरीक्षक उपस्थित रहे।

# नेता नगर मोहल्ले में मां कात्यायनी की विधि-विधान से की गई पूजा



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** कस्बे के नेता नगर मोहल्ले में बुधवार को मां कात्यायनी की विधि-विधान से पूजा की गई। इस मौके घंट घड़ियाल व मां के जयकारे से क्षेत्र गूंज रहा था। शारदीय नवरात्र में कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र देविमय हो गया है। कस्बे में नौ जगह देवी प्रतिमा स्थापित की गई है। नेता नगर मोहल्ले के मदर इंडिया रोड पर हनुमान मंदिर के बगल में कई सालों से विश्वकर्मा समाज के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। भक्त नौ दिनों तक पूजा पाठ में तल्लीन रहते है। बुधवार को नवरात्र का छठवां दिन था। भक्त सुबह से ही मां कात्यायनी की पूजा पाठ करते दिखाई दिए। शाम को भजन कीर्तन के कार्यक्रम में महिलाएं बढ़ चढ़कर भाग लें रही। पंडित देवेश त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को मां भगवती के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना होगी। माता ने अपने इस पुत्री स्वरूप से पिता के कुल की रक्षा का संदेश दिया है। कात्यायन ऋषि ने तपकर देवी से वरदान मांगा कि आप पुत्री रूप में मेरे कुल में जन्म लें। देवी ने कात्यायन ऋषि की प्रसन्नता के लिए अपना अजन्मा स्वरूप त्यागकर पुत्री रूप में जन्म लिया। सामान्यतः पुत्री का गोत्र पति के गोत्र से चलता है। लेकिन यहां देवी सदा-सर्वदा के लिए पिता के गोत्र से जुड़ गई। इसी कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा। इस रात्रि जागरण और जप करने से साधक को सहज ही माता कात्यायनी की कृपा का लाभ मिलता है। नवरात्र की षष्ठी माता सरस्वती को समर्पित है। कार्यक्रम के आयोजक हरीलाल विश्वकर्मा, फूल चंद्र वर्मा, संतोष विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, राजेश अग्रहरि, मुन्ना लाल विश्वकर्मा आदि लोग हैं।

## ग्राम अलवारा में ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन




**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह के नेतृत्व में ग्राम अलवारा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम में चकबन्दी अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दीकर्ता व चकबन्दी लेखपाल उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान व चकबन्दी समिति के सदस्यगण एवं बडी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा सहभागिता की गयी। ग्राम चौपाल में सभी ग्रामवासियों से चकबन्दी की समस्याओं पर चर्चा की गयी। ग्राम अलवारा में प्रथम चक्र की चकबन्दी प्रचलित है तथा ग्राम में चक निर्माण का कार्य हो रहा है। कृषकों को अपनी-अपनी चकों हेतु सहमति पर्याप्त संख्या में देने हेतु समझाया गया तथा जन समस्याओं को सुना गया। जिसके नियानुसार निस्तारण हेतु अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।

# कस्तूरबा आवासीय स्कूल की छात्रा कोमल बनी एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी





लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा सम्मान स्वालंबन के तहत सिराथू ब्लाक के कसिया पश्चिम में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा कोमल केसरवानी एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी बनी।मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा स्वालंबन के तहत खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू अनिल कुमार सिंह ने सिराथू ब्लॉक के कसिया पश्चिम में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा अतः की छात्रा कोमल केसरवानी को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यभार सौंपा । इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बनी छात्रा कोमल केसरवानी ने बीआरसी में दो फाइलों का अवलोकन करते हुए कुछ शिकायतो को संबंधित को तत्काल निस्तारित करने का निर्देश दिया । इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए हमे निरंतर प्रयास करना होगा । इस दौरान कंपोजित विद्यालय सिराथू प्रथम के समस्त शिक्षकों ने छात्रा कोमल केसरवानी का माल्यार्पण कर स्वागत किया । इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह , ब्लॉक समन्वयक राजकुमार , लेखाकार प्रदीप कुमार शुक्ल , परिचारक सुरेंद्र कुमार सहित कंपोजिट विद्यालय प्रथम के शिक्षक संतोष कुमार , नेहा शर्मा , गरिमा टंडन , मनोरमा देवी , शबीना बेगम , कंचन श्रीवास्तव , नीलम देवी , प्रेम किशोर , रामकांत आदि समस्त स्टफमौजूद रहें।

## सम्पादकीय

# लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे

कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए।वैसे चर्चा पहले से थी, लेकिन अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि मारन को अपना औपचारिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। ठीक उसी तरह जैसे उनके पिता एम। करुणानिधि ने स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाया था। करुणानिधि ने अपनी दूसरी संतानों को भी राजनीति में यथासंभव स्थापित करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाई। उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बना दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे एक स्वाभाविक घटना के रूप में लिया गया है। यहां तक कि अखिलेश यादव सहित कुछ नेताओं ने उदयनिधि को बधाई भी दी है। अखिलेश खुद अपने पिता का उत्तराधिकार संभाल रहे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अजीबोगरीब कहानी है। आज देश का नक्शा लेकर राज्य दर राज्य नजर डालिए, तो ऐसे उत्तराधिकारी हर जगह नजर आएंगे! ऐसी घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि अब वैसा गुस्सा नजर नहीं आता, जिसकी कभी कांग्रेस को भारी कीमत चुकानी पड़ी थी।जब इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में संजय गांधी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में आगे बढ़ाना शुरू किया, तो समाज में उसको लेकर एक तरह की वितृष्णा देखी गई। एक विमान हादसे में संजय गांधी की मौत के बाद जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को उनकी पायलट की नौकरी छुड़वा कर राजनीति में खींच लाई, तो यह वितृष्णा और बढ़ी। जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाया गया, तो अनेक लोगों ने कहा था कि यह घटना भारतीय नागरिकों को %प्रजा' बना देना है।कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए। भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियां ही शायद ऐसे दल बचे हैं, जहां सर्वोच्च स्तर पर वंश के आधार नेतृत्व तय नहीं हुआ है। हालांकि निचले स्तर पर वहां भी ऐसी मिसालें कम नहीं हैं। इस तरह चुनावी लोकतंत्र में सामंतवाद की वापसी हो गई है। अब चुनावों में सवाल सिर्फ यह रह गया है कि लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे!




# राम की शक्ति पूजाः अशुभ पर शुभ की विजय

**आत्माराम यादव**

अपने समय और समाज के सशक्त कवि महाप्राण पं. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की महाकाव्यात्मक कृति राम की शक्ति पूजा पढ़ने का अवसर मिला, यह अलग बात थी की छात्र जीवन में उनकी कविता वह तोड़ती पत्थर, जिसे देखा मैंने इलाहाबाद के पथ पर, रटने के बाद इस पर परीक्षा में आने वाले प्रश्नों ने परेशान किया था किन्तु एक मजदूरी करने वाली गरीब महिला ओर उसके दूधमुहे बच्चे के यथार्थ चित्रण ने मन को झकजोर दिया था। वर्षो बाद निराला जी की राम की शक्ति पूजा पढ़ी जिस पर लिखने का मन हुआ। देखा जाये तो निराला जी का बचपन ओर युवावस्था बंगाल में बीतने के दरम्यान शक्ति के रूप में दुर्गा पूजा का उन पर गहरा असर रहा था। उस समय शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार भारत देश के राजनीतिज्ञों, साहित्यकारों और आम जनता पर कड़े प्रहार कर रही थी। ऐसे में निराला ने जहां अपनी इस कविता का आधार बना कर उस निराश हताश जनता में नई चेतना पैदा करने का प्रयास किया और अपनी युगीन परिस्थितियों से लड़ने का साहस भी दिया। सत्य और असत्य का संघर्ष उतना ही पुरातन है जितनी प्राचीन है हमारी संस्कृति और सभ्यता। इसके साथ ही असत्य पर सत्य की विजय का इतिहास भी उतना ही पुरातन है। सत्यमेव जयते हमारी संस्कृति का उद्घोष और मूल मंत्र है इसे निराला जी ने भावपूर्ण शब्दों से अभिव्यक्त कर दशहरा ओर दीपावली को असत्य पर सत्य की विजय का पर्व की सजीवता का वर्णन किया है। श्री निराला जी ने राम की शक्ति पूजा के माध्यम से शुभ और अशुभ, सत और असत शक्तियों के बीच चलने वाले शाश्वत संघर्ष को राम और रावण के युद्ध के जरिए यह कविता सीता को केन्द्र बिन्दु मानकर अभिव्यक्त की है। राम शुभ और सत्य के प्रतीक है तथा रावण अशुभ असत्य का उदाहरण है। कृत्तिवासी रामायण के प्रसंग विशेष को लेकर लिखी गई इस रचना में निराला जी ने अपने समय और समाज की चुनौतियों का साहसपूर्वक उत्तर दिया है। सभी दृष्टियों से परिपूर्ण इस कविता में राम के लगभग संपूर्ण जीवन की झांकी दिखाई देती है। किन्तु निराला के राम तुलसी के राम से भिन्न हैं। ढलते हुए सूर्य के साथ राम और रावण शुभ और अशुभ के अपराजेय समर से रचना प्रारंभ होती हैं। घमासान युद्ध होता है। शाम को दोनों पक्षों की सेनाएं अपने-अपने शिविरों में लौट जाती हैं। इस युद्ध में राक्षसी शक्तियों का उत्साह बढ़ता है और वानर सेना का मुख मंडल म्लान हो जाता है। राम निराशा में डूब जाते है और रावण ठहाके लगाता हैं। राम की गहन उदासी को देखकर ऐसा लगता है जैसे दुर्गम पर्वत पर रात का घना अंधेरा उतर आया हो किन्तु इस निविड़ अंधकार में कहीं एक किरण आशा की भी विद्यमान हैः

है अमानिशा उगलता गगन घन अंधकार,
खो रहा दिशा का ज्ञान, स्तब्ध है पवन-चार
अप्रतिहत गरज रहा पीछे अम्बुधि विशाल
भूधर ज्यों ध्यान- मग्नः केवल जलती मशाल।

ऐसे में राम की स्थिति किकर्तव्यविमूढ सी हो जाती है। उल्लेखनीय है कि निरालाजी का व्यक्तिगत जीवन भी तमाम उथल-पुथलों से भरा था। भीषण झंझावातों में भी वह राम की ही भांति आशा के दामन को नहीं छोड़ते और अंत तक अपने समय और समाज से जूझते रहते हैं। दृढ़ राम को इस बात का संशय बार-बार विचलित करता है कि कहीं रावण की विजय न हो जाए, अशुभ और असत जीत न जाए? इस कारण उनका मन दूसरे दिन की लड़ाई के लिए स्वयं को असमर्थ पाता है। निराशा के इन क्षणों में अच्युत राम के मानस पटल पर कुमारी सीता की छवि उभर आती है। विदेह जनक के उपवन में लताओं की ओट से सीता के प्रथम मिलन की स्मृति कौंध जाने से उनका शरीर पुलकायमान हो उठता है। शिव-धनुष को तोड़ने के लिए एक बार पुनः उनके हाथ उठ जाते हैं। विश्व-विजय की भावना हृदय में भर जाती है। मंत्रों से शोधित उन्हें अपने वे सैंकड़ों दैवीय, पवित्र बाण याद आने लगते हैं जिनसे ताड़का, सुबाहु, खर दूषण जैसे विकट विकराल राक्षसों का संहार किया गया था। लेकिन इसके साथ ही आज के रण में संपूर्ण आकाश को आच्छादित किए कराल काली की भीमा मूर्ति राम के स्मृति पटल पर उभर आती है जिसके शरीर का स्पर्श पाते ही उनके अग्नि-बाण बुझ-बुझ कर क्षीण हो गए थे। ऐसी स्थिति में राम अपनी विजय के प्रति संशयग्रस्त हो उठते हैं। नेपथ्य में जैसे रावण का उन्हें दुष्टतापूर्ण अट्टहास सुनाई पड़ता है, मानों वह कह रहा हो 'कहो राम सीता की मुक्ति करा ली?' इस प्रकार का स्मरण करते ही राम के भवपूर्ण नेत्रों से ऑसुओं की दो बूंदें टपककर चरणों पर गिर पड़ती है। राम के चरणों में राम-नाम का जाप करने में निरत हनुमान का इन अश्रु बिन्दुओं के कारण ध्यान भंग हो जाता है। ये राम के ऑसू है मन में ऐसा विचार आते ही अपारशक्ति के सागर हनुमान उद्वेलित हो उठते हैं और प्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न कर देते हैं। उन्हें अखिल व्योम को ग्रसने को उद्धत देख शिव व्याकुल होकर गंभीर स्वर में श्यामा से कहते हैं- 'देवी इस महावीर को रोको! ये सदैव ब्रह्मचर्य में रत रहते हैं, मर्यादा पुरुषोत्तम राम के ये अनन्य भक्त हैं। इन पर भूलकर भी प्रहार मत करना अन्यथा तुम्हारी भयानक पराजय सुनिश्चित हैं। इन्हें तो बस आप अपनी विद्या से समझा-बुझाकर ही शांत कर सकती हैं- और कोई रास्ता नहीं है। फलतः महाशक्ति अंजना माता का रूप धारण करती हैं और राम की दुहाई करती है और दुहाई देकर हनुमान को शांत करती है। निराला जी ने हनुमान प्रसंग को अपनी उदात्त और विशिष्ट शैली में शिद्दत से उकेरा है। हनुमान विकट से विकट परिस्थिति में भी कातर नहीं होते। रावण के प्रहारों से वानर सेना मूर्छित हो जाती है, स्वयं रघुनायक राम तक महाशक्ति की दृष्टि से बंध जाते हैं, केवल हनुमान को प्रबोध बना रहता है वे चेतना शून्य नहीं होते। तुलसी की उक्ति यहां निराला के हनुमान पर भी लागू होती हैं- राम से अधिक रामकर दासा। राम उदास बैठे हैं। उद्विग्न देख विभीषण उन्हें उनकीं शक्ति का स्मरण कराते हैं और उनका उत्साह बढ़ाते हुए कहते हैंः

रघुवीर, तीर सब वही तूण में है रक्षित
है वही वक्ष, रण-कुशल-हस्त-बल वही अमित
हैं वही सुमित्रानंदन मेघनाद-जित-रण
हैं वही भल्लपति, वानरेन्द्र सुग्रीव प्रमन
तारा-कुमार भी वहीं महाबल श्वेत धीर
अप्रतिभट वही एक-अर्बुद-सम महावीर
हैं वही दक्ष सेना-नायक, हैं वही समर
फिर कैसे असमय हुआ उदय यह भाव-प्रहर?

विभीषण रघुकुल गौरव श्री राम से आगे कहते हैं कि जब युद्ध अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा हो तब उससे पीठ फेरना ठीक नहीं है। सीता जी से मिलन का समय जब आया है तब आप युद्ध से हाथ खींच रहे हैं। राम निर्दय मत बनो। इसके अलावा लम्पट, आचरणहीन रावण ने हित की बात बताने पर भी लात मारकर मेरा जो अपमान किया है उस बदले का क्या होगा? राम यह भी तो देखिए कि वह दुष्ट अशोक वाटिका में बैठी सीता को भी दुःख देगा और अपनी रणविजय की कहानी सभी सभासदों से कहता फिरेगा। और राम! आप मुझे लंका का स्वामी बनाना चाहते थे उसका क्या होगा- मैं तो बन गया लंकापति?

मैं बना किंतु लंकापति, धिक, राघव, धिक् धिक।

यहां निरालाजी की मनोवैज्ञानिक और लोकहृदय में पैठने की सूक्ष्म दृष्टि का लोहा मानना पड़ेगा। विभीषण राम से सर्वप्रथम जानकी के दुखों को बताता है फिर उनके उद्धार और पदुपरांत मिलन की बात कहता है। इसके बाद ही वह राम को रावण द्वारा किए गए अपने अपमान की याद दिलाता है और सब अंत में वह राम द्वारा अपने को लंकापति बनाए जाने वाली प्रतिज्ञा का स्मरण कराता है। लेकिन विभीषण के इन ओजपूर्ण शब्दों का राम पर कोई प्रभाव नहीं होता। कुछ क्षण मौन रहने के उपरांत राम कोमल वाणी किन्तु उदास मन से विभीषण को अपनी व्यथा बताते हैं, जिस कवि निराला जी ने इस प्रकार व्यक्त किया है -

मित्र वर, विजय होगी न समर,
यह नहीं रहा नर-वानर का राक्षस से रण
उतरीं पा महाशक्ति रावण से आमंत्रण
अन्याय जिधर हैं उधर शक्ति।

हमारे इस युग की भी यह एक विकट समस्या है। अन्याय पक्ष की ओर अपार शक्ति होती हैं जिसके बलबूते पर वह न्याय पक्ष को, जो प्रायः कमजोर और निर्बल होता है, उत्पीड़न करता है। पर न्याय पक्ष भी अपनी ओर सच्चाई को देखकर और सत्य का संबल पाकर हार नहीं मानता। राम की तरह निराला भी आजीवन अन्याय के विरूद्ध संघर्ष करते रहे। तमाम कष्टों को झेलने के बावजूद वे उसके सामने झुके नहीं। राम विचित्र दैवीय विधान पर विचार करते हैं। वह इसे शक्ति का कौतुक मानते हैं। तभी तो देवी अधर्मी रावण की ओर से युद्ध के मैदान में उतरी हैः

रावण, अधर्मरत भी, अपना, मैं हुआ अपर
यह रहा शक्ति का खेल समर, शंकर, शंकर।

यदि शक्ति का यह खेल नहीं होता तो क्या प्रजापतियों के संयम से रक्षित राम के बाण आज के इस रण में श्रीहत होकर खंडित हो जाते? कदापि नहीं। भानुकुल भूषण राम के इस कथन को सुनकर वृद्ध जाम्बवान उन्हें विश्वस्त वाणी से परामर्श देते हुए कहते हैं कि रावण की तरह आप भी शक्ति का वरण करें, इसमें विचलित होने की क्या बात है? अशुद्ध रावण अगर भय पैदा कर सकता है तो क्या आप निष्पाप होकर भी सिद्धि प्राप्त करके उसे ध्वस्त नहीं कर सकते? निश्चय ही कर सकते हैं। अतः

शक्ति की करो मौलिक कल्पना करो पूजन
छोड़ दे समर जब तक न सिद्धि हो, रघुनंदन।

इस दौरान महा वाहिनी के नायक लक्ष्मण रहेंगे और शेष महायोद्धा महत्वपूर्ण स्थलों पर मोर्चा संभालेंगे। जाम्बवान के इस सत्परामर्श को सुनकर संपूर्ण सभी हर्षित हो जाती है। इस उत्तम निश्चय के लिए श्री राम भल्लनाथ जाम्बवान को ससम्मान प्रणाम करते हैं। इसके उपरांत राम सिंहवाहिनी मॉ दुर्गा की शरण में जाते हैं। राम सिंह को स्वयं का प्रतीक मानते हैं और कल्पना करते हैं कि वह मुझसे कह रहा है कि 'राम! तुम भी सिंह हो।' अतः मैं राम सिंह के भाव से देवी का अभिनंदन करूँगा। भावस्थ राम मेघमंद्र स्वर में शक्ति की मौलिक कल्पना करते हैः

देखो, बन्धुवर, सामने स्थित जो यह भूधर,
शोभित शत-हरित-गुल्म-तृण से श्यामल सुंदर,
पार्वती कल्पना है इसकी, मकरन्द-बिन्दु,
गरजता चरण-प्रान्त पर सिंह वह, नहीं सिंधु,
दशादिक-समस्त है हस्त, और देखो ऊपर,

## सरोकार

### पंचायती राज व्यवस्था

# भ्रष्टाचार के लिए मुखिया ही नहीं पूरा तंत्र जिम्मेदार




**कृष्ण मोहन मिश्रा (वरिष्ठ पत्रकार)**

भारत के ग्रामीण विकास की रीढ़ मानी जाने वाली पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कई सरकारी योजनाओं को लागू किया गया है। ये योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने का कार्य करती हैं। लेकिन, इन योजनाओं का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंचाने में भ्रष्टाचार और दलाली का तंत्र बड़ी बाधा बन गया है। इस समस्या को केवल मुखिया या किसी एक अधिकारी पर आरोप मढ़कर नहीं सुलझाया जा सकता है, क्योंकि इसके पीछे एक व्यापक और जटिल प्रणाली काम कर रही है।

**मुखिया और भ्रष्टाचार का ढांचा**

जब हम पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया को देखते हैं, तो वह उस तंत्र का केवल एक हिस्सा है जिसमें भ्रष्टाचार जड़ें जमा चुका है। मुखिया के पास पंचायत की योजनाओं को लागू करने का अधिकार होता है, लेकिन इसके लिए उसे ऊपर के अधिकारियों को भी कमीशन देना पड़ता है। यह एक सुनियोजित ढांचा है जिसमें ऊपर से नीचे तक सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। मुखिया को तीस से साठ प्रतिशत तक की कमीशन लेने की बाध्यता होती है, ताकि वह अपने हिस्से का भुगतान कर सके और काम को सुचारू रूप से चला सके। यह कमीशन सिस्टम केवल मुखिया तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें इंजीनियर, सरकारी अधिकारी और ठेकेदार सभी शामिल होते हैं।

**ठेकेदारों और इंजीनियरों की भूमिका**



जब कोई योजना पंचायत स्तर पर लागू की जाती है, तो इसके लिए ठेकेदारों की नियुक्ति की जाती है। ठेकेदारों को भी काम पूरा करने के बाद अपने बिल पास कराने के लिए इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों को कमीशन देना पड़ता है। इंजीनियर या अन्य अधिकारी तब तक बिल पास नहीं करते जब तक उन्हें उनका हिस्सा न मिले। यह पूरा तंत्र एक ऐसी श्रृंखला में बंधा हुआ है, जिसमें सभी एक दूसरे से जुड़े हैं और कमीशन का हिस्सा सबको मिलता है।

**गांव के दबंग और आरटीआई का भय**

गांवों में दबंग लोग भी इस भ्रष्टाचार के तंत्र में अपनी भूमिका निभाते हैं। ये लोग मुखिया या ठेकेदारों से कमीशन की मांग करते हैं, अन्यथा वे आरटीआई दाखिल करने या अन्य शिकायतें करने की धमकी देते हैं। इससे मुखिया या ठेकेदार पर काम रुकने या भुगतान में देरी का भय बना रहता है। परिणामस्वरूप, मुखिया को मजबूरन इन दबंगों को भी हिस्सा देना पड़ता है। यह स्थिति भ्रष्टाचार को और गहरा कर देती है और योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न करती है।

**दोषी केवल मुखिया नहीं**

इस पूरे भ्रष्टाचार के ढांचे में केवल मुखिया को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। यहां भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हैं कि यह एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे तंत्र का दोष है। योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए, मुखिया को ऊपर के अधिकारियों, इंजीनियरों, ठेकेदारों और दबंगों के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है। अगर मुखिया कमीशन नहीं देता है, तो उसे न तो काम करने दिया जाता है और न ही उसका बिल पास होता है। ऐसे में, भ्रष्टाचार एक मजबूरी बनकर रह जाती है।

**आखिर समाधान क्या है?**

पंचायती राज व्यवस्था में भ्रष्टाचार की समस्या को हल करने के लिए हमें एक व्यापक और सशक्त प्रणाली की आवश्यकता है। इसके लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं-

पारदर्शिता बढ़ाना- योजनाओं के सभी पहलुओं को पारदर्शी बनाने के लिए तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया जाना चाहिए। सभी भुगतान और कार्य की निगरानी एक सार्वजनिक प्लेटफार्म पर होनी चाहिए।

**जवाबदेही सुनिश्चित करना**

मुखिया, अधिकारी, इंजीनियर और ठेकेदारों की जिम्मेदारी और जवाबदेही को सख्त बनाना आवश्यक है। आरटीआई और शिकायत तंत्र का दुरुपयोग रोकना- आरटीआई जैसे अधिकारों का सही उपयोग सुनिश्चित करना और दबंगों द्वारा इसका दुरुपयोग रोकने के लिए कड़े नियम बनाने चाहिए। स्थानीय निगरानी समितियों का गठन- योजनाओं की निगरानी के लिए स्थानीय स्तर पर ईमानदार और स्वतंत्र व्यक्तियों की समितियां बनाई जा सकती हैं, जो भ्रष्टाचार पर नज़र रखे।हम सभी मुखिया या सरकारी कर्मचारी अधिकारियों को भ्रष्ट नहीं कह सकते हैं। इस तंत्र में कुछ अधिकारी और जनप्रतिनिधि अच्छे और ईमानदार भी हैं पर उनकी कम ही चलती है।

पंचायती राज व्यवस्था में भ्रष्टाचार की समस्या केवल मुखिया या किसी एक व्यक्ति की नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक तंत्र का परिणाम है जिसमें सभी स्तरों पर कमीशन और भ्रष्टाचार फैला हुआ है। इसे समाप्त करने के लिए न केवल सख्त कानूनों की जरूरत है, बल्कि एक सशक्त और पारदर्शी प्रणाली की स्थापना भी आवश्यक है, ताकि योजनाओं का सही लाभ जनता तक पहुंच सके। **(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

## समसमायिक

### रिश्तो में कड़वाहट

रिश्तो में कड़वाहट, जब जब होती है
तभी अपनों से, दूरियाँ बन जाती है
प्रेम का रिश्ता हो या जन्म का रिश्ता
रिश्तो में कड़वाहट होते, टूट जाती है।
कच्चे धागे में जुड़ी है,रिश्तों की कड़ी
एकता की हीं बल पर, कड़ी है खड़ी
भय खाता है दुश्मन, देख कर एकता
एकता की माला देख,दुश्मन है डरता।
मन में कड़वाहट रख,रिश्ता तोड़ता है
बिखर जाने से रिश्ता , दुख झेलता है
आता है घोर संकट ,तभी पछताता हैं
अपनी भूल सबको,तब याद आता हैं।
भाई भाई में फूट,गृहणी हीं डालती है
भाई से भाई को,अलग करवा देती है
महिला हीं महिला की दुश्मन बनकर
एक रसोई में दो चूल्हा,जलवा देती है।
जिस घर में मुखिया का है सहनशीलता
वहाँ चाह कर भी दो चूल्हा, नहीं जलता
रिश्ता,प्रेम का रसरी,टूट हीं नहीं सकता
*रिश्तो में कड़वाहट* आ नहीं सकता।




**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**

### नवदुर्गा

सकल पदारथ जो जड़ रूपा।
क्षिति जल पावक गगन सुरूपा ।।
शुभ स्वरूप सबु प्रथम पुनीता।
शैलपुत्री माँ रुचिर` गुणीता ।।
दूसर ब्रह्मचारिणी माता ।
जड़ ते चेतन की उद्गाता ।।
अंकुर विटप समाय निहारौ ।
दरस` मात जीवन सुख सारौ ।।
तीसर रूप मात उद्गाता 7
चन्द्रघण्टा वाणि की दाता ।।
पंकज अस्त्र वस्त्र शुभ धारी ।
माता करती सिंह सवारी ।।
चौथा रूप मात शुभ जाना ।
कूष्माण्डा इति ख्यात महाना ।।
वंश बेल धाता जग माता ।
रूप मनोहर जीवन दाता ।।
स्कंदमात कार्तिकेय जननी ।
मात-तात स्वरूप की बरनी ।।
जयतु जयतु जगजननी माता ।
नित्यानन्द आप गुणगाता ।।
कात्यायनी मातु गुण धाता ।
काम मोक्ष सब शुभ गुण दाता ।।
महिषासुर विनाशनी लोका ।
श्रुति पुराण सब जगत विलोका ।।
कालराति सौँतव शुभ रूपा ।
सिद्ध सुरूप सकल भव कूपा ।।
जड़ चेतन सब सहज समाते ।
अंत समय सब दर्शन पाते ।।
जो नर गौरी ध्यान लगाते ।
कलि-कल्मष तिनके धुल जाते ।।
तप कठोर कर शिव मन भाई ।
गौर वर्ण गौरी कहलाई ।।
भगत परीक्षा जब माँ लेती ।
तभी सिद्धिदात्री सुख देती ।।
विधि विधान से माँ की पूजा ।
इससे उत्तम काम न दूजा ।।



**नित्यानन्द पाण्डेय मधुर**
**कुशहरी देवरिया उत्तरप्रदेश**




## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यापार को आगे बढ़ाने में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए आज आप खुद को तैयार रखेंगे। प्रोफेसर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। माता का आशीर्वाद लें, तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। |
| **वृष** | छात्रों के लिए आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। अगर आप किसी नये बिजनेस की शुरुआत कर रहे हैं, तो घर के बुजुर्गो की राय जरूर लें। आज हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। जीवनसाथी को आज कोई जरूरत की वस्तु उपहार देंगे। माँ कात्यायनी का ध्यान करें, कष्टों से मुक्ति मिलेगी। |
| **मिथुन** | आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। किसी विशेष कार्य में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। स्टूडेंट्स को कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा। आपको आज धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखे। दुर्गा माँ को गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाए रुके हुए कार्यो में सफलता मिलेगी। |
| **कर्क** | आज आपका दिन खास रहने वाला है। संतान आपकी बातों से प्रभावित होंगे। किसी उच्च अधिकारी से आपका पहचान होने के कारण सरकारी कार्यो में फायदा होगा। घर के कार्यो को लेकर महिलाओं की जिम्मेदारियां बढ़ेगी। आज आप सोच-विचार में रहेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाएं, विवाह में आ रही समस्याएं दूर होंगी। |
| **सिंह** | आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप किसी अनुभवी की राय लेकर कार्य करेंगे तो सफलता मिलेगी। इलेक्ट्रानिक कार्यो से जुड़े लोगों को आज अधिक धन लाभ होगा। कारोबारियो को आज बड़ा मुनाफा होने के योग बन रहे हैं। माता को लौंग अर्पित करें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। |
| **कन्या** | आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अगर आपका कार्य शिक्षण संस्थान से जुड़ा है, तो आज लाभ होगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए दिन अनुकूल है। फोन पर आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से बात होगी, जिससे भविष्य में आपको फायदा जरूर होगा। जरूरतमंद की सहायता करें, समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। |

| | |
|---|---|
| **तुला** | आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने की बजाय धैर्य से काम लेना चाहिए। किसी भी तरह की यात्रा करने से आज आपको बचना चाहिए, बहुत जरुरी हो तभी यात्रा पर जायें। आज ऑफिस के किसी काम में गलतियों को नजर अंदाज ना करे। मां दुर्गा को मिश्री का भोग लगाएं, घर में शांति का माहौल रहेगा। |
| **वश्चिक** | आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। कॉन्ट्रैक्ट का कार्य कर रहे लोगों को आज नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। ऑफिस के लोग आपके कार्यो की खूब तारीफ करेंगें। इस राशि के फैशन डिजाईनिंग के छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। मां दुर्गा को खोये का भोग लगायें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। |
| **धनु** | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बात किसी खास रिश्तेदार से होगी, उनके साथ कोई व्यापार शुरू करने की बात रखेंगे। आज अपने खर्चो को नियंत्रित करने के लिए नयी योजना बनायेंगे। आज अपना कार्य अच्छी तरह से पूरा करने पर वाहवाही मिलेगी। बंदर को केला खिलाएं, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। |
| **मकर** | आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। करियर को लेकर आज आप कुछ अच्छे फैसले लेंगे। आज आप अपने कार्यो को समय से पूरा करने में सफल होंगे। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने से पहले घर में विचार विमर्श जरूर करें। मेडिकल की पढाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर का सहयोग मिलेगा। हल्दी का तिलक लगायें, पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। |
| **कुम्भ** | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज उच्च अधिकारियों से परिचय आपके काम आयेगा। करियर में तरक्की के योग बन रहे है। शाम को परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगें। पहले से लिए गए फैसले आपको बेहतर फल देंगे। महिलाए आज शॉपिंग करने में थोडा बिजी हो सकती है। माता के सामने दीपक जलायें, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। |
| **मीन** | आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में नये विचारों पर अमल करने के लिए दिन अच्छा है। आज जिस कार्यो को करने की सोचेंगें, उसमें कामयाबी मिलेगी। घरेलू कार्यो को पूरा करने में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। मां दुर्गा को इलायची अर्पित करें, कारोबार में बरकत होगी। |

# अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में समय व स्थान बदलने को लेकर अधिवक्ताओं ने अब न्यायिक निगरानी में उठाई जांच की आवाज, तहसील गेट पर हुआ विरोध प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष की गिरफ्तारी में पुलिस द्वारा समय व स्थान बदलने को लेकर मजिस्टेऊटी जांच पर अड़े लालगंज के अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक समिति की निगरानी में जांच की मांग उठाई है। नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील गेट से लेकर परिसर के अंदर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला जज को संबोधित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार को सौपा। हालांकि हिरासत मे जेल भेजे गये संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की गैंगेस्टर कोर्ट से जमानत मंजूर होने की जानकारी पर साथी राहत मे भी देखे गये। संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल



तथा उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने आम सभा की। आम सभा में जिला जज के नाम प्रस्ताव पारित कर न्यायिक समिति का गठन कर दोनों अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी में पुलिस की मनमानी को लेकर मजिस्टेऊटी जांच की मांग उठाई गई है। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने आम सभा में कहा कि पुलिस की मनमानी उजागर न हो सके इसलिए जिला प्रशासन मजिस्टेऊटी जांच से कतरा रहा है। वहीं आम सभा में पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह तथा अनिल त्रिपाठी महेश व रामलगन यादव तथा संतोष पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ताओं को प्रताड़ित करने को लेकर प्रशासन की भूमिका का आंदोलन के जरिए कडा जबाब दिया जाएगा। सभा की अध्यक्षता उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी व संचालन पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल ने किया। इसके बाद अधिवक्ताओ ने नारेबाजी करते हुए प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रमोद सिंह, टीपी यादव, केबी सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, सुशील शुक्ला, शिवेन्द्र तिवारी, मनोज शुक्ला, नामवर सिंह, अखिलेश द्विवेदी, सिंटू मिश्र, हरिश्चंद्र पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे। इधर गैंगेस्टर कोर्ट से संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह की जमानत मंजूर होने से दोपहर बाद अधिवक्ताओं में खुशी भी देखी गयी। उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी की अगुवाई मे अधिवक्ताओ को एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर प्रसन्नता जताते देखा गया।

## पिकअप व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो घायल

**पट्टी प्रतापगढ़।** डाही गांव निवासी मनजीत कुमार 25 वर्ष व सूरज गौतम 15 वर्ष पुत्र राज कुमार गौतम बुधवार को अपने गांव डाही से अपने मामा के घर अपनी मम्मी को बाइक से छोड़ने लेबेदा गांव गया था। वापस आते समय दयालगंज बाजार के आगे पांचो तारा मोड पर पहुंचते ही थे कि तेज रफ्तार से पट्टी की तरफ से आ रही पिकअप मंजीत की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण बाइक चला रहे मनजीत कुमार गौतम को गंभीर चोटे आई। जिससे मनजीत का सिर फट गया हाथ व पैर भी टूट गया। बाइक पर पीछे बैठे सूरज गौतम का दाहिना पैर टूट गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से सूचना पर पहुंचे आसपुर देवसर उप निरीक्षक संजय कुमार ने निजी वाहन से सीएससी पट्टी भेजा। जहां पर दोनों की हालत नाजुक देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# भाजपा नेता ने मां भगवती का पूजन-अर्चन कर मांगा आशीर्वाद

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आज बुधवार को चांदीपुर स्थित मां भगवती के मंदिर में क्षेत्रीय लोगों के निवेदन पर उनके साथ पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि मैं आज बहुत खुश हू।डॉ आशुतोष ने कहा कि नवरात्रि हमारे देश का एक प्रमुख पर्व है। देश के अलग अलग हिस्सों में नवरात्रि के त्योहार को अलग नाम से जाना जाता है। हालांकि सभी प्रांतों में आदिशक्ति की ही अराधना की जाती है। नवरात्रि नौ दिनों तक मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से माता दुर्गा की पूजा और आराधना को समर्पित होता है और मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्रि का मतलब है श्नौ रातेंश् और इन नौ रातों में माता के नौ रूपों की पूजा की जाती है। शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मंडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि,



महागौरी और सिद्धिदात्री माता को पूजा जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

देश में हर साल विशेष रूप से शारदीय और चौत्र नवरात्रि मनाए जाते हैं। जिनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। पहले दिन घट स्थापना होती है और मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इसके बाद के दिनों में माता के अन्य रूपों की पूजा की जाती है। देवी आदिशक्ति का हर रूप हमें जीवन में शक्ति, साहस और धैर्य का महत्व समझाता है।

दर्शन पूजन कार्यक्रम में परशुराम सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवेंद्र सिंह कमल दत्त मिश्रा अजीत कुमार मिश्रा आलोक कुमार मिश्रा सुशील मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीराम और सीता के विवाह पर हुई पुष्प वर्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**सगरासुंदरपुर प्रतापगढ।** आदर्श रामलीला एवम नवदुर्गा पूजा सेवा समिति परसीपुर सिन्धौर दूल्हेपुर के तत्वावधान में सायंकाल आयोजित मां दुर्गा शक्ति की आरती कार्यक्रम के उपरान्त श्रीरामलीला मंचन कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम की बारात का जनकपुर के लिए प्रस्थान, सीताराम विवाह, मां सीता जी के साथ समस्त बारातियों का अयोध्या आगमन, तत्पश्चात चक्रवर्ती सम्राट महाराज दशरथ द्वारा रामराज्य की घोषणा आदि दृश्यों का दृश्यांकन किया गया। राम के रोल पर श्याम तिवारी, लक्ष्मण के रोल पर अंकित त्रिपाठी, सीता के रोल पर राजेश वर्मा, दशरथ कल्लू गुप्ता, जनक माताफेर सिंह, साखियों का रोल राजेश कुमार खत्रे, मिथलेश कुमार वर्मा,

कृष्णा वर्मा, गौरव वर्मा आदि ने अभिनय किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेकमणि तिवारी (पेट्रोल पंप मैनेजर लीलापुर) और उदयराज वर्मा रहे। इस अवसर पर शिवशंकर तिवारी, बबलू वर्मा, माताफेर तिवारी, शिवसंपत्ति वर्मा, गयादीन वर्मा, पप्पू वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं के उत्थान एवं आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका - डॉ ओम प्रकाश सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**शमशेरगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील अंतर्गत लीलापुर थाना क्षेत्र के मुल्तानी ग्रामसभा अंतर्गत तुलापुर मे सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में दुग्ध अवशीतन स्थल स्थापित किया गया है। रामचरितमानस का सस्वर सुंदरकांड पाठ उपरांत उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सामर्थ्या दुग्ध उत्पादन कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा प्रशांत माण्डव्य , विशिष्ट अतिथि प्रतापगढ ,सुल्तानपुर के प्रबंधक डा ओम प्रकाश सिंह मौजूद रहे। क्षेत्राधिकार प्रतापगढ़ कुलदीप सिंह के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सामर्थ्या मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तीकरण के लिए उत्तर प्रदेश के राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला पशुपालकों की



सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में दुग्ध अवशीतन स्थल की स्थापना कर रही है ।इसी को दृष्टिगत रखते हुए तुलापुर लीलापुर में भी दुग्ध अवशीतन स्थल की स्थापना की गई है। जिससे पशुपालकों को अपने दुग्ध को इस अवशीतन केंद्र में सामर्थ्या कंपनी के माध्यम से खोली गई डेरियों पर पहुँचा कर अपने इस व्यवसाय को उत्तरोत्तर प्रगति की ओर ले जाने में सफलता हासिल करते हुए अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सफल हो सकते हैं।

वही क्षेत्रीय प्रबंधक कुलदीप सिंह ने समर्थ्या कंपनी के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि कंपनी जहां दुग्ध उत्पादन करने वालों का मानक के अनुसार बीमा भी करती है वहीं मानक पूरा करने वालों को लोन भी उपलब्ध कराती है। कंपनी महिलाओं को ही वरीयता देती है तथा उनके माध्यम से ही आने वाले दूध स्वीकार किए जाते हैं। ऐसे में महिलाओं का खाता खुलना जरूरी होता है ।ऐसे में सामर्थ्या कंपनी से जुड़ने वाले ऐसे 60 वर्ष से कम उम्र के लोगों की जिसकी साल भर मैं 200दिन और 500लीटर दूध की आपूर्ति रहेगी। उनका जीवन बीमा भी कर रही है । तथा पशुधन सुरक्षा हेतु बीमा एवं पशु चिकित्सकों की भी व्यवस्था कर रही है। कार्यक्रम मैं उपस्थित समस्त दुग्ध उत्पादकों, अतिथियों एवं ग्रामीणों का जय बहादुर सिंह ने आभार व्यक्त किया। प्रसाद वितरण एवं भोजन उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर सामर्थ्या कंपनी के एरिया आफीसर अखिलेश त्रिपाठी, सुधीर सिंह, पंकज यादव, क्वालिटी इंचार्ज सारंगधर पांडेय शिवशांत पांडेय, अशोक कुमार सिंह, शारदा प्रसाद सिंह, अजित सिंह प्रधान मुल्तानीपुर,प्रभाकर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, उदय भान सिंह,बबलू सिंह सहित कंपनी के अधिकारी ,कर्मचारी , दुग्ध उत्पादक सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत इंटर कॉलेज के बालिकाओं को किया गया जागरूक



**प्रतापगढ़।** बाबा बेलखरनाथ विकासखंड के अंतर्गत रानी सूर्य किशोरी देवी इंटरमीडिएट कॉलेज उडैयाडीह में मिशन शक्ति फेज के अंतर्गत बालिकाओं की सुरक्षा एवं नारी सम्मान स्वालंबन के तहत छात्र-छात्राओं को महिला अपराध संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु विस्तार से चर्चा किया गया। पट्टी कोतवाली की दरोगा ज्योति व अर्चना ने प्रदेश में महिला सुरक्षा से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु प्रदेश सरकार द्वारा दी गई व्यवस्था के विषय में विस्तार से चर्चा करते हुए सभी को निर्भीकता से रहने के लिए प्रेरित किया।सभी को मोबाइल के उपयोग व अपनी सुरक्षा स्वयं कैसे किया जाए इस पर विशेष चर्चा की।विद्यालय के प्रधानाचार्य जयप्रकाश ने बताया कि नारी हमारे देश की सम्मान है इनका सम्मान करना हमारा दायित्व होता है। इस दौरान हेड कांस्टेबल मुकेश तिवारी, कांस्टेबल सत्यम शर्मा,हरकेश पाल, कल्पना यादव, रिंकी सोनकर, विद्यालय के अध्यापक रोहित सिंह, शैलेंद्र सिंह, गया प्रसाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वी. एस. मेमोरियल के बच्चों ने रंगोली बनाकर मनाया महानवमी और दशहरे का पावन पर्व



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** शहर के वी. एस. मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चकवनतोड़ में धूमधाम से महानवमी और दशहरा उत्सव मनाया गया। इस आयोजन में निदेशिका श्रीमती अलका सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती जया रॉय, सभी शिक्षक, बच्चे और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।इस अवसर पर निदेशिका ने भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की विशेषताएँ और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रधानाचार्या ने दुर्गा माँ के महत्व और शक्ति-स्वरूप की व्याख्या की।बच्चों ने रामलीला का जीवंत प्रदर्शन किया, जिसमें महिषासुर वध का दृश्य और माँ दुर्गा के भजन शामिल थे। इसके बाद रावण दहन की पारंपरिक प्रक्रिया के साथ विजय का उत्सव मनाया गया, जिसमें सभी ने मिलकर विजय पताका लहराई।छात्रा नैना, परी,मानसी गुनगुन, अंजलि,अराध्या, मानवी आदि ने दुर्गा माँ की रंगोली बना के नारी की शक्ति को प्रदर्शित किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यह सीख देना था कि वे अपने मन की बुराई को मिटाकर अच्छाई की ओर अग्रसर हों। कार्यक्रम के अंतिम चरण में बच्चों ने आपस में मिलकर डांडिया नृत्य किया और इस विजयदशमी के अवसर को यादगार बनाया।

# डेंगू से विवाहिता की मौत, परिजनों में कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

**रखहा,प्रतापगढ़।** डेंगू की चपेट में आने से विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसका शव एंबुलेंस से घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया । मौत की जानकारी मिलते ही मायके तथा ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता के घर पहुंच कर अंतिम दर्शन किया ।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बधवा बाजार निवासी राहुल जायसवाल की पत्नी 22 वर्षीया संध्या जायसवाल अपनी बहन के साथ दिल्ली गई थी, जहां बारिश में भीग जाने से बुखार की चपेट में ले लिया । जिसका इलाज दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में चल रहा था किंतु कोई सुधार नहीं हुआ तथा सोमवार की रात उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया । मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों सहित



अन्य लोगों में कोहराम मच गया विवाहिता की दो बेटी 2 साल तथा 6 माह की है ।विवाहिता के शव को दिल्ली से एंबुलेंस द्वारा घर लाया गया, जिस पर मायके तथा ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका अंतिम दर्शन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की । विवाहिता के पिता राजेश जायसवाल, भाई अनुज, गोलू,शिवम के अलावा ननिहाल पक्ष के लोगों ने मौत पर दुख जताते हुए शोक व्यक्त किया है ।

# श्री रामलीला समिति द्वारा राम वनगमन एवं खरदूषण वध की निकाली गई झांकी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा आज लीला के सातवें दिन प्रभु श्री राम वन गमन एवं खरदूषण वध की झांकी निकाली गई। झांकी गोपाल मंदिर से चलकर भरत चौक होते हुए सदर बाजार से वापस रामलीला मैदान में लक्ष्मण द्वारा सूर्पनखा का नाक काटना व रावण द्वारा माता सीता का हरण व खरदूषण वध की लीला के पश्चात खर दूषण का वध प्रभु श्री राम जी ने किया।

खरदूषण वध होते ही राम भक्तों ने प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए। श्री राम के जयकारे से पूरा रामलीला मैदान गूंज उठा। रामलीला मैदान से प्रभु श्री राम का रथ सिप्टैन रोड से वाचनालय होते हुए पंजाबी मार्केट से होकर गोपाल मंदिर जाकर



विश्राम दिया गया।

आज की लीला झांकी के साथ चल रहे संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, श्याम शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, धर्मेंद्र चौरसिया, विष्णु सोनी,विवेक कुमार, शिवम खंडेलवाल, बंटी नेता, राहुल सोनी आदि उपस्थित रहे। बताया गया कि कल 10.अक्टूबर को कुंभकरण वध की झांकी निकाली जाएगी।

## खेत की रखवाली करने गई विवाहिता संग युवक ने किया दुष्कर्म

**पट्टी प्रतापगढ़।** खेत की रखवाली करने गई विवाहिता के साथ गांव के एक युवक ने जबरन बाजरे के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर युवक ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाली इलाके के कठार गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि वह मंगलवार को दोपहर घर के बगल खेत की रखवाली करने के लिए गई हुई थी। वहां पर पहले से मौजूद गांव का एक युवक ने उसका मुंह दबाकर बाजरे के खेत में ले गया तथा जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही युवक ने धमकी दिया कि अगर इसकी शिकायत कहीं करोगी तो तुम्हारे परिवार को जान से मार डालेंगे। विवाहिता ने घर आकर अपने परिजनों से आप बीती बताई और बुधवार को सुबह पति के साथ कोतवाली आकर युवक के खिलाफ नामजद प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल आलोक कुमार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है। घटना सत्य पाए जाने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षिकाओं, छात्राओं और उनकी माताओं ने डांडिया नृत्य में जमकर किया धमाल



**● न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय परिवार ने आयोजित किया डांडिया नृत्य**

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय परिवार की ओर से बुधवार को डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की अध्यापिकाओं, छात्राओं एवं उनकी माताओं ने भाग लिया और नृत्य में जमकर धमाल किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि में डांडिया को मां दुर्गा की आराधना और उत्सव के रूप में मनाया जाता है इस नृत्य के द्वारा भक्त देवी को प्रसन्न करते हैं।

एफ जीनत, पूनम श्रीवास्तव, मंजू मिश्रा, रेखा शुक्ला,मधु मिश्रा, शकुन्तला सिंह, वीना मिश्रा, माधुरी त्रिपाठी, चंचल पांडे, रीता जायसवाल, सीमा श्रीवास्तव , नीरज, श्रेया, शिखा,रुचि, एकता, सुरभि, समीक्षा,स्वाति, नैनसी आदि ने मिलकर 'डांडिया नृत्य' कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य बी के सोनी ने विद्यालय परिवार को दशहरा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने सभी को दशहरा की बधाई देते हुए बताया कि डांडिया नृत्य से नकारात्मकता समाप्त होती है और हम सबको सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

# शिक्षण संस्थानों में संचारी रोगों से बचाव को साफ-सफाई एवं जानकारी दी गई




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद के सभी शिक्षण संस्थाओं में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों के संबंध में विशेष साफसफाई का आयोजन किया गया। साथ ही स्टाफ तथा विद्यार्थियों को संचारी रोगों से बचाव व नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व सत्यप्रकाश,योगेश कुमार सिंह,विकास कुमार सिंह, प्रतीक कुमार सिंह,अरविंद कुमार विश्वकर्मा,दिवाकर सिंह पटेल के संयोजन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में,तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, केपी हिंदू इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज पट्टी में प्रधानाचार्य के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा में प्रधानाचार्य के निर्देशन में, राजकीय उमावि कुकुआर में प्रधानाचार्य अर्चना यादव के निर्देशन में,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में, आरएसबी इंटर कालेज सुंदरगंज कुंडा मे प्रधानाचार्य आरपी यादव के निर्देशन में,महावीर उमावि उमरी कोटिला में प्रधानाचार्य बबन सिंह के निर्देशन में, भद्रेश्वर इंटर कालेज डेरवा में प्रधानाचार्य वीएन सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी प्रकार सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के संबंध में माध्यमिक विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के संबंध में जनमानस को जागरूक किया गया।

## नि:शुल्क शिविर का समापन

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** फत्तनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फत्तनपुर बाजार में त्रिपाठी मेडिकल एवं गंगा मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक पर नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्रयागराज के डॉक्टर एस के ओझा स्किन और चर्म रोग विशेषज्ञ ने 115 मरीजो का नि:शुल्क इलाज कर परीक्षण और साथ ही साथ दवाओं का वितरण किया।

## 2 शातिर अभियुक्तों के विरूद्व लगा गैगस्टर एक्ट

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** चोरी जैसे संगीन अपराधों में अभ्यस्त 02 शातिर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नवाबगंज में गैंगेस्टर एक्ट के तहत किया गया अभियोग पंजीकृत। अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन प्रयागराज श्री भानू भास्कर व पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज श्री प्रेम गौतम के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है । अपर पुलिस अधीक्षक,पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष नवाबगंज धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में दिनांक 08.10.2024 को एक आपराधिक संगठित गिरोह के गैंग लीडर व सदस्य क्रमशः (गैंग लीडर) 1- हिमांशू तिवारी पुत्र देशबाबू तिवारी निवासी ग्राम अरखा थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली, (गैंग सदस्य) 2- पुष्पेन्द्र प्रजापति पुत्र नरपति प्रजापति निवासी ग्राम माधोपुर सुल्तानपुर थाना ऊंचाहार, जनपद रायबरेली के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है । अभियोग में नामजद सभी गैंगस्टर पूर्व से जेल में निरूद्ध हैं ।

लोकमित्र
• प्रतापगढ़,गुरूवार ,10 अक्टूबर 2024



# बंद हो ट्रांसफार्मर क्षमता, वृद्धि के नाम पर हो रहा गोलमालः डा. राकेश सिंह

## ● ब्लाक प्रमुख लक्ष्मणपुर प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता ने बैठक में उठाए महत्वपूर्ण मुद्दे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लाक प्रमुख पति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डा. राकेश सिंह ने दिशा की बैठक में जनपद एवं क्षेत्र से संबन्धित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान की मांग किया। डा. राकेश सिंह ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर महिला श्रमिकों का राशन कार्ड बनाने में अनियमितता की जा रही है। जिन महिला श्रमिकों का विवाह हो गया है, उनका भी राशन कार्ड बनाया जा रहा है, जो कि अवैधानिक है। बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए डा. राकेश सिंह ने कहा कि रानीगंज अजगरा उपकेंद्र पर 25 केवीए ट्रांसफार्मर के स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाकर उसे पुनः उतार लिया जाता है। इस तरीके से क्षमता वृद्धि में घालमेल किया जा रहा है। आईजीआरस पर की जाने वाली शिकायतों की जांच प्रक्रिया पर भी डा. राकेश सिंह ने सवाल उठाया। उन्होने कहा कि जिस विभाग के कर्मचारी के खिलाफ शिकायत की जा रही है वही कर्मचारी उस शिकायत की जांच करता है और अवैधानिक रूप से शिकायतों का निस्तारण कर देता है। डा. राकेश सिंह ने भुपियामऊ ओवर ब्रिज के पूर्वी ढाल पर दाहिनी तरफ स्थित एकल मार्ग को ठीक कराकर आवागमन बहाल कराने की भी मांग किया, जिससे होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। स्वास्थ्य विभाग से संबन्धित समस्याओं पर चर्चा करते हुए डा. राकेश सिंह ने कहा कि रानीगंज अजगरा में स्थित 25 बेड की सीएचसी कर्मचारी के अभाव में सदैव बंद रहती है। वहीं लक्ष्मणपुर पीएचसी फार्मासिस्ट के भरोसे चलती है। जबकि यहां पर प्रतिदिन 250 मरीजों की ओपीडी होती है। भाजपा नेता ने लक्ष्मणपुर में स्थित स्वास्थ्य विभाग के जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की भी मांग किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में किए जा रहे आनलाइन आवेदनों की जांच पर भी डा. राकेश सिंह ने सवाल उठाया।

एनएच 31 पर मोहनगंज, रानीगंज अजगरा, लीलापुर, साहबगंज मोड़, सगरा सुंदरपुर लक्ष्मणपुर मार्ग, साहबगंज किठावर मार्ग पर पीडब्लूडी की सड़कें जुड़ी हुई हैं। जहां अतिक्रमण होने के कारण प्रायः दुर्घटनाएं होती हैं। वहीं नौबस्ता से चमरूपुर शुक्लान मार्ग, बाबूगंज से बढ़नी मार्ग, सगरा सुंदरपुर से लक्ष्मणपुर मार्ग, साहबगंज से किठावर मार्ग आदि के किनारे बबूल और अन्य झाड़ियां उगने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। भाजपा नेता ने सफाई कराने की मांग किया। कृषि विभाग में सरकारी योजनाओं के संचालन पर डा. राकेश सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा इन योजनाओं का कोई प्रचार प्रसार नहीं किया जा रहा है। केवल कुछ किसानों के समूह के नाम पर फर्जीवाड़ा करके सरकारी धन का गोलमाल हो रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत गावों में बनने वाली पानी की टंकियों के बर्ष्ट हो चुके बोर को गांव में ही दूसरी जमीन का अधिग्रहण कराने के उपरांत पुनः बोर कराने की मांग की गई। साथ ही पाइप सप्लाई के दौरान टूटी हुई सड़कों की मरम्मत की भी मांग उठाई। ब्लाक प्रमुख पति ने कहाकि सिंचाई विभाग के अंतर्गत संडवा दुबान और लक्ष्मणपुर में स्थापित सरकारी ट्यूबवेल संचालक नहीं होने के कारण बंद पड़े हैं। साथ ही सई नदी के बिसई त्रिलोकपुर घाट पर नहर के चेकडैम से बोझवा से छेमर सरैंया और शुकुलपुर से कटैया नेवादा तक जाने वाली नहर में सिल्ट जमा हो गई है। तत्काल सिल्ट की सफाई कराकर टेल तक पानी पहुंचाया जाए।

# नगर पंचायत की बैठक में शामिल सांसद को सभासदों ने सौंपा मांगपत्र

**रानीगंज (प्रतापगढ़ )** रानीगंज नगर पंचायत की बैठक में पहली बार सपा सांसद एस पी सिंह पटेल शामिल हुए। नगर पंचायत रानीगंज में प्रथम आगमन पर सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभासदों द्वारा पांच सूत्रीय ज्ञापन सांसद को सौंपा गया जिसमे मां बाराही देवी धाम रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन और पंजाब मेल के ठहराव को लेकर और आरक्षण केंद्र की मांग की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था और जाँच मशीन खराब होने को लेकर और ट्रॉमा सेंटर में अस्थाई स्टाफ की नियुक्ति को लेकर मांग की।सभासदों ने रानीगंज पट्टी मार्ग पर बने रेलवे क्रॉसिंग पर जाम को लेकर बाई पास और तहसील में बस डिपो को लेकर की भी मांग की। नगर पंचायत के कई गांव में आवास न मिलने की शिकायत भी की गई। बैठक में वार्ड के सभासदऔर नगर पंचायत अध्यक्ष मीरा गुप्ता भी मौजूद रही।

# धूमधाम से मनाया गया पं0 सुखपति राम उपाध्याय जी का जन्म दिवस

## ● मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**शमशेरगंज।** अष्टभुजा विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जेठवारा में संस्थापक स्वनाम धन्य पंडित सुखपति राम उपाध्याय जी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पंडित सुखपति राम उपाध्याय की स्मृति में 23 छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा विनीता कोरी को ÷पंडित सुखपति राम उपाध्याय स्मारक पुरस्कार 2024 ÷दिया गया ।पुरस्कार के रूप में साइकिल, प्रमाण पत्र दिया गया ।कक्षा 8 की छात्रा प्रिया गौतम को ÷पंडित नर्वदेश्वर उपाध्याय स्मारक पुरस्कार ÷से सम्मानित किया गया।पुरस्कार के रूप में साइकिल, मेडल व प्रमाण पत्र दिया जाएगा,हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 96.33% अंक पाकर जनपद में छठवाँ स्थान पाने वाले छात्र सुमित यादव को पंडित बालेश्वर उपाध्याय मेधावी पुरस्कार से सम्मानित किया गया पुरस्कार के रूप में 5100/का चेक व दो वर्ष का शिक्षण शुल्क दिया गया । इंटर परीक्षा में 94. 2% पाकर विद्यालय में प्रथम आने वाली छात्रा अल्सबा बानो व दूसरा स्थान पाने वाली छात्रा गुड़िया ओझा को ÷अष्टभुजा गौरव सम्मान ÷प्रदान किया गया ।इन दोनों छात्राओं का चयन इंस्पायर्ड एवार्ड के रूप में हुआ है, इन्हे हर वर्ष 80,000 रूपये अगले पांच वर्षो तक शासन द्वारा दिया जायेगा। इन्हें विद्यालय द्वारा भी सम्मानित किया गया ।विद्यालय में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रथम पांच स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को पंडित बालेश्वर उपाध्याय मेधावी पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें क्रमशः सुमित यादव, आकृति सिंह, आकृति पाण्डेय, रिया सिंह, नीलाक्षी शुक्ला को पुरस्कृत किया गया , गृह परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को ÷माँ वैदेही मेधावी स्मारक पुरस्कार ÷दिया गया । यह पुरस्कार क्रमशः आर्या सिंह, अर्पित पाण्डेय, सुधीर कुमार, अमित यादव, प्रिंस पाल, खुशी पुष्पाकर, तनीष गुप्ता को दिया गया । खेल के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कक्षा 10 की छात्रा साक्षी पाल को ÷अष्टभुजा खेल रत्न पुरस्कार ÷से सम्मानित किया गया ।संगीत व रचनात्मक कार्यों के लिए कक्षा 7 की छात्रा आँचल पुष्पाकर को ÷अष्टभुजा सुर संगीत पुरस्कार ÷दिया गया ।गणित व विज्ञान के क्षेत्र में सकरात्मक प्रयास के लिए कक्षा 9 की दिब्यांशी सिंह व कक्षा 10 के छात्र सूर्यांश मिश्र को ÷अष्टभुजा विज्ञान रत्न पुरस्कार दिया गया ।संस्थापक जन्म दिवस समारोह के लिए शिक्षक घनश्याम सागर, व दो छात्राओं नित्या पाण्डेय व हिमानी शुक्ला को पुरस्कृत किया गया ।ये सभी पुरस्कार को विद्यालय के माननीय अध्यक्ष त्रयम्बकेश्वर उपाध्याय जी द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम में ओमप्रकाश त्रिपाठी, अशोक मिश्र, जुग्गी लाल पाण्डेय, इंद्रानन्द तिवारी, सोम प्रकाश पाण्डेय, कृपाशंकर शुक्ल उपस्थित रहे।कालेज के प्रधानाचार्य स्कन्द नारायण तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम का संचालन घनश्याम सागर, हिमानी शुक्ला, नित्या पाण्डेय ने किया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1978877 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1410085 का अंकपत्र सहप्रमाण पत्र कहीं खो गया है।

अतुल राव
पिता सुरेश कुमार
ग्राम बहोदीपुर मिश्रपुर
पोस्ट साहबगंज प्रतापगढ़

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0 642/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम समुझ बनाम हरखास व आम आदि
बनाम
1. हरखास व आम निवासी ग्राम रामापुर (वैजू का पुरवा) पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उ0प्र0 2. कान्ती देवी आयु 50 वर्ष पत्नी राम समुझ 3. संदीप कुमार आयु 24 वर्ष सुत राम समुझ समस्त निवासी ग्राम धरौली मधुपुर पो0 कोहंडौर पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 04.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी प्रथम महोदय प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202402570308017
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती सूरसती आदि बनाम तेज बहादुर सिंह आदि
बनाम
1. तेज बहादुर सिंह सुत राम कृपाल सिंह उम्र 60 वर्ष 2. राजेन्द्र सिंह उम्र 59 वर्ष 3. त्रिभुवन सिंह उम्र 57 वर्ष 4. विनोद सिंह उम्र 55 वर्ष सुतगण जदुनाथ सिंह समस्त निवासीगण ग्राम जोगीपुर पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 5. राज्य उ0प्र0 द्वारा ग्राम प्रधान जोगीपुर वि0ख0 सण्डवा चन्द्रिका पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0संहिता 2006
तारीख पेशी 18.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान परिवारिक न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 83/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन ज्योतिबाला बनाम राकेश कोरी
बनाम
राकेश कोरी उम्र 33 सुत स्व0 रामअंजोर साकिन शीतलसिंह का पुरवा थाना सांगीपुर जिला प्रतापगढ़
धारा 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 23.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय पट्टी प्रतापगढ़
वाद सं0 3436/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रवीन्द्र कुमार आदि बनाम मो0 हासिम आदि
बनाम
1. मो0 हासिम आयु 65 वर्ष 2. मो0 बसीर आयु करीब 70 वर्ष 3. नसुरूल्लाह आयु करीब 55 वर्ष सुतगण अब्दुल हमीद 4. सब्बीरूल हसन आयु करीब 48 वर्ष 5. जफरूल हसन आयु करीब 40 वर्ष 6. नूरूल हसन आयु करीब 39 वर्ष 7. नजमुल हसन आयु करीब 32 वर्ष 8. जियाउल हसन आयु करीब 29 वर्ष 9. रिजवानुल हसन आयु करीब 21 वर्ष सुतगण हैदर अली 10. शकीना बानो आयु करीब 70 साल विधवा हैदर अली 11. अबुल हसन आयु करीब 56 वर्ष 12. अहमद हसन आयु करीब 52 वर्ष 13. अकमल हसन आयु करीब 42 वर्ष सुतगण अनवर अली 14. मुमताज अहमद आयु करीब 60 वर्ष 15. इम्तियाज अहमद आयु करीब 60 वर्ष 16. शमशाद अहमद आयु करीब 52 वर्ष 17. शकील अहमद आयु करीब 49 वर्ष सुतगण अनवर अली समस्त निवासीगण ग्राम रेड़ी गारापुर पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 18. ग्राम सभा रेड़ी गारापुर द्वारा ग्राम प्रधान रेड़ी गारापुर पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
वाद अं0धारा 116 उ0प्र0रा0संहिता 2006
तारीख पेशी 30.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## एंटी रोमियो की टीम ने छात्राओं को किया जागरुक

**लीलापुर प्रतापगढ़ ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे नेवाजी अजगरा रानीगंज स्थिति पारस नाथ शुक्ल इंटर में दोपहर एक बजे एनटी रोमियो की टीम के प्रभारी महिला निरीक्षक ज्योती सिह चौकी प्रभारी संत नारायण सिंह के साथ विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को महिला सशक्तिकरण पर जोर देकर आत्म रक्षा सहित सरकार की सभी प्रकार के नारी सशक्तिकरण के सभी अधिकार सुरक्षित करते हुए उन्हे जागरुक रहने के साथ साथ सभी को हेल्प लाइन नंबर आपात काल में पुलिस सुरक्षा का नंबर दिलाई।साथ ही अविलंब सूचना देने की बात कहते हुए संदिग्ध लोगों को विद्यालय परिसर में प्रवेश वर्जित करने की बात विद्यालय के प्रधानाचार्य मृत्युंजय शुक्ल से कही।वही पुलिस कर्मियों को अंग वस्त्र भेंटकर प्रेसपल ने सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय प्रतापगढ़
वाद सं0 डी201802570002856
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रमाकान्त बनाम प्रभावती आदि
बनाम
1. प्रभावती पत्नी शिव प्रसाद निवासी बिहड़ी पर.0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 2/1 हरिशंकर 2/2 उमाशंकर सुतगण नन्दलाल निवासी बिजहड़ी पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 3. धर्मावती पत्नी दयाशंकर निवासी भिटारा कोर्रही पर0 बिहार तह0 कुण्डा जिला प्रतापगढ़ 4/1 रामबाबू 4/2 करूणेश 4/3 मिथलेश 4/4 शिव प्रकाश 4/5 सत्य प्रकाश सुतगण ज्वाला प्रसाद निवासी पूरे तिलका पर0 अठेहा तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 5/1 अशोक कुमार 5/2 शुशील कुमार सुतगण राम सूरत नि0 ग्राम ढांढर पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 6. शांति देवी पत्नी शिवमंगल नि0 बिजहड़ी पर0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 7. राजकुमारी पत्नी राजकुमार निवासी मनीपुर पर0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 8. श्याम कुमारी पत्नी रामफेर निवासी गुलरिहा पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 9. सरकार उ0प्र0 द्वारा कलेक्टर प्रतापगढ़ 10. ग्राम सभा सांगीपुर द्वारा प्रधान ग्राम सभा सांगीपुर पर0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 21.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 21.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# सपाइयों ने कांशीराम को पुण्यतिथि पर अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गरीब, शोषित, पिछले-दलितों की बुलंद आवाज बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष निसार अहमद व संचालन पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में सबसे निचले स्तर पर अछूत समूहों सहित पिछड़ी व



निचली जाति के लोगों के उत्थान और राजनीतिक एकीकरण के लिए काम किया। दलित शोषित संघर्ष समिति, 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की।

इस अवसर पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पिछड़ा वर्ग महासचिव विशाल मौर्या अंकुर, अश्वनी सोनी, उपाध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, विनोद यादव, आरके भीम, विश्वनाथ पाल, राजकुमार विश्वकर्मा, विपिन पाल, अजय प्रताप यादव, संजय यादव, रामसुंदर यादव, यादवेन्द्र यादव, अनिल कुमार, चन्द्रपाल यादव, अमीरूल हक, राजकुमार सरोज, अंकुश यादव, डा.एजाज, अनिल यादव, मो.जलाल, करोड़ीमल शर्मा, देवराज यादव, महेंद्र पाल, रामलाल पटेल, ज्ञानेंद्र पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# सपा सांसद की फिसली जुबान, प्रतापगढ़ को बोल दिए सामंतवादियों का जिला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मंगलवार की देरशाम संपन्न हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में अध्यक्ष के समापन संबोधन के उपरांत उपस्थित लोगों में अंदर आते ही रोश व्याप्त हो गया। बता दें कि प्रतापगढ़ के निर्वाचित लोकसभा सांसद जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं। समय समय पर सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न कराई जाती है। जिसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विकास और कार्यो की निगरानी व समीक्षा की जाती है। मंगलवार को आयोजित दिशा की बैठक की अध्यक्षता लोकसभा सांसद डा. एसपी सिंह पटेल ने की। बैठक का एजेंडा और कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत समापन अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन हुआ। उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करने के दौरान सपा सांसद की जुबान फिसल गई। अध्यक्ष पद की गरिमा भूलते हुए सपा सांसद एसपी सिंह पटेल ने प्रतापगढ़ जनपद को सामंतवादियों का जिला कह दिया। यह सुनकर बैठक में मौजूद जन प्रतिनिधियों में रोश व्याप्त हो गया। एक जन प्रतिनिधि ने बताया कि दिशा के अध्यक्ष होने के नाते सांसद को राजनैतिक बयानबाजी से बचना चाहिए था। अध्यक्ष पद किसी भी राजनैतिक स्तर से अलग होता है। सपा सांसद को इस प्रकार प्रतापगढ़ जनपद और जनपद की जनता का अपमान करने का कोई अधिकार नहीं है।

# विधान से समाधान के द्वारा होगा महिला सशक्तिकरण - अपर जिला जज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** बुधवार को विकास खण्ड सदर में ''विधान से समाधान'' कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाक स्तर पर महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्यक्रम सुमित पवार अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं के अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया गया और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं को केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर तहसील विधिक सेवा समिति का संचालन किया गया है। जिसमें जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण के द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है, जिसमें सुलह-समझौता के आधार पर निस्तारित होने वाले मामलों का निस्तारण आसानी से कराया जा सकता है। श्रद्धा सिंह रिसोर्स पर्सन द्वारा महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, किसी भी प्रकार यौन हमला, मानव तस्करी, क्रूरता, पाक्सो अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न व उससे बचने के उपाय के बारें मे बताया गया। जिला विकास अधिकारी यश कृष्णा ने महिलाओं को रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त स्वतरू रोजगार अश्वनी कुमार ने कहा कि आज की महिलाएं सशक्त होकर अपने विकास की कहानी लिख रही है। शिविर में रिसोर्स पर्सन डॉक्टर रश्मि यादव ने महिलाओं को प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम एवं महिला स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए जानकारी प्रदान किया।कार्यक्रम में बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से सुरेशचंद्र सिन्हा ने महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं बीमा की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया।

कार्यक्रम में जिला मिशन प्रबंधक सुमन पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से समाज सशक्त होगा। इस अवसर पर उप निरीक्षक रिचा पाल ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने के साथ-साथ डिजिटल अरेस्ट के बारे में जानकारी प्रदान किया एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में लोगों को जानकारी प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश पाण्डेय पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। इस अवसर पर महेंद्र त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी पी एल वी, उमेश द्विवेदी, अनिकेत जायसवाल, विभा पाण्डेय सहित महिलायें उपस्थित रही।

# सर्प दंश से क्लीनिक संचालक की मौत, कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार ,प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र अंतर्गत चकवड़ आई का पुरवा बाजार में क्लीनिक संचालक आलोक पटेल की बीती रात्रि सर्पदंश से मौत हो गई। बता दें कि बीती रात क्लीनिक के बगल के होटल संचालक सूरज पटेल के साथ एक ही तख्त पर सोया हुआ था। स्थानीय लोगों के अनुसार रात्रि में सोते वक्त ही आलोक को सर्प ने डस लिया। जिससे कुछ जानने के पहले ही वह काल के गाल में समा गया।घटना के बाबत क्षेत्रीय लोगों में जहां हड़कंप मच गया। वहीं आलोक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# आत्रेय एकेडमी में धूमधाम संग मना नवरात्रि एवं दशहरा का पर्व



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नगर के सिनेमा रोड स्थित आत्रेय एकेडमी में मंगलवार को नवरात्रि एवं दशहरा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राइमरी के बच्चों ने नवरात्रि के उपलक्ष पर गरबा नृत्य का प्रस्तुतीकरण निकिता और अमिता मैम के सहयोग से किया ।

जिसमें आस्था, आराध्या, आध्या ,वैष्णवी ,पार्थवी, आद्री, राशिका ,देवजोत दर्श, अरिकेत आदि बच्चों ने प्रदर्शन किया। मां दुर्गा की आराधना के बाद श्री रामचंद्र के जीवन से जुड़े घटनाओं का मंचन हुआ। जिसमें प्राइमरी के बच्चों ने राम ,सीता, लक्ष्मण, भरत ,हनुमान ,कौशल्या ,कैकेयी, सूर्पनखा ,रावण एवं मरीच के स्वरूप का प्रदर्शन किया। इसमें प्रसस्त,अद्विक,रुद्रांश,जागृत कार्तिक ,इफ्रा ने अहम भूमिका निभाई। इनकी प्रस्तुतियों से और श्री रामचंद्र के जयकारे से पूरा प्रांगण राममय हो गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिंद्य शंकर एवं प्राधानाध्यापिका आरती द्विवेदी ने सभी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए नवरात्रि एवं दशहरा के पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव, श्रीन्जा सक्सेना, दरखष्शा,निशा, आशा,प्रतिभा ,सपना,शुभी,ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन रावण दहन के साथ हुआ।

# सरिता ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर किया नाम रोशन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** विकास खंड कुंडा के ढिकुही ताजपुर निवासी स्वर्गीय इंद्र नारायण त्रिपाठी की पुत्री सरिता देवी सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय नैनी प्रयागराज से पीएचडी की उपाधि हासिल कर अपने समाज व जिले का नाम रोशन किया है। सरिता के बड़े भाई रोहिणी कुमार त्रिपाठी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। सरिता देवी की माता जी आंगनबाड़ी कार्यकत्री है, छोटे भाई पंकज तिवारी अधिवक्ता है। उन्होंने बताया कि सरिता देवी की प्रारंभिक शिक्षा कृपालु बालिका इंटर कॉलेज एवं महाविद्यालय कुंडा से हुई है। वर्तमान में सरिता देवी बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। सरिता देवी के माता पिता शिक्षा के प्रति हमेशा अग्रसर रहे हैं।पूरा परिवार हमेशा जरूरत मंदों की मदद करने में तत्पर रहता है। सरिता देवी ने शिक्षिका के पद पर कार्यरत रहते हुए पीएचडी की उपाधि हासिल कर समाज व जिले का नाम रोशन किया है। सरिता देवी ने इस मुकाम का श्रेय अपने बड़े भाई रोहिणी त्रिपाठी और बड़ी बहना वीणा शुक्ला को दी है । छोटे भाई अधिवक्ता पंकज तिवारी,अंबुज तिवारी, रविकांत तिवारी, ने खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।पीएचडी की उपाधि हासिल करने के बाद उनके परिजनों, रिस्तेदारो व समाज के लोगों ने उसके सफलता पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया कन्या भोज, पूजन एवं रावण दहन का कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में शारदीय नवरात्रि एवं विजयदशमी के उपलक्ष्य में कन्या भोज, पूजन एवं रावण दहन का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।नवरात्रि के सुअवसर पर विद्यालय के विशाल प्रांगण में मातारानी का भव्य, आकर्षक दरबार सजाया गया। जिसमें उनकी आकर्षक मनमोहक झांकी देखकर देखने वाले अभिभावकों का भी मन-मुग्ध हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों ने श्रद्धा-भक्ति पूर्वक मां का पूजन अर्चन संपन्न किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने विद्यालय की नन्हीं-नन्हीं कन्याओं को दही, जलेबी, केला आदि खिलाकर कन्या-भोज एवं कन्या-पूजन कर उनका




आशीष प्राप्त किया। प्रोग्राम के दौरान पूरा का पूरा विद्यालय प्रांगण मातारानी की आरती, गीतों एवं उनके जयकारों से गूंजता रहा। विजयदशमी के उपलक्ष्य में लंकाधिपति रावण का विशाल पुतला बनाकर राम, रावण का युद्ध दिखाया गया। अंत में अत्याचारी, अन्यायी रावण का प्रभु श्रीराम ने वध करके धरती को उसके अत्याचारों से मुक्त कराया। प्रभु श्रीराम के तीरों से रावण के पुतले में आग लगते ही वह जलकर खाक हो गया। रावण-दहन के इस कार्यक्रम को देखकर स्कूल के बच्चों सहित उपस्थित अभिभावकों के अतिरिक्त अन्य आगंतुकों का मन भी मुग्ध हो गया। पूरा विद्यालय प्रांगण जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। श्री राम-सीता-लक्ष्मण एवं हनुमान आदि की भूमिका में क्रमशः आर्यन' प्रत्यूष' अन्वी' युग की भूमिकाएं अनुपम एवं दर्शनीय रहीं। इस संपूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टिविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, नीतू सिंह, विनय सिंह, गरिमा अग्रवाल, अंजू त्रिपाठी, मंजू शर्मा, अंकिता, दिव्या और उनके सहयोगी शिक्षक साथियों का सराहनीय योगदान रहा।अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने अपने संबोधन में बच्चों से कहा कि नवरात्रि के इन नौ दिनों में जो श्रद्धा भक्ति पूर्वक मां के अनेकानेक रूपों की उपासना करता है, उसे सुख-शांति, समृद्धि और बुद्धि-विवेक प्राप्त होता है। विजयदशमी का त्योहार अधर्म पर धर्म एवं असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपर आयुक्त ने तहसील का किया औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** बुधवार को अपर आयुक्त राधेश्याम ने तहसील महराजगंज का औचक निरीक्षण किया। फ़िलहाल तहसील प्रशासन को दो दिन पूर्व ही आयुक्त के निरीक्षण की जानकारी थी जिसको लेकर सभी व्यवस्थाएं तहसील प्रशासन ने चुस्त दुरुस्त कर दिया था साफसफाई से लेकर पत्रवलियो का रख रखाव आदि सब व्यवस्थित कर रखा था। सुबह 6 बजे से ही तहसील प्रशासन व्यवस्थाओं को लेकर काफी संजीदा दिखा अपर आयुक्त के आने से पहले ही एडीएम विशाल यादव ने तहसील का दौरा कर सब कुछ आल इज वेल की मुहर लगा दिया था। तकरीबन 2रू10 पर अपर आयुक्त तहसील महराजगंज पहुंचे ज्यादातर टाइम एसडीएम के दफ्तर में ही बिताया एसडीएम रश्मिलता कुछ देर में जिले के



लिए रवाना हो गई बताया जाता है कि वहां आयुक्त का दौरा था। अपर आयुक्त ने सबसे पहले खतौनी भू अभिलेखाकार उसके बाद बीआरसी दफ्तर आर के दफ्तर तहसीलदार कोर्ट, आदि का निरीक्षण किया आर के दफ्तर में आवंटन पत्रावलीओ के रख रखाव का निरीक्षण किया।इस मौके पर एसडीएम न्यायिक अहमद फरीद खान, तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव, नायब तहसीलदार अमृत लाल, सत्या राजा, आर के, राकेश यादव,अंजनी कुमार बाजपई, सहित अन्य कर्मचारी मौजुद रहे।

# मन्कामश्वरी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में कराया गया 251 कुंवारी कन्याओं को भोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** सलोन नगर के मन्कामश्वरी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति 251 कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से प्रांगण में कुंवारी कन्याओं को भोजन हेतु आमंत्रित किया गया।

विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद सभी को भोजन कराया गया।बुधवार को मन्कामश्वरी मन्दिर पर नव युवक अम्बे दल के कार्यकर्ताओं की ओर से सबसे पहले माता की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कुमारी पूजन फिर आराधना की गसी। इस दौरान माता की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने माता को मिठाई, फल फरूट आदि का भोग लगाया। इसके बाद महाप्रसादी हुई। इसके बाद कन्यायों का पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर राकेश शर्मा,मानिकचंद्र गुप्ता, सर्वेश मौर्या,अमरदीप गुप्ता,वर्षा अग्रहरि,मनदीप गुप्ता, गुड्डू साहू,गंगाराम साहू,गुलाबचंद्र गुप्ता, आशीष मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में स्वर्ण पदक प्राप्त विजेताओं को ओ0एन0 भार्गव मेधा प्रशस्ति पत्र-2024 देकर किया गया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** फीरोज़ गॉधी कॉलेज, रायबरेली के संस्थापक प्रबंध मंत्री श्रद्धेय ओंकार नाथ भार्गव आजीवन षिक्षा जगत में उल्लेखनीय कार्यों के प्रति समर्पित रहें उनके स्मरण में कॉलेज की प्रबंध समिति ने मेधावी छात्र/छात्राओं को वर्ष 2024 से, ओ0एन0भार्गव मेधा प्रषस्ति पत्र देने की घोषणा की। जिसके क्रम में लखनऊ विष्वविद्यालय, लखनऊ की परीक्षा 2022-23 व 2023-24 में कालेज के विभिन्न संकायों के 6 छात्र/छात्राओं ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जिनकी मेधा के सम्मान में आज दिनांक 09.10.2024 को ओ0एन0 भार्गव मेधा प्रषस्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंजी0 एस0 एल0 चांदवानी, प्रबंध मंत्री इंजी0 अतुल भार्गव, वरिष्ट उपाध्यक्ष राजीव भार्गव, प्रबंध समिति सदस्य मुजतफा अजहर नकवी रहे। दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती पूजन वंदन से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। सरस्वती वन्दना बी0ए0 पंचम सेमेस्टर की छात्रा अनामिका सिंह ने प्रस्तुत की। कालेज प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी ने समस्त अतिथियों का स्वागत उदबोधन करते हुए संस्थापक प्रबंध मंत्री को नमन किया व छात्र/छात्राओं की प्रषस्ति की। वरिष्ट उपाध्यक्ष राजीव भार्गव ने कालेज के संस्थापक प्रबंध मंत्री को नमन करते



हुए कहा कि वे व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे। वे स्वयं में चलती फिरती संस्था थे उनकी स्मृति में ही यह मेधा सम्मान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रबंध मंत्री इंजी0 अतुल भार्गव ने श्रद्धेय ओंकार नाथ भार्गव को नमन करते हुए कहा कि यह संस्था उनके सदकर्मो का ही पुनीत फल है। हमारे कालेज के वे छात्र/छात्रा जिन्होंने लखनऊ विष्वविद्यालय में इस वर्ष स्वर्ण पदक प्राप्त किया है वे सभी अभिनन्दन के पात्र है। निष्चित रूप से उन्होंने अपने परिवार, कालेज एवं जनपद का नाम रोषन किया है। छात्र/छात्राओं के साथ ही इनके विभागीय गुरूजनों का आभार प्रकट करता हूॅ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी0 एस0एल0 चांदवानी ने छात्र/छात्राओं को अपना आर्षीवचन देते हुए कहा कि यह गुरूओं का सद मार्ग दर्षन है जिनकी वजह से आपको स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ हैं। यह उपलब्धि तुम्हारें दृढ़ संकल्पों का ही परिणाम है।

ओ0एन0 भार्गव मेधा प्रषस्ति पत्र 2024 का वाचन व वितरण कार्यक्रम आयोजन प्रभारी प्रो0 शैलेन्द्र त्रिपाठी ने किया। लखनऊ विष्वविद्यालय, लखनऊ में स्वर्ण पदक प्राप्त विद्याार्थियों में क्रमषः मनोविज्ञान विभाग की 2022-23 से 2023-2024 बैच में एम0ए0 की छात्रा सलोनी यादव, मनोविज्ञान विभाग की 2021-22 से 2022-2023 बैच में एम0ए0 की छात्रा स्वाती सिंह, मनोविज्ञान विभाग की 2023-24 से 2024-2025 बैच में एम0ए0 की छात्रा निषा बानो, संस्कृत विभाग की 2022-23 से 2023-2024 बैच में एम0ए0 की छात्रा जान्हवी पटेल, राजनीति विज्ञान विभाग की 2022-23 से 2023-2024 बैच में एम0ए0 की छात्रा विदुषी अग्रवाल एवं वाणिज्य संकाय की बी0काम0 अन्तिम वर्ष 2023-2024 की छात्रा रिया पाण्डेय ने लखनऊ विष्वविद्यालय, लखनऊ से स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उक्त छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय ने इसी वर्ष से प्रारम्भ ओ0एन0 भार्गव मेधा प्रषस्ति पत्र 2024, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी0 एस0एल0 चांदवानी, प्रबंध मंत्री इंजी0 अतुल भार्गव, वरिष्ट उपाध्यक्ष राजीव भार्गव, प्रबंध समिति सदस्य मुजतफा अजहर नकवी, कालेज प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी आदि ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 आजेन्द्र प्रताप सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 बद्री दत्त मिश्र ने किया।

कार्यक्रम संयोजन में डॉ0 शामिनी श्रीवास्तव व श्रीमती अनीता बाजपेई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नवरात्रि में दुर्गा शक्तियों की पूजा का अपना विशेष महत्व-सुनील सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर कन्या भोज कराया गया। प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने दुर्गा रूपी नौ शक्तियों का पूजन अर्चन कर नौ कन्याओं को प्रसाद वितरित कर कन्या भोज कराया। इस अवसर पर अपने संदेश में प्रबंध निदेशक ने कहा कि नवरात्रि में दुर्गा पूजा का अपना विशेष महत्व है।

दुर्गा के नौ रूप में कन्या शक्तियों की पूजा करना बड़े ही सौभाग्य की बात है। दुर्गा रूप की विभिन्न शक्तियों की मुद्राओं के रूप में छोटी कन्याओं की भाव मुद्रा दर्शनीय रही। बीएपीएस के एमडी सुनील सिंह ने कहा कि हिंदू समुदाय में नवरात्रि का अपना एक विशेष महत्व है। हिंदुस्तान देवी देवताओं को पूजने वाला और धर्म प्रधान देश है। भारत के लोग मातृशक्ति को पूजना अपना धर्म समझते हैं। नवरात्रि में कन्याओं का पूजन और उन्हें प्रसाद ग्रहण कराना बड़े ही पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम का संयोजन सीमा सिंह,शुभी सिंह,नलिनी सिंह,प्रीति श्रीवास्तव ने किया। यह जानकारी बीएमपीएस के पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

# दलित शोषित वर्ग के प्रेरणास्रोत हैं मान्यवर कांशीराम-इं0 वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर दलितों, वंचितों शोषितों के मसीहा मान्यवर कांशीराम की पुण्य तिथि मनायी गयी इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम दलित शोषित वर्ग के प्रेरणास्त्रोत हैं। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने का काम कांशीराम जी ने किया था उन्होनें दलित वर्ग में एक नई चेतना का संचार किया था। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डी0पी0 पाल ने कहा कि बाबा साहब के मानने वालों को खोज कर बामसेफबनाकर समाज में नयी जागृति पैदा की। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम की देन है कि उ0प्र0 के दलित वर्ग की



महिला कई बार मुख्यमंत्री बनी। पूर्व जिलाध्यक्ष आर0पी0 यादव नें कहा कि मुलायम सिंह यादव व कांशीराम ने मिलकर यू0पी0 में नये इतिहास का निर्माण किया। चौ0 सुरेश कुमार निर्मल ने कहा मान्यवर कांशीराम ने दलित वर्ग में नये उत्साह का संचार कर राजनीतिक परिवर्तन किया। व्यापार सभा के अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि मान्यवर के विचार आज भी प्रासंनिक है। उपाध्यक्ष राजेश मौर्या ने कहा कि पी0डी0ए0 का स्वरूप जो माननीय अखिलेश यादव ने जमीन पर उतारा है। उसमें उनके विचारों का भी योगदान है।इस अवसर पर मो0 अरशद खान, शिव मूर्ति सिंह राणा प्रदेश सचिव, श्रवण कुमार चौधरी, बुधेन्द्र बहादुर सिंह, नीलेश यादव, मो0 मुशीर अहमद, नैय्यर इस्लाम, सुरजीत सिंह यादव, राजीव गौतम, घनश्याम यादव, जगदीश प्रसाद कमल, अनुज बरवारी, अंकित तिवारी, चन्द्र प्रकाश आजाद, विनय कुमार, सत्येश गौतम, अरविन्द कुमार चौधरी, जीतू सिंह पूर्ण प्रधान, पिन्टू यादव, विनय कृष्ण सोनकर, हसीन अहमद, शिव नारायन सोनकर, शिव बहरन यादव, रणजीत, लक्ष्मी शंकर अवस्थी, दीपेन्द्र सिंह, कृपाशंकर यादव, आदि लोगों ने मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना एवं रामलीला मंचन के साथ शुरू हुआ दशहरा अवकाश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में दशहरा अवकाश से पूर्व माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना के साथ रावण दहन हुआ और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत माँ दुर्गा का महिषासुर वध एवं भगवान श्री राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की भूमिकाओं ने सभी का मन मोह लिया।विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने माँ के स्वरूपों की पूजा-अर्चना की और भगवान श्री राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में माँ के आठ प्रतीकात्मक स्वरूपों के साथ माँ दुर्गा के रूप में छात्रा वैष्णवी, राक्षस महिषासुर के रूप में छात्र प्रियांशु, श्रीश ने भगवान श्री राम, अर्पिता ने माता सीता, अभिनव ने लक्ष्मण और सत्यार्थ



ने हनुमान जी की भूमिका निभाते हुए रामलीला का मंचन किया। छात्रा जान्हवी ने अपने सारगर्भित शब्दों में विजयदशमी का महत्त्व समझाया, छात्रा श्रेया, मानस और शिक्षक राम मिलन द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचनाचार्य श्री प्रजापति ने रामनवमी और दशहरा की महत्ता बताते हुए कहा कि विजयदशमी के पर्व को असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय जश्न माना जाता है,जो शक्ति की आराधना के बिना संभव नहीं है। यह पर्व हमें बुराइयों का उन्मूलन कर समाज में अच्छाई की स्थापना करने का संदेश देता है अतः हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान रखते हुए, मानवता का उच्च कीर्तिमान स्थापित करने हेतु प्रयासरत रहना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी को दुर्गा पूजा व विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, रामदेव, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, रश्मी साहू, मंजरी श्रीवास्तव, आरजू यादव, राकेश अवस्थी, आशुतोष, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरियाणा में भाजपा की जीत पर मंत्री दिनेश सिंह ने रायबरेली के लोगों को जलेबी खिलाकर मनाया जश्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा की पूर्ण बहुमत की जीत पर भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि उद्यान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी अपने आवास पर रायबरेली के लोगों के सानिध्य में जलेबी खिलाकर हरियाणा में सरकार बनने पर जोरदार खुशी का इजहार किया है। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत और जम्मू कश्मीर में पार्टी की शानदार सफलता पर हिंदुस्तान की जनता ने डिवाइड एंड रूल को किनारे कर मोदी सरकार की नीतियों पर मोहर लगा दी है। हरियाणा दिल्ली की धड़कन है और हरियाणा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर से भरोसा जताते हुए सबका साथ सबका विकास की राजनीति को स्वीकारा है। राज्य मंत्री ने कहा कि अब जो भी दल हिंदू, हिंदी, हिंदुस्तान की बात करेंगे वही देश पर राज करेंगे। उन्होंने कांग्रेस और अन्य पार्टियों के गठबंधन पर ब्यंग्य कसते हुए कहा कि राहुल गांधी और उनके गठबंधन के साथी सत्ता के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन-जन को एक जुट कर सेवा भाव की राजनीति करते हैं। भाजपा सत्ता को सेवा मानती है जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्ता को राजशाही मानते हैं। जम्मू कश्मीर में बिना किसी खून खराबे के



चुनाव संपन्न होने पर उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने वहां पर लोकतंत्र को पूर्णतया बहाल कर दिया है जो भाजपा की बहुत बड़ी जीत है। जम्मू कश्मीर में जहां मतदान के समय ईट पत्थर चलते थे वहां71 प्रतिशत लोगों ने घरों से निकलकर मतदान किया है। आज जनता ने कांग्रेस की खटाखट और हिंदू जनमानस को बांटने की राजनीति को नकार दिया है। उन्होंने हरियाणा और जम्मू कश्मीर की जनता को बधाई देते हुए कहा है कि उन्होंने सही समय पर सही पार्टी को चुनकर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। हरियाणा में तीसरी बार बहुमत की सरकार बनने पर उन्होंने कहा कि जनता और मतदाता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर वोट किया है। गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्षियों का गठबंधन सत्ता प्राप्त करने के लिए है। स्वार्थ के आधार पर गठबंधन बहुत दिन नहीं चलता है।राज्य मंत्री ने कहा कि रायबरेली हमारा परिवार है और रायबरेली के लोगों के साथ खुशी का इजहार करना वह अपना कर्तव्य समझते हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा और जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने भी हरियाणा में बहुमत की सरकार बनने पर प्रसन्नता जाहिर की है। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ,भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय नेता जेपी सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी सहित टिकरान के ग्राम प्रधान अनिल सिंह मौजूद रहे।

# मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद की गाड़ी हादसे का शिकार,मंत्री व ड्राइवर बाल-बाल बचे

**लोकमित्र ब्यूरो**



**सलोन,रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई।हादसे के दौरान मंत्री जी कार पर ही सवार थे।हादसा तब हुआ जब वह लखनऊ से प्रतापगढ़ की तरफ जा रहे थे।साथ चल रही गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दी।जिससे दुर्घटना में मंत्री की गाड़ी का अगला हिस्सा छतिग्रस्त हो गया है।हालांकि, गनीमत रही कि किसी तरह मंत्री संजय निषाद और उनका ड्राइवर इस हादसे में बाल-बाल बच गये है।जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन मंत्री अपने काफिले के साथ प्रतापगढ़ के लिए जा रहे है।करहिया बाजार में प्रवेश करते ही मंत्री के साथ आगे चल रही स्कॉर्ट गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दी।जिससे अचानक मंत्री की गाड़ी स्कोर्ट से टकरा गई।हाला की हादसे में सभी बाल बाल बच गए।घटना की सूचना मिलते ही करहिया चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार मौके पर पहुच गए।सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि सभी लोग शाकुशल और सुरक्षित है।आपस मे ही गाड़िया टकराई थी।

# एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-229 मे एनसीसी कैडेट्स के मध्य हुआ ड्रिल कम्पटीशन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** 66 यू0पी0 बटालियन एनसीसी, रायबरेली द्वारा वैसवारा डिग्री कालेज लालगंज, रायबरेली में एक अक्टूबर से दस अक्टूबर 2024 तक संचालित किया जा रहा है।09 अक्टूबर बुधवार को संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-229 में कैम्प कमाण्डेण्ट वी एस पाल तथा डिप्टी कैम्प कमाण्डेण्ट कर्नल संजीव खुराना के आदेशानुसार सुबेदार दर्शन सिंह एवं हवलदार हर्ष सिंह के नेतृत्व में एनसीसी



कैडेट्स के मध्य ड्रिल का कम्पटीशन कराया गया, जिसमें कैडेटों ने बढ़चढ़ कर पूरे जोश के साथ प्रतिभाग किया। डा0 प्रवीन द्विवेदी द्वारा एन0सी0सी0 कैडेट्स को एक सेमिनार के द्वारा मोटीवेशन किया गया। सुबेदार मेजर (ऑनरेरी लेफ्टिनेण्ट) धन देव की अध्यक्षता में कैम्प बी0एच0एम0 देवेन्द्र सिंह, सुबेदार दर्शन सिंह, सुबेदार जगमोहन सिंह एवं हवलदार गजेन्द्र लाल ने कैडट्रेस को सैन्य संकेत और रूढ़ि चिन्हों के बारे में जानकारी दी। कैप्टन पुनीत कुमार तिवारी तथा ले0 दिनेश कुमार एवं ले0 सतेन्द्र द्वारा एनसीसी कैडेटों को राष्ट्रीय एकता का पाठ पढ़ाया और कहा कि राष्ट्र की रक्षा एवं सम्मान हम सभी भारतवासियों का कर्तव्य है। भारत के प्रत्येक नागरिकों को राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति सदैव सचेत रहना चाहिए।

# मंडलायुक्त ने आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय रैन, बछरावां का किया निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** मंडलायुक्त,लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय रैन बछरावां का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के आवासीय परिसर, छात्रावास, कक्षाओं और अकादमिक भवन को देखा। उन्होंने यहाँ पर साफ सफाई, विद्युत,शौचालय, भोजनालय, मेस और सीसीटीवी कैमरो के संचालन की गुणवत्ता को परखा। कहा की विद्यालय में छात्राओं को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण आहार निर्धारित चार्ट के



अनुसार ही दिया जाए। समय-समय पर उनका चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया जाए। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क किया जाए। विद्यालय में आने जाने वालों का रिकॉर्ड रखा जाए। विद्यालय में पठन-पाठन सामग्री हर समय उपलब्ध रहे। सीसीटीवी कैमरे लगातार कार्य करे यह सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने विद्यालय के स्टाफ से शिक्षण कार्यो की जानकारी और उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर एसडीएम महाराजगंज रश्मि लता, प्रधानाचार्य वंदना त्रिवेदी, कनिष्ठ लिपि शिव गोविंद, रामनरेश उपस्थित रहे।

# पहली कैबिनेट बैठक में पास होगा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव - उमर



**श्रीनगर, (हि.स.)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि एनसी-कांग्रेस सरकार अपनी पहली कैबिनेट बैठक में जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर में सरकार सुचारू रूप से चलेगी।सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस गुरुवार को विधायक दल की बैठक बुलाएगी।उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुझे उम्मीद है कि सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए केंद्र पर दबाव डालते हुए एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। उमर ने कहा कि हमारे और दिल्ली में एक अंतर है। दिल्ली कभी पूर्ण राज्य नहीं था और किसी ने दिल्ली को राज्य का दर्जा देने का वादा भी नहीं किया था। इसके विपरीत जम्मू-कश्मीर 2019 से पहले एक राज्य था, जिसे अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया।उमर ने कहा कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था। यह भी कहा गया था कि जम्मू-कश्मीर में तीन कदम उठाए जाएंगे जिसमें परिसीमन, चुनाव और फिर राज्य का दर्जा शामिल था। उन्होंने कहा कि परिसीमन हो चुका है, अब चुनाव भी हो चुके हैं, इसलिए केवल राज्य का दर्जा बचा है, जिसे बहाल किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि जम्मू-कश्मीर की नई सरकार और केंद्र के बीच समन्वय की आवश्यकता कितनी महत्वपूर्ण है, एनसी नेता ने कहा कि नई दिल्ली के साथ टकराव से कुछ हासिल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि लोगों ने टकराव के लिए वोट नहीं दिया है। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इसलिए वोट दिया है, क्योंकि वे रोजगार चाहते हैं, वे विकास चाहते हैं, वे राज्य का दर्जा बहाल करना चाहते हैं, वे बिजली और अन्य मुद्दों का समाधान चाहते हैं। नई दिल्ली के साथ टकराव से इन मुद्दों का समाधान नहीं होगा।उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस गुरुवार को विधायक दल की बैठक बुलाएगी। उसके बाद गठबंधन सहयोगियों की बैठक होगी, जिसमें गठबंधन नेता का चुनाव किया जाएगा और फिर हम सरकार गठन का दावा पेश करने के लिए राजभवन जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में नई सरकार बन जाएगी। इस सवाल पर कि क्या पीडीपी गठबंधन सरकार का हिस्सा होगी, एनसी नेता ने कहा कि अभी इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पीडीपी ने हमसे कोई संपर्क नहीं किया है। हमने उनसे कोई संपर्क नहीं किया है। इस चुनाव के नतीजों को देखते हुए मुझे लगता है कि उनके लिए काफी झटका है, मुझे लगता है कि इस समय मैं समझ सकता हूं कि कुछ आंतरिक चर्चा चल रही होगी। उन्होंने कहा कि कभी-कभी अगर संचार का कोई रास्ता खुलता है तो हम बैठकर उनसे बात करेंगे लेकिन फिलहाल यह हमारे लिए प्राथमिकता नहीं है।उन्होंने कहा कि 2018 से जम्मू-कश्मीर के लोगों की बात अनसुनी हो रही है। अब समय आ गया है कि हम जम्मू-कश्मीर के लोगों के फायदे के लिए काम करें। मैं इस तथ्य से भी अच्छी तरह वाकिफ हूं कि कश्मीर और जम्मू के बीच एक तीव्र विभाजन है और इसलिए आने वाली सरकार पर जम्मू के लोगों को स्वामित्व की भावना देने की एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में आने वाली सरकार एनसी या गठबंधन की सरकार नहीं होगी या यह गठबंधन के लिए वोट करने वालों की सरकार नहीं होगी, यह जम्मू-कश्मीर के हर एक व्यक्ति की सरकार होगी, चाहे उन्होंने किसे वोट दिया हो या उन्होंने वोट दिया हो या नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार के भीतर उन क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा, जहां से इस गठबंधन में विधायकों की संख्या कम होगी।उपराज्यपाल की ओर से पांच विधायक नामित किये जाने केक मुद्दे पर एनसी उपाध्यक्ष ने मनोज सिन्हा को ऐसा न करने की सलाह दी, क्योंकि उन पांच विधायकों को नामित करने के बाद भी भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी। आप केवल विपक्ष में बैठने के लिए पांच विधायकों को नामित करेंगे और विवाद होगा। तब फिर हमें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा, जबकि हम केंद्र के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पांच विधायकों के नामांकन से सरकार गठन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने वाले कुछ निर्दलीय पहले से ही हमारे संपर्क में हैं और वे हमारे साथ आएंगे और हम अपनी बढ़त बढ़ाएंगे। इन पांच विधायकों को नामित करने से भाजपा को कुछ हासिल नहीं होगा।

## केंद्र शासित प्रदेश के दो क्षेत्रों के बीच मतभेदों को कम करना होगा मकसद - फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर, (हि.स.)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि एनसी-कांग्रेस सरकार का उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश के दो क्षेत्रों के बीच मतभेदों को कम करना और हिंदुओं के बीच विश्वास पैदा करना होगा।फारूक अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि हमें जम्मू और कश्मीर के बीच पैदा किए गए मतभेदों को कम करना होगा। हमारा प्रयास होना चाहिए कि वहां के हिंदुओं को हम पर यह भरोसा हो कि



हम उनके बारे में उसी तरह सोचेंगे जैसे कश्मीर के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि हम दोनों के बीच अंतर नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि तो क्या हुआ कि उन्होंने वोट नहीं दिया, उनकी समस्याओं को हल करना हमारा कर्तव्य है। एनसी प्रमुख ने कहा कि नई सरकार के सामने कई चुनौतियां हैं। सबसे बड़ी चुनौतियां मुद्रास्फीति और बेरोजगारी हैं। हमें अपने युवाओं के लिए अवसर पैदा करने होंगे। अपने बेटे उमर के इस कथन पर कि गठबंधन तय करेगा कि मुख्यमंत्री कौन होगा, वरिष्ठ अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने जो तय किया है वही होगा। एनसी अध्यक्ष ने मंगलवार को कहा था कि उमर अब्दुल्ला नई सरकार के मुख्यमंत्री होंगे।

# आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक दावे करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत- राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में लोगों की अटूट आस्था का फायदा उठाकर आयुर्वेद के नाम पर झूठे और भ्रामक दावे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के आठवें स्थापना दिवस समारोह में बुधवार को राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान में निवेश, दवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और आयुर्वेद के अध्ययन से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के सशक्तीकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है।राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। यह दुनिया को भारत का अमूल्य उपहार है। आयुर्वेद मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखते हुए समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन पर जोर देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम हमेशा से अपने आसपास के पेड़-पौधों के औषधीय महत्व के प्रति जागरूक रहे हैं और उनका उपयोग करते रहे हैं। आदिवासी समाज में जड़ी-बूटियों और औषधीय पौधों के ज्ञान की परंपरा और भी समृद्ध रही है लेकिन जैसे-जैसे समाज आधुनिकता को अपनाता गया और प्रकृति से दूर होता गया, हमने उस पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करना बंद कर दिया। घरेलू उपचार अपनाने की तुलना में डॉक्टर से दवा लेना आसान हो गया। अब लोगों में जागरुकता बढ़ रही है। आज पूरी दुनिया में इंटीग्रेटिव सिस्टम ऑफ मेडिसिन का विचार लोकप्रिय हो रहा है। विभिन्न चिकित्सा प्रणालियां एक-दूसरे की पूरक प्रणालियों के रूप में लोगों को स्वास्थ्य प्रदान करने में




मदद कर रही हैं।उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के प्रति हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी का अटूट विश्वास है। इसी विश्वास का लाभ उठा कर कुछ लोग भोली-भाली जनता का नुकसान करते हैं। भ्रामक प्रचार और झूठे दावे करते हैं। ये लोग न केवल जनता के पैसे और स्वास्थ्य का नुकसान करते हैं बल्कि आयुर्वेद को भी बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों के प्रति कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। साथ ही बड़ी संख्या में चिकित्सकों की आवश्यकता है जिससे सामान्य लोगों को अशिक्षित चिकित्सकों के पास न जाना पड़े। इस संदर्भ में 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' एक महत्वपूर्ण पहल है। पिछले कुछ वर्षों में देश में आयुर्वेद कॉलेजों और उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में योग्य आयुर्वेदिक डॉक्टरों की उपलब्धता और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का विकास न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि पशुओं और पर्यावरण के लिए भी लाभकारी होगा। बहुत से पेड़-पौधे इसलिए विलुप्त हो रहे हैं क्योंकि हमें उनकी उपयोगिता के बारे में पता नहीं है। जब हम उनका महत्व जानेंगे तो उनका संरक्षण करेंगे।राष्ट्रपति ने कहा कि अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोग अक्सर दावा करते हैं कि उनकी पद्धति सबसे अच्छी है। आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होना अच्छी बात है लेकिन एक-दूसरे की आलोचना करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों के बीच सहयोग की भावना होनी चाहिए। सभी का उद्देश्य रोगियों को ठीक करके मानवता का भला करना है। हम सभी %सर्वे सन्तु निरामयाः% की प्रार्थना करते हैं - सभी को रोग मुक्त होना चाहिए।राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए हमें अनुसंधान और औषधियों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हमें आयुर्वेद शिक्षण संस्थानों को भी सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने पारंपरिक शिक्षा को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर कम समय में ही आयुर्वेदिक चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान और समग्र स्वास्थ्य सेवा में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है।

# पहली बार एलएसी के करीब सिक्किम में बैठक करके चीन को कड़ा संदेश देने की तैयारी

**▶▶ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष रक्षा अधिकारी बैठक में होंगे शामिल**

**▶▶ लद्दाख और अरुणाचल की मौजूदा स्थिति का जायजा लेगा सैन्य नेतृत्व**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चीन को कड़ा संदेश देने के लिए पहली बार सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारी वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास 10-11 अक्टूबर को सिक्किम में बैठक करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष रक्षा अधिकारी संबोधित करेंगे। शीर्ष सैन्य कमांडरों की महत्वपूर्ण बैठक वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब किसी स्थान पर होगी।बैठक में एलएसी पर संवेदनशील स्थिति, विशेष रूप से लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश की स्थिति का जायजा लिया जाएगा, जहां दोनों पक्ष नियमित आधार पर गतिरोध और टकराव में लगे हुए हैं। सम्मेलन का दूसरा चरण 28-29 अक्टूबर को दिल्ली में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि शीर्ष अधिकारी मौजूदा वैश्विक संघर्षों के सबक और सेना के विभिन्न अंगों सहित भारतीय बलों के लिए सीख पर भी चर्चा करेंगे। जनरल द्विवेदी के नेतृत्व में शीर्ष सेना कमांडरों की यह पहली बैठक होगी। उन्होंने इस साल 30 जून को सेना प्रमुख का पद संभाला था।हाल ही में जनरल द्विवेदी ने सीमा पर चीन के साथ स्थिति स्थिर लेकिन सामान्य बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि संवेदनशील क्षेत्र में चीन के साथ लंबे समय से चल रहे सैन्य गतिरोध में भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच विश्वास को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। अप्रैल, 2020 जैसी स्थिति बहाल होने तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी और हम किसी भी तरह की आकस्मिकता का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# प्रादेशिक सेना के लापता जवान का शव अनंतनाग के जंगलों से बरामद

**श्रीनगर, (हि.स.)।** अनंतनाग जिले के कोकरनाग के वन क्षेत्र से मंगलवार शाम को लापता हुए प्रादेशिक सेना के एक जवान का शव बरामद कर लिया गया है। सैनिक की मौत के कारणों और उसके लापता होने के कारणों की जांच की जा रही है।प्रादेशिक सेना के दो जवानों का आतंकियों ने अनंतनाग के कोकरनाग इलाके के शांगस से अपहरण कर लिया था। एक जवान आतंकियों को चकमा देकर सुरक्षित बच गया था। सेना की चिनार कोर के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर मंगलवार को कोकरनाग के कज़वान जंगल में एक संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया था। प्रादेशिक सेना के एक जवान के लापता होने की सूचना मिलने के बाद रात भर अभियान जारी रहा। इस दौरान उसका शव बरामद किया गया है।

# महाराष्ट्र को 7600 करोड़ की सौगात, 10 मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन

**▶▶ पहले की सरकारों में होता था केवल भ्रष्टाचार, अब विकास ने गति पकड़ी - प्रधानमंत्री**

**मुंबई, (हि.स.) ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र में 7600 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि पहले की सरकारों में केवल तेज गति से भ्रष्टाचार होता था लेकिन अब विकास ने गति पकड़ी है।प्रधानमंत्री ने आज जिन कॉलेजों का उद्घाटन किया है, उनमें मुंबई, नासिक, जालना, बुलढाणा, हिंगोली, वाशिम, अमरावती, भंडारा, गढ़चिरौली और अंबरनाथ (ठाणे) के 10 नए मेडिकल कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में छात्रों के लिए एमबीबीएस कोर्स की 900 सीटें बढ़ रही हैं। राज्य के 35 कॉलेजों में हर साल कुल 4850 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध होती हैं। प्रधानमंत्री ने नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार, शिरडी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का



शिलान्यास भी किया।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में महाराष्ट्र विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन विकास कार्यों के लिए राज्य की जनता को बधाई देते हुए मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले भी महाराष्ट्र में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने का मौका मिला था। पिछले हफ्ते यहां 30 हजार के प्रोजेक्ट शुरू करने का मौका मिला था। प्रदेश के कई जिलों में हजारों करोड़ की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। राज्य के कई शहरों में मेट्रो और एयरपोर्टों को अपग्रेड और विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र में आज इंफ्रास्ट्र्क्चर पर जोर दिया जा रहा है। सोलर एनर्जी, टेक्सटाइल पार्क को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों के हित में पशु पालकों के लिए कई तरह की पहल की गई हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में युवाओं को अवसर देने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य के 10 नये मेडिकल कॉलेज प्रदेश के युवाओं के सपनों को पूरा करेंगे।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा कि महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से और इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने बताया कि कुछ दिन पहले ही हमारी सरकार ने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ है। महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कांग्रेस पार्टी पर भी जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में किसानों, दलितों और युवाओं को गुमराह करने का पूरा प्रयास किया लेकिन जनता ने मिलकर कांग्रेस को सबक सिखाया है। मोदी ने कांग्रेस पर समाज में जातिवाद और सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का फॉर्मूला हमेशा समाज को बांटने वाला रहा है।

# योगी ने हरियाणा में बदल दिये नतीजे तो पार्टी में बढ़ा कद



**लखनऊ,एजेंसियां।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर बीजेपी के अंदर अपनी ताकत का अहसास करा दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी को लगातार तीसरी बार मिली जीत के हीरो बनकर उभरे हैं योगी। योगी ने हरियाणा में कुल 14 विधान सभा क्षेत्रों में जनसभाएं की जिसमें से 09 सीटों पर बीजेपी को हासिल हुई। यह स्ट्राइक रेट 70 फीसदी के करीब बैठता है जबकि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कुल 08 जनसभाएं कि जिसमें से कांग्रेस को मात्र दो सीटों पर ही जीत हासिल हो पाई। बीजेपी की जीत में वोटिंग प्रतिशत का बढ़ना भी अहम रहा। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव के समय हरियाणा में थोड़ी कमजोर नजर आ रही बीजेपी को सही मौके पर यहां के वोटरों ने बूस्टर डोज दे दी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में 48 सीट जीतकर भाजपा सत्ता बरकरार रखने में कामयाब हुई, जबकि कांग्रेस को 37 सीट पर जीत मिली है। खासकर योगी के बटोगे तो कटोगे वाले बयान ने भी योगी की जीत में अहम भूमिका निभाई।    कहने का तात्पर्य यह है कि सीएम योगी एक बार फिर से बीजेपी के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में पांच क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया, जिसमें से चार सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की।

# इजराइल ने सीरिया में हिजबुल्लाह कमांडर को बनाया निशाना, सात की मौत


**▶▶ इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में और सैनिक भेजे**

**▶▶ गाजा हो गया खंडहर**

**▶▶ ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले के आसार**

**▶▶ गोलान की दिशा से तीन मिसाइल दागी गईं**

**दमिश्क, (हि.स.)।** इजराइल ने सीरिया में हिजबुल्लह के एक कुख्यात कमांडर को निशाना बनाया। इजराइल के दो अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में इजराइल के सुरक्षाबलों ने एक आवासीय इमारत पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। यह हमला ईरानी दूतावास के पास किया गया। सुरक्षाबलों ने हथियारों की तस्करी में



शामिल हिजबुल्लह के कमांडर को निशाना बनाया।द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में इसका उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सीरिया की राज्य समाचार एजेंसी ने एक सैन्य स्रोत का हवाला देते हुए कहा कि रॉकेटों ने महिलाओं और बच्चों सहित सात नागरिकों की जान ले ली। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि है हमले में हिजबुल्लह कमांडर मारा गया या नहीं। ईरानी दूतावास ने कहा कि हमले में कोई भी ईरानी नागरिक नहीं मारा गया। ना ही घायल हुआ।द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल ने कल दक्षिणी लेबनान में और अधिक सैनिक भेजे हैं। इससे संकेत मिलता है कि इजराइल के सुरक्षा बल जमीनी आक्रमण को और तेज कर सकते हैं।अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल के सैन्य अभियान के बाद गाजा का अधिकांश क्षेत्र खंडहर हो गया है। यह पहचान करना मुश्किल है कि गाजा की यह कौन सी बस्ती है।द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल के नागरिक मांग कर रहे हैं कि अब ईरान की परमाणु क्षमताओं को निशाना बनाया जाए। इस बात का समर्थन अमेरिका में भी कुछ लोग कर रहे हैं। कुछ इजराइली अधिकारियों का मानना है कि यह संभव है।सीरिया की सरकारी संवाद समिति %सीरियन अरब न्यूज एजेंसी% (एसएएनए) के अनुसार इजराइल ने मंगलवार को दमिश्क के मेजाह में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। हमले में सात नागरिक हताहत हुए। यह हमला रात लगभग सवा आठ बजे किया गया। सीरियाई गोलान की दिशा से तीन मिसाइलों के साथ हवाई आक्रमण शुरू किया।


# जे पी नड्डा ने की नायब सैनी और मोहन लाल बड़ौली से मुलाकात



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को अपने आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से मुलाकात कर जीत के लिए बधाई दी। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर साझा की।जेपी नड्डा ने कहा कि वे दिल्ली स्थित आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से भेंट कर हरियाणा में भाजपा की अभूतपूर्व विजय की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत की हैट्रिक संगठन पदाधिकारियों और हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। इसके लिए भाजपा हरियाणा के सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन। भाजपा %विकसित हरियाणा% के संकल्प की सिद्धि हेतु संकल्पित है।

# मनोज सिन्हा ने लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए लोगों का आभार जताया

**जम्मू, (हि.स.)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विधानसभा चुनाव की मतगणना के बाद लोकतंत्र को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए लोगों का आभार जताया है। उन्होंने मतपत्र की पवित्रता को बनाए रखने और पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सीईओ जम्मू-कश्मीर, चुनाव आयोग



के अधिकारियों, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों के प्रयासों को सराहा है।उपराज्यपाल सिन्हा ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल %एक्स% के जरिये विधानसभा में चुने गए सभी सदस्यों और चुनावों में जीत के लिए नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के नेतृत्व वाले गठबंधन को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमारा मार्गदर्शक है और मैं सभी से जम्मू-कश्मीर के विकास और लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह करता हूं।

# महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) ने दी कांग्रेस को चुनौती,कहा- चाहें तो अकेले लड़ लें चुनाव

**मुंबई, (हि.स.)।** हरियाणा में कांग्रेस को मिली पराजय के बाद महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा है कि अगर वे चाहते हैं तो यहां भी अकेले चुनाव लड़ें। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत ने कहा कि हरियाणा में अगर कांग्रेस ने अन्य समान विचारधारा वाले दलों को महत्व दिया रहता तो परिणाम अलग रहते। राऊत ने हरियाणा की जीत पर भाजपा को बधाई भी दी है।संजय राऊत ने बुधवार को सुबह पत्रकारों को बताया कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी ने किसी भी समविचारी पक्ष के साथ गठबंधन नहीं किया था। साथ ही बहुत से निर्दलीय भी मैदान में थे। इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा। हालांकि कांग्रेस बहुमत से सिर्फ 9 सीट पीछे रह गई। हरियाणा चुनाव में भाजपा की



रणनीति बहुत अच्छी रही, इसका फल उन्हें मिला। जो जीता वह सिकंदर , इसलिए वे भाजपा को बधाई देते हैं। संजय राऊत ने कहा कि हरियाणा चुनाव से बहुत कुछ सिखने को मिला है।

संजय राऊत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी इंडिया एक साथ लड़ी थी, इसी वजह से नतीजे बेहतर रहे। राऊत ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जहां वे मजबूत रहते हैं ,वहां किसी को महत्व नहीं देते और जहां कमजोर रहते हैं, वहां मिलकर चुनाव लड़ते हैं। महाविकास आघाड़ी में कोई छोटा बड़ा नहीं है। अगर कांग्रेस को लगता है तो वे अलग चुनाव लड़ सकते हैं। संजय राऊत ने आज फिर चुनाव पूर्व भावी मुख्यमंत्री की घोषणा का मुद्दा दोहराया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर चुनाव में उमर अब्दुल्ला चेहरा थे, लोगों ने उन्हें वोट दिया।

## मेरठ के ज्वेलरी उद्योग को फ्लैटेड फैक्टरी के जरिए नया आयाम देगी योगी सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अब मेरठ में ज्वेलरी उद्योग को नई गति प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, मेरठ के वेदव्यास पुरी में रत्नों व स्वर्णाभूषण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स का निर्माण होगा। मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा तैयार विस्तृत कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर कार्य शुरू हो गया है। परियोजना के अंतर्गत 24 महीनों की समयावधि में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है तथा नवंबर अंत से निर्माण प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है।

इस फ्लैटेड फैक्टरी का 32 हजार स्क्वेयर मीटर प्रसार क्षेत्र है और यह स्ट्रैटेजिक लोकेशन पर बेस्ड है। फ्लैटेड फैक्टरी के निर्माण के लिए चिह्नित क्षेत्र मेरठ-हरिद्वार हाइवे पर स्थित है और दिल्ली-मेरठ हाइवे से इसकी दूरी मात्र 3 किलोमीटर है, वहीं गंगा एक्सप्रेसवे से इसकी दूरी 20 किलोमीटर है। इतना ही नहीं, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ज्वेलरी टेक्नोलॉजी परिसर से यह मात्र 1.5 किलोमीटर दूरी पर स्थित होगा। जेवर एयरपोर्ट से भी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से इसकी कनेक्टिविटी अच्छी होगी और मात्र 45 मिनट में पहुंचा जा सकेगा।

मेरठ का ज्वेलरी उद्योग प्रदेश में एक बड़ी अहमियत रखता है। एक तथ्य यह भी है कि प्रति वर्ष यहां की ज्वेलरी उद्योग का टर्नओवर 2000 करोड़ से अधिक होता है और 40 हजार से ज्यादा स्वर्णकार, रत्नकार व आभूषण विक्रेता इस उद्योग के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर मेरठ में वर्ष 2016 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ज्वेलरी टेक्नोलॉजी (एनआईजेटीएम) की स्थापना भी की गई थी। काफी वक्त से मेरठ के रत्नों व स्वर्णाभूषण उद्योगों की मांग रही है कि यहां के पारंपरिक सर्राफा बजार को विस्तारित करने की जरूरत है। ऐसे में, सीएम योगी का नया प्रयास इस मांग की पूर्ति करने के साथ ही भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर न केवल इस उद्योग बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी रोजगार समेत तमाम नए अवसर उत्पन्न करने का माध्यम बनेगा।

# आराधना में लीन रहेंगे सीएम योगी

- गोरक्षपीठ में गुरुवार को होगी महानिशा पूजा, शुक्रवार को कन्या पूजन करेंगे मुख्यमंत्री
- शनिवार को श्रीनाथ जी के विशिष्ट पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर से निकलेगी विजयादशमी शोभायात्रा



लोकमित्र ब्यूरो

**गोरखपुर।** शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा से जारी आनुष्ठानिक कार्यक्रम गुरुवार से और विशिष्टता की ओर अग्रसर होंगे। गुरुवार से गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनवरत तीन दिन अनुष्ठान और आराधना में लीन रहेंगे।

अष्टमी (गुरुवार) की शाम वह गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे जबकि शुक्रवार को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नवरात्र की पूर्णता के बाद दशहरे के दिन गुरु गोरक्षनाथ की विशिष्ट पूजा कर गोरक्षपीठाधीश्वर, गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे।

शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा को गोरक्षपीठाधीश्वर ने गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में कलश स्थापना की थी। इसके बाद के नियमित नवरात्र पूजन के अनुष्ठान उनके प्रतिनिधि के रूप में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ द्वारा किए जा रहे हैं। अष्टमी की तिथि के मान से लेकर विजयादशमी तक गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ स्वयं आराधना व आनुष्ठानिक कार्यक्रमों के लिए उपस्थित रहेंगे।

गोरक्षपीठाधीश्वर गुरुवार (10 अक्टूबर) को नवरात्र की अष्टमी तिथि में विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन कर लोक मंगल की प्रार्थना करेंगे। गोरक्षपीठ में शुक्रवार (11 अक्टूबर) को पूर्वाह्न 11 बजे से मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा व सम्मान के प्रतीक के रूप में कन्या पूजन का अनुष्ठान होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कन्या पूजन कर मातृ शक्ति के प्रति गोरक्षपीठ की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

गोरक्षपीठाधीश्वर नौ दुर्गा स्वरूपा नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारेंगे, उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत का तिलक लगा विधि विधान से पूजन करेंगे। पूरी श्रद्धा से भोजन कराकर दक्षिणा व उपहार देकर उनका आशीर्वाद भी लेंगे। इस दौरान परंपरा के अनुसार बटुक पूजन भी किया जाएगा। जबकि शनिवार (12 अक्टूबर) को गुरु गोरक्षनाथ के विशिष्ट पूजन व गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव के बाद सायंकाल विजयादशमी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### गोरखपुर के उत्सवी परंपरा का खास आकर्षण है विजयादशमी शोभायात्रा

दशहरे के दिन गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा गोरखपुर के उत्सवी परंपरा का खास आकर्षण है। इस शोभायात्रा में सामाजिक समरसता की एक बड़ी नजीर देखने को मिलती है। इस शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम व बुनकर समाज) के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। तीन पीढ़ियों से विजयादशमी शोभायात्रा का स्वागत करने वाले उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के निवर्तमान चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा बताते हैं कि दशहरे के दिन गोरखनाथ मंदिर की विजयादशमी शोभायात्रा का इंतजार तो पूरे शहर को होता है लेकिन सबसे अधिक उत्साह अल्पसंख्यक समुदाय के उन लोगों में दिखता है। कैफुलवरा कहते हैं कि मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूर पर हम लोग घंटों पहले फूलमाला लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर के स्वागत को खड़े रहते हैं। इस बार भी शोभायात्रा का भव्य स्वागत करने की तैयारी की जा रही है। वास्तव में गोरक्षपीठाधीश्वर का काफिला जब अल्पसंख्यक समुदाय की तरफ से होने वाले स्वागत के लिए जब रुकता है तो सामाजिक समरसता की तस्वीर विहंगम होती है।

### धूमधाम से निकलेगी गोरक्षपीठाधीश्वर की विजयादशमी शोभायात्रा

गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के दिन शनिवार सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। पीठाधीश्वर गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन में सवार होंगे। तुरही, नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके साथ ही प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी जाएगी।

## निराश्रित पशुओं को पकड़ कर पहुंचाये गौशालाः शर्मा

- नगर विकास मंत्री ने की निकाय कार्यों की वर्चुअल समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नगरीय निकायों में त्योहारों की दृष्टिगत साफ सफाई, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देंगे, नगरीय क्षेत्रों में स्थापित सभी दुर्गा पूजा पंडालों के आसपास साफ सफाई, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराए।

दशहरा, दीपावली और छठ पूजा स्थलों के लिए सभी तैयारियां अभी से पूरी कर लें। धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक, पुरातात्विक व प्राचीन स्मारकों के रखरखाव, साफ-सफाई पर ध्यान देंगे, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को परेशानी न हो। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने निकाय कार्मिकों को यह निर्देश दिए। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा बुधवार को अधिकारियों के साथ निकाय कार्यों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। निकाय अपने क्षेत्रों में साफकिए गए कूड़ा स्थलों को फिर से गंदा होने से बचाने के लिए ऐसे स्थलों की फेंसिंग या पौधारोपण कराए, ऐसे स्थलों को उपयोगी बनाने के लिए वहां पर वेंडिंग जोन, बच्चों के क्रीड़ा स्थल व पार्क, बुजुर्गों के बैठने के स्थान आदि बनाये जा सकते है, इसके लिए प्रयास करें।

निकाय कार्मिक संचारी रोगों, मच्छर मक्खी जनित बीमारियों, डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया की रोकथाम के लिए कहीं पर भी जल भराव न हो, संभावित क्षेत्रों में एंटी लार्वा और दवाओं का छिड़काव करें, फॉगिंग कराए। कार्मिक निकायों में कराया जा रहे अच्छे कार्यों की जानकारी देने के लिए प्रचार प्रसार कराए, झूठी खबरों में अपना पक्ष रखते हुए खंडन कराए। अधिकारी विभागीय कार्यों के प्रति सक्रिय होकर कार्य करें। नगरीय क्षेत्रों में सड़कों में दिख रहे निराश्रित पशुओं को पकड़ कर गौशालाओं में पहुंचाया जाए, जिससे पशुओं की सुरक्षा हो सके। नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। गौशालाओं में पशुओं के भरण पोषण और उनके संरक्षण की भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित पशु सड़क पर दिखेंगे तो अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। जो भी अधिशासी अधिकारी अपने निकाय मुख्यालय पर अधिवास नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अब उनकी आवारागर्दी को और नहीं बर्दाश्त किया जाएगा, ऐसे कार्मिकों की कार्यों के प्रति लापरवाही और शिथिलिता पर कार्यवाही होगी। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों की सड़कों को अतिशीघ्र गड्ढा मुक्त करने तथा मार्ग प्रकाश व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सभी खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के भी निर्देश दिए।बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव अजय कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक जल निगम, निदेशक नगरीय निकाय अनुज कुमार झा, निगमों के नगर आयुक्त, निकायों के अधिशासी अधिकारी और अन्य कार्मिकों ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।


### रामनगरी में 25 लाख से अधिक दीए जलाने की तैयारी

**अयोध्या।** अयोध्या में प्रभु रामलला के नव मंदिर में विराजित होने के बाद पहली दीपावली बेहद भव्य और दिव्य होने जा रही है। सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में में सकल विश्व में एक यूनीक इवेंट के तौर पर अपनी पहचान बना चुके अयोध्या के दीपोत्सव कार्यक्रम में इस बार भी नया विश्व रिकॉर्ड कायम करने की तैयारी है।

रामनगरी में छोटी दीपावली पर 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित होंगे जिसकी अगुआई खुद डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल कर रही हैं। उनके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय प्रशासन ने 30 हजार स्वयंसेवकों को लगाने की तैयारी की है, जिनकी मदद से सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अयोध्या धाम का नाम दर्ज होगा। खास बात ये है कि 25 लाख दीए जलाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 28 लाख दीए बिछाये जाएंगे।

## पर्यटन विभाग के लिए आवंटित कार्यों पर कार्यवाही युद्धस्तर पर जारीः जयवीर

- महाकुंभः पर्यटन विभाग करेगा संस्कृति ग्राम व 10 पर्यटन सूचना केन्द्रों की स्थापना



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ-2025 के अलौकिक आयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रयागराज में विभिन्न बुनियादी सुविधायें सृजित की जा रही हैं। पर्यटन विभाग की ओर से भी कई निर्माण कार्य तथा गतिविधियां क्रियान्वयन के लिए तैयार की गयी है। इसके अंतर्गत अरैल क्षेत्र में संस्कृति ग्राम की स्थापना की जायेगी, जिसे 06 जोन में बांटा जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति ग्राम में महाकुंभ की प्राचीन विरासत एवं गौरवगाथा तथा पौराणिक कथा पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जायेगी। महाकुंभ की ऐतिहासिक यात्रा, ज्योतिष विज्ञान पर प्रदर्शनी, कला संबंधी प्रदर्शनी, पाक कला व्यंजन संबंधी प्रदर्शनी तथा डिजिटल माध्यमों से कार्यशालायें आयोजित की जायेगी। संस्कृति ग्राम की स्थापना हेतु 02 अगस्त में ईओआई आमंत्रित कर 08 फर्मो से प्रस्ताव प्राप्त किये गये हैं। चयनित डिजाइनों के अनुसार वित्तीय निविदा प्रक्रियाधीन है। मेला क्षेत्र में 30 अस्थायी थिमैटिक गेट की स्थापना होगी। यह गेट समुद्र मंथन के 14 रत्नों पर आधारित होंगे। 30 अस्थायी थिमैटिक गेट की स्थापना हेतु 10 फर्मो से 600 गेटों की डिजाइन प्राप्त की गयी है। चयनित गेटों की डिजाइनों के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। मेला क्षेत्र में इंडिया स्टेट पवेलियन की स्थापना की जायेगी। इसकी मुख्य थीम विभिन्न राज्यों में मकर संक्रांति से बैशाखी पर्व के मध्य पड़ने वाले पारम्परिक त्यौहारों पर थीम आधारित होगी। भारत के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की पर्यटन प्रदर्शनी के लिए 35 बूथ का निर्माण किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में फूड जोन, जनभागीदारी कार्यशाला का निर्माण, हस्तशिल्प बाजार का प्रदर्शन तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु स्टेज का निर्माण किया जायेगा। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए 10 अस्थायी पर्यटन सूचना केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। एजेंसी चयन के लिए निविदा संबंधी कार्यवाही की जा रही है।


## व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सीएम को रालोद का पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। व्यापारियों की पीड़ा को बयां करते हुए कहा है प्रायः देखा गया है कि छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय पहले साल में ही बंद करना पड़ता है और कुछ व्यापारी पूंजी के अभाव में 2 साल से अधिक अपना व्यवसाय नहीं चला पाते और उन्हें व्यवसाय बंद करना पड़ता है। अर्थव्यवस्था के लिए अनिवार्यता है और पूरी अर्थव्यवस्था व्यावहारिक रूप से जीएसटी की सफलता पर निर्भर है लेकिन इस समय जीएसटी के सम्बन्ध में जो स्थिति चल रही है उससे प्रदेश में व्यापारी वर्ग की स्थिति असहनीय हो गई है और उनकी परेशानियां अब बढ़ती जा रही है। जीएसटी अधिकारियों द्वारा भी असमय व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि व्यापारी बिना कोई वेतन, बिना कोई कमीशन बगैर पेंशन लिए रात दिन सरकारी खजाना भरने का कार्य कर रहा है। व्यापारियों के खाते अधिकारियों द्वारा बिना किसी नोटिस के बंद कर दिये जा रहे हैं जिससे नवरात्रि पूजन, दशहरा, दीपावली तथा छठ पर्व के समय होने वाली आय से उन्हें वंचित होना पड़ेगा और उनका परिवार को भयंकर आर्थिक चोट पहुंचेगी। अधिकारी और कर्मचारी छोटी छोटी बातों पर व्यापारियों का दोहन और उत्पीड़न करने के लिए तत्पर रहते हैं।श्री अग्रवाल ने पत्र में अनुरोध किया है कि प्रदेश के व्यापारियों के खाते बंद न किये जाय और उनसे वार्ता करके उनका समाधान निकाला जाय।

# सपा ने छह सीटों पर किया उम्मीदवारों का ऐलान

- करहल से तेज प्रताप को उतारा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए छह सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने करहल सीट को पर तेज प्रताप को उतारा है। इस सीट से वह 2022 में विधायक रह चुके हैं। उनके सांसद चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई है। सपा ने बुधवार को जारी अपनी सूची में सीसामऊ विधानसभा सीट से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मंझवा विधानसभा सीट से डॉ. ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया गया है। समाजवादी पार्टी ने जिन छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है, उसमें दो सीटें ऐसी हैं, जहां पर भाजपा ने 2022 विधानसभा में जीत हासिल की थी। ये दो सीटें फूलपुर और मझवां की हैं। इन दोनों ही सीटों पर गठबंधन के तहत कांग्रेस अपनी दावेदारी पेश कर रही थी, लेकिन अब सपा ने उम्मीदवारों की घोषणा कर मुकाबले के दिलचस्प होने का ऐलान कर दिया है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। उपचुनाव के लिए सपा ने छह उम्भीदवारों की लिस्ष्ट जारी कर दी है। इसमें पीडीए को तरजीह दी गई है। जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा, उसके लिए सभी दलों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सपा के चार और सीटें घोषित न करने के पीछे कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात कही जा रही है। लेकिन कांग्रेस ने उपचुनाव में पांच सीटों की डिमांड कर रखी है।गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया है। रिक्त हुई 10 सीटों में से पांच सीसामऊ, कटेहरी, करहल, मिल्कीपुर और कुंदरकी सपा के पास थीं। वहीं, फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां और खैर भाजपा के पास और मीरापुर सीट अब भाजपा की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के पास थी।

## भाजपा सरकार अपराध के अमृतकाल के लिए जानी जाएगी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार अपराध के अमृतकाल के लिए जानी जाएगी।

अपराधी बेखौफ होकर घटनाएं कर रहे हैं। भाजपा सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये ने उत्तर प्रदेश को जंगलराज बना दिया है। अपहरण, हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है।

उन्होंने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि भाजपा ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार में पुलिस अपराधियों को पकड़ने और अपराधों पर लगाम लगाने के बजाय सरकार के इशारे पर राजनीतिक विरोधियों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों को झूठे मामलों में फंसाकर परेशान करती है। प्रताड़ित करती है। पुलिस-प्रशासन भाजपा का कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। कानून-व्यवस्था ओर भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो साबित हो चुका है। सरकार आम जनता को सुरक्षा देने में नाकाम है।

### सपा और कांग्रेस की राहें फिर जुदा-रालोद

लखनऊ,09 अक्टूबर 2024 (यूएनएस)। समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा उपचुनाव हेतु 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जाने पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने कहा कि पंजे और साइकिल का मिलन जनमानस के प्रतिबिंब और लोकतांत्रिक सरकार के गठबंधन एनडीए को अस्थिर करने के उद्देश्य हुआ था परंतु कुत्सित प्रयास में सफलता न मिलती देख समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की राहें फिर जुदा हो गई। आम जनमानस के समक्ष फिर से दोनों दलों का चाल चरित्र चेहरा उजागर हो गया है। बिना किसी नीति रीति के केवल सत्ता हासिल करने हेतु चुनावी बेला में बनाए गए मौकापरस्त गठबंधन को जनमानस समझ चुका है। समाजवादी पार्टी की विभाजनकारी एवं अराजकतापूर्ण कार्यशैली से उत्तर प्रदेश की जनता भलीभांति परिचित है इसलिए दोबारा इनके झांसे में आने वाली नहीं है। उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा उपचुनाव की दस की

## मायावती ने विरोधी पार्टियों पर साधा निशाना

### कहा-बहुजन समाज के आत्म सम्मान की राह में बाधा हैं भाजपा, कांग्रेस और सपा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) को बहुजन समाज के आत्म सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन की राह में बाधा करार देते हुए बुधवार को दावा किया कि बसपा ही उनकी 'सच्ची मंजिल है जो उन्हें 'शासक वर्ग का हिस्सा बनाने के लिए संघर्ष कर रही है।

मायावती ने बसपा संस्थापक कांशीराम के 18वें परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि बामसेफ, डीएस4 व बसपा के जन्मदाता एवं संस्थापक बहुजन नायक मान्यवर श्री कांशीराम जी को आज उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा उत्तर प्रदेश एवं देश भर में उन्हें विभिन्न रूपों में श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले पार्टी के सभी लोगों व अनुयाइयों का तहेदिल से आभार। बसपा प्रमुख ने विरोधी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि गांधीवादी कांग्रेस व आरएसएसवादी (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) भाजपा व सपा आदि उनकी (बहुजन समाज) हितैषी नहीं बल्कि उनके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान आंदोलन की राह में बाधा हैं, जबकि अम्बेडकरवादी बसपा उनकी सही-सच्ची मंजिल है, जो उन्हें मांगने वालों से देने वाला शासक वर्ग बनाने के लिए संघर्षरत है। यही आज के दिन का संदेश है। उन्होंने कहा कि देश में करोड़ों लोगों के लिए गरीबी, बेरोजगारी व जातिवादी द्वेष, अन्याय-अत्याचार का लगातार तंग व लाचार जीवन जीने को मजबूर होने से यह साबित है कि सत्ता पर अधिकतर समय काबिज रहने वाली कांग्रेस व भाजपा आदि की सरकारें न तो सही से संविधानवादी रही हैं और न ही उस नाते सच्ची देशभक्त हैं।

## 33 उद्यमी मित्रों को जल्द ही नियुक्त करेगी योगी सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार जल्द ही 33 उद्यमी मित्रों की नियुक्ति करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश में 20 नव सृजित और 13 पूर्व रिक्त पदों के लिए इन्वेस्ट यूपी ने चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है।

उद्यमी मित्र के तौर पर 33 चयनित अभ्यर्थियों को संविदा पर एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के बाद मेरिट के आधार पर पूरा किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में सीएम योगी ने पहली बार 102 उद्यमी मित्रों की तैनाती की थी। इसके पीछे सीएम योगी का विजन था कि वह प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच सेतु की तरह काम करते हुए तमाम समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे। ऐसे में, योगी सरकार द्वारा 33 उद्यमी मित्रों की तैनाती के जरिए प्रदेश में निवेश सरलीकरण की प्रक्रिया को और गति मिलेगी।

चयनित अभ्यर्थी इन्वेस्ट यूपी की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करके रिजल्ट देख सकते हैं। इन्वेस्ट यूपी द्वारा जिन 33 सफल अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी की गई है उनमें पुलकित त्यागी, अंशुमान प्रताप सिंह, प्रणव मिश्रा, देवेश कुमार यादव, संतोष राठौर, उज्जवल गौड़, शाहरुख सलीम, दिव्यांस कुमार ओझा, अमोल त्रिपाठी, अतुल बाजपेयी, दिलीप सिंह तोमर, सुधांशु सिंह, तुषार सिंह, ललित मोहन जोशी, नुपुर उपाध्याय, शिवांगी सिंह, आकाश कुमार राय, आयुष गुप्ता, अक्षित नौटियाल, कुलदीप सिंह, तोशेन्द्र कुमार मिश्रा, ईशानी श्रीवास्तव व यशी चौहान शामिल है।

## हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की जनता ने बीजेपी के कामों पर किया भरोसाः ओम प्रकाश राजभर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में 90 में से 48 सीटें हासिल की, जबकि जम्मू-कश्मीर में 90 में से 29 सीट हासिल करके दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी। दोनों राज्यों में पार्टी की कामयाबी पर उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने खुशी जाहिर की है।

पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा, जनादेश स्पष्ट है। वहां के मुख्यमंत्री के कामों पर जनता ने विश्वास किया है, और पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों में, चाहे वह दवा हो, राशन हो या कानून व्यवस्था, सब पर जनता को भरोसा है। जनता हमेशा उसी को पसंद करती है, जो बेहतर काम करता है। कई दिनों से हम सुनते आ रहे थे कि जाट समुदाय जिसे चाहेगा, उसे मुख्यमंत्री बनाएगा, लेकिन हमें यह समझना चाहिए कि जो अति पिछड़े वर्ग हैं, वे भी अपनी पसंद के नेता को चुनते हैं। हरियाणा का उदाहरण लीजिए नायब सिंह सैनी, जो अति पिछड़े वर्ग से आते हैं, जनता ने उन पर विश्वास जताया। यह दर्शाता है कि नेताओं का घमंड और अहंकार खत्म होना चाहिए। अति पिछड़े वर्ग की भी अपनी ताकत है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी लगातार यह प्रचार कर रही थी कि किसान बीजेपी से नाखुश हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सही कहा कि किसानों ने कांग्रेस को जवाब दे दिया है। मोदी जी ने किसानों के खाते में सीधे छह हजार रुपये भेजे हैं, बिना किसी बिचौलिए के। किसान यह समझ रहे हैं कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से उन्हें खाद और पानी की मदद मिल रही है, जिससे वे खेती करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर एक वैश्विक साजिश का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन जनता ने उनके कार्यों को नकार दिया। वे पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक का नाम लेते हैं, लेकिन वास्तव में उनका हक लूटते हैं। इसके बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि बटेंगे तो कटेंगे। इस पर उन्होंने कहा, सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी सही कहा है कि साढ़े सात साल से कहीं दंगे नहीं हुए, और यह एकजुटता का परिणाम है।

## संक्षिप्त खबरें

### 30 लीटर अवैध कच्ची बरामद

**लखनऊ।** लखनऊ में त्योहारों के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम ने अवैध कच्ची शराब बरामद की है और इसमें लिप्त एक अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग दर्ज कराया गया है। लखनऊ के आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 अभिषेक सिंह द्वारा आबकारी स्टाफसहित थाना माल के अंतर्गत ग्राम नारू खेड़ा और रामनगर में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों, तालाबों के किनारे संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। दबिश के दौरान मौके से लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब और 250 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। लहन को मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत किया गया। क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य आगे भी जारी रहेगा।

### दुष्कर्म के आरोपित गिरफ्तार

**काकोरी।** दुबग्गा पुलिस ने बुधवार को कक्षा नौ की छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म के मामले में आरोपित ऋतिक को गिरफ्तार कर लिया है। ऋतिक को बाजनगर अंडर पास के पास से पकड़ा गया है। उसके खिलाफ छात्रा की मां की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उधर, मलिहाबाद पुलिस ने भी 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित प्रमोद को गिरफ्तार किया है। प्रमोद उन्नाव जिले के हसनगंज मलझा का रहने वाला है।

### स्कूल की अलमारी तोड़कर नकदी और दस्तावेज चोरी

**काकोरी।** वृंदावन कालोनी सेक्टर 19 पिपरी खेड़ा में स्थित शशि भूषण पब्लिक स्कूल में घुसे चोर अलमारी का लाक तोड़कर 25 हजार रुपये, इंवर्टर बैटरी और अहम दस्तावेज चोरी कर ले गए। स्कूल प्रबंधक डा. शशि भूषण शर्मा ने पीजीआई थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि वह तेलीबाग में रहते हैं। सीसी चोरों ने वारदात के समय स्कूल में लगे सीसी कैमरे भी बंद कर दिए थे। प्रबंधक ने एक महिला उसके रिश्तेदार समेत कुछ अन्य लोगों पर चोरी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वारदात से पहले एक अक्टूबर को आरोपितों ने रेकी की थी। उस समय तीन से चार लोग सीसी कैमरे में कैद हो गए थे। पुलिस ने बताया की जांच की जा रही है।

### दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**बीकेटी।** बीकेटी कोल्ड स्टोरेज के सामने राम किशन मौर्या की फर्नीचर दुकान में घुसे चोर नकदी और अन्य माल चोरी कर ले गए। आरोप है कि एक संदिग्ध वैगनआर कार से कुछ लोग उतरे। दुकान का ट्टर हटाकर अंदर घुसे। जेब की पैंट में रखे आठ हजार रुपये और कुछ सामान दुकान से चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### रियल एस्टेट व्यापारी से मांगी रंगदारी,धमकाया

**लखनऊ।** गोसाईंगंज कोतवाली में रियल एस्टेट व्यापारी ने रंगदारी मांगने के आरोप में दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने पूर्व में भी व्यापारी को धमकाया था। अंसल गोल्फ सिटी निवासी संदीप कुमार मिश्र जमीन की खरीद फरोख्त करते हैं। मंगलवार को वह ऑफिस में हवन करा रहे थे। इस बीच रहमतनगर निवासी राम कुमार वर्मा साथियों संग आ धमका। आरोपी ने संदीप पर रुपये देने के लिए दबाव डाला। मना करने पर गाली गलौज करने लगा। विवाद बढ़ते देख संदीप ने डॉयल 112 पर फोन कर सूचना दी। इसके चलते आरोपी मौके से भाग निकले। संदीप के मुताबिक राम कुमार वर्मा आपराधिक गतिविधयों में लिप्त है। वह पहले भी दबाव बना कर रुपये वसूलने का प्रयास कर चुका है। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**मोहनलालगंज।** मामूली विवाद के बाद खरेहना गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से क्रास रिपोर्ट दर्ज की है। खरेहना में रहने वाले अभिलाष तिवारी व आशीष तिवारी के बीच मंगलवार की शाम मामूली बात पर विवाद के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्ष अन्य लोग मदद को पहुंच गए। मारपीट में अभिलाष व आशीष के पिता शिव प्रकाश तिवारी जख्मी हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से क्रास रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी से गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** बीकेटी पुलिस ने किशोरी से गैंगरेप कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसने छात्रा पर ईंट से हमला भी किया था। मुकदमे में नामजद एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एसीपी बीकेटी ऋषभ के मुताबिक बाजारखाला के पाण्डेय का तालाब निवासी विमलेश कुमार को बुधवार सुबह रुद्रनगर के पास से पकड़ा गया। आरोपी ने मो. ऐश के साथ मिल कर सात सितंबर को किशोरी के साथ गैंगरेप किया था। पूछताछ में विमलेश ने बताया कि वह ऐश से मिलने के लिए बीकेटी गया था। अस्ती क्रासिंग के पास वह लोग खड़े थे। तभी 12 वर्षीय किशोरी मोमो खरीदने के लिए वहां आई थी। जिसे ऐश और विमलेश ने दबोच लिया। सुनसान जगह पर ले जाकर दोनों ने किशोरी से दुराचार किया। विरोध करने पर ईंट से हमला कर उसे घायल किया था। वहीं, मोबाइल पर वीडियो भी रिकार्ड किया था। एसीपी ने बताया कि विमलेश के खिलाफ बाजारखाला कोतवाली में भी वर्ष 2017 में छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था।

### कार में ब्वायफ्रेंड संग बैठी थी पत्नी, पति ने काटा हंगामा

**लखनऊ।** आशियाना स्थित एक रेस्त्रां के बाहर कार में पत्नी को ब्वायफ्रेंड के साथ बैठी देख पति का पारा चढ़ गया। पति के विरोध करने पर ब्वायफ्रेंड ने उसे पीट दिया और धक्का देकर भाग निकला। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने आशियाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। सुशांत गोल्फ सिटी निवासी युवक के मुताबिक 20 अगस्त को वह आशियाना की तरफ काम से गया था। स्पाइसी हब रेस्टोरेंट के पास पहुंचने पर उसे पत्नी की कार खड़ी नजर आई, जिसमें पत्नी के साथ आदित्य उपाध्याय मौजूद था। ब्वायफ्रेंड के साथ पत्नी को देख पति तैश में आकर दरवाजा खुलवाने का प्रयास करने लगा। काफी देर तक बीच सड़क पर हंगामा हुआ। विवाद बढ़ने पर आदित्य दरवाजा खोल कर भागने का प्रयास करने लगा। युवक के विरोध करने पर आदित्य ने उसकी पिटाई की और धक्का देकर फरार हो गया। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि मंगलवार को युवक ने थाने आकर तहरीर दी थी, जिसके आधार पर आदित्य उपाध्याय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### यात्रियों का मोबाइल चोरी में शातिर गिरफ्तार

**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन से यात्रियों के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोर को जीआरपी ने बुधवार को पकड़ लिया। उसके साथ 15 साल का एक नाबालिग भी है। आरोपी के पास से 13 मोबाइल बरामद हुए हैं। इनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने पश्चिम बंगाल के रहने वाले 26 वर्षीय युवक हसीन मुस्तफा को पकड़ा है। आरोपी अनजान लोगों को औने-पौने दामों पर मोबाइल बेच देता था।

### पूर्व शिक्षा निदेशक की जमीन पर कब्जा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** पूर्व शिक्षा निदेशक व सदस्य लोक सेवा आयोग अमृत प्रकाश की जमीन पर कुछ लोगों कब्जा कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीजीआई के उतरेठिया में रहने वाले पूर्व शिक्षा निदेशक व सदस्य लोक सेवा आयोग अमृत प्रकाश ने मुकदमे में बताया कि मोहनलालगंज में उनकी जमीन पर रानीखेड़ा में रहने वाले योगेन्द्र यादव व मोहनलालगंज में रहने वाले धर्मेन्द्र यादव, फैजू मोहम्मद व इजराउलहक ने अपने साथियों रावेन्द्र पासवान व सुरेश के साथ कब्जा कर लिया है। सीमेंट के खम्भे लगा दिए हैं। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि जांच की जा रही है।

# भोपाल हाउस की दुकानों में हो रहा अवैध निर्माण व कब्जे

## नगर निगम, दुकानदार की काली करतूत उजागर, निरस्तीकरण की कार्रवाई नहीं

लोकमित्र ब्यूरो


**लखनऊ।** नगर निगम से सटे भोपाल हाउस में 11 और 13 नंबर की दुकान में अफसरों और कर्मचरियों की मिली भगत से सिविल वर्क और कब्जा कराया जा रहा था इस बात की जानकारी होने पर निगम की ओर से पहले काम रोका और दूसरे दिन दोनों दुकानों पर नोटिस चस्पा करने की। चस्पा नोटिस में निगम कार्यालय द्वारा लिखा गया कि 4 सितंबर 2024 को प्रार्थना पत्र देकर यह अवगत गया था कि कई वर्षों से दुकाने बंद पड़ी थी इस लिए दुकाने जीर्ण शीर्ण हो गयी है जिसमें रंगाई पुताई व मरम्मत कराने की अनुमति मांगी गयी थी लेकिन दुकानों में अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर जब जांच पड़ताल की गयी तो पता चला कि दुकानों में तोड़फोड़ और दो छत्ती डाल दी गई है और कब्जेदारी की बात भी सही निकली।

मजेदार बात यह है कि नोटिस जारी करने वाले अफ़सरान नोटिस में ही दोनों दुकान कब्जा कराने की बात लिखा है,तोड़फोड़ व निर्माण को भी अवैध माना है तो दुकानों के निरस्तीकरण की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। सूत्रों की माने तो गिद्ध दृष्टि रखने



वाले दुकान माफिया किसी भी तरह से सम्पति हथियाने की जुगत में हैं। अगर अफ़सर मिले हुये नहीं हैं तो काम रोकने की औपचारिकता के बजाय दुकानों के आवंटन को निरस्त करने की कार्रवाई करनी चाहिए। प्रश्न यह है कि फ़र्जी पत्रावली तैयार कर दुकानों को कब्जा करने के इस खेल के पीछे और कौन लोग हैं ?

4 सितंबर 2024 को रंगाई पुताई कराने की अनुमति किसकी ओर से मांगी गयी वे दोनों आवेदक कौन हैं ? यह एक प्रश्न है। चर्चा के मुताबिक दोनों दुकानों के असल मालिकों एक वर्षों से दुनिया में नहीं है और दूसरा चलने फिरने में पूर्ण रूप से वेवस और असमर्थ है। यह भी जांच का विषय



है। दोनों दुकानों में दो छत्ती किसके आदेश बनवायी गयी अवैध कार्य माह भर चल रहा था विभाग किसी के शिकायत का इंतजार क्यों किया गया। यह बिल्डिंग अंग्रेजो के जमाने की निर्मित है और बहुत ही पुरानी है इसके बावजूद दोनों दुकानों को बाहर से ताला और अंदर धड़ल्ले से तोड़फोड़,सिविल वर्क कराया जा रहा था।

दुकान नंबर 11 कुमार संस के नाम थी मालिक जिसकी 2015 में मृत्यु हो चुकी है उसी समय से यह दुकान खाली होने के साथ बंद पड़ी थी दूसरी दुकान 13 नम्बर कमलेश खरबंदा के नाम से है वह भी लगभग सात साल से बंद पड़ी थी नियमतः दोनों दुकानों को निगम द्वारा निरस्त कर पुनः जरूरत मंद लोगों को आवंटित करते नही तो लीज या किराये पर देनी चाहिए थी जिससे विभाग को लाभ होता किन्तु ऐसा न करके नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलीभगत कर पार्टनरशिप के नाम पर दोनों दुकान दूसरे लोगों को क़ब्ज़ा कराया जा रहा है इसके बदले लाखों रुपये की रकम की लेनदेन की गई विभाग अछूता नहीं है द्य भोपाल हाउस की बिल्डिंग काफी पुरानी और कमजोर हो चुकी दुकानों में तोड़फोड़ से बिल्डिंग के साथ ही अन्य दुकानदार और राहगीरों को भी नुकशान पहुंच सकता है।

अफसर मिले हुये थे तभी फौरी तौरन काम रोका लेकिन दुकान माफिया को राहत देने के लिये ही निरस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की गई द्य जो लोग नगर निगम की सम्पति पर सरेआम डाका डाल रहे हैं उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई होनी चाहिए। आम ज़न चर्चा के अनुसार यदि पूरे मामले की जांच हुयी तो माल बटोरने वाले कई अफसरों पर कस सकता है शिकंजा।

# मड़ियांव के वेयर हाउस में लगी भीषण आग



▸▸ फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बूझाने में जुटी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी स्थित मड़ियांव इलाके में एक कंपनी का वेयर हाउस है। इस वेयर हाउस में बुधवार को भीषण आग लग गई है। वेयर हाउस में इलेक्ट्रॉनिक सामान रखे हुये है। आग लगने से इलेक्ट्रॉनिक सामानों में धमाके की बात भी सामने आ रही है। जिससे स्थानीय लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। बताया जा रहा है कि वेयर हाउस में रखी हुई फ्रिज समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों की वजह से आग तेजी से बढ़ती जा रही है। वहीं धुआं अधिक होने के कारण फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को मड़ियांव इलाके के एक वेयर हाउस में आग लगी है। जबकि मंगलवार को राजधानी स्थित शेरपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक गोदाम में भीषण आग लग गई थी। यह आग एक इलेक्ट्रानिक गोदाम में सुबह करीब 4 बजे के बाद लगी थी। थोड़ी ही देर में आग ने भीषण रुप ले लिया था और लगभग पूरा गोदाम ही धू-धू कर जलने लगा था। वहीं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था।

# राजधानी में आसमान साफ, दिन में तेज धूप रात के समय हल्की ठंड

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अक्टूबर की शुरुआत से ही मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप और रात के समय हल्की ठंड ने लोगों को बदलते मौसम का एहसास दिला दिया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सुबह और शाम के समय ठंडक महसूस हो रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, लखनऊ में बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना है। अक्टूबर के मध्य तक लखनऊ में न्यूनतम तापमान 18-19 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, जिससे सुबह और शाम के समय ठंड बढ़ने की उम्मीद है। हाल ही में मॉनसून के वापसी के बाद लखनऊ में बारिश की गतिविधियां लगभग खत्म हो गई हैं। अब मौसम शुष्क हो गया है। हालांकि, हवा में थोड़ी नमी बनी हुई है, जिससे दिन के समय हल्की उमस का अनुभव किया जा सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अक्टूबर के अंत तक लखनऊ में तापमान में और गिरावट आएगी, जिससे रातें और अधिक ठंडी होंगी। दिन में धूप तेज रहने की संभावना है, लेकिन हवा में ठंडक बनी रहेगी।

# लखनऊ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

## नवरात्र में मंदिर के बाहर महिला ने फेंके मांस के टुकड़े, जमकर हंगामा, लगे जय श्री राम के नारे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के बाजारखाला में कटरा खुदा यार खां मोहल्ले में स्थित लम्बदेश्वर शिव मंदिर के बाहर एक महिला ने मंगलवार देर शाम कुछ मांस के टुकड़े फेंक दिए। स्थानीय लोगों ने यह देखकर विरोध किया तो नोकझोंक शुरू हो गई। आक्रोशित लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मंदिर के बाहर जमकर हंगामा हुआ। गुस्साए लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाकर प्रदर्शन किया। पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई और महिला को पकड़ा गया। पुलिस ने लोगों को शांत करवाया।



मामला बाजार खाला क्षेत्र का है। लंबेश्वर मंदिर के गेट के सामने मांस के टुकड़े फेंके गए। एक महिला ने मंदिर के सामने मांस के टुकड़े फेंके थे। मांस के टुकड़े देख लोगों में आक्रोश दिखने लगा। मंदिर के बाहर मांस की जानकारी मिलते ही भीड़ मंदिर में पहुंची और हंगामा कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत करवाया। लोगों का कहना था कि लखनऊ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश के चलते ऐसा किया गया। वहीं आरोपी महिला का कहना था कि ये कुत्तों को खिलाने के लिए फेंके थे।

बाजारखाला इंस्पेक्टर संतोष आर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को हिरासत में ले लिया और मांस के टुकड़े मौके से हटवा कर साफ सफाई कराई। स्थानीय लोग महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इसके बाद पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित महिला का नाम अलीजा है। पूछताछ में पता चला कि वह अकेले रहती है। जिद्दी किस्म की है। स्ट्रीड डाग लवर है। कुत्तों के लिए एक झोले में मांस के टुकड़े लेकर चलती है, जहां मिलते हैं उन्हें खिलाती है। पहले भी इस तरह वह कर चुकी है। शाम को मंदिर के पास कुत्ते बैठे थे। उन्हें खिलाने के लिए मांस के टुकड़े फेंके थे। यह देख स्थानीय लोगों ने विरोध किया था।


# रफ्तार का कहर, कार ने 5 को रौंदा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को सआदतगंज इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने पांच लोगों को रौंद दिया है। जिससे पांचों गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए केजीएमयू के ट्रामा सेंटर पहुंचाया है। वहीं घटना को अंजाम देने वाला आरोपित कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

जिन लोगों का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है उनमें हरदोई निवासी मूलचंद, लखनऊ ठाकुरगंज निवासी नरेंद्र, सीतापुर निवासी पवन कुमार, सआदतगंज के निवासी इमरान खान और माल निवासी किशोरी लाल शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि बुधवार को







सआदतगंज स्थित कैंपवेल रोड के पास सड़क पर जा रहे राहगीरों को एक तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। जिससे वहां पर भगदड़ मच गई। इसी का फायदा उठाकर कार सवाल मौके से फरार हो गया है।

बीते शनिवार की रात को भी रफ्तार का कहर दो परिवारों पर बरपा था। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई थी। महानगर थाना क्षेत्र के खाटू श्याम मंदिर के पास शनिवार देर रात नशे में धुत केजीएमयू के डॉक्टर ने कार से बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया था । पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही दोनों युवकों का शव उनके घर पहुंचा तो स्थानीय लोगों ने पुलिस पर मामलें में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया था।

पुलिस के मुताबिक निशातगंज गली नंबर-2 निवासी पार्थ शुक्ला (17) और पुराना हैदराबाद निवासी प्रेम निषाद (22) की हादसे में मौत हो गई थी। पार्थ कक्षा 9वीं का छात्र था। वहीं प्रेम नाव चलाता था। पार्थ के ताउ रवि ने बताया था कि घर के सामने सभी लोगों ने मिलकर जागरण का आयोजन किया था। वहां मोहल्ले के लोग मौजूद थे। देर रात करीब एक बजे पता चला फूल नहीं थे। इसपर पार्थ ने आसपास देखा, लेकिन मिले नहीं। इस पर वहां मौजूद पार्थ के दोस्त प्रेम ने कहा चलो हनुमान सेतु मंदिर के पास एक दोस्त की दुकान से लेकर आते हैं।

प्रेम अपने भाई राहुल की बाइक से पार्थ के साथ निकल गया। । रात करीब एक बजे खाटू श्याम मंदिर के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों छिटककर सड़क पर गिर गए।

चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन दोनों को रौंदते हुए रेलिंग में जा घुसी। पास में मौजूद एक गार्ड को देख चालक भागने का प्रयास किया तो उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि परिवारीजन को सूचना देते हुए अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों की मौत गई। अतिरिक्त निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। कार चालक की पहचान केजएमयू के डॉक्टर के रूप में हुई थी।

# सील तोड़ कर निर्माण कराने पर मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र पास कराए निर्माण कराए जाने पर दो इमारतों को सील किया गया था। आरोप है कि भवन मालिकों ने एलडीए की लगाई सील को तोड़ कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। यह जानकारी मिलने पर एलडीए अभियंता की तरफ से अमीनाबाद और गोमतीनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जोन-छह के अवर अभियंता एसके दीक्षित ने अमीनाबाद कोतवाली में नजनीन फातिमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गन्ने वाली गली में नजनीन ने नक्शा पास कराए बिना निर्माण कार्य शुरू किया था। सूचना पर 14 मार्च 2024 को एलडीए की तरफ से भवन पर सीलिंग की कार्रवाई



की गई थी। कुछ दिन पूर्व अभियंता को पता चला कि सील तोड़ कर निर्माण कराया जा रहा है। भौतिक निरीक्षण करने पर आरोप सही पाए गए। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं, गोमतीनगर कोतवाली में लविप्रा जोनल अधिकारी जोन-एक की तरफ से विपुलखंड निवासी सुषमा सत्संगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी भवन मालिक ने सील तोड़ कर निर्माण कार्य शुरू किया था।

# धंसी सड़क की मरम्मत शुरू हुई

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** इन्दिरा नगर बी ब्लॉक में धंसी मुख्य सड़क की मरम्मत फिर से शुरू हो गई। दो दिन तक मरम्मत का कार्य ठप रहा। मजदूर जस का तस छोड़कर चले गए थे। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने प्रमुखता से खबर छापी तो सुबह ही कार्य फिर से शुरू हो गया। रिंग रोड से बी ब्लॉक, भूतनाथ और दूसरी ओर सी ब्लॉक होते हुए अयोध्या रोड जाने का यह प्रमुख रास्ता है। सड़क धंसने की वजह सीवर लाइन में आई दरार थी। इसका कार्य अपनी ओर से कार्यदायी एजेंसी सुएज पूरा कर लिया था। आगे का कार्य जलकल को करना था, लेकिन बालू नहीं आई थी। बुधवार को सुबह ही ट्रकों से बालू गिराई जाने लगी। बालू और मिट्टी भरने के बाद सड़क बनाए जाने का कार्य किया जाएगा। बी ब्लाक में 30 सितंबर को सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने से सड़क धंस गई थी।




सुरक्षा की दृष्टि से सड़क से आवागमन बंद कर दिया गया। लोगों को आने-जाने के लिए दूसरे मार्ग से घूम कर जाना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें लगभग एक से डेढ़ किमी का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। जलकल विभाग ने सड़क धंसने से हुए गड्ढे में जमा पानी को निकाल कर मरम्मत कार्य कार्यदायी संस्था सुएज के माध्यम से शुरू कराया।

मौजूदा समय एक सड़क पर ही दोनों ओर का ट्रैफिक चल रहा है। जिस जगह गड्ढा है वहां बेरिकेडिंग लगाई गई है। उसी स्थान पर डिवाइडर खुला है जहां से वाहन दूसरी लेन में जाते हैं। नगर निगम के जलकल विभाग ने इसी मोड़ पर बालू का ढेर लगा दिया है। नतीजतन वाहनों के निकलने के लिए बहुत कम जगह बची है। ऐसे में लोगों की दिक्कत और बढ़ गई है। आसपास रहने वालों का कहना है कि सड़क धंसी थी तो दावा किया गया था कि एक सप्ताह में सड़क की मरम्मत कर आवागमन शुरू करा दिया जाएगा। नौ दिन बीत चुके हैं लेकिन समस्या दूर नहीं हुई। नगर निगम के अधिकारी भी एक बार देखने नहीं आए।

# सैन्य अधिकारी का अपहरण कर 69.48 लाख हड़पे,मकान दिखाने के बहाने ले गए

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आशियाना इलाके में सैन्यकर्मी का अपहरण कर खाते से 69.48 लाख ट्रांसफर कराए। कनपटी पर असलहा सटाकर हरदोई लेकर चले गए। रास्ते में मोबाइल का पासवर्ड मांगने लगे नहीं बताने पर उनकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। कोर्ट के आदेश के बाद आशियाना थाने में मामला दर्ज किया गया है। आशियाना में रहने वाले सैन्य अधिकारी को प्लाट खरीदना था। इसके लिए उन्होंने कई लोगों से बातचीत की थी। 23 नवंबर 2023 को अज्ञात नंबर से उनके पास कॉल आई। प्लाट दिखाने के बहाने मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन के पास बुलाया। वहां पर एक युवक मिला जो एक मकान की तीसरे फ्लोर पर ले गया। वहां पर एक अन्य लड़का असलहा लेकर आया। इसके बाद असलहा के बल पर कमरे में बंधक बनाकर मोबाइल छीन लिया।

# बीबीडी की मेस में मिली गंदगी, एफएसडीए ने दिया नोटिस

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** अयोध्या रोड स्थित निजी विश्वविद्यालय की मेस में गंदगी मिली। पानी की जांच रिपोर्ट तक नहीं थी। भोजन बनाने में मानकों का पालन नहीं हो रहा था। ऐसे में एफएसडीए ने मेस संचालक को नोटिस दिया है। साथ ही मौके पर पनीर, दही और पके चावल का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। एफएसडीए के सहायक आयुक्त विजय प्रताप सिंह ने बताया कि कई दिनों से बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्र मेस में घटिया खाना परोसे जाने की शिकायत कर रहे थे। आए दिन सोशल मीडिया पर भी इससे संबंधित वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं। ऐसे में एफएसडीए ने बुधवार को अचानक छापा मारा। पनीर, दही, पके चावल और बेसन की गुणवत्ता प्रथम दृष्टया सही नहीं लगी। ऐसे में इन खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। इस कैंटीन का संचालन श्रीबालाजी इंटरप्राइजेज अलीगंज लखनऊ कर रही है। इसके प्रोपराइटर विपिन तिवारी हैं।

मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार को एफएसडीए ने छापेमारी की। इस दौरान विभिन्न स्थानों से कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा, सूखा मेवा, मूंगफली, साबूदाना, रामदाना आदि के 17 नमूने लिए। इन नमूनों को प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। डालीगंज से साबूदाना, काजू, अहिबरनपुर सीतापुर रोड से चमचम, राजाजीपुरम से घी, किशमिश, खरिका तेलीबाग से कुट्टू आटा, किशमिश, इन्दिरा नगर से मूंगफली, कुट्टू आटा, मटियारी चिनहट से मूंगफली और मौलवीगंज से दूध के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

## ग्राम प्रधान व सचिव निराश्रित गौवंशो के अंतिम संस्कार को नहीं समझ रहे अपनी ज़िम्मेदारी

लोकमित्र ब्यूरो




**एटा।** विश्व हिन्दू परिषद् जिला मंत्री शिवांग गुप्ता ने बताया ग्राम तिरगंवा थाना जैथरा के अंतर्गत आज एक निराश्रित गौवंश का सक्षम मिश्रा प्रखंड सहसंयोजक बजरंग दल, तरुण, मोहित, अमन कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों से गड्ढा खोदकर, उसका विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। विश्व हिन्दू परिषद् के गौरक्षा आयाम द्वारा गौ रक्षण व संवर्द्धन के कार्य निरंतर गांवों में चलते रहते है। वन्ही बजरंग दल कार्यकर्ता गौ तस्करी रोकने व चोटिल, दुर्घटनाग्रस्त निराश्रित गौवंशों को पशु चिकित्सकों द्वारा इलाज तथा उनको गौशाला पहुंचवाने में सहयोग करते है। दुर्भाग्यपूर्ण यदि उनकी मृत्यु हो जाती है तो प्रशासनिक व समाज की साहयता से उनको भूमिगत करा के,अंतिम संस्कार का कार्य भी करते हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा गौ सेवा आयोग की देखरेख में प्रदेश में गौवंशो के हित के लिए चलाए जा रहे सभी कार्य व योजनाएं भी प्रशंसनीय है, बावजूद इसके कुछ अधिकारियों की लापरवाही व ज़िम्मेदारी न समझने से जनपद में 1 माह में ही दुर्घटनाओं में सैकड़ों गौवंश मृत्यु को प्राप्त हो जाते है। जब इनके अंतिम संस्कार की बात आती है, तो निंदाजनक टालमटोल, देरी, अनदेखी,जिम्मेदार ग्राम प्रधान व उनके सचिव के द्वारा दी जाती हैं, वह आए दिन समाज के द्वारा प्रकाश में आती रहती है। विश्व हिन्दू परिषद् गौवंशों के प्रति इस तरह की लापरवाही अब स्वीकार नहीं करेगा। जल्द ही लिखित सभी निराश्रित गौवंशो की समस्याओं को लेकर गौ सेवा आयोग को शिकायत करेगा।

# जिलाधिकारी ने लाभार्थी से संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन





लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** मिशन शक्ति फेज 5 के विशेष अभियान के अंतर्गत निदेशालय द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों में 09 अक्टूबर को निर्धारित संवाद जिलाधिकारी के साथ थीम के अंतर्गत जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के साथ जनपद में चल रही योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, बाल सेवा योजना की लाभार्थी बालिकाओं एवं महिलाओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बाल सेवा योजना के लाभार्थी ज्योति, साहज़, आकांक्षा, हिमांशु एवं कन्यासुमंगला की लाभार्थी मानवी, नीलम, हिमांशी, पल्लवी, श्वेता आदि से संवाद के दौरान बालिकाओं तथा महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में तथा उनके समाधान के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सत्यम त्रिपाठी द्वारा किया गया इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश, वन स्टॉप सेंटर एटा केंद्र प्रबंधक जागृति चतुर्वेदी, केसवर्कर शिल्पी सक्सैना, स्टाफ नर्स आरती आदि उपस्थित रहे।

## आई ई सी कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जनपद के जैथरा विकासखण्ड़ सभागार में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आईईसी कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी मोहम्मद जाकिर ने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है बिना जल के जीवन संभव नहीं है इसलिए हम सबको मिलकर जल संरक्षण करने की आवश्यकता है क्योंकि आने वाले समय में वही देश सशक्त और मजबूत होगा जिसके पास पीने योग्य पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल रहेगा इसलिए हम सभी का दायित्व है कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल को संरक्षित करें प्रशिक्षक नारायण लाल ने बताया कि किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज की प्रत्येक वर्ग का योगदान आवश्यक है। अतः सभी नागरिक को का यह कर्तव्य है कि देश हित व समाज हित में जल जीवन मिशन को सफल बनाना नितांत आवश्यक है इसलिए द्वितीय चरण की आठ गतिविधियों के माध्यम से विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत में जन जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा संज्ञान लखनऊ के प्रशिक्षक आशुतोष ने बतलाया कि , भारत का 80न्न सतही जल प्रदूषित है जो यह दर्शाता है कि भारत जल आपातकाल से गुजर रहा है। देश में उपलब्ध जल संसाधनों की गुणवत्ता में कमी और जनसंख्या में हुई तीव्र वृद्धि के कारण प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता में भारी गिरावट आई है।

# सपा नोएडा महानगर ने मनाया काशीराम का पुण्यतिथि

देव मणि शुक्ल



**नोएडा।** समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर संगठन द्वारा सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय कंचनजंगा मार्केट सेक्टर 53 में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में गरीबों दलितों पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों की आवाज काशीराम जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि काशीराम जी ने पिछड़ा व दलित सहित अन्य वर्गो के अधिकारों के लिए जो आवाज उठाई उसकी गूंज आज भी याद की जाती है। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि भारतीय राजनीति और समाज में एक बड़ा परिवर्तन लाने में काशीराम साहब ने एक आम भूमिका निभाई है। सभा का संचालन महानगर महासचिव विकास यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में जयकरण चौधरी, उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव, विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान, वीरपाल प्रधान, महकार तंवर, राम सहेली, आरिफ ,बिल्लू सैफी ,अच्छे मियां, सुमित चौधरी, गौरव यादव, विश्वास, कवित गुर्जर, सतवीर गौतम, विनोद कुमार ,रामवीर यादव ,अजब सिंह, गौरव सिंघल ,बाबूलाल बंसल, सतवीर यादव, रामपाल सिंह, उदय सिंह ,राणा मुखर्जी, संतोष कुमार सिंह, रंजन ,विवेकानंद सिंह अमित यादव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## नहीं बांटी डीएपी भटकते रहे किसान, एसडीएम को बंद मिली सहकारी समिति



लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** डीएपी के लिए किसान लगातार भटक रहे है। मंगलवार को क्षेत्र की सांथा नवीपुर में एक ट्रक डीएपी आने के बाद भी बुधवार को किसान पूरे दिन सहकारी समिति पर बैठे रहे। मगर समिति का ताला नही खुला। किसान चिलचिलाती धूप में डीएपी लेने के लिए खड़े रहे। किसानों द्वारा इस सम्बंध में एसडीएम जलेसर से शिक़ायत की गयी। एसडीएम विपिन कुमार तत्काल सांथा नवीपुए पहुंचे। जहाँ साधन सहकारी समिति बन्द मिली। विदित हो कि तहसील क्षेत्र में धान कटाई के तुरंत बाद ही में गेहूं फसल के लिए खेतों में बुवाई शुरू हो जाएगी। साथ ही आलू उत्पादन में भी बड़े पैमाने पर डीएपी खाद का उपयोग किया जाएगा। किसानों को इस समय डीएपी खाद की अति आवश्यकता है। ऐसे समय में डीएपी की कमी या फिर भीड़ अधिक हो जाने की सोच अधिकांश किसान अभी से डीएपी की खरीदारी करने लग गये है। एसडीएम विपिन कुमार मोरेल ने बताया कि किसानों द्वारा बताया गया था कि सांथा नवीपुर स्थित साधन सहकारी समिति बन्द पड़ी है। सचिव डीएपी नही वितरित कर रहा है। मौके पर पहुंचे तो सहकारी समिति बन्द मिली थी। समिति पर स्टॉक में उपलब्ध डीएपी की जानकारी करने के लिए सचिव से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया। मगर बात नही हो सकी।

# एसिड बिक्री की सूचना पर इंस्पेक्टर ने की जांच, दुकानदार हक्का-बक्का


लोकमित्र ब्यूरो




**कोठी।** थाना क्षेत्र स्थानीय चौराहा से लेकर जैदपुर मोड़ तक बुधवार पुलिस टीम ने प्रतिबंधित एसिड की बिक्री करने की सूचना पर मेडिकल स्टोर, इलेक्ट्रॉनिक्स व सराफा दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान व्यापारियों से बगैर लाइसेंस के प्रतिबंधित वस्तुओं की बिक्री नहीं करने अपील कीब। दुकान समीप संदिग्ध व्यक्तियों की देखने सूचना पुलिस को देने बात कही। पुलिस टीम अभियान को देखकर चौराहे पर हड़कंप मच गया। लोगों बेवजह शटर डाउन करके भाग खड़े हुए। मिशन शक्ति फेज -5 अभियान तहत बुधवार को कोठी इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह, एसएसआई शिव सागर तिवारी व छूद्दू चौधरी, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रामनरेश यादव संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित एसिड बिक्री सूचना पर कोठी चौराहा से लेकर जैदपुर मोड़ तक मेडिकल स्टोर, इलेक्ट्रॉनिक, बैटरी ब्रिकी व सराफा दुकानों पर जांच पड़ताल की गई। जिसमे जैदपुर मोड़ स्थित आदर्श बैटरी सर्विस, सूर्या बैट्री एंड इलेक्ट्रॉनिक हाउस व भोला संस्थान मेडिकल स्टोर समेत अन्य दुकान शामिल हैं इस दौरान इंस्पेक्टर ने बगैर वैध लाइसेंस के प्रतिबंधित वस्तुओं के बिक्री नहीं करने दुकानदारों व व्यापारियों से वार्ता की। साथ ही दुकान आस-पास संदिग्ध व्यक्तियों के देखे जाने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने को भी कहा है। इस अभियान चलते चौराहा अधिकांश दुकानदारों में हड़कंप मच गया। वह बिना वजह जाने शटर डाउन करके भाग खड़े हुए। ऐसे व्यक्तियों की पुलिस टीम से अलग से पहचानकर करने में जुटी है। इस मौके पर दरोगा शिवअंजोर मिश्र, हेड कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह,सिपाही राजेश्वर व विवेक आदि मौजूद थे।

## अष्टमी व नवमी मनाने वाले 11 अक्टूबर को कन्या पूजन करें: आचार्य दीपक तेजस्वी

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद ।** इस बार अष्टमी और नवमी दोनों की सही तिथि को लेकर लोगों में भ्रम बना हुआ है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि 10 अक्टूबर या 11 अक्टूबर किस दिन अष्टमी व्रत की पूजा करनी चाहिए। आचार्य दीपक तेजस्वी ने कहा कि यह भ्रम नवरात्रि की एक तिथि बढ जाने के कारण हुआ है। इसी कारण सप्तमी व अष्टमी तथा अष्टमी व नवमी एक ही दिन पड गई। नवरात्रि में तिथि बढना शुभ माना जाता है। अष्टमी तिथि का आरंभ 10 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजकर 31 मिनट से हो रहा है, जो अगले दिन 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 06 मिनट तक रहेगी। 12 बजकर 6 मिनट के बाद नवमी तिथि शुरू हो जाएगी। आचार्य दीपक तेजस्वी ने कहा कि ऐसे में जिनके यहां अष्टमी का पूजन होता है, वे 12 बजकर 06 मिनट से पहले ही अष्टमी पूजन कर लें। वहीं जिनके यहां नवमी का पूजन होता है, वे उसके पश्चात नवमी का कन्या पूजन कर सकते हैं। यानि अष्टमी व नवमी मनाने वाले 11 अक्टूबर को कन्या पूजन करके अपने व्रत का पारण कर सकते हैं, अर्थात उसे खोल सकते हैं और भोजन कर सकते हैं।

# भाजयूमो द्वारा सदस्यता अभियान लोगों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद ।** महानगर के अलग अलग क्षेत्र में भाजयूमो द्वारा सघन सदस्यता अभियान चलाया गया ।महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व मे विभिन्न कालेज, मुख्य चौराहा एवम डिग्री कॉलेज में युवाओं को भाजपा सदस्यता अभियान से जोड़ने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सतेंद्र अवाना उपस्थित रहे ढ्ढइस सदस्यता अभियान के दौरान अलग अलग कॉलेजों में हजारों युवाओं ने नरेंद्र मोदी एवम योगी आदित्यनाथ सरकार की जनकल्याण नीतियों और विशेष कर देशभर में युवाओं के कल्याण के लिए चलाए जा रहे युवा कल्याण कार्यक्रमों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर महानगर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढा ने बताया कि जब से पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया है तब से देश के युवाओं में सदस्यता ग्रहण करने के लिए एक विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाए गए अनेक रोजगारमूलक कार्यक्रमों के कारण संभव हो पाया है जिस कारण अधिक से अधिक युवा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र अवाना ने युवाओं से यह भी आग्रह किया की देश एवं प्रदेश में भाजपा की ही सरकार है जो युवाओं के बारे में सोचती है और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहती है इसलिए सदस्य अभियान में युवाओं से अपील की की ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा से जुड़े ढ्ढ कार्यक्रम इंदिरापुरम मंडल के इंदिरापुरम मार्केट में हुआ । प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोवनेस त्यागी, प्रयाम सक्सेना, विपिन पारचा एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## नवरात्रि के सांतवे दिन निकाली गयी ज्योति यात्रा सरद



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** नवरात्रि के सतमी के दिन ज्योति यात्रा कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से निकाली गई। महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने स्वागत कर प्रसाद ग्रहण किया। कस्बा मसौली बाजार स्थित दुर्गा मन्दिर परिसर के प्रांगण में स्थापित दुर्गा प्रतिमा की ज्योति यात्रा गाजे-बाजे के साथ बड़ी धूमधाम के साथ कटरा,भुलीगज, बाजार, बुद्धि पुरवा सहित मोहल्ला निकाली गई।जिसका सह स्वागत कर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर थाना प्रभारी यशकंत सिंह, राज करन सिंह,प्रेम वर्मा, अखिलेश यादव,पिन्कू सैनी,आकाश गुप्ता, सन्तोष नाग, राहुल नाग, दिलीप, शिवम गुप्ता, ओम नाग, दीपक नाग आज लोग ज्योति यात्रा में शामिल हुए।

# लेखपाल का रुपये लेते हुए वीडियो हुआ वायरल

**गरीब विधवा से रिपोर्ट लगाने को ली थी रिश्वत, एक माह में चौथा वीडियो हुआ वायरल**

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जहाँ एक ओर प्रदेश में जीरो टॉलरेंस शासन होने के दावे कर रहे हैं वही जलेसर तहसील के रजिस्ट्रार क़ानूनगो, कानूनगो और लेखपालों द्वारा खुलेआम रिश्वत मांगे जाने और लिए जाने के ऑडियो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के लगभग एक माह बाद बुधवार को एक बार फिर एक चकबन्दी लेखपाल का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। परिणामस्वरूप ये वायरल ऑडियो-वीडियो योगी सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं। बुधवार को जलेसर तहसील के ही एक चकबन्दी लेखपाल का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में एक चकबन्दी लेखपाल एक किसान से पांच सौ रुपये का नोट लेते हुए स्पष्ट दिखायी पड़ रहे है। वीडियो वायरल होने के बाद जहाँ तहसील कार्यालय में हड़कम्प मचा हुआ है वही योगी सरकार में जमकर खुलेआम हो रही रिश्वतखोरी लोगो मे चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो जलेसर तहसील के एक चकबन्दी लेखपाल राजकुमार द्वारा एक किसान से पांच सौ रुपये का नोट लिए जा रहा है। वायरल वीडियो में ली गयी रिश्वत एक पीड़ित द्वारा आय प्रमाण पत्र बनबाने के लिए रिपोर्ट लगबाये जाने के लिए दिया जाना बताया जा रहा है। पीड़ित क्षेत्र के गांव नगला क्यार बताया जा रहा है। पीड़ित द्वारा इस सम्बंध में एक शिकायती पत्र एसडीएम जलेसर को भी दिया गया है। हालांकि समाचारपत्र वायरल वीडियो के समय,स्थल तथा लगाये जा रहे आरोपों की पुष्टि नहीं करता है। वही एसडीएम विपिन कुमार मोरेल ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

**एसडीएम से चकबन्दी लेखपाल की शिकायत**

जलेसर पीड़िता लक्ष्छो देवी पत्नी स्व0 रामप्रसाद ग्राम नगला क्यार पो0 सिमराऊ थाना जलेसर जिला एटा ने बताया कि उसने एक आय प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जन सेवा केन्द्र (जितेन्द्र कुमार सीएससी गवर्नेस) खानपुर के नाम ग्राम महानमई पर आवेदन किया था। जिसकी रिपोर्ट लगवाने के लेखपाल राजकुमार वघेल ने 500 /- रूपये मांगे तो उसने मजवूरी दिखाई कि मैं गरीब व विधवा महिला हूॅं। इतने रूपये नहीं दे सकती हूँ। तो लेखपाल ने साफ मना कर दिया कि जब तक पाँच सौ रूपये नहीं दोगी मैं रिपोर्ट नहीं लगाऊँगा और तुम्हारे आवेदन को निरस्त करा दूँगा। तब पीड़िता ने मजबूरी वश अपने नाती से 500/- दिलवाये जो बाजार से सामान खरीदने के लिये लाई थी। जिसकी वीडियो प्रार्थिया के नाती के पास मौजूद है। समय पर उपलब्ध करा दी जायेगी। आय प्रमाण पत्र का क्रमांक नं. 242010010066937 है। पीड़िता ने एसडीएम जलेसर से लेखपाल राजकुमार वघेल के विरूद्ध आवश्यक विभागीय कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है।

## दो बाईकों की आमने सामने भीसड़ भिडंत

**एटा।** मंगलवार की दोपहर करीब ढाई बजे थाना नयागांव क्षेत्र के अलीपुर के पास सुल्तानपुर में दो बाईकों की आमने सामने भीसड़ भिडंत हो गई।जिसमे एक बाइक पर सवार एक महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर पहुंची थाना नयागांव पुलिस ने तत्काल सूचना 108एंबुलेंस को दी,जिसमे बाद तत्काल मौके पर 108एंबुलेंस पहुंची।जिसमे ईएमटी आकाश दुबे और चालक सूरज ने तत्काल दौनों घायलों को एंबुलेंस में बिठाया,उसके बाद ईएमटी आकाश दुबे ने दौनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए ईआरपीसी डॉ से संपर्क कर दौनों घायलों की स्थित के बारे के जानकारी दी। ईआरपीसी डॉ के निर्देशानुसार ईएमटी ने दोनो घायलों का प्राथमिक उपचार किया।जिसके बाद उनकी हालत कुछ स्थिर हुई।उसके बाद सीएचसी अलीगंज पर भर्ती करवाया गया।जहां उनका चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया,मामले में फार्मासिस्ट सौरभ कुमार ने बताया, कि दोनों की हालत स्थिर है।

# स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बालिकाओं को बताएं गुर

**आपातकालीन परिस्थितियों से बचने में सहायक होते हैं स्काउट प्रशिक्षित**

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** अलीगंज के कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं को स्काउट गाइड के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं के आत्मरक्षा हेतु गुर सिखाये गए। अलीगंज के जाजलपुर में स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आज दूसरे दिन कैंप में सोनी गाइड कैप्टन द्वारा छात्राओं को टेंट बनाना, ध्वजारोहण, गांठे लगाना, बिना बर्तन के भोजन बनाना, मीनार बनाना और आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये। कैंप के समापन समारोह में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा संजय मिश्रा ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया और कहा बच्चे राष्ट्र धरोहर हैं स्काउट के प्रशिक्षण से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और बच्चों में नेतृत्व करने की क्षमता बढ़ती है और इसके साथ ही साथ आपातकालीन परिस्थितियों से बचने में भी सहायक भी होते हैं। स्काउट प्रशिक्षित बच्चों में व्यवहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान के साथ ही साथ रचनात्मक ज्ञान का भी विकास होता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रमिला वार्डन, शिक्षक शिक्षिकाएं शिखा रावत, उपासना, शैलेश, विनीता, नीलम मिश्रा, दिनेश भारती, रुचि सक्सैना, नरेंद्र सिंह, राजू सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### समयावधि में किसान करें आवेदन

**अमेठी।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद हेतु 100 कुन्तल आलू बीज (लाल प्रजाति) आवंटित हुआ है, आलू बीज आधारित प्रथम की दर रू0 3495 एवं आधारित द्वितीय की दर रू0 2680 है। उन्होंने बताया कि जनपद में आलू बीज राजकीय बिक्री केन्द्र अमेठी मुंशीगंज रोड, बी0एस0एन0एल0 ऑफिस के बगल) 12 अक्टूबर से शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर नकद विक्रय किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त तिथि को कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी अमेठी में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर किसानों को बीज उपलब्ध कराने के बाद ही बीज उपलब्ध होने की दशा में अन्य किसानों को बीज उपलब्ध कराया जायेगा।

### जहरीला कीड़ा काटने से एक महिला सहित दो की हालत गम्भीर

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरियावर निवासी तुलसी की पत्नी शांती 27 वर्ष बीते मंगलवार की शाम अपने घर में जानवरों को चारा-पानी कर रही थी। तभी अचानक किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देखकर परिजन आनन-फानन रात में उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा आज बुधवार की सुबह फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम भुलभुलिया खेड़ा निवासी प्रिंस 14 वर्ष पुत्र महेश को भी जहरीले कीड़े ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने किशोर का उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पुलिस ने दबोचा अवैध तमंचा के साथ गैंगस्टर



**शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के दौरान बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर सौरभ निषाद को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की एसआई राम प्रताप ने गुप्त सूचना के आधार पर अपनी टीम के साथ कल्लू पुरवा निवासी सौरभ निषाद को धर दबोचा। सौरभ पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, और उसकी गतिविधियों पर पुलिस की नजर थी। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने सौरभ को आर्म्स एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस का यह अभियान न केवल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। बल्कि अराजक तत्वों में कानून और प्रशासन के प्रति खौफ भी भरने का काम करेगा।

### हरियाणा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने जलेबी खिला मनाया जश्न



**बीघापुर, उन्नाव।** हरियाणा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने बीघापुर मण्डल अंतर्गत बीघापुर कस्बे में ढोल नगाड़ों और अतसबाजी के साथ जीत का उत्सव मनाया भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे माला पहना जलेबी खिला लोगों जश्न मना जलेबी बांटी। कार्यक्रम मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद नारायण शुक्ला मंडल अध्यक्ष अतुल पटेल कुलदीप सिंह विकास अग्निहोत्री शत्रुघ्न गुप्ता आदि उपस्थित रहे

### भारतीय किसान यूनियन ने दिया धरना

**औरास उन्नाव।**ब्लॉक मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (आरा) टिकैत ग्रुप के ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जंहा पर विकासखंड के विभिन्न ग्राम सभा में स्वच्छता मलेरिया कि दवा का छिड़काव नालियों की सफाई मच्छर जनित रोगों से बचाव विभिन्न ग्राम सभा में बदहाल गौशाला की व्यवस्था सुधारने कई गांवों को विकासखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली खराब सड़कों तथा सीमउ ग्राम सभा में अमृत सरोवर में डाली गई सिंघाड़े की फसल आदि को लेकर खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौप कर मांगों पर विचार करने का आग्रह किया।

### मां कालरात्रि के दर्शन के लिये मंदिरों में उमड़ी भीड़



**शुक्लागंज, उन्नाव।**मंगलवार को नवरात्र के सातवे दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में भारी भीड़ रही। राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की लाइनें लगी रही। वहीं मंदिर में मुंडन संस्कार भी कराया गया। नवरात्रि के सातवे स्वरूप मां कालरात्रि के दर्शन के लिये शुक्रवार सुबह से ही नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों की भीड़ रही। मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम देवी भक्तों की भीड़ रही। घरों में मां की पूजन और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। घरों में कलश स्थापित कर पूजन- अर्चना करने के साथ मंदिरों में भी भक्तों ने मत्था टेक मां से मनोकामना सिद्ध करने की प्रार्थना की। दिनभर मां के जयकारे लगते रहे। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है।

### जिला सहकारी बैंक की बैठक में अरुण ने रखी प्रगति आख्या



**उन्नाव।** जिला सहकारी बैंक लि0 मुख्यालय के बैंक सभागार में प्रबंध समिति की बैठक सभापति अरुण सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गयी।

सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ की गयी, जिसमें एजेण्डे में उल्लिखित बिन्दुवार प्रस्ताव को पढ़कर सुनाया और पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी। तत्पश्चात् 3 सितम्बर तक का ऋण विरतण, निक्षेप एवं बैंक के वर्तमान वित्तीय वर्ष प्रथम त्रैमास एवं द्वितीय त्रैमास के सन्तुलन पत्र, आय-व्यय एवं लाभ-हानि का अनुमोदन हेतु प्रस्तुतिकरण किया गया। बैंक में कर्मचारियों की कमी को दृष्टिगत रखते हुये रिक्त पदों का अधियाचन भेजे जाने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही नये भवन मुख्यालय एवं वी0सी0 हॉल का सौंदर्यीकरण एवं साज-सज्जा तथा नये भवन के समीप पड़ी रिक्त जमीन में हॉल के इस्टीमेट तैयार कराकर निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पी0एम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर प्लान्ट लगाने हेतु लॉन्ग टर्म लोन योजना को बैंक में लागू किये जाने एवं प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना बैंक में लागू किये जाने का निर्णय लिया गया।

# परिनिर्माण दिवस पर दी श्रद्धांजली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** बामसेफ, डी एस फोर और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के 18वें परिनिर्वाण दिवस पर बसपा समर्थकों और अम्बेडकरवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ अन्य राजनीतिक दलों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। कांशीराम की 18वीं पुण्यतिथि पर बसपा के कार्यकर्ताओं में बड़ी संख्या में कांशीराम स्मारक स्थल, लखनऊ पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मंगलवार को आधी रात के बाद से बुधवार को दिन भर लोग मान्यवर कांशीराम को नमन करने के साथ उनके संदेश शेयर करते देखे गए।मान्यवर कांशीराम के 18वें परिनिर्वाण दिवस पर बसपा और बामसेफ के पदाधिकारियों ने सुबह अपने घरों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के बाद श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी के अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। अम्बेडकर कल्याण समिति की ओर से जनता नगर, भादर में माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी,भीम आर्मी ,एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन और अपना दल के कार्यकर्ताओं ने भी बहुजन नायक कांशीराम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब युग पुरुष थे। उन्होंने सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण करने वाले 6743जातियों में बंटे हुए समाज को बहुजन समाज का नया स्वरूप प्रदान कर भारतीय राजनीति के व्याकरण को बदलने का काम किया। संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर द्वारा दिए गए वोट के अधिकार के प्रयोग का सही तरीका सिखाया। बहुजन समाज को योग्य और कुशल नेतृत्व प्रदान करने के लिए 15दिसम्बर 2001को लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान में आयरन लेडी बहन कुमारी मायावती जी को आत्म सम्मान,स्वाभिमान और सामाजिक परिवर्तन के मानवतावादी मूवमेंट का उत्तराधिकारी घोषित किया। सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जैसा त्यागी राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक आजादी के बाद भारतीय राजनीति में और कोई नहीं और नहीं मिलता। उन्होंने श्मसान घाट से दस रुपए में कोट खरीदकर सर्दी से बचाव करते हुए बहुजन मूवमेंट को आगे बढ़ाया, कभी अपने लिए कपड़े नहीं खरीदे, सूखी रोटी पानी में भिगो कर खाई 4200रु साइकिल चलाकर बहुजन समाज पार्टी को अपने जीते जी राष्ट्रीय पार्टी बना दिया।आर डी गौतम, रामचंद्र, रमेश कोरी, शकुंतला भारती, राजेश अकेला, धर्मेंद्र भारती,, शमशेर बौद्ध, सुरेन्द्र बौद्ध, डा जयभीम, बसपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार, जिला प्रभारी दिनेश गौतम, विजय गौतम, इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी, त्रिभुवन दत्त, राम बली गौतम , हरिश्चंद्र कोरी, अरुण कुमार शास्त्री आदि ने सोशल मीडिया के माध्यम से कांशीराम के भाषणों के अंश और राजनीतिक संदेश लोगों को शेयर किए हैं।

# बच्चों संग अभिभावकों ने किया डांडिया नृत्य

**देश के अलग अलग प्रांतों की भेषभूषा नृत्य को किया प्रदर्शित**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल मे डांडिया नाइट मे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम के अंत मे बच्चो संग अभिभावकों ने भी डांडिया की छडी पर हाथ आजमाया।

सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल जगदीशपुर मे डांडिया नाइट का आयोजन हुआ जिसकी शुरुआत डी एम निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया ।सी एच सी जगदीशपुर अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमो से बच्चो मे सर्वांगीण विकास होता है अन्य प्रदेश की संस्कृति से रूबरू होते है डांडिया ने जन कल्याण की भावना से देवी स्तुति का अच्छा माध्यम है।छोटे छोटे बच्चे जब मंच पर सामूहिक नृत्य किये तो तालियां गूंज उठी

देश के अलग अलग राज्यो की भेष भूषा व प्रमुख नृत्य पर आधारित बच्चो ने गोवा , पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात , राजस्थान , महाराष्ट्र के प्रमुख गीतों पर अलग अलग राज्यो पर सामूहिक नृत्य किया । बच्चो द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन डांडिया नृत्य से हुआ जिसमे बच्चो के संग अभिभावकों ने भी डांडिया नृत्य किया। कार्यक्रम मे तहसीलदार राहुल सिंह, लइक अहमद, राघवेंद्र तिवारी, महमुद, गौरव शिवराज सिंह, मान सिंह राठौर, जुबेर अहमद, फ़ारुख अहमद, थानाध्यक्ष अभिनेश कुमार, प्रिया सिंह, तौसीफ अहमद,ई संजय सिंह, शिव कुमार शुक्ला, राजीव श्रीवास्तव, डॉक्टर एम के त्रिपाठी, डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी, अमरीश गुप्ता, हसीर अहमद, डॉक्टर प्रदीप तिवारी, प्रिंसपल तुहिना श्रीवास्तव ने अतिथियों का अभिवादन किया।

## यातायात में बाधा बन रहे ई रिक्शा, कस्बे में संचालित हैं अवैध अड्डे



**औरास, उन्नाव।** कस्बा औरास के मुख्य चौराहे से लेकर नर्सरी पुलिया तथा कबरोई रोड मिर्जापुर अजिगांव रोड पर ई रिक्शा बेतरतीब तरीके से रोड के दोनों तरफ सवारी के इंतजार में खड़े रहते हैं जिससे हर समय वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है तथा जाम जैसी स्थिति उत्पन्न होती रहती है ई-रिक्शा को लेकर शासन के द्वारा कोई गाइडलाइन न होने के चलते पुलिस तथा नगर प्रशासन के द्वारा भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है जानकारी के अनुसार कस्बा औरास के मुख्य चौराहा,नर्सरी पुलिया, कबरोइ रोड,मिर्जापुर अजिगांव रोड आदि जगहों पर ई रिक्शा गलत तरीके से खड़े किए जाते हैं तथा सवारिया बिठाने के लिए रिक्शा चालकों में अक्सर गाली गलौज तथा मारपीट भी होती रहती है ।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में नगरीय निकायों में विकास कार्यों को कराए जाने को लेकर प्राप्त प्रस्ताव के अनुमोदन को लेकर बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, चारों निकायों के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधाओं यथा साफ-सफाई हेतु उपकरणों के क्रय करने, नाली, इंटरलॉकिंग के निर्माण, स्ट्रीट लाइट, वाटर कूलर, मोबाईल टॉयलेट, पानी का टैंकर, ट्रैक्टर सहित अन्य उपकरणों को क्रय करने के उद्देश्य से निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त कार्य कराए जाने हेतु शासनादेश का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए किसी भी हालत में शासन के आदेश का उल्लंघन ना हो।

उन्होंने कहा कि नगर वासियों को बेहतर सुविधा देने की दिशा में प्रयास किए जाएं, नगरीय निकायों में सफाई व जलभराव की शिकायतें ज्यादा प्राप्त हो रही हैं सफाई की व्यवस्था के लिए बेहतर उपाय किए जाएं। उन्होंने सभी नगर निकायों के अध्यक्षों व अधिशासी अधिकारियों से कहा कि जो भी प्रस्ताव तैयार किये जाएं उनमें बेहतर कार्यों का समावेश होना चाहिए। व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही दुकानदारों, के सामने डस्टबिन रखने और उसी में कूड़ा डालने के लिए प्रेरित किया जाए।

# एक भी लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री, नहीं अमेठी में

**खूब हो रहा जनपद में अवैध पटाखे का कारोबार**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जनपद के हर कोने में गोला पटाखा बिकता दिख जाएगा। परन्तु जिले में एक भी पटाखा फैक्ट्री का रजिस्ट्रेशन नहीं है। पूर्व में जिले के सिर्फ 18 लोगों को पटाखा बेंचने का लाइसेंस जारी हुआ था। जिसमें से अब तक तीन लोगों ने ही लाइसेंस का नवीनीकरण कराया है। अवैध रूप से गोला बारूद बनाने व रखने के चलते अब तक जिले में दर्जनों लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा है और कई घर तबाह हो गए हैं। शादी ब्याह से लेकर विभिन्न प्रकार के जुलूसों, पर्वों आदि पर जमकर गोला पटाखा दगाए जाते हैं और आतिशबाजी की जाती है। लेकिन यह गोला पटाखा अधिकांश रूप से अवैध श्रोतों से ही मंगाए जाते हैं। सूत्रों की मानें तो बहुत से लोग अवैध रूप से गोला पटाखा बनाने के धंधे में लगे हुए हैं। जिसके चलते कई बार बड़े हादसे भी हो चुके हैं। बारूदी विस्फोटों में मकान ढहने के चलते ही असमय ही लोग काल के गाल में समा जा रहे हैं। वैसे तो समय-समय पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जाता है। लेकिन अवैध पटाखा कारोबारी कभी कभार ही पकड़ में आते हैं। बीते एक साल के दौरान पुलिस ने सिर्फ एक बार अवैध पटाखा पकड़ा है। संग्रामपुर पुलिस ने फरवरी में 40 किलोग्राम अवैध पटाखे के साथ ताज मोहम्मद नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

**जनपद में हुए बड़े बारूदी विस्फोट:** 2002 में अमेठी कस्बे में हुए बारूदी विस्फोट में तीन लोगों की जान गई थी। 2003 में जगदीशपुर के हारीमऊ में हुए बारूदी विस्फोट में दो मंजिला मकान ढह गया था और पिता-पुत्र के चीथड़े उड़ गए थे। 2004 को गौरीगंज में कस्बा निवासी कल्ले के घर हुए बारूदी धमाके में उनके पुत्र, पुत्री, पत्नी, दामाद व एक रिक्शा चालक सहित पांच की मौत हो गई थी।

**आखिर कहां से आते हैं पटाखे**

जिले में पूर्व में 18 लोगों को पटाखे बेंचने का लाइसेंस प्रशासन द्वारा जारी किया गया था। जिसमें अमेठी के एक व जायस के दो लोगों ने ही लाइसेंस का नवीनीकरण कराया है। जबकि विभिन्न आयोजनों में खुलेआम गोले पटाखे दगाए जाते हैं। ऐसे में यह विस्फोटक सामग्री कहां से आती है यह पुलिस प्रशासन के लिए बड़ा सवाल है। सूत्रों की मानें तो कई पुराने पटाखा कारोबारी चोरी छिपे गोले पटाखे बनाकर बेंचते हैं। लेकिन पुलिस इन तक नहीं पहुंच पाती।

# डीसीएम व कंटेनर की टक्कर में युवक की मौत

**लोक मित्र संवाद**

**बाँगरमऊ, उन्नाव।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम ढोलौवां के सामने चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कंटेनर आगे चल रहे डीसीएम ट्रक के पीछे जा भिड़ा। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और वाहनों में बैठे दोनों को मामूली चोटें आईं। जबकि डीसीएम में पीछे खड़े गोवंश मालिक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस यूपीडा पेट्रोलिंग पार्टी ने गंभीर रूप से घायल दो लोगों को ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हाइड्रा के जरिए किनारे खड़ा कर आवागमन बहाल कराया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान डीसीएम में पीछे खड़े एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिला व थाना मैनपुरी अंतर्गत ग्राम हसनापुर निवासी चालक शिवकुमार दीक्षित 45 वर्ष पुत्र राममूर्ति दीक्षित डीसीएम में गोरखपुर से सात जर्सी गाय लादकर बांगरमऊ आ रहा था।

पीछे से विहार प्रांत के थाना मदनपुरा अंतर्गत कस्बा औरंगाबाद निवासी मनीष कुमार सिंह 28 वर्ष पुत्र अजय सिंह कंटेनर लेकर सिलीगुड़ी असम से दिल्ली जा रहा था। तभी मंगलवार की रात करीब 12 बजे चालक बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में पहुंचा तभी अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कंटेनर आगे चल रही डीसीएम में भिड़ गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों वाहनों के चालकों सहित कंटेनर पर सवार निसारुद्दीन 30 वर्ष पुत्र जलालुद्दीन निवासी ग्राम हीरापुर बांगरमऊ गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सडक सुरक्षा नाम से छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली




**लोकमित्र संवाद**

**बांगरमऊ,उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो सदानंद राय के संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में बीती दिनांक 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज बुधवार को प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं व प्राध्यापकों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा ÷सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा व दुर्घटना से देर भली और दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट बहुत जरूरी है तथा सुरक्षा के साथ समझौता, दुर्घटना को न्योता आदि नारे लगाकर आम जनमानस को जागरूक किया। रैली में डॉ सविता राजन, डॉ किरन, डॉ अभय राजपूत, डॉ दिग्विजय नारायण, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ रविराज वर्मा, डॉ शैलजा त्रिपाठी, डॉ सुमन देवी, डॉ सुनीता निरंकारी तथा विनोद कुमार मौर्य, संदीप कुमार अवस्थी, कन्हैया लाल, बलराम, जितेंद्र आदि कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं में महक, अपूर्वा, प्रीति, पारुल, निखिल, राजकुमार, आयुष, शिव प्रकाश, दीपक, शिल्पी, अंजली, पूर्णिमा, सौरभ, सूरज, शोभित, गोविंद, आदि सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## सफीपुर बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन

**सफीपुर,उन्नाव।** सफीपुर तहसील में बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बार काउंसिल के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ ने कार्यकारिणी को बधाई दी।उन्होंनेअधिवक्ताओं को उनके कर्तव्यों का बोध कराते हुए उनके कार्यों की सराहना की। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सफीपुर चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई %राजा बेटा% ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, ÷मेरा पिता जी अधिवक्ता थे, इसलिए मुझे तहसील से विशेष लगाव है। अधिवक्ताओं से मुझे बहुत स्नेह मिलता है। इस कार्यक्रम में कई प्रमुख अधिवक्ताओं ने भाग लिया और नए कार्यकारिणी के प्रति शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। यह कार्यक्रम अधिवक्ताओं के सामूहिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

# फांसी के फंदे पर झूला युवक

**विद्युत बिल अधिक आने के कारण आत्महत्या करने की रही चर्चा**

**लोकमित्र संवाद**

**उन्नाव।** युवक ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं चर्चा है कि विद्युत बिल की अधिकता के चलते युवक तनाव में था, जो उसकी मौत का कारण बना। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चुरी भेज दिया हैं।

बताते चले कि थाना क्षेत्र अचलगंज के निवासी शुभम पुत्र महादेव उम्र लगभग 25 वर्ष बुधवार की सुबह, घर में बने कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रोज की तरह जब शुभम अपने टाइम से नही उठा तो परिजनों में पिता ने कमरे के अंदर बेटे को फंदे से लटकता पाया, तो उसके होश उड़ गए। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। चीख पुकार की आवाजे सुनकर ग्रामीणों की भीड़ कुछ ही पलों में एकत्र हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची अचलगंज थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पिता महादेव से जानकारी के अनुसार, पिछले महीने उसके घर विद्युत के कनेक्शन का बिल 1 लाख 9 हजार रुपए तक आ गया था। जिसके सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों के यहां कई दिनों तक चक्कर लगाए।

इसके पश्चात 16 हजार रुपए जमा की रसीद प्राप्त कर ली। अक्टूबर माह में फिर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने 8 हजार रुपए का बिल बनाकर भेज दिया। बिजली का इतना बिल फिर से देखकर बेटा परेशान हो गया और तनाव में रहने लगा। जिस कारण इस तरह का आत्मघाती कदम उठाने को विवश होकर फांसी लगाकर अपने जीवन का अंत कर दिया। पिता ने बेटे के इस तरह से आत्महत्या के पीछे बिजली विभाग के अधिकारियों को बताया जिन्होंने इतना जायदा बिल भेज दिया और सुधार को गए बेटे को किसी तरह की मदद नहीं मिली, समय रहते बिल सही हो जाता तो बेटे की जान बच सकती थीं।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

घटना को लेकर पुलिस विभाग जांच में मुस्तैदी से काम कर रहा हैं, वही चीफ इंजीनियर सुदेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है, जांच पड़ताल की जायेगी।

## बाज नहीं आ रहे ट्रैक्टर ट्राली में सवारियां ढोने वाले



**औरास,उन्नाव।** पुलिस तथा प्रशासन के द्वारा बार-बार की जा रही अपील का आम जनमानस पर कोई खास असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है यहां वहां आयोजित कार्यक्रमों में कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों को ट्राली में सवारियां ले जाते हुए देखा जा सकता है एक पखवाड़ा पूर्व थाना स्तर पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद नें थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में ट्रैक्टर ट्राली में सवारियां ढोने पर प्रतिबंध की बात कही थी इसके बावजूद पर थाना क्षेत्र के कस्बा से लेकर के ग्रामीण क्षेत्र तक में निरंतर ट्रैक्टर ट्राली से सवारियां ढोई जा रही हैं जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है इस संबंध में औरास थाना प्रभारी अश्विनी मिश्रा से बात की गई

# डेनमार्क मैं 4 गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी का सांसद ने किया सम्मान



**लोक मित्र संवाद**

**बीघापुर , उन्नाव।** डेनमार्क में पिछले माह हुई वर्ल्ड फायर फाइटर गेम्स में 4 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले जंगली खेड़ा के आनंद प्रताप सिंह को उनके आवास पर पहुंचकर सांसद डॉक्टर सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि विश्व स्तर में हुई खेल प्रतियोगिता में चार मेडल जीतकर आनंद ने जनपद का मान सम्मान प्रदेश स्तर पर बढ़ाया है खेल के मिले मेडल समर्पण और लगन का परिणाम है। आनंद का प्रदर्शन आज के युवाओं को प्रेरणा देने वाला है। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, अजीत बॉबी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह, अमितेश सिंह नंदू , धर्मेंद्र सिंह , नागेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

## जेल में बंद इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम को कानपुर के सीसामऊ से सपा का टिकट



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी ने इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई सीसामऊ सीट के उपचुनाव के लिए उनकी पत्नी नसीम सोलंकी को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। संगठन से लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी नसीम सोलंकी के नाम पर सहमति जताई। टिकट घोषित होते ही पार्टी विधायक अमिताभ बाजपेई ने खुशी जताते हुए कहा है कि नाम घोषित होते ही जीत पर मुहर भी पक्की हो गई। वहीं नसीम सोलंकी के नाम पर मुहर लगने के बाद भाजपा खेमे में नए सिरे से मंथन शुरू हो गया है। दरअसल, नसीम को टिकट मिलने से एक तरफ जहां भावनात्मक वोट मिलेगा, वहीं इरफान से जुड़े हिंदुओं का वोट भी पड़ सकता है। हालांकि भाजपा हिंदु वोटर्स को सपा में जाने से रोकने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है।याद रहे कि एम पी एम एल ए कोर्ट द्वारा महिला का घर जलाने के आरोपों में 7 साल की सजा होने के बाद सपा विधायक इरफान सोलंकी की रद्द हुई विधानसभा सदस्यता की वजह से अब सीसामऊ में उपचुनाव होना है। इसी केस में इरफान 2 दिसंबर, 2022 से जेल में बंद हैं।

## ब्लॉक में संपूर्णता अभियान का भव्य समापन




**बाराबंकी।** संपूर्णता अभियान समापन समारोह के अवसर पर आकांक्षात्मक विकासखंड पूरेडलई में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकासखंड द्वारा 6 इंडिकेटर में पूरी तरह से संतृप्तिकरण हासिल करना है। वर्तमान में विकासखंड के 3 इंडिकेटर पूरी तरह से संतृप्त हो चुके हैं तथा स्वास्थ्य विभाग के दो इंडिकेटर 95त्न तक संतृप्त हो चुके हैं। इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी शिवजीत, सीएम फेलो डॉ रुचि अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख श्री रत्नेश सिंह, मंडल अध्यक्ष विपिन पांडे जी, समस्त सेक्टर प्रभारी, समस्त ग्राम पंचायत सचिव, स्वास्थ्य विभाग तथा आईसीडीएस विभाग के कर्मचारी वा लेखाकार अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

## सीएमएस प्रधानाचार्या देश के शीर्ष 50 प्रधानाचार्याओं में सम्मानित

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या शिवानी सिंह को शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं भावी पीढ़ी के चारित्रिक विकास व जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने के अतुलनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया है एवं इण्डिया टुडे ग्रुप की मेजबानी में आयोजित एजूकेशन कॉन्क्लेव में देश के शीर्ष 50 प्रधानाचार्याओं में शामिल किया गया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस उपलब्धि हेतु शिवानी सिंह को हार्दिक बधाई दी है। प्रो. किंगडन ने कहा कि सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं एवं शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है। सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है। सी.एम.एस. के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि शिवानी सिंह शैक्षिक क्षेत्र में नवीनता व उत्कृष्टता के अभिनव प्रयोग के साथ ही भावी पीढ़ी को शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ ही जीवन मूल्यों से जोड़कर कर एक आदर्श नागरिक बनाने के प्रयासों में अनवरत संलग्न हैं।

# महिलाओं व बालिकाओं के अंदर सुरक्षा व आत्मविश्वास का भाव जगा रही पुलिस

- महिलाएं बिना डरे करें पुलिस से शिकायत! सोहरिया गांव में मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं और महिलाओं को किया जागरूक
- अपराध के खिलाफ आवाज उठाना सबसे बड़ी ताकत



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जिले में इन दिनों महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर महिलाओं को प्रेरित किया जा रहा है।पुलिस गांव गांव जाकर मिशन शक्ति, महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं, युवतियों, छात्राओं को आत्मरक्षा के लिये जागरूक करने की मुहिम चला रही है। इसी क्रम में शारदानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरिया में थानाध्यक्ष शारदानगर बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने महिला व बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। महिलाओं को इसका सदैव एहसास होना चाहिए महिला कांस्टेबल रीता व अवनीश ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत अपराधों के खिलाफ आवाज उठाना है मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके सम्मान एवं सुरक्षा के लिए मानसिक रूप से मजबूत, मुखर एवं तत्पर होकर आवाज उठाने के लिए तैयार करना है।

उन्होंने यह भी कहा कि इसमें पीड़िता के नाम को पुलिस गोपनीय रखती है। अतः निर्भीक होकर अपराधों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करे। पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

मनचला परेशान करे तो घबराएँ नहीं मिशन शक्ति के तहत बुधवार को शारदानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरिया में महिला आरक्षी रीता व महिला आरक्षी अवनीश ने महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि कहीं आते-जाते यदि रास्ते में या फिर कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए आप लोग खुद एक्टिव रहे टोल फ्री नंबर पर कॉल करके तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस दौरान उपस्थित महिलाओं को वूमेन पावर हेल्प लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, पुलिस कंट्रोल नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।

### नियम-कानून के प्रति किया गया जागरूक

पुलिस ने इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान व सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे निराश्रित महिला पेंशन योजना बैंकिंग,रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजना, उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन मुख्यमंत्री कन्या योजना आदि और महिलाओं के सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून के प्रति उन्हें जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल रीता, अवनीश आदि शामिल रहीं।

## 9.5 करोड़ से कुत्तों-बंदरों की नसबंदी, फिर भी पैदा हो रहे बच्चे

**आगरा।** नगर निगम पार्षद रवि माथुर ने महानगर में नागरिकों पर बंदरों के हमलों और कुत्तों द्वारा काटे जाने की गंभीर होती समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि शहर के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। बंदर खूंखार होते जा रहे हैं। छतों पर लोगों पर हमला बोल देते हैं। सड़क चलते लोगों पर हमला कर उनके हाथों से सामान छीन ले जाते हैं। इसी प्रकार कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल में कुत्ता काटे के इंजेक्शन लगवाने वालों की संख्या जानकर इस समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है। पार्षद ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों ने हमें अवगत कराया है कि उन्होंने बंदरों और कुत्तों की नसबंदी कर दी है। इस काम पर नगर निगम ने साढ़े नौ करोड़ रुपये खर्च किए हैं। श्री माथुर ने सवाल किया कि अगर इन जानवरों की नसबंदी हो चुकी है तो इनके बच्चे कैसे पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी जरा अपने दफ्तरों से बाहर निकलकर शहर में जाकर देखें, बंदरों के छोटे बच्चे और कुत्तों के पिल्ले आपको घूमते मिल जाएंगे।

# मिट्टी खोद रहे मलवा के नीचे दबे पाँच बच्चे, पुलिस ने सकुशल निकाला

लोकमित्र ब्यूरो



**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिचपरी में घर की पुताई के लिए तालाब में मिट्टी खोद रहे बच्चे मिट्टी के मालवा में दब जाने से चीख पुकार मच गई थी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी ग्रामीणों ने लोगो के सहयोग से नीचे दबे सभी पांचों बच्चों को सकुशल निकाल लिया है। एंबुलेंस से लेकर सीएचसी मोहम्मदी पहुंचाया इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया इलाज के दौरान डॉक्टर ने तीन लड़कियों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया है। आज सुबह को 9 बजे करीब गांव की रंगोली, रागिनी, शिवानी ,क्षमा और अंकित तालाब में गहरा गड्ढा कर दीपावली की तैयारी के चलते मकानों की पुताई के लिए मिट्टी खोद रहे थे। अचानक ऊपर से मिट्टी भरभरा कर बैठ जाने से सभी बच्चे नीचे दब गए थे। गांव के ही एक लोग ने यह नजारा देखकर चीख पुकार लगाने लगे लोग दौड़ पड़े और आनन-फानन में ग्रामीणों ने नीचे दबे सभी बच्चों को सकुशल निकाला गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उपचार कर रंगोली ,रागिनी और शिवानी की हालात बिगड़ी डॉक्टरों ने जिला शाहजहांपुर इलाज के लिए भेज दिया गया है। 2 बच्चो का ईलाज सीएचसी में डॉक्टरों ने किया जिसमे क्षमा देवी पुत्री सुरेश का उपचार डॉक्टरों ने किया वही डॉक्टरी ने जब एक्सरे के बारे मे कहा तो परिजन एक्सरा रूम में पहुंचे तो एक्सरा टेक्नीशियन ने बताया कि एक्सरे वाली फिल्म 24-9-2024 से नही है।


# गुरुकुल द स्कूल में एनसीसी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** गुरुकुल द स्कूल द्वारा बुधवार को एनसीसी शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व निस्वार्थ भाव से देश की सेवा में तत्पर रहने व एनसीसी के सभी आदर्शों के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंटल सेंटर में प्रशिक्षण दल के प्रमुख रहे कर्नल संदीप पांडे ने समारोह का उदघाटन किया व कैडेट्स को शपथ दिलाकर उन्हें बैज से सम्मानित किया। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ देश की सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान कैडेट्स के सपरिधान मार्च पास्ट एवं स्कूल बैंड ने सभी दर्शकों को रोमांच से भर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव बेदी ने एनसीसी का उद्देश्य समझाते हुए कैडेट्स को संगठित, प्रशिक्षित एवं सशस्त्र सैनिक के रूप कैरियर बनाने के लिए प्रेरणा दी। निदेशक सचिन वत्स ने सभी कैडेट्सका आह्वान किया कि अपने सपनों को साकार करने के लिए वे जोशए जुनून और साहस के साथ आगे बढ़ें।

## भगवान रामचंद्र जी महापुरुष थे इसलिए उनका चरित्र अनुकरणीय है: हरिश्चंद्र भाटी



देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** श्री रामलखन धार्मिक लीला कमेटी द्वारा बुधवार को सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में आयोजित सातवें दिन की रामलीला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र भाटी पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश, एवं पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष बिमला बाथम द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी ने रामलीला देखने आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम महापुरुष थे और उनका चरित्र अनुकरणीय है, वह एक चरित्र मान महापुरुष थे ।

इसलिए पूरा समाज उनका अनुकरणीय है, उन्होंने कहा कि माता केकेई को जो पिता ने वचन दिया था उसे पूरा कर दिया और खुद बनवास चले गए ,सीता अपहरण और सुग्रीव जी से मिलन तथा सुग्रीव के बड़े भाई के अत्याचारों से परेशान को न्याय दिलाने का कार्य रामचंद्र भगवान ने किया, साथ ही कहा कि रावण बलशाली ब्राह्मण था, जिसका सम्मान खुद रामचंद्र जी ने उसे समय किया, जब लक्ष्मण उनके सर की तरफ खड़े होकर कुछ कहते हैं, तो रामचंद्र जी ने उन्हें कहा कि आप उनके पैरों की तरफ जाकर बोले, उन्होंने कहा कि रामलीला देश के आदर्श त्योहारों में से है, इसे हिंदू ही नहीं सभी धर्मो के लोगों को आदर्श के रूप में मनाना चाहिए, क्योंकि इसमें रामचंद्र भगवान के चरित्र का वर्णन किया गया है ,साथ ही उन्होंने आयोजन समिति का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार की रामलीला से लोगों को कुछ ना कुछ सीख मिलती है। इस अवसर पर पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने भी रामलीला आयोजकों को बधाई दी।इस अवसर पर मुख्य रूप से शक्ति मोहन अवस्थी डीसीपी सेंट्रल नोएडा मौजूद रहे ,उन्होंने भी रामलीला आयोजन का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में दैनिक सच कहूं के मुख्य संपादक ऋषिपाल अरोड़ा , समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राकेश यादव मौजूद रहे । उन्होंने रामलीला कराने के लिए रामलीला आयोजकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने आए हुए मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। वही स्वागत अध्यक्ष के रूप में पवन अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी नोएडा, राजेश कुमार सिंघल डायरेक्टर नूपुर फिल्ट्रेशन सिस्टम, मौजूद रहे।इसके अलावा सम्मानित अतिथि एनपी सिंह, कमल कुमार, निर्मल सिंह, सुरेंद्र गर्ग, राजीव गर्ग, जीके बंसल, प्रताप मेहता मौजूद रहे। सातवें दिन की रामलीला में लीला वाचक पंडित कृष्णा स्वामी ने सूर्पनखा का दंडक वन में प्रवेश और नारद जी से सुपर्णखा का संवाद, नारद जी का सुपण खा को लक्ष्मण जी के पास भेजना, लक्ष्मण जी के द्वारा शूर्पणखा के नाक कान काटना, खरदूषण का वध होना, रावण दरबार, रावण का मारिच को लेकर सीता का हरण करना तथा जटायु का वध करना, सीता की खोज में प्रभु राम शबरी आश्रम में आना, तथा किष्किंधा पर्वत पर सुग्रीव व हनुमान जी से मिलन होने की लीला का मंचन देखने लायक था। इस अवसर पर आयोजक समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल सीएमडी प्रिया गोल्ड, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , पडॉक्टर मनोज अग्रवाल का रामलीला में विशेष सहयोग चल रहा है ।

# प्रभारी निरीक्षक ने 10 घण्टे में किया पशु तस्करी का खुलासा





लोकमित्र,ललित वर्मा

**गोलागोकर्णनाथ-खीरी।** पशु तस्करी में मामले में दर्ज मु0अ0सं0-304/2024 धारा 303(2) थाना हैदराबाद खीरी का मात्र दस घन्टे में सफल अनावरण करते दो नफर भैंस/भैसा चोरी करने वाले आरोपी साहिल पुत्र जाबिर अली निवासी ग्राम सियाथू थाना गोला जिला खीरी व जफरु उर्फ दरोगा पुत्र अब्बास अली निवासी ग्राम चौदकपुर थाना नीमगाँव खीरी स्थाई पता ग्राम चऊआ बेगमपुर थाना महोली जिला सीतापुर को हरैया तरफ जाने वाली सडक पर बन्द रेलवे क्रांसिग से एक पिकप गाडी पर दो भैस व एक अदद पड्डा,एक अदद छुरी व एक अदद छोटी टार्च के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपितों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद की पुलिस टीम के उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अरविंद कुमार, धीरज यादव, व संजीव यादव ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# वार्ड बॉय ने पत्नी संग मिलकर महिला को किया अधमरा

- पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी व् मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर क़ी कार्यवाही क़ी मांग



लोकमित्र ब्यूरो

**तिकुनिया-खीरी।** कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी कराने आयी महिला का अस्पताल के वार्ड बॉय ने अपनी पत्नी संग मिलकर अपने कमरे पर किया अबार्शन। जिससे महिला क़ी हालत गंभीर हो गई हैं द्यमहिला के पति ने कोतवाली तिकुनिया व् मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर जांच क़र कार्यवाही किए जाने क़ी मांग क़ी है।

जनपद के स्वास्थ्य विभाग क़ी किरकिरी बंद होने का नाम नहीं ले रही है चाहें वह अवैध हॉस्पिटल हों या झोलाछाप डाक्टर, लगातार किरकिरी होने के बाद भी जनपद के स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार इसपर अंकुश लगाने में विफल साबित हों रहें है। ताज़ा मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिकुनिया का है जिसमे कार्यरत एक कर्मचारी पत्नी सँग मिलकर अस्पताल परिसर में ही सरकारी आवास पर अबोर्सन कर लोगों के जीवन के साथ लगातार खिलवाड़ करती चली आ रही है और सेहत महकमा इन सब अवैध गतिविधियों से खुद को अनजान बताने का नाटक करता चला आ रहा है। बरसोला निवासी सुनील ने कोतवाली तिकुनिया व् मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी को शिकायती पत्र भेजकर बताया क़ी उनकी पत्नी डिलीवरी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिकुनिआ गयी थी, सरकारी अस्पताल में तैनात एक कर्मचारी धन उगाही के चक्कर में डिलीवरी हुई महिला का इलाज अपने प्राइवेट कमरे पर अपनी पत्नी सँग मिलकर करने लगा, कुछ दिन इलाज करने के बाद जब महिला के शरीर से रक्त बहना बंद नही हुआ तो उक्त कर्मचारी ने पीड़ित परिवार से बताया की सफाई करवानी पड़ेगी।

अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी के झांसे मे पीड़ित परिवार आ गया और कर्मचारी क़ी अप्रशिक्षित पत्नी ने सुनील कुमार की पत्नी की सफाई कर डाली सफाई के दौरान कर्मचारी क़ी पत्नी ने पीड़ित महिला क़ी बच्चेदानी में कट मार दिया जिससे महिला की हालत गंभीर हो गई। गंभीर हालत देखकर उक्त कर्मचारी व् उसकी पत्नी ने कहा की इन्हे बाहर किसी बड़े अस्पताल में दिखाओ। पीड़ित परिवार डिलिवरी हुई महिला को लखनऊ लेकर गया अभी भी पीड़ित महिला क़ी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

उक्त कर्मचारी अपने क्रिया कलापों को लेकर काफ़ी चर्चा में रह चुका है अभी कुछ दिन पूर्व इसी कर्मचारी पर एक अवैध हॉस्पिटल के संचालन के मामले ने भी काफ़ी तूल पकड़ा था परन्तु उस मामले से विभागीय संरक्षण प्राप्त होने क़ी वजह से इसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हों पायी थी अब देखना है क़ी इस कर्मचारी के खिलाफ विभागीय जिम्मेदार कोई ठोस कार्यवाही करते हैँ या सिर्फ पूर्व क़ी भांति मामले क़ी जाँच क़ी आड़ में लीपापोती क़ी जाती है।

क्या बोले जिम्मेदार.......

निघासन क़ी तेज़तर्रार सीओ महक शर्मा ने बताया क़ी मामला गंभीर है जाँच कर आवश्यक कार्यवाही क़ी जायेगी। सीएचसी प्रभारी पी के रावत ने बताया क़ी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जाँच कर कार्यवाही क़ी जायेगी।

# कृषिक क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बना तेदुआ

- बुधवार अल सुबह विभाग के पिंजड़े में हिसंक जीव
- कर्तनिया घाट के चिकित्सक करेंगे परीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** काफी समय से कृषिक क्षेत्रो में आतंक का पर्याय बना हिसंक जगंली जानवर तेंदुआ आखिरकार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजड़े में बुधवार की अल सुबह कैद हो गया।जिसको वन कर्मियों द्वारा काफी मशक्कत के बाद रेंज कार्यालय लाया गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार वन रेंज धौरहरा में कस्बे के उत्तर कृषिक क्षेत्रों में काफी समय से आम लोगों द्वारा हिसंक जीव के चहलकदमी की सूचना वन विभाग को दी गई थी।काफी विरोध के बाद वन विभाग द्वारा 22 अगस्त को जोगी बाबा व दुबघट्टा पुल स्थान के बीच इसी क्षेत्र में पिंजड़ा लगाया गया था। जबकि मंगलवार को शायं लगभग 4 बजे तेंदुए को ग्रामीणों द्वारा पुनः देखा गया।जिसका वीडियो शोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।लेकिन बुधवार की अल सुबह उपरोक्त जगंली जानवर आखिरकार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजड़े में कैद हो गया।जिसे वन विभाग द्वारा रेंज कार्यालय लाया गया।

इस मामले में जानकारी देते हुए वन विभाग द्वारा बताया गया कि मौजूद तेंदुए का चिकित्सकीय परीक्षण कर्तनिया घाट के चिकित्सक डाक्टर दीपक वर्मा द्वारा किया जाएगा।

# पुलिस के सामने क्यों पिट गए विधायक

- अर्बन कोऑपरेटिव बैंक चुनाव में धांधली का गम्भीर आरोप
- बैंक की पूर्व अध्यक्ष के पति अवधेश सिंह ने विधायक को मारा थप्पड़



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी में बुधवार को अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने बीजेपी विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ जड़ दिया।

इसके बाद वबिधायक के समर्थकों ने अवधेश सबिंह के साथ मारपीट की। इस दौरान पुलब्सि बीच-बचाव की कोशिश करती रही। मौके पर जमकर हंगामा भी हुआ। घटना का वीडब्यिो सोशल मीडब्यिा पर वायरल हो रहा है। भाजपा विधायक ने क्या कहा!

भाजपा विधायक योगेश वर्मा ने कहा, पहले हमारे व्यापार मंडल के राजू अग्रवाल जी को मारा, उनका पर्चा फाड़ दिया मैं जब उन्हें देखने गया तो वकील अवधेश सिंह ने मेरे ऊपर हाथ उठाने की कोशिश किया वकील अवधेश सिंह ने जिंदगी भर दलाली की है, उसके अलावा कुछ नहीं किया उन्होंने मेरे गिरेबान के ऊपर हाथ डाला है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

### क्या बोले जिम्मेदार

अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) खीरी ने बताया कबि लखीमपुर खीरी में अर्बन कोऑपरेटब्वि के डेलब्गिेट्स का नामांकन चल रहा था। इस दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद वब्विाद हो गया। मौके पर मौजूद पुलब्सि ने उन्बहें समझा-बुझाकर शांत किया।

संक्षिप्त खबरें

## तालाब का निर्माण करा रहे ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील के खंडासा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंदईकला गांव में तालाब का निर्माण करवा रहे ग्राम प्रधान संतराम सिंह पर दबंगों ने हमला कर उन्हें लहू लुहान कर दिया । इसके बाद उन्हें सीएचसी खंडासा ले जाया गया वहां उनकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया पता चला है कि उनके हाथ में फैक्चर हुआ है तथा उन्हें गंभीर चोटें आई हैं ग्राम प्रधान की तहरीर पर खंडासा पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार खंडासा थाना क्षेत्र के कंदईकला गांव में ग्राम प्रधान संतराम सिंह नाउ का तालाब गाटा संख्या 99 पर खुदाई का काम करवा रहे थे तालाब की जमीन विवाद को लेकर गांव के ही अरविंद कुमार अशोक हरिप्रसाद रामू राम बहादुर रामखेलावन ने ग्राम प्रधान पर लामबंद होकर हमला कर दिया एक साथ आधा दर्जन के करीब लोगों द्वारा हमले किए जाने से ग्राम प्रधान गंभीर रूप से चोटहिल हो गए हल्ला गुहार होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और मजदूर वहां पहुंचे और बीच बचाव किया जिसके बाद लाम बंद होकर आये आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए 6 लोगों के विरुद्ध बलवा मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया तथा तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद ग्राम प्रधान संघ अमानीगंज के अध्यक्ष पवन पांडे ने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है वहीं दूसरी ओर ग्राम प्रधान कंदईकला ने कहा की मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे वह नाउ का तालाब पर मौजूद थे और उसी समय लाम बंद होकर आये लोगों ने उनके ऊपर हमला कर दिया उन्होंने यह भी बताया कि उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है
थानाध्यक्ष खंडासा विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित प्रधान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है उन्होंने भी बताया कि मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में और धाराओं को बढ़ा दिया जाएगा।

## दुर्गा पूजा और रामलीला के लिए विशेष आरती का आयोजन

**अयोध्या ।** केंद्रीय समिति ने सभी दुर्गा पूजा और रामलीला समितियों के सम्मानित पदाधिकारियों से निवेदन किया है कि वे आगामी महासप्तमी, महाअष्टमी और महानवमी के दिन, अर्थात 9, 10 और 11 अक्टूबर को सायं 8:00 बजे अपने-अपने दुर्गापूजा पंडालों और रामलीला स्थलों पर मां भगवती तथा प्रभु श्री राम और माता जानकी की सामूहिक आरती अवश्य करें। इसके साथ ही, पूजा स्थलों पर आरती भी बजाई जाए, ताकि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव मिल सके और अयोध्या की दुर्गापूजा और रामलीला की कीर्ति देशभर में विख्यात हो सके।

## संविधान बचाओ पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा

**अयोध्या।** विधानसभा में संविधान बचाओ पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा का आयोजन पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन जी के नेतृत्व में हुआ। इस यात्रा का शुभारंभ रामपूर हलावारा में एच आर पैलेस से मान्यवर कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने वालों में प्रधान सुरेंद्र यादव, बलराम मौर्या, और अन्य कई नेता शामिल थे।इस अवसर पर तेज नारायण पांडेय ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से सभी वर्ग परेशान हैं। यह साइकिल न्याय यात्रा गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को जागरूक करेगी, और उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। पाराखान चौराहा, दर्शननगर चौराहा और रायबरेली बायपास पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने यात्रा को सफल बनाने में योगदान दिया।

## मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत किसानों की बढ़ी पैदावार

**अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील के मलेथू गांव के किसान विवेक द्विवेदी ने धान की प्रजाति 7501 से रिकॉर्ड उत्पादन प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि उनके एक एकड़ खेत से 35 कुंतल धान की पैदावार हुई है, जिसे कंपनी के अधिकारी मुकेश कुमार पांडे और आमिर खान की देखरेख में गणना की गई। यह जिले के लिए एक नया कीर्तिमान है।इस अवसर पर उन्नतशील किसान विकास, अयोध्या प्रसाद, लाल बहादुर, मोनू आदि प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। किसानों ने बताया कि इस बार धान की फसल में अधिक पैदावार होने से उन्हें अच्छा मुनाफा हुआ है। 7501 धान की प्रजाति अधिकारियों की देखरेख में उगाई गई, जिसके कारण किसान लाभान्वित हुए हैं।
इस मौके पर एक किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रगतिशील किसानों को उनके अच्छे उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत भी इस बार किसानों की उपज दोगुनी हुई है। किसानों ने इस योजना को अत्यंत लाभकारी मानते हुए कहा कि इसने उनकी आय को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## भेलसर में मां भगवती का भव्य जागरण

**भेलसर- अयोध्या ।**रुदौली तहसील के ग्राम भेलसर में प्राचीन श्री हनुमानजी और मां दुर्गाजी के मंदिर प्रांगण में मंगलवार रात मां भगवती का जागरण आयोजित किया गया। इस जागरण में पटरंगा क्षेत्र से आए आस्था जागरण परिवार के कलाकारों ने मातारानी के भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।श्रद्धालुओं ने रातभर जागरण का आनंद लिया। कार्यक्रम में कलाकारों ने मां भगवती और राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। इस आयोजन में जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी, श्री चंद लोधी, केशव राम जायसवाल, जयकुमार विश्वकर्मा, मुन्नीलाल, हेतु लाल लोधी, अशोक यादव, बदलू, और गुरुदीन आदि का योगदान सराहनीय रहा।
कार्यक्रम ने भक्तों के बीच आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया और सभी ने इसे भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा- मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर हुई कार्यवाही

**अयोध्या।** बुधवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के 8वें दिन, परिवहन विभाग, अयोध्या ने जनपद सीतापुर में संचालित वाहन प्रदूषण जांच केन्द्रों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों, मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर, पेशर हार्न और काली फिल्म लगी शीशों पर कार्रवाई की गई।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रवीण कुमार सिंह ने अमित एजुकेशनल, पैरामाउंट सर्विस, बी.आर. प्रदूषण, आशा फाउंडेशन, मेसर्स गोकुल पर्यावरण सेवा संस्थान, मुमकिन सेवा संस्थान और कला कृत्रि सोसाइटी प्रदूषण जांच केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में प्रदूषण के स्तर और यांत्रिक स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान, स्वयं उनकी मौजूदगी में कई गाड़ियों के प्रदूषण स्तर की जांच की गई। अभियान के तहत, मानक से अधिक प्रदूषण फैला रही 17 वाहनों, मोडिफाइड साइलेंसर वाले 11 वाहनों और प्रेशर हार्न का प्रयोग करने वाले 03 वाहनों सहित कुल 31 वाहनों का चालान किया गया। इसके साथ ही, 03 वाहनों के शीशों से काली फिल्म भी हटाई गई।
टीआई अजय कुमार ने वाहन चालकों को कम प्रदूषण के लिए सुझाव दिए, जैसे कि सुनिश्चित करना कि वाहनों के टायरों में हवा की मात्रा निर्धारित हो, जिससे ईंधन की खपत कम हो और प्रदूषण भी कम हो। उन्होंने बताया कि यदि किसी वाहन का प्रदूषण प्रमाण-पत्र वैध नहीं है, तो 10 हजार रुपये का जुर्माना देना होगा।यात्री/मालकर अधिकारी एम.ए. अहमद ने जानकारी दी कि बाइक या कार के चलने के दौरान 80 डेसिबल से ज्यादा आवाज नहीं निकलनी चाहिए। लेकिन मोडिफाइड साइलेंसर की वजह से 120 डेसिबल से ज्यादा की आवाज निकलती है, जो ध्वनि प्रदूषण का कारण बनती है।इस कार्यवाही में संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रेम सिंह, यात्री/मालकर अधिकारी राजेश कुमार, प्रवर्तन स्टॉप के दुर्गेश सिंह, हर गोविंद उपाध्याय, बाल कृष्ण उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# रामनगरी में 25 लाख से अधिक दीए जलाने की तैयारी, बनेगा विश्व रिकार्ड

### दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में लायी जा रही है तेजी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में प्रभु रामलला के नव मंदिर में विराजित होने के बाद पहली दीपावली बेहद भव्य और दिव्य होने जा रही है। सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन में में सकल विश्व में एक यूनीक इवेंट के तौर पर अपनी पहचान बना चुके अयोध्या के दीपोत्सव कार्यक्रम में इस बार भी नया विश्व रिकॉर्ड कायम करने की तैयारी है। रामनगरी में छोटी दीपावली पर 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित होंगे जिसकी अगुआई खुद डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल कर रही हैं। उनके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय प्रशासन ने 30 हजार स्वयंसेवकों को लगाने की तैयारी की है, जिनकी मदद से सातवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अयोध्या धाम का नाम दर्ज होगा। खास बात ये है कि 25 लाख दीए जलाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 28 लाख दीए बिछाये जाएंगे।




### दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद का पहला दीपोत्सव ऐतिहासिक बनाया जायेगा। आठवें दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कमर कस ली है। दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। दीपोत्सव में सहभागिता के लिए पंजीकरण की तिथि विस्तारित कर दी है। अब 15 अक्टूबर तक सहभागिता हेतु पंजीकरण कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों के दीपोत्सव आईकार्ड को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। 20 अक्टूबर से स्वयंसेवकों को आईकार्ड का वितरण शुरू कर दिया जायेगा।

### जल्द ही शुरू होगा घाटों की मार्किंग का कार्य

दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर नोडल समन्वयक प्रो0 एसएस मिश्र ने बताया कि राम पैड़ी के 55 घाटों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए 25 लाख दीए प्रज्ज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर 28 लाख दीए बिछाये जायेंगे, जिसके लिए 30 हजार स्वयंसेवक तैनात किए जायेंगे। विवि परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इण्टर कालेज, 40 एनजीओ शामिल है। विश्वविद्यालय द्वारा मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। 17 या 18 अक्टूबर से घाटों पर कर्मियों द्वारा मार्किंग का कार्य होगा।

### 90 हजार लीटर तेल का होगा इस्तेमाल

योजना के अनुसार, राम की पैड़ी के सभी घाटों पर 16 गुणे 16 ब्लॉक में 30 एमएल दीए में 30 एमएल सरसों का तेल पड़ेगा। सभी दीयों में कुल मिलाकर 90 हजार लीटर सरसों के तेल लगेगा जिसके इंतेजाम के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। दीपोत्सव में सहभागिता के लिए पंजीकरण का कार्य 15 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। 20 अक्टूबर से स्वयंसेवकों का आईकार्ड का वितरण शुरू कर दिया जायेगा। 26 अक्टूबर से घाटों पर दीए की खेप पहुंचनी शुरू हो जायेगी। 27 अक्टूबर से स्वयंसेवकों द्वारा घाटों पर दीए बिछाने के साथ 30 अक्टूबर को दीए प्रज्ज्वलित करके विश्व रिकार्ड बनायेंगे। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि जिला प्रशासन व विवि के सहयोग से दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए कार्यो को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## दशहरा और दुर्गा पूजा मेला के लिए प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोसाईगंज-अयोध्या।** स्थानीय नगर में दुर्गापूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस मार्च का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी और क्षेत्राधिकारी सदर योगेन्द्र कुमार ने किया। यह फ्लैग मार्च नगर के बस स्टैंड से तेलियागढ़ चौराहे तक आयोजित किया गया।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा और दशहरा मेले के दौरान असामाजिक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा ने शांति और अमन बनाए रखने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने तेज गति से बाइक चलाने वालों के प्रति भी सावधानी बरतने की चेतावनी दी।क्षेत्राधिकारी ने बताया कि माता की पूजा में शांति बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कुछ पुलिस कर्मी सादी वर्दी में रहकर शरारती तत्वों पर नजर रखेंगे।इसके अलावा, मेले के दौरान पंडालों में डीजे को केवल भक्ति गानों की हल्की आवाज में बजाने की अनुमति दी जाएगी। सभी पूजा समितियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे सरकार द्वारा लागू किए गए नियमों का पालन करें और अपने-अपने पूजा-पंडालों में सुरक्षा और शांति का माहौल बनाए रखें। पंडालों में यह चेतावनी भी लिखी जाएगी कि ÷आप कैमरे की नजर में हैं÷ ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## चर्चित स्वास्थ्य कर्मी के बंद कमरे का प्रशासन ने तुड वाया ताला

**स्थानांतरण के बावजूद भी स्वास्थ्य कर्मी ने सीएचसी के आवासीय भवन में कर रखा था अवैध कब्जा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर सीएचसी पर बिगत तीन दशकों से राज कर रहे चर्चित स्वास्थ्य पर्यवेक्षक डीपी यादव का तिलिस्म आखिरकार प्रशासन की त्यौरी चढ़ते ही टूट ही गया है। नायब तहसीलदार मिल्कीपुर के नेतृत्व में सीएचसी अधीक्षक मिल्कीपुर ने आवासीय भवन में किए गए अवैध कब्जे को खाली कराया। तीन दशकों से मिल्कीपुर सीएचसी पर एक छत्र राज करने वाले डीपी यादव ने जबरन आवास पर कब्ज़ा कर रखा था। बीते जनवरी माह में सीएमओ डॉ संजय जैन ने इस स्वास्थ्य पर्यवेक्षक का स्थानान्तरण सीएचसी सोहावल में कर दिया था। लेकिन डीपी यादव अब भी जबरन तरीके से इस आवास में रह रहा था। उसका आवास तो खाली कराया जा चुका है। लेकिन सबसे बड़ी सिर दर्दी अभी एनएचएम दस्तावेज को लेकर है। जो इस स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के द्वारा अब तक सीएचसी अधीक्षक को उपलब्ध नही कराए गए हैं। अभी कुछ दिन पहले ही सीएमओ के द्वारा जिले के एक लिपिक पर मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया है। लेकिन इस स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पर आलाकमान अभी भी मेहरबान हैं। यह वही स्वास्थ्य पर्यवेक्षक है। जिसके खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी हासिल करने का मुकदमा उच्च न्यायालय लखनऊ खंड पीठ में विचाराधीन है। इसी स्वास्थ्य कर्मी ने बर्ष 2006 में फैजाबाद के जिलाधिकारी रहे आमोद कुमार को जान माल की धमकी दी थी। जिस मामले में यह स्वास्थ्य पर्यवेक्षक जमानत पर बाहर है। इस तरह के कई धोखाधड़ी के मुकदमे इस स्वास्थ्य पर्यवेक्षक डीपी यादव पर हैं। बहरहाल आज के इस कार्य से सीएचसी के कर्मचारियों ने कुछ राहत की सांस ली है।

## भाकियू (आरा) ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** बुधवार को सोहावल तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन (आरा) के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर 7 बिंदुओं का ज्ञापन नायब तहसीलदार रिशु जैन को सौंपा। इस ज्ञापन में पंचायत के प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए।उन्होंने कहा कि सोहावल से धान और गेहूं खरीद केंद्र को हटा कर नवीन मंडी अयोध्या कर दिया गया है, जिसकी दूरी लगभग 40 किलोमीटर बढ़ गई है। इस कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सोहावल क्षेत्र में फिर से क्रय केंद्र खोला जाए।फरीद अहमद ने केएम सुगर मिल मसौधा/रोजा गांव द्वारा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान तुरंत कराने की भी मांग की। इसके अलावा, उन्होंने सोहावल क्षेत्र में आवारा पशुओं और सांडों के कारण हो रही दुर्घटनाओं का भी जिक्र किया, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल इन पशुओं को पकड़ कर गौशाला भिजवाने की अपील की।ज्ञापन में अन्य प्रमुख मांगें
ग्राम सभा अगेथुआ में कुम्हारी कला के लिए मिट्टी खोदने का पट्टा जिला अधिकारी द्वारा स्वीकृत होने के बाद, तुरंत नपवा कर कब्जा दिलवाया जाए।विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानियों का समाधान किया जाए, जैसे कि डबल कनेक्शन और बिल में अत्यधिक बढ़ोतरी।राशन कार्ड बनवाने में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि पात्र गरीब व्यक्ति लाभ से वंचित न रहें। किसान सम्मान निधि की राशि को 2000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये की जाए। पंचायत की समस्याओं की जांच कर किसान समस्याओं का निस्तारण किया जाए।फरीद अहमद ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया, तो किसान यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपते समय पंचायत प्रमुख, ब्लॉक अध्यक्ष राम अभिलाष यादव, महिला महासचिव आसमा निशा, राकेश वर्मा, जवाहरलाल तिवारी, राजू निषाद, दादा मंगरु राम, चिंता देवी, जग प्रसाद, काशीराम, लालमति, मायावती समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## आंगनवाड़ी संघर्ष मोर्चा ने 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।**आंगनवाड़ी संघर्ष मोर्चा की संयोजन समिति ने 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सीडीपीओ रवि श्रीवास्तव को 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मोर्चा की संयोजिका गीता मौर्या और शीला सिंह ने किया। मोर्चे के संरक्षक सत्यभान सिंह जनवादी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।मांग पत्र में मोबाइल को ठीक कराया जाए।सभी कार्यकत्रियों को समय से रिचार्ज दिया जाए।विभाग द्वारा खाना बनवाने के लिए भेजा गया पैसा समय पर उपलब्ध कराया जाए।
अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2017 का रोका गया मानदेय भुगतान किया जाए।
टीकारण और वजन के अतिरिक्त काम लेने पर उसका त्वरित भुगतान किया जाए।संयोजिका गीता मौर्या ने कहा कि यदि विभाग सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए तो वे पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगी। उन्होंने बताया कि उन्हें जो मोबाइल दिया गया था, वह केवल 10 दिन में खराब हो गया और विभाग को कई बार इसकी सूचना देने के बावजूद इसे ठीक नहीं किया गया। इससे कार्य करने में बाधा आ रही है और सरकारी योजनाओं को सही तरीके से लागू नहीं किया जा रहा है।संयोजिका शीला सिंह ने राशन के सेंटर तक न पहुँचने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कार्यकत्रियों को राशन लाने के लिए भाड़ा देना पड़ता है, जो उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने मांग की कि कार्यकत्रियों को काम करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे बिना किसी रुकावट केऊ अपने कार्य को कर सकें।
प्रतिनिधिमंडल में सावित्री पांडेय, शीला सिंह, जरीना बेगम, आशा वर्मा, मीना यादव, मालती पांडेय, माया, सुनीता पांडेय, और अनिता पांडेय शामिल थीं।

## मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशानुसार, महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत अवध इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या में घरेलू हिंसा अधिनियम और कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न पर एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और अध्यापिकाओं को घरेलू हिंसा तथा कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता श्वेताराज सिंह ने बालिकाओं के साथ संवाद करते हुए उनके सवालों के उत्तर दिए और विधिक सेवाओं के बारे में बताया, जो उन्हें निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक भी किया।वन स्टॉप सेंटर की परामर्शदाता प्रतिभा पाण्डेय ने बालिकाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं और विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी हेल्पलाइन नंबर (181, 1090, 1098, 112, 102, 108, 1076, 1930) के बारे में भी बताया।कार्यक्रम में बालिकाओं को लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, भ्रूण हत्या, आत्मरक्षा, बाल सेवा योजना, तथा विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही, उन्हें शी बॉक्स पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।चाइल्डलाइन से पल्लवी ने बालिकाओं को शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया।यह कार्यक्रम बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि वे समाज में अपनी स्थिति को समझ सकें जरूरत पड़ने पर उचित सहायता प्राप्त कर सकें।

## इदरीसिया समाज के सामाजिक कार्यकर्ता का हुआ इंतकाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** विकास खण्ड जयसिंहपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा पुरुषोत्तमपुर रघुवंशी गांव निवासी इदरीसिया (दर्जी) समाज के कार्यकर्ता, बिरादरी की खिदमत में हमेशा खड़े रहने वाले, हर एक नेक काम में हिस्सा बंटाने वाले, गरीबों एवं मिस्कीनों की मदद करने वाले, गरीब बेवाओं की लड़कियों की शादी कराने वाले, सुल्तानपुर जिले में इदरीसिया (दर्जी) समाज की आन - बान शान रहे नूर हसन इदरीशी उर्फ कौसर अली का अचानक इंतकाल हो गया, इंतकाल की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में सन्नाटा छा गया, शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का सुबह से देर रात तक तांता लगा रहा।

## योगी सरकार ने अपराध पर लगाई है जबरदस्त नकेल- डा ममता पाण्डेय

### पार्टी कार्यालय में आयोजित महिला मोर्चा की बैठक में कार्यकताओं को घर-घर सम्पर्क करने का निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में सदस्यता अभियान को लेकर महिला मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री डा. ममता पाण्डेय ने कहा कि सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को कम से कम 100 सदस्य बनाना अनिवार्य है। इसके लिए पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को टोली बना कर हर घर सम्पर्क अभियान चलाना है। प्रत्येक घर की हर महिला सदस्यों को भाजपा की नीतियों से अवगत कराते हुए सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बार में चर्चा करनी है।



प्रदेश मंत्री ने कहा कि मोदी और योगी सरकार की नीतियों के कारण पूरे प्रदेश की जनता में भाजपा के प्रति उत्साह है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार अपराध पर जबरदस्त नकेल कसी गई है। महिलाओं तथा बच्चियों के साथ हुए अपराधों में सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। भदरसा केस, सोहावल में घटित घटना में सरकार ने त्वरित कार्रवाही करते हुए आरोपियों को तत्काल अरेस्ट किया।
मुकदमों में तेजी से पैरवी करते हुए उन्हें जल्द ही उनके अपराध की सजा भी दिलाई जाएगी।
बैठक में जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा, महानगर महामंत्री प्रतिमा शुक्ला, गीता शुक्ला, लक्ष्मी सिंह स्वर्णालता शुक्ला, आराधना, माधुरी सिंह, सीमा तिवारी, सुनीता गुप्ता, नेहा तिवारी, सीमा सिंह मधु पाठक, प्रेमलता पांडे, गीता विश्वकर्मा, मीनाक्षी तिवारी, शीला शुक्ला, वाणी मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, अंजू सिंह शामिल हुई।

## राजस्व निरीक्षक के घर चोरी का खुलासा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर- अयोध्या।**कुमारगंज थाना क्षेत्र में राजस्व निरीक्षक के घर हुई चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और चोरी के कुछ आभूषण व नकदी बरामद की है। घटना 25-26 अगस्त की रात को हुई थी, जब चोरों ने घर में घुसकर कीमती सामान चुराया। पीड़ित परिवार इस मामले में पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है। पुलिस ने पहले दो चोरों को गिरफ्तार किया था, और अब तीन नए आरोपियों को पकड़ा गया है, जो जेल में बंद चोरों के साथ जमानत के सिलसिले में थे।

# प्रधानी की रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या

## अपने बहनोई के हत्या के केस मे गवाह भी था मृतक, मौजूदा प्रधान समेत पांच के खिलाफमुकदमा दर्ज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बल्दीराय/सुलतानपुर।** अज्ञात बदमाशो ने आज तड़के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली युवक के सिर में लगी, उसने घटनास्थल पर दमतोड़ दिया। परिवारीजन मौके पर पहुंचे जिनका शव देखने के बाद रो-रोकर बुरा हाल है। अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ बल्दीराय घटना स्थल पर पहुंचे हैं। घटना बल्दीराय थानाक्षेत्र के असरफ्पुर गांव की है। स्थानीय गांव निवासी इच्छा नाथ यादव पुत्र जगत बहादुर यादव रोज की तरह सुबह उठकर घर से बाहर शौच के लिए गया था। बताया जा रहा है कि युवक जिस स्थान पर शौच के लिए जाकर बैठा था वहां पहले से अज्ञात बदमाश घात लगाकर बैठे थे।

मौका पाते ही बदमाशो ने युवक पर निशाना साधकर गोली दागी और फ्रार हो गए। गोली की आवाज सुनकर परिजन जब तक मौके पर पहुंचते बदमाश फ्रार हो गए थे। गोली कांड की खबर जंगल में आग की तरह फैली। स्थानीय लोगो की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। परिवार की महिलाएं आदि भी मौके पर पहुंची और युवक को मृत अवस्था में देख सभी चीखने चिल्लाने और रोने पीटने लगी। ग्रामीणों ने सूचना थाने पर दी। जिस पर थानाध्यक्ष आरबी सुमन दल-बल के साथ पहुंचे।

वही एसओ से सूचना मिलते ही सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत और अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। गुस्साए परिवार वालो ने शव को कब्जे में ले लिया है। वो पुलिस अधीक्षक के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की बात कह रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। परिवार से तहरीर लेकर पांच के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। नामजद आरोपियों में राकेश यादव, अमरजीत, अनिल कुमार, अर्जुन यादव और राम अचल यादव है। शुरूआती जांच में प्रधानी के चुनाव की रंजिश की बात सामने आ रही है, हम जांच कर रहे हैं। जल्द ही बदमाश गिरफ्तार किए जाएगे।

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

**सुलतानपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ एवं महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में दिनांक-02 से 11 अक्टूबर 2024 के मध्य 10 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के अन्तर्गत जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली मेधावी छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं में केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा-8 में अध्ययनरत अनन्या श्रीवास्तव को भरत नाट्यम में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में स्थान प्राप्त करने के लिये, जानसी सिंह को स्टेट लेवल वालीबाल टीम में चयन के लिये, केशकुमारी बालिका इण्टर कालेज से कशिश मौर्या को गायन के लिये, रिया अग्रहरित को टेबल टेनिस के लिये व दिशा को मधुबनी पेन्टिंग कला में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया गया।

# अंबे तू है जगदंबे काली ,जय दुर्गे खप्पर वाली,,,,,

## श्री मां वैष्णो मंडल नवयुवक समिति का पंडाल आकर्षण का बना केंद्र बिंदु



**गोण्डा,मनकापुर।** करीब 20 वर्षो से मनकापुर बाजार तिराहा में श्री मां वैष्णो मंडल नवयुवक समिति के तत्वाधान में मनमोहक आकर्षक मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना नवरात्र में की जाती है। पंडाल की भव्यता एवं मां दुर्गा प्रतिमा की मनमोहक प्रतिमा बरबस ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। पंडाल में प्रतिमा को नवरात्र में स्थापित करने वाले श्री मां वैष्णो मंडल नवयुवक समिति मनकापुर पदाधिकारी नौ दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना करके दशहरे के दिन विसर्जन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं ।

समिति अध्यक्ष आशु सिंह एवं संगठन मंत्री ललित सिंह खिरिया एवं उनकी टीम ओम प्रवेश राय ,अमित उपाध्याय, राजन सोनी, नीरज सिंह ,रिशु जायसवाल ,सोनू शर्मा ,वैभवसिंह ,उमेश सोनी, राकेश सोनी ,अतुल कुमार, संजय गुप्ता, राकेश सोनी, रूबल का विशेष सहयोग एवं कड़ी मेहनत होती है। अध्यक्ष की माने तो करीब 20 वर्षो से माता की प्रतिमा यह समिति भव्यता के साथ स्थापित करके उनका आशीर्वाद लिया जाता है इतना ही नहीं माता की चौकी एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं आरती थाल सजावट रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है जिसमें बेटियां एवं मातृ शक्तियों बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं। समिति के राजन सोनी ने बताया कि मां की कृपा से कभी भी प्रतिमा स्थापना एवं नव दिन पूजा अर्चना में कोई भी कमी नहीं आई है।

बाजार में सबसे मनमोहक आकर्षक श्री मां वैष्णो मंडल नवयुवक समिति तिराहा मनकापुर का दुर्गा प्रतिमा होता है जो श्रद्धालुओं को बरबस अपनी और आकर्षित करता है। प्रतिदिन विधि विधान पूजा अर्चना के साथ प्रसाद का वितरण व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र बिंदु होते हैं।

कलाकारों के सुंदर कलाकृति से बनाई गई मां दुर्गा की मूर्ति साक्षात देवी दर्शन से कम नहीं होता है अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री की माने तो दिन प्रतिदिन महंगाई बढ़ती है लेकिन मन की कृपा से कभी भी प्रतिमा स्थापना में कोई भी आर्थिक रुकावट नहीं आई है न जन मानस के सहयोग में कमी आई है।

# अयोध्या लोकसभा की तरह मिल्कीपुर में भी होगा सपा का परचम-अखिलेश यादव

## मिल्कीपुर उपचुनाव में जनता सपा को देगी भारी बहुमत-हसीब खान



**अयोध्या।** अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सांसद अवशेध प्रसाद की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की है। प्रतिनिधि मंडल में जय हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल बलरामपुर जिले के उतरौला विधानसभा सपा प्रत्याशी रहे हसीब खान, प्रतापगढ़ के विश्वनाथगंज के प्रत्याशी संजय पांडेय शामिल रहे हैं।

प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को आश्वासन दिया है कि भारी जनमत से मिल्कीपुर उपचुनाव सपा प्रत्याशी जीत कर आएगा। इसके लिए सपाई पूरी तरह से क्षेत्र में जुटे हुए हैं सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादे से ऊब चुकी है अब उसे विकल्प के रूप में समाजवादी पार्टी का ही सहारा दिख रहा है उतरौला विधानसभा के प्रत्याशी रहे हसीब खान ने कहा कि सपा शासन काल में जन हित में जो कार्य कराए गए हैं उस पर जनता मतदान करेगी।

अब झूठ और फरेब के वादे चलने वाले नही हैं। प्रतिनिधि मंडल को पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया ने मिल्कीपुर उप विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से लग कर जनता के विश्वास को जीतने का निर्देश दिया है। उन्होंने सपा नेता हसीब खान के मेहनत व अथक प्रयास की सराहना करते हुए उपचुनाव की सफलता को इतिहास कायम करने की बात कही है।

# कला उत्सव में बच्चों ने दिखाई मनमोहक प्रतिभा

## प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर दक्षिणी में आयोजित हुई कला क्राफ्ट शिक्षण सामग्री प्रदर्शनी






**बलरामपुर।** तुलसीपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर दक्षिणी में तीन दिवसीय कल क्राफ्ट एवं शिक्षण अधिगम सामग्री उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने तकनीकी ढंग से नई-नई विधा से शिक्षण अधिगम सामग्री निर्मित करके प्रदर्शित कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को दिखाया है। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय सहायक अध्यापक संजय कुमार ने करते हुए कला उत्सव में पहली बार उत्कृष्ट शिक्षक मॉडल प्रदर्शनी लगाई है। पपेट शो चित्रकला रंग बिरंगी झालर कपड़े एवं रुई से बने हुए खिलौने सहित सांकेतिक शिक्षा अधिगम सामग्री बनाकर प्रदर्शन किया है बच्चों ने भी इस प्रदर्शनी में अपनी मेहनत दिखाते हुए विभिन्न कलाकृतियों को बनाकर अपनी नन्हीं प्रतिभा को दिखाया है बच्चों ने हिंदी अंग्रेजी एवं गणित जैसे विषय के लर्निंग आउटकम को ध्यान में रखकर बहुत ही सुंदर-सुंदर उपयोगी सामग्री का निर्माण किया ।

बच्चों के ठहराव को बनाए रखने के लिए विद्यालय में समय-समय पर आवश्यक कार्यक्रम आयोजन की सभी ने सराहना की है प्रधानाध्यापिका चित्रलेखा ने बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन 80त्न छात्रों की संख्या रहती है बच्चों के शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी की सरहना बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला मोहित देव त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी स्वामीनाथ आदि ने किया है। सभी ने एक स्वर में विद्यालय में आयोजित कला उत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा की है।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित

**जौनपुर।** मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में 02 अक्टूबर 2024 से 16 अक्टूबर 2024 के मध्य सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में 09 अक्टूबर 2024 को बयालसी इण्टर कालेज जलालपुर जौनपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में से0नि0 आई0पी0एस0 अधिकारी श्री राधामोहन सिंह, प्रधानाचार्य डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रवक्ता डॉ0 कृष्णपाल सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) अशोक कुमार श्रीवास्तव, यातायात निरीक्षक जी0डी0 शुक्ला एवं इंस्पेक्टर मुर्तजर हुसैन के साथ विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# ब्राह्मणों के सम्मान मे आगे आया परशुराम युवा वाहिनी मिशन

**सुलतानपुर।** आज सुल्तानपुर जिले मे जिला अधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौपा पत्रकार अलोक दुबे को जान से मारे जाने और उनके परिवार को प्रताड़ित करने तथा सनातन धर्म के के रक्षक डासना मंदिर के गुरूजी यति नरसिंमा नन्द सरस्वती जी और सनातन धर्म के सभी राक्षकों हेतु नया कानूनी बनने के लिए एवं यति महराज कि सुरक्षा बढ़ाया जाय इसके लिए आज जिला अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं अमित कुमार तिवारी ने बैठक कर सहमति से निर्णय लिया। परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के जिला उपाध्यक्ष के अगुवाई मे हुआ। इस मौके पर अतुल मिश्रा, अनुराग उपाध्याय बजरंग दल, एडवोकेट वेदांग तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, एडवोकेट शिवा पाण्डेय, एडवोकेट हैप्पी दुबे, एडवोकेट संदीप मिश्रा,मनोज दुबे, जितेंद्र मिश्रा, बिमलेश तिवारी, दीपेश पाठक, दिलीप पाठक, रवि शुक्ला, एकांश मिश्रा,आशुतोष शुक्ला, अतुल पाठक, नीरज शर्मा, प्रवीण दीक्षित, पीयूष तिवारी, अनिल तिवारी, जय शंकर मिश्रा, बिजय पप्पू मिश्रा, जय शंकर त्रिपाठी, एडवोकेट बिपिन मिश्रा ,गोपाल पाण्डेय, अनूप तिवारी, अंकित पाण्डेय, जीतू तिवारी, पंकज मिश्रा, नानकन तिवारी, महेन्द्र मिश्रा पंकज पाण्डेय आदि सैकड़ो ब्राह्मण मौजूद रहे।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित



**सुलतानपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ एवं महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में दिनांक-02 से 11 अक्टूबर 2024 के मध्य 10 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह के अन्तर्गत जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मेधावी छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं में केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा-8 में अध्ययनरत अनन्या श्रीवास्तव को भरत नाट्यम में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में स्थान प्राप्त करने के लिये, जानसी सिंह को स्टेट लेवल वालीबाल टीम में चयन के लिये, केशकुमारी बालिका इण्टर कालेज से कशिश मौर्या को गायन के लिये, रिया अग्रहरित को टेबल टेनिस के लिये व दिशा को मधुबनी पेन्टिंग कला में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) एस. सुधाकरन, मुख्य राजस्व अधिकारी बाबू राम, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0 वर्मा, सुनीता सरोज (शिक्षिका), श्रीमती मनीषी त्रिपाठी, प्रशान्त वर्मा उपस्थित रहें।

# मेला नियन्त्रण कक्ष का रिबन काटकर किया शुभारम्भ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सुलतानपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा दशहरा दुर्गापूजा मेले को समुचित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु शाहगंज पुलिस चौकी के निकट बनाये गये कैम्प कार्यालय (मेला नियन्त्रण कक्ष) का शुभारम्भ गौरव शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के कर कमलों द्वारा रीबन काट कर किया गया। इस मौके पर विपिन द्विवेदी, उपजिलाधिकारी (सदर), प्रशान्त सिंह, क्षेत्राधिकारी (सदर), ओम प्रकाश ''बजरंगी'' अध्यक्ष के0पू0व्य0समिति व विभिन्न संगठनों के अमर बहादुर सिंह, सरदार बलदेव सिंह, मो0 इलियास, आशीष अग्रवाल, अशोक अग्रवाल सहित पालिका के सभासदगण, अधिकारी कर्मचारीगण सहित अन्य गणमान्यों की उपस्थिति रही। इस कैम्प कार्यालय/मेला नियन्त्रण कक्ष को पालिका द्वारा सन् 2008 से निरन्तर लगाया जाता रहा है, जिसमें गत वर्षो की भॉति पालिका के सफाई, पेयजल, मार्ग प्रकाश, निर्माण सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी मेला समाप्ति तक लगायी गयी है, जिसके अन्तर्गत कन्ट्रोल रूम पर सभी सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी समय से उपस्थित रहकर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करायेंगे। इससे मेले के सकुशल संचालन एवं आम जनमानस को होने वाली किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण करने की व्यवस्था की गयी है।

# कौन बनेगा देवी पुत्र एवं पुत्री कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## छात्रा उषा एवं साधना प्रतियोगिता में रही अव्वल



**बलरामपुर।** तुलसीपुर मुख्यालय के नई बाजार में संचालित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के शुभ अवसर पर कौन बनेगा देवी पुत्र एवं पुत्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों में नौ देवी बनकर मनमोहक प्रस्तुति कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।

विद्यालय प्रबंधक राजकुमार जायसवाल एवं प्रिंसिपल शुभम जायसवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके शुरू किया प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सांस्कृतिक धार्मिक राष्ट्रीय गतिविधियों का होना जरूरी है इसी के तहत ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कौन बनेगा देवी पुत्र एवं पुत्री प्रतियोगिता की निर्णायक समिति ने छात्रा उषा यादव एवं साधना यादव को प्रथम स्थान घोषित किया है विद्यालय प्रिंसिपल एवं प्रबंधन में विजेता बच्चों सहित प्रतिभाग करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है विद्यालय के बच्चों ने मां दुर्गा के नौ रूपों का सुंदर मनमोहक मंचन करके अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है सभी शिक्षक छात्र-छात्राओं में नौ देवी का पूजा अर्चना करके आशीर्वाद लिया है इस अवसर पर गजाला अंजुम नंदलाल बैरागी खुशनसीब शगुन मोदनवाल शगुन जायसवाल मिथिलेश जयसवाल नीलम आदि अध्यापक अध्यापको का विशेष सहयोग रहा है।

## गोआश्रय स्थलों के संचालन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जनपद में स्थापित अस्थायी/स्थायी गोआश्रय स्थलों के संचालन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने विकास खंडवार गोशालाओ में बाउंड्रीवॉल, पशुओं की सुरक्षा, पेयजल हरे चारे, पौधरोपण आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी गौशालाओ में सीसीटीवी हमेशा सक्रिय रहे। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया की जो भी बजट उन्हें गौशाला प्रबन्धन की मद में दिया जा रहा है उसका सदुपयोग किया जाए और गौशाला मे नेपियर घास, मक्के की खेती की जाए ताकि गोवंशो को नियमित रूप से हरा चारा उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने गोवंशो को नियमित रूप से नहलाने तथा गोशालाओं के नियमित साफ-सफाई के निर्देश के साथ ही, गोंवशों के स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ महाविद्यालय के शैक्षणिक भवन का भूमि पूजन



**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज के छोटा मैदान पर बुधवार को शैक्षणिक भवन हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महाविद्यालय ईट और गारे का बना हुआ मात्र इमारती ढांचा नहीं है जिसमें विभिन्न प्रकार के विद्यार्थी और शिक्षक होते हैं। शिक्षण संस्थान अपने मे ही विशिष्ट व्यक्तित्व लिए एक आध्यात्मिक संगठन है जो सदभावना पर आधारित होता है। इसी सकारात्मक सोच के साथ हमारे पूर्वजों ने इस महाविद्यालय की आधारशिला रखी थी। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी कनेक्ट कर सकती है लेकिन रिलेट नहीं कर सकती। मनुष्य का ज्ञान, तकनीकी कौशल को तो बढ़ाना चाहिए पर उसके अंदर विश्व बंधुत्व और मानवता का भाव भी पूर्ण होना चाहिए। यही भारत का आध्यात्मिक अनुष्ठान है।आने वाले समय में शिक्षा से पुरुषार्थी और समाज निर्माण में योगदान देने वाली पीढ़ी का निर्माण होना चाहिए। एक ऐसी पीढ़ी जिसमें सामाजिकता, राष्ट्रीयता, संपूर्ण सृष्टि के हित का विचार हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु तथा अपने जनमानस व भावी पीढ़ी को लाभान्वित करने के उद्देश्य से आज शैक्षणिक भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता व संयुक्त सचिव बी के सिंह ने कहा कि छात्रों के हितार्थ प्रबंध समिति सदैव तत्पर है और जो भी संभव होगा छात्रहित में आगे भी कई योजनाओं को साकार रूप दिया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने नए शैक्षणिक भवन में संचालित होने वाले डी फार्मा, बी फार्मा, बीएससी कृषि व एल एल बी विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण एवं संबंधित परिषदों से औपचारिक स्वीकृति मिलने के बाद नये शैक्षणिक भवन पर प्रवेश एवं पठन पाठन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने भविष्य में दिखने वाले शैक्षणिक भवन एवं महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व प्राचार्य व उच्चतर शिक्षा आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य डॉ ओ पी मिश्र,पूर्व प्राचार्य डॉ आर बी श्रीवास्तव, प्रो0 नरेन्द्र कुमार सिंह,प्रो0 आर के सिंह, महाविद्यालय पुरातन छात्र परिषद अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह, समाजसेवी अमरेश बहादुर सिंह डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह डी पी सिंह ,डॉ राजीव रंजन, प्रो0 एस पी मिश्र सहित महाविद्यालय के सभी विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापकगण ,शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# दोस्त की हत्या मामले में दोस्त की जमानत खारिज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** तकरीबन डेढ़ माह पूर्व अतरसुया क्षेत्र से अन्य साथी के साथ मिलकर दोस्त अभिषेक कुशवाहा को पकड़ कर ले जाने फिर हत्या करने के आरोपी दोस्त आकाश मालवीय को सेशन कोर्ट से राहत नहीं मिली है। जिला जज संतोष राय ने बचाव पक्ष के वकील तथा डीजीसी गुलाब चंद्र अग्रहरी को सुनने के बाद जमानत का पर्याप्त आधार न पाए हुए जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

अभियोजन के मुताबिक वादी मुकदमा राजेश कुशवाहा ने 22 अगस्त 24 को थाने में अर्जी देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि 21 अगस्त की रात लगभग 8ः30 बजे आदित्य मालवीय व एक अज्ञात व्यक्ति ने दुर्गा पूजा पूजा पार्क से उसके पुत्र अभिषेक कुशवाहा को पड़कर ले गए। तलाश करता हुआ जब वह आदित्य मालवीय के घर गया तो वह घर पर नहीं मिला। रात 9 बजे जब लड़के के मोबाइल पर फोन से बात हुई तो उसने कहा कि आदित्य के साथ हूं आ रहा हूं। लेकिन वह नहीं आया। दूसरे दिन वादी को पता चला कि उसके पुत्र का शव अतरसुया कूड़े खाने के पास से बड़ा मद किया गया है। डीजीसी ने बहस के दौरान अदालत को बताया कि आदित्य मालवीय ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को बताया था कि वह और आकाश उर्फ कल्लू अभिषेक को स्कूटी से ले गये और स्कूटी खुशहाल पर्वत पर खड़ी कर दी थी। फिर तीनों अपनी कार से बोट क्लब पहुंचे। जहां पर उसने अपने साथी अली को बुला लिया था। उसके बाद सभी कर से अपने गांव गडरा पैतृक खेतों के पास पहुंचे। वहीं पर कुछ देर बाद आकाश का भाई आदित्य बांस का डंडा लेकर आ गया। फिर सभी ने पूर्व में लिए गए पैसों को अपनी मां के कैंसर की बीमारी का हवाला देकर मांग किया तो वह उल्टी सीधी बातें करने लगा। फिर उधार पैसा वापस पाने के लिए उन लोगों ने डंडों तथा लात व घुसो से उसे मारा पीटा। बेहोश होने लगा तो सोचा नाटक कर रहा है। तब कार में बैठकर पानी पिलाकर रास्ते में मारते पीटते रानी मंडी लेकर आए और कूड़े खाने में फेंक दिया था।

# शक्तिपीठ मां आलोप शंकरी देवी मंदिर परिसर में अभिलेख प्रदर्शनी आयोजित

## मां ललिता देवी शक्तिपीठ मंदिर में देवी गीत, अखण्ड रामायण पाठ का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मिशन शक्ति शारदीय नवरात्रि के अवसर पर बुधवार को ÷नारी उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण÷ विषयक अभिलेख प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन शक्तिपीठ मॉ आलोप शंकरी देवी मंदिर परिसर,अलोपीबाग व मां ललिता देवी शक्तिपीठ मंदिर में देवी गीत, अखण्ड रामायण पाठ आदि कार्यक्रम कलाकार डॉ रश्मी शुक्ला, श्रीमती ज्योति चौहान एवं श्रीमती मंगला मिश्रा के द्वारा प्रस्तुत किया गया।



अभिलेख प्रदर्शनी का उद्घाटन श्रीमती अमिता शुक्ला श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रधान पुजारी पूज्य शिवानंदपुरी महाराज, शक्तिपीठ मां आलोप शंकरी मंदिर द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सराहना की गयी। प्रदर्शनी में महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण सम्बन्धी ब्रिटिश सरकार में पारित कानूनों के अभिलेख प्रदर्शित किये गये।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक द्वारा किया गया।

गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी/प्रभारी क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर सुश्री अपराजिता सिंह क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, राजेश राय अपर जिला सूचना अधिकारी, युवराज सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी, दुर्गेश दुबे अध्यक्ष श्रीरामलीला कमेटी महासंघ, प्रयागराज, डा0 कुलभूषण पटेल, डा0 अंगद पटेल सदस्य भाजपा, बृजमोहन, राजेन्द्र तिवारी 'दुकानजी', श्रीमती प्रतिमा मिश्रा लोक कलाकार, हरिश्चन्द्र दुबे, अजय कुमार मौर्य, मो. शफीक, शुभम कुमार राजेंद्र प्रसाद पांडेय सहित मंदिर में आये हुए भक्तगणों की उपस्थिति रही।

# हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर झूमे भाजपाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर भाजपाइयों ने नरेंद्र मोदी को बधाई दी हैं बुधवार को ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा ने अपने कार्यालय पर समर्थकों के साथ जश्न मनाते हुए लोगों का मुंह मीठा कराया इस मौके पर उन्होंने कहा की केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर मतदाताओं ने पुनः हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई है इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बहरिया राकेश कुमार शुक्ला, गोलू दुबे, उदय राज यादव, चैंपियन पाण्डेय,रवीन्द्र कुमार सिंह व जितेंद्र कुमार यादव समेत काफी कार्यकर्ता रहे

# प्लास्टिक का दुरूप्रयोग रोकने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की अध्यक्षा श्रीमती चेतना जोशी के मार्गदर्शन में टेण्डर फीट स्कूल के बच्चों को प्लास्टिक का दुरूप्रयोग रोकने के लिए यह नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्लास्टिक खाकर कई जानवर अपनी आयु से पूर्व ही मृत्यु को प्राप्त हो जा रहे है। प्लास्टिक से पर्यावरण को काफी नुकसान है। अध्यक्षा के मार्गदर्शन में टेण्डर फीट स्कूल के बच्चों को मिट्टी से ही जीवन, मिट्टी ही सम्भालिये के माध्यम से संदेश दिया गया कि अगर मिट्टी बचाकर रखेगे तो हमारी फसले अच्छी होगी और इससे हमारा जीवन अच्छा होगा एवं भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भी फायदा होगा। यह नुक्कड़ नाटक स्काउटस व गाइडस के बच्चों के माध्यम से कराया गया। यह संदेश जनमानस के मन तक पहुंचे उसके लिये यह प्रयास सराहनीये रहा एवं बच्चों के अभिभावक द्वारा काफी सराहा गया। साथ-ही-साथ यह भी शपथ दिलायी कि हम बदलेंगे देश बदलेगा।

इस अवसर पर सचिव श्रीमती ऋचा वर्मा, स्कूल इंचार्ज श्रीमती वसुधा गुप्ता एव शिवाजी कदम, मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, उमरे उपस्थित रहे।

# नैनी स्टेशन पर पूर्व भाजपा सांसद ने कैंटीन का किया उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** यात्रियों की सुविधा के लिये प्लेटफार्म पर कैंटीन स्टॉल का पूर्व सांसद कौशांबी नें अपनी कार्यकर्ताओं के साथ प्लेटफार्म नम्बर चार पर उद्घाटन किया। इस मौके पर जीआरपी एवं आरपीएफ के कर्मचारी मौजूद रहे।

आपको बता दें कि सोमवार को नैनी स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर चार पर जय माँ शारदा फार्म के तहत कैंटीन स्टाल का उद्घाटन बड़े धूम धाम से किया गया। कैंटीन स्टाल का उद्घाटन पूर्व सांसद विनोद सोनकर ने फीता काटकर कैंटीन का शुभारम्भ किया। वही सांसद जी कैंटीन स्टाल के उद्घाटन से पहले ग्राहक भी बने। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि स्टेशन पर रूकने वाले ट्रेन यात्रियों के लिये खाने पीने की सुविधा उपलब्ध हो गया। इस मौके शशांक सोनकर नें कैंटीन में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद पूर्व सांसद श्री सोनकर से कैंटीन का उद्घाटन करवाया और प्रसाद वितरण किया। इस शुभ अवसर पर दिनेश कुमार, नैनी आरपीएफ व जीआरपी मौजूद रहे। वही स्टाल ओनर शशांक सोनकर ने आए हुए लोगों को प्रसाद देकर आभार व्यक्त किया।

## 43 करोड़ में चमकेगी नए वार्डो की किस्मत

**झूंसी।** नगर निगम के अंतर्गत नवनिर्वाचित दस वार्डो की कायाकल्प बदलने की राज्य सरकार ने बीड़ा उठाया है। यह जानकारी महापौर उमेश चंद्र गणेश केशरवाणी ने मंगलवार को झूंसी कोहना में रात लगभग 9 बजे उद्घाटन समारोह में कहा की कटका, हवेलियां, झूंसी के आजाद नगर में तीन नलकूप का सिलन्याश वा उद्घाटन कर पेयजल संकट से लोगो को निजात मिल जायेगी। इस लोकार्पण वा शिलान्यास कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद अनिल यादव, मनोज निषाद, मनोज पासी, रामबाबू केशरवनी, सियाराम मौर्य आदि लोग रहे ।

# छात्राओं को संरक्षण और अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**प्रयागराज।** आज अल कौसर सोसाइटी और प्रयागराज पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत
बालकों के अधिकार एवं संरक्षण पर मेरी वाना मेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अल कौसर सोसाइटी की अध्यक्ष एडवोकेट नाजिया नफीस ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही उन्हें उनके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। विशेष किशोर पुलिस इकाई प्रभारी तीर्थराज यादव ने बालिकाओं को किशोर न्याय अधिनियम एवं बाल विवाह के प्रति जागरूक किया। घनश्याम मणि त्रिपाठी प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा विद्यालय में उपस्थित समस्त बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं को सरकार के विभिन्न टोल-फ्री नंबर के बारे में बताया गया। महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती सरिता यादव द्वारा बालिकाओं को यौन अपराध से बचने के उपाय के बारे में बताया गया।

एसजेपीयू अजय कुमार मौर्य ने बालिकाओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें से सुरक्षित रहने के उपाय भी बताया।

।मिशन शक्ति कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शुभा वॉशिंगटन का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती संगीता जैकब और श्रीमती भावना मोज़िज़ ने बालिकाओं को जोड़ने का कार्य किया।बालिकाओं ने इस कार्यक्रम में बड़ी रुचि के साथ प्रतिभा किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहम्मद सलमान, हेड कांस्टेबल अली बसर, कांस्टेबल अंकित यादव,मु०आ० आकांक्षा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य, शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी रहा काशी प्रान्त का दबदबा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 35वें क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस की सम्पूर्ण प्रतियोगिताओं के समापन के बाद ज्वाला देवी सिविल लाइन्स परिसर में विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में इलाहबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति शम्भूनाथ श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि के रूप में ई0 हर्षवर्धन बाजपेई, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 हरेश प्रताप सिंह एवं हेमचन्द व डॉ0 राम मनोहर की विशेष उपस्थिति रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ आये हुए अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती व भारत माता के चित्र के सम्मुख दीपार्चन एवं पुष्पार्चन से हुआ। तत्पश्चात संभाग निरीक्षक गोपाल तिवारी के द्वारा आये हुए अतिथियों का परिचय एवं सम्मान कराया गया।कार्यक्रम की अगली कड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर सिविल लाइन्स द्वारा कजरी नृत्य एवं ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर गंगापुरी के द्वारा लोक नृत्य तथा माधव ज्ञान केंद्र नैनी के द्वारा कृष्ण सुदामा प्रसंग ( अरे द्वार पालों,... ) प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर हर्षवर्धन बाजपेई ने अपने उद्बोधन में कहा कि हाईस्कूल इंटरमीडिएट की शिक्षा तो हर विद्यालय में मिलती है किन्तु राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत एवं संस्कारयुक्त तथा बालक के सर्वागीण विकास की शिक्षा केवल विद्या भारती के विद्यालय में ही मिलती है। साथ ही उन्होनें कहा कि छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार विभिन्न प्रकार की शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम के अंत में शलभ श्रीवास्तव ने आये हुए अथितियों का आभार ज्ञापन किया।

# कई दशक पुराना दो समुदाय का विवाद थानाध्यक्ष की पहल पर हुआ सुलह समझौता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** उतरांव थानाध्यक्ष की पहल पर उतरांव गाँव में कई दशक पुराना दो समुदाय का विवाद में लोगों की रजामंदी से सुलह समझौता हो गया। पुलिस और राजस्व टीम ने दोनों पक्षों की विवादित जमीन में बाउंड्री वॉल बनवाकर सदैव के लिए विवाद को खत्म कर दिया। थानाध्यक्ष की इस कार्य को लेकर दोनों समुदाय में खुशी की लहर है।



आपको बताते चलें कि उतरांव गांव में एक भूखंड जो सरकारी अभिलेख में उसर खाते की जमीन है। जिस पर एक तरफ हिंदुओं द्वारा देवी चौरा की स्थापना के साथ होलिका दहन का कार्य किया जाता है। ठीक उसी जमीन पर दूसरी तरफ मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान बनाकर शव का दफन किया करते है। जमीन अलग न होने की वजह से दोनों समुदाय में विवाद बना हुआ था। विवाद को देखते हुए दोनों पक्षों की पहल पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी और नायब तहसीलदार द्वारा मौके पर पहुंचकर दोनों समुदाय के लोगों को बुलाकर समझा बूझाकर जमीन को अलग कर बाउंड्री वॉल बनवा दिया। बाउंड्री वॉल बन जाने से एक तरफ हिंदू समुदाय अपनी पूजा पाठ ,होलिका दहन तो दूसरी तरफ मुसलमान समुदाय के लोग जमीन पर अपना शव दफन करेगें। कई दशक पुराना विवाद थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी की सूझबूझ और पहल की वजह सुलह समझौता हो जाने से दोनों समुदाय के लोगों में थानाध्यक्ष के प्रति खुशी की लहर है। पूराना विवाद हल हो जाने से थाना अध्यक्ष की गांव में प्रशंसा की जा रही है।

# ज्वालापुर गांव में माँ दुर्गा पूजा की धूम, वातावरण भक्तिमय हुआ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** फूलपुर थाना क्षेत्र की ज्वालापुर गांव में ग्रामीणों के सहयोग से मां दुर्गा पूजा की धूम मची है। जिससे पूरा इलाका भक्ति मय हो गया है।हंडिया तहसील के ज्वालापुर गाँव में इस वर्ष ग्रामीणों के सहयोग से माँ दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गयी है। दुर्गा पूजा में पूरा गांव जुटकर मां की पूजा का आनंद उठा रहे हैं। प्रतिदिन सुबह शाम मां की आरती के साथ प्रसाद वितरण किया जाता है। माँ दुर्गा की पूजा के साथ गांव में एकता और भाईचारा का संदेश दिया जा रहा है। इस दौरान मां के गीत भजन से पूरा इलाका भक्ति मय में डूबा हुआ है। गांव के परमेंद्र नाथ द्विवेदी ,दिनेश पटेल, सुरेश कनौजिया पूर्व बीडीसी,अमित पटेल अंकित पटेल, अंकुश कनौजिया सुभाष पटेल, अनुपम दुबे, राम सेवक पटेल,मुकेश पटेल आदि माँ के भक्त नियमित पूजा पाठ में सहयोग कर रहे हैं।

# वेद को मानने वाला ही धर्म को मानने वाला- स्वामी कृष्णा नंद महराज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी ।** दिल्ली में हो रहे वैदिक दिवस के आयोजन में कुम्भ नगरी प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करते हुये श्री कैलास धाम आश्रम के स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने अपने वक्तव्य मे कहा कि धर्म शब्द वेद वर्णित है अर्थात वेद को मानने वाला ही धर्म को मानने वाला है। साथ ही उन्होंने भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान, वैदिक गुरुकुलों की पुनर्स्थापना , मठ-मंदिरों के आर्थिक स्वावलंबन सहित कई विषयों पर गहनता से विचार रखा जिससे सबका ध्यान प्रयागराज में होने वाले 2025 में महाकुम्भ मेले की ओर भी आकर्षित किया। 9 अक्टूबर 2024 को वैदिक दिवस का सफल आयोजन भारत भूमि में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हजारों सनातनियों की उपस्थिति में वैदिक शास्त्र के अनेकों विषयों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दोपहर कार्यक्रम का शुभारंभ शंखध्वनि के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हजारों की संख्या में गुरुकुल के छात्रों, आचार्यों, संतो व धर्म गुरुओं की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर सभी राज्यो से विशिष्ट अतिथियों ने अपना बहुमूल्य समय दिया । इस कार्यक्रम में सामवेदी इकबाल दुर्रानी, फूल और काटे के फिल्म डायरेक्टर भी मौजूद रहे।

# विहिप प्रतापपुर के आह्वान पर ग्राम प्रधान ने किया भव्य कन्या पूजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् प्रखण्ड प्रतापपुर मातृशक्ति-दुर्गा वाहिनी के द्वारा कन्या पूजन का भव्य कार्यक्रम उच्च प्राथमिक विद्यालय नयापुरा पिलखिनी विकासखंड प्रतापपुर में ग्राम प्रधान पिलिखिनी शशिकला बच्चन मिश्रा के संयोजन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।

ग्राम प्रधान पिलिखिनी शशिकला ने अपने पति बच्चन मिश्रा के साथ नवदुर्गा स्वरूप कन्याओं का पैर धुलकर चंदन पुष्पादि द्वारा पूजन करके खीर पूड़ी मिष्ठान फल आदि का भोग कन्या स्वरूप देवियों को अर्पण किया। तत्पश्चात कन्या स्वरूप देवियों को चुनरी और दक्षिणा अर्पित किया गया।




इस अवसर पर श्रीरामजानकी मंदिर जंघई के महंथ 1008 चंद्रमादास महाराज,विहिप जिला गंगापार वेद एवं संस्कृत प्रमुख एवं श्रीबज्रांग आश्रम गुरुकुल देवली प्रतापपुर के संचालक आचार्य धीरज द्विवेदी, ÷याज्ञिक÷,प्रखण्ड सह सत्संग प्रमुख विजयशंकर मिश्र,आचार्य चंद्रभूषण तिवारी,आरएसएस के शैलेश पाठक,विजय मिश्रा,विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार मिश्र,अध्यापक गण अनिल कुमार,खूब लाल यादव,अरुण शुक्ला,आदित्य मौर्य,अजय कुमार, तथा मातृ शक्तियों में उपासना मिश्रा,साधना मिश्रा,आशा देवी,वासी सावित्री देवी,मालती देवी,शांति देवी,सुनील देवी,नंदिनी मिश्रा आदि लोगों ने कन्याओं के पूजन कार्य में बड़े भाव भाग लिया।

# लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी ने स्कूल के बच्चों को किया स्वल्पाहार एवं फल का वितरण



**प्रयागराज।** सेवा सप्ताह के अंतिम दिन के अवसर पर लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनूप सिंह के नेतृत्व में एवं लायंस क्लब अशोक के सहयोग से एक बहुत ही प्रतिष्ठित स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर किदवई नगर अल्लापुर प्रयागराज के लगभग 150 छोटे-छोटे बच्चों को मिष्ठान फल नाश्ता एवं स्टील के टिफिन बॉक्सो का वितरण किया। उपरोक्त क्लबों द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया जिसे पाकर प्रकार बच्चे बहुत ही गदगद नजर आए।


बहुत ही सुंदर एवं उपयोगी सेवा कार्य जिला प्रोग्राम के इमेज बिल्डिंग कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिपादित किया गया। जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने बताया कि इसी नेक सेवा कार्य के साथ सेवा सप्ताह का संतोष जनक समापन हुआ। उपरोक्त सेवा कार्य में लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के वरिष्ठ सदस्य ला0 राजेंद्र गुप्ता, क्लब सचिव एमजेएफ ला0 अचल अग्रवाल, क्लब कोषाध्यक्ष ला0 राम जी केसरी, लायंस क्लब अशोक के ला0 धीरेंद्र मिश्रा, ला0 माला मिश्रा, ला0 मुकुल श्रीवास्तव, ला0 विशाल जायसवाल, ला0सुनील छिब्बर ने सहभागिता कर बच्चों को सामग्रियों का वितरण कराया।

# यात्रियों की सुविधा हेतु त्योहार विशेष गाड़ियों का संचालन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा इस वर्ष 01 अक्टूबर से 31 दिसंबर के मध्य 661 फेरे जोन से प्रारंभ होने वाली विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। ज्ञात हो कि, प्रतिवर्ष त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा विशेष गाड़ियाँ चलाई जाती है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।

ध्यान देने योग्य बात यह है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री रेल से यात्रा करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। ये स्पेशल ट्रेनें बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य



तक पहुंचाने का काम करेंगी।

पिछले वर्ष भी उत्तर मध्य रेलवे द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन जोन से प्रारंभ होने वाली ट्रेनों ने कुल 294 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से बड़ी संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी। इस वर्ष यह पिछले वर्ष की तुलना में 367 फेरे अधिक है।

इसके अतिरिक्त इस अवधि मे 3133 फेरे पासिंग ट्रेने भी ज़ोन के परिक्षेत्र में पड़ने वाले स्टेशनों को सेवित करेंगी अर्थात उनकी सुविधा भी ज़ोन के यात्रियों को मिल सकेगी। ज्ञात हो कि, प्रति वर्ष दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। प्रति वर्ष त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट हो जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष त्योहारों के अवसर पर अतिरिक्त विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है।

# छात्राओं को उनके अधिकार कर्तव्य के प्रति पुलिस ने किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** बच्चा राम यादव इंटरमीडिएट कॉलेज में बुधवार को मिशन शक्ति दीदी के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम ने महिला उप निरीक्षकों के साथ विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं को उनके अधिकार कर्तव्य तथा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा उनकी सुविधा हेतु जारी किए गए हेल्पलाइन व वूमेन पावर लाइन नंबरों को विस्तार से बताया कि उक्त नंबरों पर कॉल करने से आपको त्वरित सेवा पुलिस द्वारा प्रदान की जाएगी। जैसे घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181 वूमेन पावर लाइन 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076 साइबर क्राइम 1930 का उपयोग करें । उक्त नंबरों पर कॉल करने पर आपको पुलिस द्वारा त्वरित सेवा प्रदान की जाएगी। उक्त अवसर पर महिला दरोगा काजल पटेल एवं उपमा भी उपस्थित रही, साथ में कस्बा दरोगा सौरभ शुक्ला भी रहे।

## महावीर सेवा संस्थान द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** महावीर सेवा संस्थान बड़गड, चित्रकूट के द्वारा के ब्लॉक सरसवां के अंतर्गत ग्राम भगत का पूरा अलवारा के रानी देवी राम अभिलाष इंटर कॉलेज में विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से अंधविश्वास एवं मिथक निवारण पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत लोगों को अंधविश्वास में ना पड़ने एवं समाज में व्याप्त किसी प्रकार के अंधविश्वास , झाड़ फूंक, टोना - टोटका आदि से दूर रहने व इसका विरोध करने के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में 25 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ सी पी श्रीवास्तव, डॉ मोहम्मद आदिल, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, राम नरेश व संस्था के सचिव अजीत कुमार जैन, परियोजना समन्वयक विपिन त्रिपाठी, समन्वयक अनंत जैन, गुलाब पटेल एवं गाँव के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहें।

# बंदरों के आतंक से सहमे नगर वासी, नगर प्रशासन मौन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** शहरवासी बंदरों की समस्या से परेशान हैं, जबकि नगर पालिका परिषद की इन्हें पकड़ने की योजना ठंडे बस्ते में है। शहर के विभिन्न वार्डों में बंदरों का आतंक है और घरों में घुसकर सामान उठा ले जाने के साथ वो लोगों पर हमला तक कर रहे हैं। लोगों ने नगर पालिका अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है जबकि अधिकारियों का तर्क है कि जल्द ही बंदर पकड़ने की कवायद शुरू कर दी जाएगी।

शहर के लोग बंदरों के आतंक के साए में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। आलम यह है कि लोगों ने बंदरों के चलते घरों पर जाल तक लगवा रखे हैं। दूसरी ओर शहर के विभिन्न वार्डों में बंदर झुंड बनाकर घूमते हैं जो मौका मिलते ही



लोगों पर हमला करने से भी बाज नहीं आते। पिछले एक साल की बात करें तो बंदर 80 से अधिक लोगों को घायल कर चुके हैं। शहर की बात करें तो इस समय 700 से अधिक बंदर हैं। पिछले लंबे समय से नगर प्रशासन ने शहर को बंदर मुक्त करने के कोई भी प्रयास नहीं किए। नगर पालिका की हाउस बैठक में अभी तक सभासदों ने यह समस्या प्रमुखता से नहीं उठाई,इसके चलते लोग बेहद परेशान हैं। शहर निवासी अजय सेन, रोहित तिवारी, बड़का, सत्यम, विभाव का कहना है कि नगर प्रशासन को जल्द से जल्द बंदर पकड़ो अभियान शुरू करना चाहिए।

### छतों पर जाली लगवाकर घरों में कैद हुए लोग

भरवारी, कौशाम्बी। इस समय लोगों ने बंदरों की समस्या के चलते अपने घरों की छतों पर जाल लगवाए हुए हैं। शहर में ऐसे 200 से अधिक घर हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि लोग बंदरों की समस्या के चलते अपने ही घरों में कैद होने को विवश हैं। इसके अलावा बंदर लोगों की छतों पर बनी पानी की टंकियों को भी क्षतिग्रस्त कर रहे हैं।

### दुकानदारों को होता है आर्थिक नुकसान

भरवारी, कौशाम्बी। बंदरों के आतंक से दुकानदार भी अछूते नहीं हैं। बंदरों के झुंड दुकानदारों का सामान उठा ले जाते है। वहीं कई बार तो राहगीर का सामान भी उनके हाथों से छीनकर भाग जाते हैं। ऐसे में दुकानदारों और राहगीरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं बंदरों के काटने का भी डर रहता है।

### इन क्षेत्रों में बंदरों का आतंक

भरवारी, कौशाम्बी। नगर के वॉर्ड 20 केशव नगर के पानी टंकी, शाहगंज, जंगली की बगिया वॉर्ड 15 देहदानी रमाशंकर नगर के पक्की बाग, दाल मिल मोहल्ला, नई बाजार वॉर्ड 24 शहीद गुलाब सेन नगर के एनडी कालोनी, मेहता रोड वॉर्ड 17 सरजूदास नगर अंजाही बाजार, पुरानी बाजार, गौरा रोड सहित नगर के पच्चीसों वार्डो के मुहल्ले में बंदरों के आतंक से लोग तंग है।

## कुमारी राशी को बनाया गया एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति के कार्यक्रम के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खंड शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी डॉ0 अरुण कुमार सिंह के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय म्योहर की कक्षा 8 की छात्रा कुमारी राशी विकास खंड कौशाम्बी को एक दिन के लिए विकास खंड कौशाम्बी का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया।

## गेहेशवर सिंह व प्रतिभा पटेल प्रथम तो तेजस व शिखा रहे द्वितीय

### स्टार किड्स स्कूल विछौरा में गांधी जयंती अवसर पर हुई थी प्रतियोगिता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मुख्यालय से सटे बिछौरा के समीप संचालित स्टार किड्स प्री स्कूल एंड स्टार वैली इंटरनेशनल स्कूल में दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन सामान्य ज्ञान, मेंहदी, लेखन आदि विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया। आठ अक्टूबर को प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को स्कूल की मैनेजर डा. नीतू कनौजिया द्वारा जहां मेडल आदि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया वहीं उन्होंने छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

बता दें कि स्टार किड्स प्री स्कूल एंड स्टार वैली इंटरनेशनल स्कूल में 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस अवसर पर समान्य ज्ञान, मेहंदी, लेखन व कला आदि विषयों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमे



काफी छात्र छात्राओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद आठ अक्टूबर को विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें जी.के विषय की प्रतियोगिता में गेहेशवर सिंह प्रथम, तेजस द्वितीय तो अंश श्रीवास्तव तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं मेंहदी प्रतियोगिता में इशिता प्रथम, प्रतिभा पटेल द्वितीय तो शिखा तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह सभी विषयों पर छात्रों ने अच्छा प्रर्दशन किया। सभी प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को स्कूल मैनेजर डा. नीतू कनौजिया द्वारा सम्मानित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा शिक्षा के बगैर सभी ज्ञान अधूरे होते हैं, ऐसे में शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण विषय माना गया है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## शहजादपुर रामलीला मंचन...रावण ने माता सीता का किया हरण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** शहजादपुर के हनुमानन घाट में हो रही रामलीला में बुधवार को राम वन गमन के समय निषादराज से मिलना, केवल द्वारा गंगा पार करना, मुनि भरद्वाज आश्रम पहुंचकर आशीर्वाद लेना, मारीच रूपी मृग का आखेट, सूर्पनखा के नाक काटना, रावण द्वारा सीताहरण, रावण जटायु युद्ध, राम शबरी मिलन व राम हनुमान मिलन का रामलीला मंचन कलाकारों के माध्यम से किया गया। रामलीला का शुभारंभ राम के वन गमन से प्रारंभ हुआ। श्रीराम के श्रृंगवेरपुर पहुंचने पर निषादराज ने उनका आदर सत्कार किया। उसके बाद गंगा नदी पार करने पर केवट द्वारा उतराई मांगने का मंचन बखूबी दिखाया गया। गंगा पार कर राम, लक्ष्मण और सीता मुनि भरद्वाज के आश्रम पहुंचकर मुनि की सेवा सत्कार कर आशीर्वाद लिया। वहां से चित्रकूट होते हुए उन्होंने दंडकारय वन के पंचवटी में कुटिया बनाकर रहने लगे। जहां पर सूर्पनखा नाम की राक्षसी राम पर मोहित हो गई और उसने एक सुंदरी का रूप धारण कर श्रीराम से विवाह का प्रस्ताव रखा। श्रीराम के मना करने पर उसने सीता को मारने के आगे बढ़ी जिस पर लक्ष्मण ने उसका नाक काट कर उसे घायल करते कुरूप बना दिया। जिसकी व्यथा उसने भाई रावण से बताई। यह जानकर रावण क्रोधित हुआ और उसने सीता के हरण की योजना बना डाली। इसके उसने मामा मारीच की सुंदर सोने का मृग बना कर भेज दिया जिसको देखकर सीता ने श्रीराम से मृग को पाने की इच्छा जाहिर कर लाने को भेज दिया। जहां पर बहुरूपिया मृग ने राम की आवाज में भाई लक्ष्मण की पुकार करने लगा। आवाज सुन चिंतित सीता ने उनकी रक्षा के लिए लक्ष्मण को भेज दिया। राम और लक्ष्मण की अनुपस्थिति में रावण साधु का वेष बनाकर सीता की कुटिया में भिक्षा मांगने पहुंच गया और छल करते हुए उसने सीता का हरण कर पुष्पक विमान से लंका ले जा रहा था। रास्ते में सीता का विलाप सुनकर गिद्धराज जटायु ने रावण से युद्ध किया लेकिन रावण ने उसके पंख काट कर उसको घायल कर दिया और सीता को लेकर लंका चला गया। उधर कुटिया में वापस आने पर दोनों भाई सीता की न पाकर उनकी खोज में आगे बढ़ चले । रास्ते में उनकी मुलाकात शबरी से हुई जहां पर उन्होंने भावपूर्ण शबरी के जूठे बेरों को खाया। आगे बढ़ने पर श्रीराम और लक्ष्मण सीता की खोज करते हुए किष्किंधा पर्वत पहुंचते है। जहां पर उन्हे हनुमान ने देखा तो वह एक साधु का वेष धरकर राम और लक्ष्मण का परिचय जानने पहुंचते है।

भगवान का परिचय जानने के बाद हनुमान अपने असली रूप में आ जाते है जिस पर प्रभु श्रीराम हनुमान को गले लगा लेते है।

## रियाज इंटरमीडिएट कॉलेज में हुआ मिशन शक्ति का कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** शासन के निर्देश पर जिले में मिशन शक्ति पांचवें चरण के अभियान में स्कूल,बाजार,कालेज सहित गांव गांव अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में मंगलवार को करारी थाना क्षेत्र के रियाज इंटर कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम किया गया। एसआई अमित द्विवेदी महिला कांस्टेबल रश्मि यादव,जागृति कश्यप,शालू यादव,ज्योति देवी ने विद्यालय की छात्राओं व महिला अध्यापकों को नारी शक्ति, नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाए गए विभिन हेल्पलाइन नंबर 1090,181,101,1098 112,108,102,1930 की विस्तृत जानकारी दी गई। और साथ ही साईबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय की छात्राओं को थानों में बनाए गए महिला हेल्प डेस्क,एन्टी रोमियों टीम के बारे जानकारी देते हुए, थाने के सीयूजी नम्बर की जकनकारी दी गई।

## ग्रामीणों ने घर में घुसे युवकों को दबोचकर किया पुलिस के हवाले

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात दीवार फांदकर घर में घुसे युवक ने किशोरी के साथ दुराचार का प्रयास किया। शोर मचाने पर परिजनों के जग जाने पर युवक मौके से फरार हो गया। इस दौरान उसका मोबाइल किशोरी के घर में ही छूट गया। मोबाइल लेने के लिए वह अपने आधा दर्जन साथियों के साथ उसके घर पहुंचा। शोर सुनकर जुटे ग्रामीणों ने सभी युवकों को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। लोधौर चौकी क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात पड़ोसी गांव का युवक दीवार फांदकर एक किशोरी के घर में घुस गया। आरोप है कि वह किशोरी के साथ जबरन दुराचार का प्रयास करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर परिजनों के जग जाने पर युवक किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। इस दौरान उसका मोबाइल फोन किशोरी के घर में छूट गया। कुछ देर के बाद युवक अपने आधा दर्जन साथियों के साथ किशोरी के घर मोबाइल लेने के लिए पहुंचा। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने घेरकर सभी युवकों को दबोच लिया। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस सभी युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस सभी युवकों से पूछताछ में जुटी है। इस सम्बंध में एसओ बलराम सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्गा पूजा पाण्डाल में बच्चों ने पेश की भावपूर्ण प्रस्तुति

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मुख्यालय के दुर्गा पूजा पाण्डालों में अमर डांस स्टूडियों के बच्चें खासा धूम मचा रखें है। इन बच्चों द्वारा पेश किए जा रहें धार्मिक नृत्य की खासी चर्चा हो रहीं है। सोमवार की रात बाजार में सजें भव्य दुर्गा पूजा पाण्डाल में डांस स्टूडियों के बच्चों ने भावपूर्ण प्रस्तुति करके लोगो की खूब वाहवाही बटोरी है।

बता दे कि मुख्यालय में संचालित अमर डांस स्टूडियों के बच्चें इन दिनों खासा वाहवाही बटोर रहें है। दरअसल यह बच्चें मंझनपुर में सजी दुर्गा पूजा पाण्डालों में अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहें है। धार्मिक नृत्यों की भावपूर्ण प्रस्तुति करके पाण्डालों में मौजूद लोगो की जमकर तालिया बटोर रहें है। बीती रात मुख्यालय



के बाजार में सजे दुर्गा पूजा पाण्डाल में अमर डांस स्टूडियों के अंजली, संध्या, राशि, खुशी, करिश्मा, रिया, प्रिया, अंकित, एकलव्य, स्वारा, प्रज्ञा, उदितराज, ने पाण्डाल में भावपूर्ण धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किया है। इस मौके पर मौजूद अमर डांस स्टूडियों के मुखिया अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि इन बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए ऐसे कार्यक्रमों में उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। इस मौके पर दुर्गा पूजा पाण्डाल कमेटी के लोगो ने कार्यक्रम में शामिल बच्चों को पुरस्कृत करके सम्मानित भी किया है।

## भवंस मेहता महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर स्थित भवंस मेहता महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रबोध श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने सरकार के इस अभियान के बारे में बोलते हुए कहा कि आज की दुनिया में सड़क और परिवहन प्रत्येक मानवीय जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है।

हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में सड़क उपयोगकर्ता है। वर्तमान परिवहन प्रणाली ने दूरियों को कम कर दिया है लेकिन इसने दूसरी ओर जीवन के जोखिम को बढ़ा दिया है। हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है और करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं।भारत में ही हर साल लगभग एक लाख सत्तर हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कुल मृत्यु का लगभग तेरह प्रतिशत है। अधिकांश दुर्घटनाओं में चालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। इसलिए, सड़क सुरक्षा शिक्षा मनुष्य जीवन के लिए किसी भी अन्य बुनियादी कौशल की तरह ही आवश्यक है। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो विमलेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य वर्तमान और भावी सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा जानकारी प्रदान करना है और हर साल हमारी सड़कों पर दुर्घटना के शिकार मृतकों और घायलों की संख्या को कम करना है। हमको सड़क सुरक्षा अभियान को जन जन तक पहुचाना है अतः हमारा प्रयास होना चाहिए कि इस संदेश हम लोग अपने समाज के हर तबके तक पहुचाएं। कार्यक्रम को डॉ0मोहम्मद आदिल ने संबोधित करते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय में विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त स्वयंसेवको ने सड़क सुरक्षा शपथ की ली।

## सांसद ने मुख्यालय में डेंटल क्लिनिक का किया शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सांसद ने बुधवार को मुख्यालय में भूमि डेंटल क्लिनिक का विधिवत शुभारंभ कर दिया। इस मौके पर उन्होंने क्लीनिक का विधिवत जायजा लेने के बाद उपचार की प्रक्रिया समेत तमाम पहलुओं पर चिकित्सकों से चर्चा भी की है। सांसद ने क्लीनिक के जिम्मेदारों से आह्वान किया है कि वे जरूरतमंदों के उपचार में पूरी सजगता बढ़ाते। सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने आज मुख्यालय में भूमि डेंटल क्लिनिक का विधिवत शुभारंभ किया है। इस मौके पर सदर विधायक एवं पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज की पत्नी पुष्पा देवी भी मौजूद रहे। क्लीनिक के मुखिया डॉक्टर तरुण सिंह ने सांसद समेत कार्यक्रम में आए गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने क्लीनिक की व्यवस्था को लेकर मौजूद लोगों से कहा कि दंत रोग की समस्या से लोगों को यह क्लीनिक बहुत ही अच्छी तरीके से निजात दिलाने की कोशिश करेगा। सर्जन होने के नाते वह हर मुमकिन व्यवस्था मरीज और उनके तीमारदारों को मुहैया कराने की भरपूर कोशिश करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले 4 वर्षो से आज हुआ में वह सेवा दे रहे हैं जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने क्लीनिक का विधवत जायजा लिया। साथ ही साथ क्लीनिक में काम कर रहे लोगों से भी व्यवस्था को लेकर चर्चा की है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर आनंद मोहन सिंह पटेल, सपा जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, प्रदीप चौधरी, भोला सरोज भी संसद के साथ मौजूद रहें।

## हमारा मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली क्षेत्र के कस्तूरबा कन्या इंटरमीडिएट कालेज में बुधवार को एक विशेष मिशन शक्ति के पांचवे चरण अभियान के तहत एक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कोखराज थाना उपनिरीक्षक विन्ध्यवासिनी उपनिरीक्षक चंद्रबली सरोज, महिला मुख्य आरक्षी ज्योत्सना ,आरक्षी डाली ने किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को नए कानूनों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करना था। इसमें महिलाओं को गुड टच और बैड टच की पहचान, पॉस्को एक्ट, साइबर अपराध, और महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी स्वावलंबन अभियानों के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन , 102 स्वास्थ्य सेवा , 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क के साथ ही, थाना के सीयूजी नंबर के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया गया। उपनिरीक्षक विन्ध्यवासिनी ने बताया, ष्हमारा मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इसे एक महत्वपूर्ण और उपयोगी कदम बताया और इसके लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। मिशन शक्ति के तहत इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा, जिससे समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सम्मान को बढ़ाया जा सके इस दौरान प्रधानाचार्य नीलम, रेखा सिंग सभी शिक्षिकाएं सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सुपर्णखा की काटी नाक देख रावण हुए क्रोधित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के दारानगर में आयोजित 245 वी श्री रामलीला मंचन में कलाकारों द्वारा लक्ष्मण द्वारा सुपर्णखा की नाक काटने की लीला



दिखाई गई।श्री रामलीला कमेटी दारानगर के तत्वाधान में सप्तमी के दिन की लीला में श्री राम के भाई लक्ष्मण ने रावण की बहन शूर्पणखा की नाक काटी, बहन की कटी नाक देख रावण क्रोधित हो गया और श्रीराम व लक्ष्मण से बदला लेने की ठानी। रामलीला मंचन देखने वालों की भीड़ उमड़ी रही। मेला के महामंत्री योगेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया की रावण की बहन शूर्पणखा भगवान श्री राम से जबरन विवाह करने का दबाव डालती है । श्री राम और लक्ष्मण के मना कर देने पर शूर्पणखा भयानक रूप धारण कर माता सीता पर आक्रमण कर देती है भगवान राम की आज्ञा पा कर लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक और कान काट दिया इस सजीव लीला को देख मौजूद लोग भाव विभोर हो गए। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष जयमणि तिवारी , मिल प्रकाश तिवारी , बिल कमल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दबंगों ने पुराने विवाद में कुनबे को पीटकर किया घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के पक्सराई गांव में मंगलवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक छात्र को पीट दिया। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे उसके कुनबे को भी जमकर पीटा। इससे परिवार के पांच लोग घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पक्सराई गांव निवासी कृष्ण कुमार उर्फ कंधई लाल पुत्र छोटेलाल मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। मंगलवार को उसका 13 वर्षीय बेटा स्कूल से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही बाप-बेटे साथियों के साथ घात लगाकर बैठे थे। किशोर के वहां पहुंचते ही वह लोग गाली गलौच कर उसकी पिटाई करने लगे। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे पिता कंधई लाल, बहन खुशी, प्रियंका और अंकिता को भी जमकर पीट दिया। पिटाई से खुशी का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर दो भाई, पिता समेत चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अपना दल एस के तत्वाधान में मनाया गया पुण्यतिथि

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अपना दल एस के तत्वाधान में जिले के कार्यकर्ताओं ने कार्यवाहक जिला अध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल की अगुवाई में महान समाज सुधारक कांशी राम जी की पुण्यतिथि बड़े भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव किसान मंच वासुदेव सिंह पटेल एवं प्रदेश महासचिव पंचायत मंच भागीरथी सिंह पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रयागराज कामता प्रसाद पटेल, मान्यवर कांशी राम के विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का आवाहन किया। कार्यक्रम में तमाम कार्यकर्ता जिले के मौजूद



रहे। दिनेश सिंह पटेल, अश्वनी कुमार पटेल, विधानसभा अध्यक्ष मंझनपुर लल्लू राम पटेल विधानसभा अध्यक्ष सिराथू अमर सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष चायल राम पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य दो अजमेर पटेल जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच बबलू यादव जिला अध्यक्ष छात्र मंच दारा सिंह पटेल जिला सचिव संदीप पटेल जोन अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष मंझनपुर लल्लू राज खेमा गौतम राजकुमार पटेल जितेंद्र सिंह पटेल राजेंद्र सिंह मौजूद रहें।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के आठवें दिवस पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को किया गया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के आठवें दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए पंपलेट स्टीकर वितरित किए गए एव सार्वजनिक स्थानों पर बैनर लगवाए



गए। काली फिल्म लगाकर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर काली फिल्म निकलवाई गई एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई। राजमार्गो पर सड़क के किनारे वाहन विशेष कर रोडवेज बस तथा ई-रिक्शा खड़ा करके जाम व दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारों से हटवाया गया साथ ही उनको ऐसा न करने की चेतावनी दी गई ना मानने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। साथ ही हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने हेतु आम जनता के लोगों को जागरूक करते हुए न लगाने वाले लोगों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगवाए गए सड़क के किनारे लगे ठेले, खोमचे तथा फल की दुकानें हटवाई गई। उक्त संपूर्ण अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 412 वाहनो का चालान करते हुए 5,61,000/- रूपये का जुर्माना योजित किया गया।